कश्मीर
के प्राचीन
ग्रन्थों के
आधार से

राशिफल

वृष
मीन
कुंभ
मिथुन
कर्क
मकर
सिंह
धनु
कन्या
तुला
वृश्चिक

दैनिक

त सम्बन्धि
रीद फरोख्त बारे में
चलता रहेगा, कोई नया काम ड़चनें

मासिक

वार्षिक

सम्पादक प्रेमनाथ शास्त्री बिजबिहारा काश्मीर

राशिफल

गोचर ग्रन्थों के आधार से

2048 1991–92 ई. सम्वत

मासिक दैनिक

शास्त्री

ा रहेगा, गाहे ए
का योग नही है
में जुटे रहेंगे और इच्छा
त करते र
आदि से सम्बन्धित व्यापारी वर्ग को काम में दिलच
खरीद फरोख्त के बारे में ही सोचते रहेंगे कोई भी कार्य
चलता रहेगा, कोई नया काम मिलने में अड़चनें खड़ी हों

मेष राशि का स्वभाव

नाम राशि "च" "ल" "अ"

पश्चिमीय पद्धति से 21 मार्च से 19 अप्रेल तक

मेष राशि का स्वामी मंगल है, मेष राशि वाला और विश्वासी हर बात की तह में जाने वाला, स्पष्ट तथा जोश में बोलने वाला होता है, कठिन से कठिन उलझनों का धीरज से मुकाबला करने वाला होता है, क्रोध की मात्रा अधिक होती है प्रायः चोट लगने का अन्देशा बना रहता है । मेष राशि वाला हर एक नया काम आरम्भ करते समय काम में अधिक दिलचस्पी लेता है, परन्तु काम के सम्पूर्ण होने तक दिलचस्पी ठण्डी पड़ जाती है, जो आपके जीवन का एक अवगुण है जो आपके हर काम में रुकावट का कारण बनता है, आपकी आर्थिक दशा एक जैसी नही रहती है, कभी धन की बहुतात और कभी तंगदस्ती से भी दुचार होता है, आप यद्यपि बड़े परिवार के घेरे में रहते हैं परन्तु सन्तान पक्ष से आप प्रायः अशान्त रहते हैं, आप नौकरी करते हैं या व्यापार दोनों रूपों में आप प्रायः सफल रहते हैं, नौकरी करने पर आप अच्छी पदवी पर पहुँचते हैं, आप में अनुशासन करने की प्रवृत्ति पाई जाती है, आप किसी के मातहत रह कर काम करना पसन्द नही करते हैं, यदि आप महिला हैं तो आपको अपने परिवार विशेषतया अपने पति पर भी अनुशासन करने की प्रवृत्ति पाई जाती है, आप खर्च करने में उद्धारचित्त होते हैं, अतिथि सेवा आपके जीवन का विशेष गुण होता है, रिश्तेदारी में मेलमिलाप रखने की प्रवृत्ति आप में पाई जाती है । **रत्न** : यदि आप कोई रत्न

पहनना चाहते हैं तो आपके लिये 'मोगा' लाभदायक है, **वार** : रविवार सोमवार मंगलवार शुक्रवार आपके लिये शुभ है, **मित्रता** : आपकी मित्रता 'सिंह, धनु, मेष तथा मिथुन राशि वालों से हो सकती है ।

मेष राशि का भविष्य

सूर्य आदि नवग्रहों का फल गोचर ग्रन्थों की कसौटी पर

सूर्य : बारवाँ होने से दूर देश की यात्रा करनी पड़ती है, खर्च की बहुतात होती है, शरीर ढीला रहता है **चन्द्र**: बारवाँ होने से
शरीर कष्ट होता है, धन और आद शि का होती है खर्च की अधिकता होती है **भौम** :
दूसरे भाव में होने से [illegible] है, शरीर कष्ट का भय होता है अचानक
झगड़े खड़े होते हैं हानि होती है, हर आरम्भ किये
अप्र
है, **बृहस्पति** : चौथे भाव में



शुभ अशुभ ग्रहों के मिले जुले योग पर विचार करने से मालूम होती है, ज़मीन जाईदाद आदि
में ही गुज़रेगा, मानसिक अशान्ति बनी रहेगी **शरीर** : आपत्न तथा शत्रुओं का नाश होता
ही रहेगा, गाहे एक-एक अंग में तकलीफ गाहे दूसरे अंग होता है **शनि** : दसवें भाव में
का योग नही है **धन** : कपड़े किरयाना तथा खाद्य पदार्थ आरम्भ किये हुये कार्य में बाधायें,
में जुटे रहेंगे और इच्छानुसार लाभ भी प्राप्त करते रहेंगे परन्तु धार्मिक कामों में दिलचस्पी, आदर में वृद्धि, हर काम में सफलता
आदि से सम्बन्धित व्यापारी वर्ग को काम में दिलचस्पी लेने
खरीद फरोख्त के बारे में ही सोचते रहेंगे कोई भी कार्य
चलता रहेगा, कोई नया काम मिलने में अड़चनें खड़ी होंगी

में होने से सुख तथा आदर, हर काम में सफलता ।

मेष राशि, 2048 विक्रमी के लिये

नाम राशि 'शुक्र राहु और केतु यह तीन ग्रह अच्छी स्थिति में हैं, शेष सभी ग्रह
र भी वेध में होने से शुभ है, जबकि वेध में गया हुआ अशुभ ग्रह
पश्चिमीय पद्धति से 2 को गोचर सिद्धान्तों से परखने से मालूम पड़ता है यह वर्ष सामूहिक
मेष राशि का स्वामी मंगल है, मेष राशि वाला और विश्वासी रुकावट के सिद्ध नही होगा बल्कि हर काम के लिये आपको संघर्ष
होता है, कठि ये कठिन उलझनों का धीरज से मुकाबला स्वस्थ रहने का संकेत है, यदि आप स्वयं शरीर से प्रायः ढीले अथवा
ही करना होगा श ता है । मेष राशि वाला हर ए ने से आप अवश्य स्वस्थ होंगे, यदि घर के किसी सदस्य की शरीर सम्बन्धित
बीमार रहते हैं, परन्तु शरीर ण्डी पड़
कोई परेशानी है, उससे भी बहुत हद दशा ए कारा मिलेगा **कारोबार अथवा धन** : यदि आप लोहे, मशीनरी अथवा किसी भी
कारखाना फैक्टरी, ट्रांस्पोर्ट आदि कारोबार से जुड़े हुये हैं, आप का कारोबार रुकावटों का सामना करने पर ही लाभ में रहेगा
केवल आप काम में दिलचस्पी लीजिये, यदि आप कपड़े किरयाना, स्टेशनरी, खाद्यपदार्थों, दवाईयों से सम्बन्धित तिजारत करते हैं आप प्रयत्न करने तथा काम की दिलस्पी लेने पर भी सफल नही रहेंगे । **फल** : यदि आप फलों से समबन्धित तिजारत करते हैं, घबराइये मत आप काम में जुट जाइये हाथ से गया हुआ काम फिर से हाथ में आने का योग है **ठेकेदार वर्ग** : रात दिन काम में लगे रहने पर भी वर्ष के अन्त में आपको कुछ भी लाभ प्राप्त होगा नही परन्तु घाटे का भी कोई योग नही है **नौकरी** : यह वर्ष यथावत् चलता रहेगा, यदि आपको कोई तरक्की मिलने वाली है उसकी आशा न रखिये, यदि डिपार्टमैन्टल कोई परीक्षा देनी है प्रयत्न कीजिये ऐसे काम में सफलता निश्चित है **विद्यार्थी** : कोशिश करने पर भी सफलता की आशा न रखिये,

वृद्धि

सफलता के लिये उपाय के रूप में किसी बुजुर्ग के पाँवों नित्य स्पर्श किया करें उनसे आशीर्वाद प्राप्त करना ही आपकी सफलता की कुन्जी है **गृहस्थ** : आपका घरेलू वातावरण इस वर्ष अशान्त रहेगा, झगड़ों तथा परेशानियों में ही यह वर्ष गुज़रेगा । **उपाय** : मेष राशि वालो को बार-बार निम्नलिखित मन्त्र का उच्चारण करना चाहिये : **ॐ नमः शम्भवाय च, मयोभवाय च, नमः शंकराय च, मयस्कराय च, नमः शिवाय च, शिवतराय च"**

मेष राशि का मासिक फल 2048 विक्रमी के लिये

अप्रेल



शुभ अशुभ ग्रहों के मिले जुले योग पर विचार करने से मालूम पड़ता है यह मास संघर्ष दौड़धूप में ही गुज़रेगा, मानसिक अशान्ति बनी रहेगी **शरीर** : आपका शरीर प्रायः डाँवाडोल दशा में ही रहेगा, गाहे एक-एक अंग में तकलीफ गाहे दूसरे अंग में, परन्तु किसी विशेष शरीर कष्ट का योग नही है **धन** : कपड़े किरयाना तथा खाद्य पदार्थों का काम करने वाले यथावत् काम में जुटे रहेंगे और इच्छानुसार लाभ भी प्राप्त करते रहेंगे परन्तु लोहा, मशीनरी, सीमेंन्ट, लकड़ी आदि से सम्बन्धित व्यापारी वर्ग को काम में दिलचस्पी लेने पर भी लाभ का कोई योग नही है **फल** : इस मास में आप केवल खरीद फरोख्त के बारे में ही सोचते रहेंगे कोई भी कार्य अमली रूप में पूरा होगा नही **ठेकेदार वर्ग** : आप का काम यथावत् चलता रहेगा, कोई नया काम मिलने में अड़चनें खड़ी होंगी, यह मास खर्च का ही है लाभ का नही **नौकरी** : दफतर का वातावरण

आपके अनुकूल नही होगा बल्कि आपके उल्ट होगा, आपका कोई काम इच्छानुसार सिद्ध नही होगा, यदि तरक्की का सिलसिला चल रहा है सम्भव है ऐसी समस्या इस मास में हल होगी, यदि ऐसा न भी होगा तो भी तरक्की मिलने की आशा सुदृढ़ होगी **विद्यार्थी** : विद्या सम्बन्धित प्रायः हर काम में सफलता होगी, पठन-पाठन की रुचि में वृद्धि होगी, यदि इस मास में कोई इन्टरव्यू आदि देना हो तो सफलता की ही आशा रखिये **गृहस्थ** : घरेलू वातावरण शान्त रहेगा, घर में भाई बन्धुओं रिश्तेदारों के मेल मिलाप में वृद्धि होगी, कोई जाईदाद खरीदने अथवा बनाने का प्रोग्राम बनेगा **महिलावर्ग** : ऊपरलिखित फलादेश दोनों स्त्री पुरूष की ग्रहचाल दृष्टि मे रखकर ही लिखा गया है, ऐसा होने पर भी महिला होने पर आपको मातृपक्ष कोई शुभ सन्देश अथवा लाभ मिलेगा ।

शुभ अशुभ दिनों की सूची : चन्द्रमा के आधार से :– अप्रेल 1, 2 धन लाभ, 3, 4 शरीर कष्ट, अचानक झगड़े, 5, 6 शत्रुओं की अधिकता, नौकरी पेशा होने पर दफ्तर का माहौल आप के विरुद्ध होगा, 8, 9, 10 हर आरम्भ किये हुये काम में सफलता, स्वास्थ्य में सुधार, 11, 12 अचानक लाभ, गृहस्थ सुख, कारोबार में वृद्धि, 13, 14 शरीर कष्ट, आदर में कमी, 15, 16 स्वास्थ्य में सुधार, गृहस्थ सुख, 17, 18 मानसिक अशान्ति, भाई बन्धुओं से नाराज़गी, 24, 25 हर काम में असफलता मानसिक अशान्ति, 26, 27 धन लाभ, स्त्री सुख, 28, 29 लाभ, कोई शुभ सन्देश मिले, 30 अप्रेल मानसिक अशान्ति, हानि का भय ।

मई

शरीर : आपका शरीर स्वस्थ रहेगा, यदि आप पहले से ही शरीर से अस्वस्थ हैं तो इस मास में आप किसी सुयोग्य डाक्टर से इलाजकरवायें आपका शरीर अवश्य स्वस्थ होगा, यदि आपके परिवार में किसी मेम्बर की शरीर सम्बन्धित किसी प्रकार की चिन्ता

है वह चिन्ता भी बहुत हद तक दूर होगी **कारोबार** : दसवें भाव का शनि गोचर से उत्तम नही माना जाता है, परन्तु बृहस्पति शनि को देख रहा है, इस मिले जुले शुभ अशुभ योग के आधार से यदि आप कपडे का काम करते हैं आप काम में जुट जाईये आप अक्षय लाभ में रहेंगे, यदि आप मशीनरी अथवा लोहे से सम्बन्धित कारोबार करते हैं, यदि दैवयोग से आपका कारोबार बिना किसी विघ्न के यथावत् चलता है परन्तु तो भी अचानक हानि का योग है, खाद्य पदार्थो का व्यापारी वर्ग इस मास में यदि माल का स्टाक करेगा तो उस में लाभ में रहेगा, इस मास में माल बेचने में अधिक दिलचस्पी न लीजिये, मशीनरी, हाडवेयर, ट्रांसपोर्ट आदि से सम्बन्धित कारोबारी वर्ग रात दिन काम में जुटे रहने पर भी परिश्रम के अनुसार लाभ प्राप्त नही करेंगे फलों से सम्बन्धित कारोबारी वर्ग केवल काम की ही योजनायें बनाते रहेंगे परन्तु कोई भी काम सिरे चढ़ेगा नही, यह मास केवल कारोबार सम्बन्धित खर्च का ही है लाभ का नही **ठेकेदार वर्ग** : आप चालू काम में ही दिलचस्पी लीजिये नया काम हाथ में आने की कोई आशा न रखें, सम्बन्धित अफसरों से मिलने जुलने का अधिक व्यसन रहेगा **नौकरी** : यह मास अशान्त वातावरण में ही गुज़रेगा, दफ्तर के किसी अफसर अथवा किसी कार्यकर्त्ता की नाराज़गी आपकी परेशानी का कारण बनेगी, आप का कोई भी कार्य इस मास में सम्पूर्ण होगा नही बल्कि हर आरम्भ किया हुआ कार्य अधूरा ही पड़ा रहेगा **विद्यार्थी** : पठन-पाठन अथवा विद्या सम्बन्धित हर काम में सफलता की ही आशा रखिये, यदि पढ़ाई सम्बन्धित यात्रा का योग बने वह अपना सौभाग्य मानियें, यदि आप किसी ट्रेनिंग अथवा नौकरी के तलाश में है आप कोशिश चालू रखिये सफलता अवश्य होगी। **गृहस्थ** : विवाहित न होने पर अगर आप के विवाह की दौड़धूप चल रही है सम्भव है इसी मास में आप की वह समस्या



हल होगी, यदि ऐसा न भी हो सका तो भी सफलता की आशा सुदृढ़ होगी **महिलावर्ग** : ऊपरलिखित फलादेश दोनों पुरुषों स्त्रियों का एक साथ लिखा गया है ।

शुभ अशुभ दिनों की सूची : 1, 2 शरीर कष्ट, अचानक झगड़ा, 3, 4 शत्रुओं का ज़ोर रहेगा, हानि का अन्देशा, 5, 6, 7 हर कार्य में सिद्धि, अचानक लाभ, 8, 9 गृहस्थ सुख, तथा लाभ, 10, 11 शरीर कष्ट, मानसिक अशान्ति, 12, 13 सुख शान्ति स्वास्थ्य में सुधार, 14, 15, 16 मानसिक अशान्ति, भाई बन्धुओं से नाराज़गी, 17, 18 लाभ बन्धुओं से मेल मिलाप , 19, 20 अचानक झगड़ा, घरेलू परेशानी, 21, 22 हर काम में रूकावट, हानि का अन्देशा, 23, 24 धन लाभ, कारोबार में वृद्धि, 25, 26, 27 गृहस्थ सुख, धन लाभ 28, 29 शरीर कष्ट मानसिक अशान्ति, 30, 31 दौड़धूप अधिक, घरेलू परेशानी ।

जून

दूसरे भाव का सूर्य, नवाँ चन्द्रमा चौथा भौम, लग्न का बुध, चौथा बृहस्पति दसवां शनि, गोचर फलित के अनुसार अशुभ हैं परन्तु चन्द्रमा शनि के वेध में है, भौम, सूर्य के वेध में है, वेध में पड़ा हुआ अशुभ ग्रह भी शुभ होता है, इस सिद्धान्त के आधार से यह दोनों ग्रह आपके लिये शुभ है शेष ग्रह शुक्र राहु और केतु अच्छी दशा में हैं, इस मिले जुले योग के प्रभाव से, इस मास में आपका शरीर प्रायः स्वस्थ रहेगा यदि आपके शरीर में भी कोई देर से चला आ रहा कष्ट है उसकी ओर ध्यान देने से नये सिरे से इलाज करवाने से आप अवश्य स्वस्थ होंगे, घर में भी यदि कोई शरीर सम्बन्धित परेशानी है उस का भी अन्त होगा, यदि घर में आपका कोई घनिष्ठ सम्बन्धी बीमार है तो विधि अनुसार चावल, चीनी, आटा से तुलादान करके किसी



दरिद्रनारायण को रविवार के दिन दीजिये, निश्चय रखिये आपको किसी भी प्रकार की शरीर सम्बन्धित परेशानी हो उस से छुटकारा मिलेगा । **कारोबार अथवा धन** : आप जो कारोबार करते हैं वह कारोबार कपड़े का हो अथवा किरयाना का, स्टेशनरी का है या खाद्य पदार्थों का, मशीनरी का है या हार्डवियर का, आप परचून व्यापारी है या थोक दोनों रूपों में यह मास लाभदायक रहेगा **फल** : आप इस मास में फलों की खरीद फरोख्त की ओर अधिक ध्यान दीजिये माल खरीदना आपके लिये लाभदायक होगा खर्च की बहुतात रहेगी लाभ की अधिक आशा न रखिये, दौड़धूप अधिक रहेगी **ठेकेदार वर्ग** : आपका चालू काम भी अचानक ढीला पड़ेगा, कोई नया काम हाथ में आने वाला है जिस में आप को अधिक लाभ की आशा बनी रहेगी **नौकरी** : आप को दरबार की ओर से अचानक लाभ अथवा तरक्की मिलेगी दफ्तर का माहौल आपके अनुकूल रहेगा, यदि आपने कोई इन्टरव्यू परीक्षा देना है आपने अवश्य सफल होना है । **विद्यार्थी** : पठन पाठन में सफलता, यदि आप नौकरी के दौड़धूप में हैं कोशिश जारी रखिये इस मास में सफलता की आशा रखिये **गृहस्थ** : घरेलू वातावरण शान्त रहेगा, कोई जाईदाद मकान आदि खरीदने का प्रोग्राम बनेगा, घर में भाग्यवान बच्चे के जन्म होने का योग है, यदि दैवयोग से वह लड़की हो तो आपके घर में मानिये लक्ष्मी भगवती की कृपा होगी । **महिलावर्ग** : ऊपरलिखित फलादेश पुरुषों की भांति आपके लिये एक साथ लिखा गया है परन्तु तो भी आपको पुरूषों की अपेक्षा माँ बाप की ओर से कोई शुभ सन्देश अथवा लाभ मिलेगा ।

शुभ अशुभ दिनों की सूची : 1 जून मानसिक अशान्ति, घरेलू झगड़ा, 2, 3 हर आरम्भ किये हुये काम में सफलता, स्वास्थ्य में सुधार, 4, 5 आमदनी में वृद्धि, पुत्र सुख, 6, 7, 8 शरीर कष्ट, हानि, 8, 9, 10 गृहस्थ सुख, शरीर में सुधार, 11, 12 मानसिक अशान्ति, हर काम में असफलता, 13, 14 अचानक लाभ, शत्रुओं पर विजय 15, 16 घरेलू परेशानी, धन हानि, 17, 18 असफलता, शरीर कष्ट, 19, 20, 21 धन लाभ, गृहस्थ सुख, 22, 23 कारोबार में तरक्की अथवा लाभ यात्रा का योग, 24, 25 शरीर कष्ट

झगड़ा, 26, 27, 28 घरेलू अशांति, शरीर कष्ट, 29, 30 सफलता, तरक्की, लाभ ।

जुलाई

यह मास सुख, शान्ति के वातावरण में ही व्यतीत होगा, आप का शरीर प्रायः स्वस्थ रहेगा, यदि अपनी या घर के किसी सदस्य की शरीर सम्बन्धि कोई चिन्ता है ग्रहों के प्रभाव से उस चिन्ता की भी समाप्ति होगी **धन** : यह मास प्रायः हर कारोबारी वर्ग के लिये लाभदायक रहेगा, विशेषतया, कपड़े तथा लोहे का थोक व्यापारी वर्ग अधिक लाभ में रहेगा **फल** : आप काम में जुट जाईये ग्रह आपके पक्ष में हैं आपका रुका हुआ काम आपकी थोड़ी सी दिलचस्पी से चल पड़ेगा, इस मास में अपने कारोबार में लगाया हुआ धन सार्थक रहेगा **ठेकेदार वर्ग** : आपके बिगड़े हुये ग्रह फिर से सुधर गये हैं आप काम में दिलचस्पी लीजिये, यदि आप तामीरी काम से सम्बन्धित है तो अधिक लाभ की आशा न रखें, यदि आप जंगलात अथवा लकड़ी से सम्बन्धित ठेकेदार है तो आप सन्तोषजनक लाभ में रहेंगी, मेष राशि वाले वे ठेकेदार जो खाद्य पदार्थ अथवा किसी प्रकार का सामान आदि सप्लाई करते हैं उनके लिये यह मास लाभदायक रहेगा **नौकरी** : दफतर का वातावरण आपके अनुकूल होगा, तरक्की अथवा लाभ मिलने का योग है, सम्बन्धित अफसरों से मेल मिलाप का अवसर मिलेगा **विद्यार्थी** : यदि आपने इस मास में कोई परीक्षा अथवा इन्टरव्यू दिया है या देना होगा उसमें आप सफल रहेंगी, यदि पढ़ाई सम्बन्धित यात्रा का योग बने वह अपना भाग्य समझिये, यदि विदेश जाने का भी कोई प्रोग्राम है प्रयत्न करने पर सम्भव है इस मास में वह कामना भी पूरी होगी, यदि इस



मास में प्रोग्राम न भी बने तो भी विदेश यात्रा का प्रोग्राम पक्का होगा **गृहस्थ** : घरेलू वातवरण अशान्त होते हुये भी कोई जाईदाद मकान, वाहन आदि खरीदने बनाने का प्रोग्राम बनेगा, अथवा घर में कोई महोत्सव रचाने का कार्यक्रम बनेगा **महिलावर्ग** : इस मास में आप को मातृ पक्ष से अचानक कोई शुभ सन्देश मिलेगा अथवा कोई लाभ मिलेगा ।

शुभ अशुभ दिनों की सूची : 1 जुलाई हर काम में सिद्धि, स्वास्थ्य में सुधार, 2, 3 आमदनी में वृद्धि, घरेलू अशान्ति, 4, 5 शरीर कष्ट, खर्च की अधिकता, 6, 7 सुख और सफलता, अकस्मात् लाभ, 8, 9 मानसिक अशान्ति, भाई बन्धुओं से अनबन, घरेलू परेशानी, 14, 15, 16 हर काम में रुकावट, धन हानि, 17 से 20 तक धन लाभ, हर कार्य में सिद्धि, 21, 22, 23 चोट का खतरा, हानि का अन्देशा, 24, 25 घरेलू परेशानी, हानि अथवा शरीर कष्ट, 27, 28 हर काम में सफलता, नौकरी में लाभ, 29, 30 आमदनी में वृद्धि, गृहस्थ सुख, 30 शरीर कष्ट, मानसिक चिन्ता ।

अगस्त



वेध अष्टकवर्ग शत्रु मित्र आदि गोचर सिद्धान्तों को दृष्टि में रख कर विदित होता है, आपका शरीर स्वस्थ रहने पर भी घर के किसी सदस्य की शरीर सम्बन्धित परेशानी बनी रहेगी **धन** : जो व्यापारी कपड़े का कारोबार करते हैं उनका काम थोक है या परचून काम में दिलचस्पी न लेने पर भी आप लाभ में ही रहेंगे, किरयाना का व्यापारी वर्ग जो थोक काम करते हैं कीमतों के उतार चढ़ाव से परिश्रम करने पर भी घाटे में ही रहेंगे, जो यही किरयाना का काम परचून करते हैं रात दिन काम में जुटे रहने पर भी इच्छानुसार लाभ में नही रहेंगे, खाद्य

पदार्थों का काम करने वाले व्यापारी वर्ग का काम सन्तोषजनक रूप में चलेगा, परन्तु लोहे, मशीनरी, कारखानों, फैक्टरी आदि के मालिक कारोबार सम्बन्धित किसी न किसी उलझन में उलझे रहेंगे, हानि का भी अन्देशा है **फल** : यदि आप फलों की तिजारत करते हैं फलों की कोई नई योजना आपके हाथ में आयेगी परन्तु इस योजना के जल्दी ही हाथ से छूट जाने की सम्भावना है, यह मास खर्च का ही है लाभ की कोई आशा न रखें **ठेकेदार वर्ग** : आपका चालू काम भी ढीला पड़ेगा, आगे मिलने वाले काम में रुकावट आखड़ी होगी, खर्च की बहुतात होगी, सम्बन्धित अफसरों से मेलजोल में वृद्धि होगी **नौकरी** : सम्भव है आप की तबदीली होगी वह तबदीली भी आप के इच्छानुसार नही होगी, कोशिश करने पर वह तबदीली रुक सकती है, यह मास प्रायः अशान्त वातावरण में ही गुज़रेगा, लाभ अथवा किसी तरक्की की प्रतीक्षा में न रहिये **विद्यार्थी** : पठनपाठन में दिलचस्पी कम रहेगी, विद्या सम्बन्धित यदि आप का कोई प्रोग्राम सिद्ध होने की आशा है उसमें भे रुकावटें आखड़ी होंगी, यदि आपने कोई परीक्षा दी है या देनी होगी उसमें भी सफलता की आशा न रखें **गृहस्थ** : यह मास मानसिक अशान्ति में ही गुज़रेगा गृहस्थ सम्बधी नई नई योजनायें आखड़ी होंगी, विवाहित होने पर पति पत्नी का आपसी टकराव अथवा सन्तान पक्ष से परेशानी रहेगी। **महिलावर्ग** : यद्यपि ऊपरलिखित फलादेश दोनों पुरुष तथा महिलाओं की ग्रहगति दृष्टि में रखकर लिखा गया है परन्तु तो भी पुरुषों की अपेक्षा महिलावर्ग को कोई चिन्ता मास भर आ घेरी रखेगी।

शुभ अशुभ दिनों की तालिका : 1, 2, अगस्त शरीर कष्ट, धन हानि, मान हानि, 2, 3 सुख और शान्ति, स्वास्थ्य में सुधार, 4, 5, 6 मानसिक अशान्ति, 7, 8 धन लाभ, हर काम में सफलता, 9, 10 भाई बन्धुओं से नाराज़गी, आदर में हानि, 11, 12, हर काम में असफलता, मानसिक परेशानी, 13, 14 धन लाभ, गृहस्थ सुख, 15, 16, 17 यात्रा में लाभ, स्वास्थ्य में सुधार, 18, 19 शरीर कष्ट, हानि, 20, 21, 22 दरबार की परेशानी, शत्रुओं का ज़ोर, 23 से 26 कार्य सिद्धि अचानक लाभ, कोई शुभ सन्देश मिले, 27, 28, 29 निरर्थ खर्च, अथवा हानि, शरीर कष्ट, 30, 31 शरीर सुख, गृहस्थ सुख आदर तथा लाभ।

सितम्बर

वेध अष्टक वर्ग आदि सिद्धान्तों के आधार से यह मास सामूहिक रूप से सुख शान्ति के वातावरण में ही व्यतीत होगा आपका **शरीर** : स्वस्थ रहेगा यदि घर में किसी सदस्य की शरीर सम्बन्धित कोई परेशानी है वह भी दूर होगी **धन** : कपड़े से सम्बन्धित कारोबारी वर्ग का काम यथावत् चलता रहेगा, किरयाना का व्यापारी वर्ग रातदिन काम में जुटा रहेगा और लाभ भी इच्छानुसार प्राप्त करता रहेगा । खाद्य पदार्थों का व्यापारी वर्ग माल बेचने पर किसी विशेष लाभ में नही रहेगा, परन्तु माल स्टाक करना तथा खरीदना आपके लिये लाभदायक रहेगा, लोहे, मशीनरी, कारखानों, फैक्टरी आदि से सम्बन्धित मेष राशि वाले अपने काम को बढ़ावा देने में विशेष दिलचस्पी लेंगे, इस मास में कारोबार सम्बन्धित खर्च का योग बलवान् है, जो खर्च की हुई धनराशि आपके कारोबारको सफल बनाने में सहायक रहेगा, स्टेशनरी, दवाईयों आदि से सम्बन्धित कारोबारी वर्ग के इस मास के ग्रह अनुकूल हैं, आप को आशा से अधिक लाभ मिलेगा **फल** : आप केवल योजनायें बनाने में लगेंगे परन्तु किसी भी योजना को अमली रूप नही मिलेगा इस मास में आपको कारोबार सम्बन्धित खर्च करने का ही योग है लाभ का कोई योग नही है **ठेकेदार वर्ग** : यह मास आपके लिये लाभदायक रहेगा, रुके हुये काम भी हरकत में आयेंगे, आपके हाथ में कोई नया काम भी आनेवाला है, जो आपके कारोबार को वृद्धि करने में सहायक रहेगा, सम्बन्धित अफसरों से मिलने जुलने का अवसर मिलेगा **नौकरी** : यदि दरबार का वातावरण आपके अनुकूल होगा भी परन्तु आपको बिना कारण के



मानसिक अशान्ति बनी रहेगी, अपने कार्य क्रम में भी दिलचस्पी नही रहेगी, तरक्की अथवा तबदीली का कोई योग नही है **विद्यार्थी** : पठनपाठन सम्बन्धित हर काम में आप की सफलता निश्चित है, यदि आप किसी ट्रेनिंग में जाने के लिये दौड़धूप कर रहे हैं कोशिश करते रहें ग्रह आपके अनुकूल हैं, यदि आप नौकरी के तलाश में हैं सम्भव है इस मास में आपको नौकरी मिलेगी, यदि ऐसा न भी हो तो भी नौकरी मिलने की आशा सुदृढ होगी **गृहस्थ** : यदि आपके घर में लड़के अथवा लड़की के रिश्ते के लिये दौड़धूप चल रही है सम्भव है वह समस्या इस मास में पूरी होगी अथवा जल्दी ही सिद्ध होगी । **महिलावर्ग** : आपको मातृपक्ष अथवा पितृपक्ष से विशेषतया मानसिक शान्ति मिलेगी अथवा कोई लाभ मिलेगा ।

शुभ अशुभ दिनों की सूची : 1, 2 मानसिक अशान्ति, 3, 4 धन लाभ, स्वास्थ्य में सुधार, 5, 6 भाई बन्धुओं से नाराज़गी, घरेलू परेशानी, 7, 8 हर काम में रुकावट, मानसिक अशान्ति, 9, 10 धन लाभ, गृहस्थ सुख, 11, 12, 13 मानसिक शान्ति, हर काम में सिद्धि, 14, 15 शरीर कष्ट, अचानक झगड़े, 16, 17 परेशानी, हर काम में असफलता, 19 से 23 तक मानसिक शान्ति, लाभ, 24, 25 आदर में कमी, हानि, 26, 27 गृहस्थ सुख, शुभ सन्देश मिले, 28, 29 परेशानी, भाई बन्धुओं से अनबन, 30 शत्रुओं पर विज़य, अचानक लाभ मिले

अक्टूबर

इस मास के आरम्भ में छटे भाव का सूर्य, दसवें भाव का शनि अच्छी दशा में नही हैं परन्तु यह दोनों ग्रह वेध में होने से आपके लिये शुभफलदायक होंगे, अष्टकवर्ग के शत्रु मित्र दृष्टि आदि गोचर सिद्धान्तों को दृष्टि में रख कर सम्पादक की राय से यह मास आपने सुख शान्ति के वातावरण में ही गुजारना होगा, आपका शरीर प्रायः स्वस्थ रहेगा, यदि परिवार में भी शरीर सम्बन्धित

कोई परेशानी है, वह अपने शरीर की है या परिवार की किसी सदस्य की, ऐसी हर परेशानी की समाप्ति होगी **कारोबार** : आप किसी भी कारोबार से सम्बन्धित हैं वह कपडे का हो या किरयाना का, खाद्य पदार्थों का है या स्टेशनरी का, आप किसी फैक्टरी में काम करते हैं या मालिक हैं आप काम में दिलचस्पी लीजिये ग्रह आपके अनुकूल हैं, इस मास के ग्रहों से लाभ उठायें, यदि आप कारोबार सम्बन्धित कोई नई स्कीम चालू करने के बारे में सोच रहे हैं, इस मास को ऐसे काम के लिये योग्य मानिये, कारोबार सम्बन्धित उठाया गया आपका हर एक कदम सफल रहेगा **फल** : आप काम के बारे में केवल सोचते ही न रहें बल्कि कारोबार सम्बन्धित जो योजना आप के मन में आयेगी उसको अमली रूप दीजिये, आपको सन्तोषजनक लाभ मिलेगा, बिना परिश्रम के भी कोई धनराशि हाथ में आयेगी **ठेकेदार वर्ग** : यदि आप मध्यम दर्जे के ठेकेदार हैं, ग्रह आपके अनुकूल हैं काम में दिलचस्पी लीजिये आप पर लक्ष्मी भगवती की पूरी कृपा होगी **नौकरी** : अचानक तरक्की का योग बनेगा, तबदीली की भी सम्भावना है, यदि आप की तबदीली आप की इच्छानुसार होगी भी नही परन्तु उस तबदीली में आपके आदर के साथ-साथ लाभ का भी योग है **विद्यार्थी** : इस मास के ग्रहों से आप लाभ उठायें एक क्षणमात्र भी व्यर्थ न करें, यदि दैवयोग से आपने कोई इन्टरव्यू देना है या दिया होगा उसमें आप शान मान से सफल होंगे, जो विद्यार्थी प्रयत्न करने पर भी बार बार असफल रहे हैं और अब निराश होकर बैठे हैं उन विद्यार्थियों को चेतावनी है वे इस मास में फिर पढ़ाई आरम्भ करें और डट कर पढ़ाई में लग जायें उनकी सफलता निश्चित है **गृहस्थ** : इस मास में आप का घरेलू वातावरण शान्त रहेगा, भाई बन्धुओं रिश्तेदारों बुजुर्गों से मिलने जुलने का अवसर मिलेगा, घर में कोई महोत्सव रचाने का प्रोग्राम बनेगा अथवा किसी



ऐसे महोत्सव में सम्मिलित होना होगा जिसकी खास जिम्मेदारी आप पर ही होगी, शुभ कामों अथवा महोत्सवों में शामिल होना ही इस मास का व्यसन होगा ।

शुभ अशुभ दिनों की सूची : 1, अक्टूबर धन लाभ, स्वास्थ्य में सुधार, 2, 3, 4 भाई बन्धुओं मित्रों से भी नाराज़गी अथवा झगड़ा, अनादर, 5, 6 अशान्ति, हानि, 7, 8 लाभ, आदर, 9, 10 यात्रा का योग, स्वास्थ्य में सुधार, 11, 12 शरीर कष्ट, आमदनी में रुकावट, 13, 14, 15 मानसिक अशान्ति, हानि का अन्देशा, 16 से 20 तक हर काम में सिद्धि, स्वास्थ्य में सुधार, 21, 22 निरर्थ खर्च, दौड़धूप अधिक, 23, 24 सुख शान्ति, आदर में वृद्धि, 25, 26, 27 अशान्ति, परिश्रम अधिक, लाभ कम, 28, 29 शत्रुओं पर विजय, रिश्तेदारों से मेल मिलाप, आदर में वृद्धि, 30, 31 भाई बन्धुओं से झगड़ा ।

नवम्बर

इस मास के शुभ अशुभ ग्रहों पर विचार करने से विदित होता है यह मास एक जैसी दशा में चलेगा नही, आप का शरीर डाँवा डोल स्थिति में रहेगा, गाहे आप का शरीर स्वस्थ रहेगा गाहे अस्वस्थ, परिवार में भी गाहे शान्तवातावरण बना रहेगा, गाहे किसी सदस्य के शरीर सम्बन्धित परेशानी से घर मे अशान्त वातावरण का होना **धन** : यदि आप किरयाना का थोक काम करते हैं तो लाभ, यदि परचून का काम करते हैं तो आप का काम यथावत् चलता रहेगा, कपड़े का व्यापारी, वर्ग थोक काम करता है या परचून दोनों रूपों में लाभ में रहेंगे, विशेषतया जो मेष राशि वाले रेशमी कपड़े का काम करते हैं घाटे में रहेंगे, उस की अपेक्षा गर्म कपड़े से सम्बन्धित कारोबारी वर्ग को आशा से अधिक लाभ रहेगा, खाद्य पदार्थों के व्यापारियों को माल



खरीदने तथा मालस्टाक करने की ओर अधिक दिलचस्पी रहेगी, लोहे, मशीनरी, कारखानों, फैक्टरी से सम्बन्धित कारोबारी वर्ग के काम में कोई खास परिवर्तन आयेगा नही बल्कि आप का काम यथावत् चलता रहेगा **फल** : आप काम में दिलचस्पी लीजिये, आप कारोबार के बारे में जो कोई कदम उठायेंगे वह आप के लिये लाभदायक रहेगा **ठेकेदार वर्ग** : आपका काम इस मास में ढीला पड़ेगा, चालू काम में भी रूकावट पड़ेगी, नये काम की प्राप्ति में बाधा पड़ेगी, यह मास आपने अशान्त वातावरण में ही गुज़ारना होगा **नौकरी** : सम्बन्धित अफसरों तथा कार्यकर्त्ताओं से प्रेम व्यवहार बना रहेगा, आदर मान तथा लाभ की दृष्टि से यह मास उत्तम रहेगा यदि आप की तरक्की का कोई सिलसिला विचाराधीन है तो आपकी वह कामना भी पूरी होगी नही, यदि आपने इस मास में कोई डिपार्टमेन्टल परीक्षा देनी है तो आपकी सफलता निश्चित है यदि परीक्षा देनी है तो आपकी सफलता निश्चित है यदि परीक्षा का परिणाम निकलने वाला है तो उसमें भी सफलता की ही आशा रखिये **विद्यार्थी** : पठन पाठन की ओर कम दिलचस्पी रहने पर भी आपके हर काम जो विद्या सम्बन्धित होगी सफलता निश्चित है **गृहस्थ** : घरेलू वातावरण आपके अनुकूल होगा, गृहस्थी होने पर यदि आप लड़के अथवा लड़की के विवाह के बारे में दौड़धूप कर रहे हैं इस मास में ऐसी चिन्ता का समाधान अवश्य होगा, घर में कोई महोत्सव रचाने का प्रोग्राम बनेगा, अथवा किसी महोत्सव में शामिल होने का योग है जिस महोत्सव की जिम्मेवारी आप पर ही होगी **महिलावर्ग** : ऊपर लिखा फलादेश दोनों स्त्री पुरुषों की ग्रहचाल दृष्टि में रखकर ही लिखा जाता है, इस मास में भी यथावत् ऐसे ही लिखा है परन्तु महिला होने पर यदि आप नौकरी करते हैं आपको अचानक कोई लाभ मिलेगा अथवा तरक्की होगी ।

शुभ अशुभ दिनों की सूची : 1, 2 धन लाभ, गृहस्थ सुख, 3, 4, 5 शरीर कष्ट, धन हानि, 6, 7 नौकरी पेशा होने पर दरबार की परेशानी, घरेलू अशान्ति, 8 से 12 तक काम में सफलता, स्वास्थ्य में सुधार, 13, 14 शरीर कष्ट, मानसिक अशान्ति, 15, 16

सुख तथा लाभ, शरीर सुख, 17, 18 मानसिक अशान्ति, भाई बन्धुओं से नाराज़गी, 19, 20 हर काम में सफलता, कोई शुभ सन्देश मिले, 21, 22 भाई बन्धुओं से अनबन, घरेलू अशान्ति, 23, 24, 25 हर काम में रुकावट, मानसिक अशान्ति, 26 से 30 तक कार्य सिद्धि ।

दिसम्बर



यद्यपि मास के आरम्भ में सूर्य भौम शुक्र यह तीनों ग्रह अच्छी स्थिति में नही हैं, परन्तु आठवाँ सूर्य अशुभ होते हुये भी वेध में होने से शुभ है, शेष ग्रह भी आप के अनुकूल हैं, इस मिले जुले योग के प्रभाव से इस मास में यद्यपि आपको संघर्ष करना भी होगा, परन्तु हर आरम्भ किये हुये काम में आप की सफलता निश्चित है, इस बात का भी आप ध्यान रखें इस मास में आप का **शरीर** : ढीला रहेगा जबकि आठवें भाव में भौम सूर्य और बुध की युति है, यदि आप शरीर से स्वस्थ है सावधान रहिये अचानक शरीर बिगड़ने का अन्देशा है **कारोबार** : आमदनी की दृष्टि से यह मास उत्तम रहेगा, आप कपड़े का काम करते हैं या खाद्य पदार्थों का आप मशीनरी से सम्बन्धित तिजारत करते हैं या हार्डवेयर का, आप किसी फैक्टरी अथवा कारखाने के मालिक हैं ग्रहों के प्रभाव से आप लाभ की दृष्टि से सन्तुष्ट रहेंगे **फल** : आप का काम अथवा कारोबार ढीला पड़ेगा, चालू काम में भी रुकावट पड़ने का अन्देशा है, किसी नये काम का प्रोग्राम बनेगा, परन्तु वह काम भी सन्तोषजनक रूप में चलेगा नही, लाभ की दृष्टि से यह मास ढीला ही रहेगा, खर्च की बहुतात रहेगी **ठेकेदार वर्ग** : बिगड़ा हुआ काम भी सुधरने

का योग है, कोई नया काम मिलने वाला है जो काम आपके लिये लाभदायक रहेगा, अगर आप जंगलात के काम से सम्बन्धित हैं, इस मास के ग्रह आपके हक में हैं, आप काम में दिलचस्पी लीजिये, आपको आशा से अधिक लाभ मिलेगा, कोई रुकी हुई धनराशि भी हाथ में आने की सम्भावना है **नौकरी** : यद्यपि यह मास लाभ के लिये उत्तम है परन्तु मानसिक अशान्ति बनी रहेगी, सम्बन्धित अफसर अथवा दफतर के किसी कार्यकर्त्ता से अनबन अथवा झगड़ा **विद्यार्थी** : बृहस्पति आपको अच्छी स्थिति में चल रहा है इस मास में बृहस्पति आपके लिये विशेषतया लाभदायक रहेगा, आपने यदि कोई परीक्षा दी है या देनी है सफलता निश्चित है, यदि आप विद्या सम्बन्धित किसी ट्रेनिंग अथवा दाखला के लिये प्रयत्नशील हैं इस मास में ऐसे काम का श्रीगणेश कीजिये ऐसा करना आपके लिये शुभफलदायक होगा **गृहस्थ** : यदि आपके यहाँ लड़के अथवा लड़की के पढ़ाई अथवा विवाह सम्बन्धित दौड़धूप चल रही है, ऐसी समस्या को हल करने के लिये इस मास के ग्रह अनुकूल हैं, घर में भाई बन्धुओं रिश्तेदारों के यातायात में वृद्धि होगी **महिलावर्ग** : ऊपर लिखा फलादेश दोनों स्त्री पुरुषों की ग्रहचाल दृष्टि में रखकर ही लिखा गया है, तथापि महिला होने पर आपको सन्तानपक्ष से कोई सन्देश मिलेगा ।

शुभ अशुभ दिनों की सूची : 1, 2 हर आरम्भ किये हुये काम में सफलता, आमदनी में वृद्धि, 3, 4 गृहस्थ सुख, स्वास्थ्य में सुधार, 5, 6 अचानक झगड़ा, शरीर में ढीलापन, 7, 8, 9 नौकरी अथवा कारोबार की परेशानी, घरेलू अशान्ति, 10 से 14 तक हर काम में सफल्ता, आदर में वृद्धि, 15, 16 शरीर कष्ट, हानि का अन्देशा, 17, 18 सुख तथा लभ 19, 20 बिना कारण के परेशानी, भाई बन्धुओं से नाराज़गी, 21, 22 लाभ तथा स्वास्थ्य में सुधार, कोई शुभ सामाचार मिले, 23, 24, 25 घरेलू चिन्ता, हानि का खतरा, 26, 27 दौड़धूप अधिक, 28, 29 धन लाभ, स्वास्थ्य में सुधार, और मान, 30, 31 धन लाभ, मानसिक शान्ति ।

जनवरी

इस मास के आरम्भ में बुध, बृहस्पति, शुक्र और राहु अच्छी स्थिति में है, शेष ग्रह आपके अनुकूल नही हैं, इस मिले जुले शुभ अशुभ योग के अनुसार इस मास के पहले दो सप्ताह हर दृष्टि से उत्तम रहेंगे, शेष दो सप्ताह संघर्ष तथा दौड़धूप में ही गुज़ारने होंगे **शरीर** : इस मास में आपका शरीर प्रायः स्वस्थ रहेगा जबकि बृहस्पति मित्र दृष्टि से आपके शरीर यानी पहले भाव को देख रहा है, यदि पहले से आपको शरीर सम्बन्धित कोई परेशानी है उसका भी अन्त होगा **धन** : आप कपड़े का थोक काम करते हैं या परचून का, दोनों रूपों में आप लाभ में ही रहेंगे, लोहे मशीनरी, कारखानों अथवा फैक्टरी से समबन्धित कारोबारी वर्ग लाभ के साथ-साथ अपने काम को बढ़ावा देने के निमित्त किसी नई योजना को चालू करने का प्रोग्राम बनायेंगे, खाद्य पदार्थों, दवाईयों स्टेशनरी आदि से सम्बन्धित व्यापारी वर्ग भी दिलचस्पी से काम में जुटे रहेंगे परन्तु रात दिन काम में जुटे रहने पर भी परिश्रम के अनुसार लाभ न मिलेगा **फल** : फलों से सम्बन्धित जिस काम का इस मास में आप श्री गणेश करेंगे उसमें आप लाभ की ही आशा रखें जबकि ऐसे काम के लिये आप के ग्रह अनुकूल हैं परन्तु आप केवल स्कीमें ही न बनायें काम में दिलचस्पी लीजिये आप फलों से सम्बन्धित हर काम में सफल रहेंगे **ठेकेदार वर्ग** : पहले दो सप्ताह में आपका काम यथावत् चलता रहेगा और इच्छानुसार लाभ भी मिलता रहेगा, इस मास के अन्तिम दो सप्ताह संघर्ष तथा दौड़धूप में ही गुज़ारने होंगे **नौकरी** : नौकरी पेशा मेष राशि वालों को यह मास अशान्त वातावरण में ही गुज़ारना होगा हर आरम्भ किये हुये कार्य में रुकावटें खड़ी होंगी **विद्यार्थी** : इस मास के ग्रहों से लाभ उठाइयें विद्या सम्बन्धित कोई भी परीक्षा अथवा इन्टरव्यू आपने



दिया होगा या देना होगा उसमें शान मान से सफल होने की आशा रखिये **गृहस्थ** : आपका घरेलू वातावरण कुछ अशान्त रहेगा, घर की कोई समस्या हल होगी नही बल्कि आप का हर एक काम लटकता ही रहेगा, **महिलावर्ग** : यह राशिफल एक साथ स्त्री पुरूष का लिखा गया है, परन्तु महिलावर्ग के लिये यदि कोई खास बात वह शुभ हो या अशुभ उस का भी संकेत दिया जाता है । महिला होने पर इस मास में आपको माता पिता की ओर से अचानक कोई अशुभ सन्देश मिलेगा ।

शुभ अशुभ दिनों की सूची : 1, 2 धन लाभ, गृहस्थ सुख, 3, 4 स्वास्थ्य में सुधार, आदर तथा लाभ, 5, 6 स्वास्थ्य में बिगाड़, अचानक हानि, 7, 8, 9 नौकरी पेशा होने पर अशान्ति, गृहस्थी होने पर घरेलू परेशानी, 10, 11 हर काम में सफलता, आदर में वृद्धि, 12, 13, 14 आमदनी अधिक, गृहस्थ सुख, 15, 16 मानसिक अशान्ति, हानि, 17, 18 गृहस्थ सुख तथा लाभ, 19, 20 मानसिक अशान्ति, विद्या में असफलता, 21, 22 सुख शान्ति हर काम में सफलता, 23, 24, 25 झगड़े तथा विद्या सम्बन्धित हर काम में असफलता, 26, 27 परेशानी, हानि, 28, 29 हर काम में सिद्धि तथा लाभ 30, 31 शत्रुओं की अधिकता, धन हांनि ।

फरवरी



वेध अष्टक वर्ग दृष्टि शत्रु मित्र आदि गोचर सिद्धान्तों से ग्रहों को परखने से मालूम होता है, यह मास सुख शान्ति के वातावरण में ही गुजरेगा आपका शरीर सुख उत्तम रहेगा, यदि घर में भी किसी सदस्य की शरीर सम्बन्धित कोई परेशानी है उसमें भी बहुत हद तक सुधार होगा **धन** : जो मेष राशि वाले कपड़े अथवा किरयाना का थोक या परचून काम करते हैं आशा से अधिक लाभ में रहेंगे, लोहे मशीनरी, कारखाना, फैक्टरी अथवा इण्डस्ट्रीज आदि

से सम्बन्धित मेष राशि वालों के लिये इस मास के ग्रह अनुकूल हैं आप काम में दिलचस्पी लीजिये आपको हर काम में निश्चित रूप से सफलता होगी **फल** : यदि आप खुश्क मेवों, बादाम, अखरोट केसर आदि का तिजारत करते हैं तो यह मास आप के लिये लाभदायक रहेगा यदि आप सेब आदि फलों का काम करते हैं, यदि आप फल अथवा बागात खरीदेंगे तो घाटे में रहेंगे, यदि माल बेचना हो तो लाभ में रहेंगे **ठेकेदार वर्ग** : ए क्लास के ठेकेदार वर्ग को मालामाल होने का मास हैं, काम की बहुतात होगी, नया काम भी मिलने का योग है, दूसरे अथवा तीसरे दर्जे का व्यापारी वर्ग रात दिन काम में जुटे रहने पर भी सन्तोषजनक लाभ में नहीं रहेगा **नौकरी** : ग्रह आप के अनुकूल है, यदि आप की नौकरी सम्बन्धित कोई समस्या है उस का समाधान अवश्य होगा, यदि दैवयोग से इस वर्ष में आप को कोई डिपाटमिन्टल परीक्षा देनी है तो वह अपने सौभाग्य मानिये, आप की सफलता निश्चित है **विद्यार्थी** : इस मास में विद्या सम्बन्धित किसी भीं काम का किया हुआ आरम्भ उस काम की सफलता की नींव है इस मास में यदि आप का कोई परिणाम निकलने वाला है उस में आप अवश्य सफल होंगें, यदि आप ट्रेनिग आदि के लिये देश विदेश जाने का विचार रखते है, तो इस मास में सम्बन्धित कार्यालय से पत्रव्यवहार आरम्भ करें, ऐसे काम के लिये इस मास के ग्रह अनुकूल हैं **गृहस्थ** : घर में कोई शुभ महोत्सव रचाने का प्रोग्राम बनेगा जिस में कोई विशेष धन राशि खर्च करनी होगी, इस मास में अतिथि सेवा करने का खास व्यसन रहेगा, घर में रिश्तेदारों का आना जाना जोरूँ पर रहेगा **महिलावर्ग** : ऊपरलिखित फलादेश एक साथ स्त्री पुरुष का लिखा जाता है परन्तु महिला होने पर आप को पुरुषों की अपेक्षा कोई शुभ सन्देश मिलेगा ।

शुभ अशुभ दिनो की सूची : 1, घरेलू झगड़े मानसिक अशान्ति, 2, 3, 4 हर काम में सफलता, स्वास्थ्य में सुधार, 5, 6 आमदनी में वृद्धि, गृहस्थ सुख, 7, 8, 9 हानि तथा शरीर कष्ट, 10, 11 सुख तथा लाभ 12, 13 मानसिक अशान्ति, भाई बन्धुओं से अनबन,

18, 19 कोई शुभ सन्देश मिले, अचानक लाभ, 16, 17 आदर में कमी, घरेलू चिन्ता, 18, 19 हर काम में रुकावट, 20, 21, 22 कार्य सिद्धि, अचानक लाभ, 23, 24 धन लाभ, मानसिक शान्ति, 25, 26 शरीर कष्ट, चोट का भय, 27, 28, 29 बिना कारण के परेशानी, धन की कमी ।

मार्च



मास के आरम्भ में दसवें भाव में भौम, शुक्रशनि का अलग अलग होना या एक साथ होना शुभ नहीं माना जाता है, उस के विपरीत इस मास के गोचर चक्र में सूर्य और बुध ग्यारवाँ बृहस्पति पाँचवे भाव में, नवें भाव का राहु तीसरे घर के केतु शुभ माना जाता है, चन्द्रमा नवें भाव का राहु तीसरे भाव का केतु शुभ माना जाता है, चन्द्रमा नवें भाव का हानिकारक होने पर भी वेध में होने से शुभ है, ऊपरलिखित इस मिले जुले शुभ अशुभ योग के आधार से यह मास संघर्ष तथा दौड़धूप में ही गुज़रेगा **शरीर** : आपका शरीर प्रायः डाँवाडोल स्थिति में ही रहेगा, यदि आप पहले से ही बीमार रहते हैं, तो अधिक शरीर बिगडने का अन्देशा है, यदि आप शरीर से बिल्कुल स्वस्थ हैं तो भी शरीर के बारे में सावधान रहिये **धन** : आमदनी की दृष्टि से यह मास उत्तम रहेगा आप कपड़े या किरयाना का थोक या परचून काम करते हैं, आप का काम सन्तोषजनक रूप में चलता रहेगा, लोहे मशीनरी कारखाना अथवा इण्डस्ट्रीज आदि से सम्बन्धित व्यापारी वर्ग के लिये यह मास संघर्ष तथा परेशानी का ही है, **फल** : फलों से सम्बन्धित आपका हर एक काम सुधर जायेगा, आपके काम काज में कोई नई तबदीली आयेगी, जो तबदीली आपके कारोबार

को बढ़ावा देने में सहायक रहेगी, धन की कोई खास राशि हाथ में आने वाली है **ठेकेदार वर्ग** : दसवें भाव के क्रूर योग के प्रभाव से आप का कारोबार प्रभावित होगा सावधान रहिये, हाथ में आया हुआ काम हाथ से निकल जायेगा, यह मास मानिये आपके लिये परेशानी का ही होगा, उपाय के रूप में बार-बार उच्चारण किया करें **"सर्व बाधा प्रशमनं त्रैलोक्यस्या खिलेश्वरि एवमेव त्वया कार्यम्-अस्मत् वैरिविनाशनम्"** **नौकरी** : दसवां भाव नौकरी से सम्बन्धित होता है इस मास में आप के दसवें भाव यानी दफतर का वातावरण अशान्त रहेगा, सावधान रहिये कोई आरोप लगने का अन्देशा है, अथवा नौकरी सम्बन्धित कोई उलझन आघेरेगी **विद्यार्थी** : आपके लिये ग्रह अनुकूल है, आप पढ़ाई में दिलचस्पी लीजिये आप इस मास में जितना परिश्रम करेंगे वह मेहनत रंग लयेगी आपका किया हुआ परिश्रम सफल रहेगा वह मेहनत रंग लायेगी यदि आप नौकरी, ट्रर्निंग अथवा दाखले के लिये दौड़धूप कर रहे हैं उसमें आप सफल रहेंगे **गृहस्थ** : घर के सदस्यों का आपसी मतभेद अथवा आपसी टकराव आपके घरेलू वातावरण को अशान्त बनायेगा, खर्च की बहुतात होगी वह खर्च भी व्यर्थ मा. **लावर्ग** : ऊपर लिखा फलादेश दोनों स्त्री पुरुष की ग्रहचाल दृष्टि में रख कर ही लिखा गया है, परन्तु यदि आप नौकरी करते हैं आप के लिये दफतर का माहौल आप के अनुकूल होगा ।

शुभ अशुभ दिनों की सूची : 1, 2 कार्य सिद्धि तथा लाभ, 3, 4, 5 आमदनी में वृद्धि, मानसिक शान्ति, 6, 7 शरीर कष्ट, आमदनी में रुकावट, 8, 9 गृहस्थ सुख तथा लाभ, 10, 11 हर काम में रुकावट अथवा असफलता, 12, 13 भाई बन्धुओं से मेल मिलाप, शत्रुओं पर विजय, 14, 15, 16 अचानक कोई उलझन, 17, 18 हानि का अन्देशा तथा शरीर कष्ट । 19, 20 कार्य सिद्धि, आदर में वृद्धि 23 से 27 हानि तथा परेशानी, 28 से 31 हर काम में सफलता, अच्छे पुरुषों से मेल मिलाप ।

Taurus वृष राशि का स्वभाव

पश्चिमीय पद्धति के अनुसार 20 अप्रेल से 20 मई तक ।

नाम राशि : इ, उ, ए, ओ

वृष राशि का स्वामी शुक्र है, वृष राशि वाला अपने बाहुबल से विशाल जाईदाद का मालिक बनता है, अनुशासन करने वाला और खुद भी उस का पालन करने वाला होता है, बोलचाल मीठी तथा आकर्षक होती है, प्रारब्ध की अपेक्षा कर्म पर अधिक विश्वास रखता है, अतिथि सेवक तथा छलकपट रहित व्यवहारवाला होता है, आप किसी से घृणा नहीं करते हैं, परन्तु बदला लेने की भावना मन में बनी रहती है, जो आप में भारी दोष होता है, स्वादिष्ट भोजन खाने के आप शौकीन होते हैं, खर्च करने में भी आप उद्धारचित्त होते हैं, आप के सम्बन्धी आप के उल्ट भावना रखते हैं परन्तु आप हर एक से प्रेमभाव रखते हैं वृष राशि वाले को पुत्र सुख होने पर भी लड़कियाँ अधिक होती हैं, व्यापार करने पर आप सफल व्यापारी होते हैं, नौकरी करने पर आप अच्छी पदवी पर पहुँचते हैं ।

यदि आप रत्न पहनना चाहते हैं तो "पन्ना" और "हीरा" लाभदायक होगा शुक्रवार और रविवार आपके लिये शुभ है आपकी मित्रता हर राशिवाले से सफल रहती है ।

वृष राशि का भविष्य



सूर्य आदि नवग्रहों का फल गोचर ग्रन्थों के आधार से सूर्य 11 वाँ होने से हर काम में सिद्धि, धन लाभ स्वास्थ्य में सुधार, तर्की तथा लाभ **चन्द्रमा** 11 वाँ होने से आमदनी में वृद्धि, गृहस्थ सुख व्यापार में वृद्धि **भौम** पहले भाव होने से हर काम में असफलता, चोट का भय, गृहस्थी होने पर घरेलू परेशानी बुध 11 वाँ होने से स्वास्थ्य में सुधार, सुख तथा धन लाभ, घर में भाग्यशाली बच्चे का जन्म होना **बृहस्पति** तीसरे भाव में होने से शरीर कष्ट, नौकरी छूट जाने का भय, धन हानि, तथा आदर में कमी **शुक्र** 12 वाँ होने से धन लाभ, घरेलू सामग्री खरीदने की ओर प्रवृत्ति, शुभ कामों पर खर्च **शनि** नवें भाव में से आशा से अधिक लाभ, परन्तु मानसिक अशान्ति भी बनी रहती है **राहु** नवें **केतु** तीसरे भाव में होने से भाग्य उदय होता है, शत्रुओं पर विजय होती है, मित्रों से मेल मिलाप होता है ।

वृष राशि का वर्ष फल 2048 विक्रमी.

इस वर्ष विशेषतया भौम और वृहस्पति आप के वर्ष चक्र में हानिकारक स्थिति में हैं, शेष ग्रहों की स्थिति आप के अनुकूल है इस मिले जुले शुभ अशुभ योग के आधार से यह वर्ष यद्यपि दौड़धूप तथा संघर्ष में ही व्यतीत होगा परन्तु लाभ की दृष्टि से उत्तम रहेगा, आप को शरीर सम्बन्धित कोई न कोई चिन्ता वर्ष भर लगी रहेगी वह चिन्ता अपने शरीर की हो अथवा घर के किसी सदस्य की, यह भी सम्भव है किसी घनिष्ठ रिश्तेदार का शरीर आप के लिये मानसिक अशान्ति का कारण बनेगा उपाय के रूप

में हो सके तो नित्य अथवा हर सोमवार को अवश्य भगवान् शंकर पर जल चढ़ाया करें, जल चढ़ाते समय शिव गायत्री मन्त्र का बार-बार उच्चारण किया करें मन्त्र :– **ॐ तत्पुरुषाय विघ्नाहि महादेवाय धीमहि तन्नो रुद्रः प्रचोदयात्"** कारोबार **अथवा धन** : आप जिस किसी कारोबार से सम्बन्धित हैं वह कपड़े का काम है अथवा किरयाना का आप थोक व्यापारी हैं अथवा परचून आप हर आरम्भ किये कारोबार सम्बन्धित काम में बिना किसी रुकावट के सफल होंगे विशेषतया यदि आप स्टेशनरी अथवा दवाइयों से सम्बन्धित तिजारत करते हैं उस में आप को आशा से अधिक लाभ मिलेगा, जो वृष राशि वाले लोहे, मशीनरी, कारखानों, फैक्टरी, इण्डस्ट्रीज आदि से सम्बन्धित तिजारत करते हैं उनको कठिनाई का सामना करना होगा परन्तु ऐसा होने पर भी सामूहिक रूप से यह वर्ष आप के लिये उत्तम रहेगा **फल** : फलों के व्यापारी वर्ग को जो फलों का सिर्फ खरीद फरोख्त का ही काम करते हैं धन की कमी के कारण उनके काम में ढीलापन आयेगा, परन्तु ऐसा होने पर भी गतवर्ष की अपेक्षा कुछ लाभ में ही रहेगा, वह व्यापारी जो बागात के मालिक हैं अथवा बागात ही खरीदते हैं घाटे में ही रहेंगे, यानी यह वर्ष फलों के व्यापारियों के लिये परेशानी का ही होगा **ठेकेदार वर्ग** : इस वर्ष आपके रात दिन काम में जुटे रहने का ही योग है, कोई नया काम भी हाथ में आने वाला है जो काम आप के कारोबार को बढ़ावा देगा, यदि आप तामीरी काम करते हैं आप को आशा से अधिक लाभ मिलेगा **नौकरी** : यह वर्ष संघर्ष तथा दौड़धूप के वातावरण में ही गुज़ारना होगा, कोई तरक्की अथवा तबदीली का योग नही है यदि तबदीली का योग बने वह भी आपके हक में नही होगी, **विद्यार्थी** : सामूहिक रूप से यह वर्ष आपके लिये सफलता का ही वर्ष है, आप इस वर्ष के ग्रहों से लाभ उठाइये, आप रात दिन पढ़ाई में जुट जाइये, आपने अवश्य सफल होना है वह सफलता भी शान मान की होगी **गृहस्थ** : यदि आप गृहस्थी होने पर लड़की अथवा लड़के के विवाह के दौड़धूप में हैं आप धीरज रखिये आपकी ऐसी हर एक समस्या इस वर्ष हल होगी तो भी काम की सफलता के लिये आप निम्नलिखित मन्त्र का

उच्चारण किया करें, हो सके तो घर के मेम्बरों के साथ मिलजुल कर सामूहिक रूप से उच्चारण किया करें मन्त्र : ॐ नमः **शम्भवाय च मयोभवायच, नमः शंकराय च मयस्कराय च, नमः शिवाय च शिवतराय च"**

वृष राशि का मासिक फल 2048 के लिये

अप्रेल

इस मास के आरम्भ में भौम बुध, वृहस्पति हानिकारक होते हुये भी वेध में होने से शुभफलदायक ही हैं, विशेषतया इस मास में शनि देवता आप के लिये हानिकारक हैं । वेध अष्टक वर्ग आदि सिद्धान्तों पर विचार करने से विदित होता है यह मास सामूहिक रूप से आप के लिये लाभदायक ही होगा **शरीर** : आपका शरीर सुख प्रायः उत्तम रहेगा, गृहस्थी होने पर यदि आपकी धर्मपत्नी शरीर से अस्वस्थ रहती है, किसी दूसरे डाक्टर से इलाज करवाने पर अवश्य स्वस्थ होगी **धन** : लाभ की दृष्टि से यह मास उत्तम है, आप कपड़े का काम करते हैं या किरयाना का आपका काम थोक है या परचून आप दोनों रूपों में लभ में ही रहेंगे, स्टेशनरी दवाइयों खाद्य पदार्थों का काम करने वाले यथावत् काम में लगे रहेंगे और सन्तोषजनक लाभ भी प्राप्त करते रहेंगे, परन्तु जो वृष राशि वाले लोहे मशीनरी, फैक्टरी, कारखानों आदि से सम्बन्धित कारोबार करते हैं उनके काम में अचानक ढील आयेगी, लाभ की कोई आशा न रखिये परन्तु घाटे का भी कोई योग नही है **फल** : आप काम में दिलचस्पी



लीजिये फलों से सम्बन्धित जिस काम का श्रीगणेश आप इस मास में करेंगे उसमें सफलता अवश्य होगी आपको अचानक कुछ लाभ भी मिलने वाला है । **ठेकेदार वर्ग** : आप रात दिन काम में जुटे रहेंगे, लाभ भी सन्तोषजनक रूप में मिलता रहेगा, परन्तु कोई भी कार्य बिना रुकावट के सिद्ध नहीं होगा । **नौकरी** : यह मास हर पहलू से आपके लिये लाभदायक है, नौकरी सम्बन्धित कोई भी काम रुका पड़ा हो वह हरकत में आयेगा, अचानक लाभ का योग है, यदि तरक्की का कोई सिलसिला विचाराधीन है उसके ओर भी आप ध्यान दीजिये वह समस्या भी हल होगी, यह भी सम्भव है आपको अकस्मात् तबदीली होगी, परन्तु वह तबदीली भी आपके लिये लाभदायक रहेगी, यह मास हर पहलू से आपके लिए उत्तम है । **विद्यार्थी** : विद्या सम्बन्धी हर काम के लिए आपके ग्रह अनुकूल हैं आप पढ़ाई में दिलचस्पी लीजिए, आपका परिश्रम निष्फल नहीं होगा, आपने कोई परीक्षा दी है या देनी होगी, बिना किसी रुकावट के सफलता की आशा रखिये । **गृहस्थ** : आप किसी घरेलू उलझन में उलझे हैं उस उलझन से अवश्य छुटकारा मिलेगा, घबराइये मत, भाई बन्धुओं रिश्तेदारों से मिलने जुलने का योग है **महिलावर्ग** : ऊपर लिखा हुआ फलादेश दोनों स्त्री पुरुषों के लिये एक साथ लिखा गया है परन्तु महिला होने पर यदि आप नौकरी करते हैं तो यह मास आपके लिये अशान्ति तथा संघर्ष का ही होगा ।

शुभ अशुभ दिनों की सूची : 1, 2 धन लाभ, गृहस्थ सुख, 3, 4, 5 यात्रा में लाभ शरीर सुख, 6, 7 शरीर कष्ट, अकस्मात् परेशानी, 8, 9 दरबार की चिन्ता घरेलू अशान्ति, 10, 11, 12 हर काम में सफलता, अचानक लाभ अथवा तरक्की, 13, 14 आमदनी में वृद्धि, सन्तान सुख, 15, 16 निरर्थक खर्च, आमदनी में रुकावट, 17, 18 स्वास्थ्य में सुधार गृहस्थ सुख, 19, 20 मानसिक अशान्ति, भाई-बन्धुओं से अनबन, 21, 22, 23 कार्य सिद्धि, शत्रुओं पर विजय, 24, 25 भाई बन्धुओं से नाराज़गी, घरेलू परेशानी, 26, 27 हर काम में रुकावट, धन हानि, 28, 29 लाभ तथा घरेलू सुख 30 आदर मान, कार्य सिद्धि ।

मई

सूर्य चन्द्रमा, भौम, बृहस्पति, शनि, राहु और केतु यह सभी ग्रह इस मास के गोचर चक्र में अनुकूल स्थिति में ही है, ग्रहचाल को दृष्टि में रख कर विदित होता है यह मास आपने शान्त वातावरण में ही गुज़ारना होगा **आमदनी** : लाभ की दृष्टि से यह मास उत्तम रहेगा, आप कपड़े का काम करते हैं या किरयाना का, स्टेशनरी का कारोबार करते हैं या खाद्य पदार्थों का, आप मशीनरी कारखानों इण्डस्ट्रीज आदि जिस काम से सम्बन्धित हैं रात दिन काम में लगे रहने पर भी आप को कोई लाभ होगा नहीं, बल्कि घाटे का ही अन्देशा है **फल** : फलों से सम्बन्धित कारोबारी वर्ग यदि इस मास में माल खरीदेंगे लाभ में रहेंगे, यदि बेचने का प्रोग्राम बनेगा तो घाटे के लिये तैयार रहिये, बागात के मालिकों के लिये इस मास के ग्रह, अनुकूल नही हैं, यदि आप इस मास में खरीद फरोख्त का कोई काम करेंगे ऐसा प्रोग्राम आप के लिये लाभदायक रहेगा **ठेकेदार वर्ग** : आप के पास काम की बहुतात होगी, काम को संभालना आप के लिये कठिन होगा, आप के रुके हुये काम भी हरकत में आयेंगे, खुले रूप में धन आप के हाथ में आयेगा, खर्च भी खुले रूप में ही होगा **नौकरी** : यह मास शांत वातावरण में ही गुजारना होगा, सम्बन्धित अफसरों से मेल जोल में वृद्धि होगी आपके दफतरी कार्यक्रम में भी कोई तबदीली आने वाली है, जो तबदीली आपके लिये लाभदायक रहेगी, यदि आपने कोई डिपाटमिन्टल परीक्षा देनी है या दी होगी उस में अवश्य सफलता होगी **विद्यार्थी** : आप के लिए इस मास के ग्रह अनुकूल हैं, आप इस मास का एक क्षण भी व्यर्थ न कीजिये अपितु इस मास के ग्रहों



से लाभ उठायें, यदि आप को किसी ट्रेनिंग में जाने का विचार है प्रयत्न करने पर सफलता अवश्य होगी **गृहस्थ** : आपका घरेलू वातावरण शान्त रहेगा, घर में रिश्तेदारों यारदोस्तों का आना जाना ज़ोरों पर रहेगा, अतिथि सेवा में आप व्यस्त रहेंगे, खर्च की बहुतात होगी घर में खाने खिलाने के प्रोग्राम बनते रहेंगे । **महिलावर्ग** : उपरिलिखित फलादेश दोनों स्त्री-पुरुषों के लिये यथावत लिखा गया है, महिला होने पर आपको मातृपक्ष से कोई लाभ अथवा शुभ सन्देश मिलेगा ।

शुभ अशुभ दिनों की सूची : चन्द्रमा के आधार से : 1, 2 मई धन लाभ, स्वास्थ्य सुधार, 3, 4 चोट का भय अथवा स्वास्थ्य का बिगड़ना, हानि का अन्देशा, 5, 6, 7, नौकरी पेशा होने पर दफतर की परेशानी, शत्रुओं की अधिकता, 8, 9 हर काम में सिद्धि, 10, 11 आमदनी में वृद्धि, 17, 18 मानसिक अशान्ति, भाई-बन्धुओं से अनबन, 19, 20 लाभ तथा कार्य सिद्धि, स्वास्थ्य में सुधार, 21, 22 झगड़े अशान्ति हानि का अन्देशा, 25, 26, 27 लाभ घरेलू सुख, शत्रुओं पर विजय, 28, 29 लाभ तथा हर काम में सिद्धि, 30, 31 शरीर कष्ट, हानि

जून

इस मास में चन्द्रमा बुध वृहस्पति और शनि अच्छी स्थिति में नही हैं, वेध अष्टकवर्ग दृष्टि शत्रुमित्र आदि गोचर सिद्धान्तों के आधार से यह मास प्रायः संघर्ष तथा अशान्त वातावरण में ही गुज़रेगा शरीर : आप के शरीर की दशा डॉवाडोल ही रहेगी, गाहे एक अंग में तकलीफ गाहे दूसरे अंग में तकलीफ होगी, यदि दैवयोग से आपका शरीर स्वस्थ ही रहेगा तो भी घर के किसी मेम्बर अथवा रिश्तेदार की शरीर सम्बन्धित परेशानी बनी रहेगी **आमदनी** : लाभ की दृष्टि से यह मास मध्यम ही रहेगा, कारोबार सम्बन्धित जो काम आपके हाथ में होगा वह कपड़े का हो या किरयाने का, स्टेशनरी का हो या खाद्य पदार्थों का दवाईयों का हो या

किताबों का रात दिन काम में लगे रहने पर भी कोई सन्तोषजनक लाभ होगा नहीं, जो वृष राशि वाले मशीनरी, कारखानों, इण्डस्ट्रीज आदि से सम्बन्धित तिजारत करते हैं उनके लिये यह मास केवल खर्च का ही है आमदनी का नहीं परन्तु वह धन प्रायः कारोबार को बढ़ावा देने में ही खर्च होगा **फलों** : के व्यापारियों के लिये भी यह मास दौड़धूप तथा संघर्ष का ही होगा, फलों के खरीद फरोखत के खयाली प्रोगाम बनते रहेंगे, किसी भी प्रोगाम को अमलीरूप मिलेगा नहीं । **ठेकेदारवर्ग** : आप के चालू काम में भी रुकावटें पड़ने का ही अन्देशा है, कोई नया काम मिलने की सम्भावना नहीं है, यदि आप जंगलात से संबंधित काम करते है तो आप को लाभ अवश्य होगा, परन्तु तामीरी कामों से सम्बन्धित ठेकेदारवर्ग को यह मास दौड़धूप तथा संघर्ष में ही गुजारना होगा **नौकरी** : सावधान रहिये इस मास के ग्रह आप के पक्षा में नहीं हैं, दफतर का वातावरण आप के अनुकूल नहीं होगा, सम्बन्धित कार्यकर्त्ताओं से आन्तरिक तनाव अथवा द्वेष बना रहेगा, इस मास में तर्की अथवा लाभ की आशा न रखें, बल्कि हाथ में आये हुय काम ही हाथ से निकलने की सम्भावना है, यदि आप ने कोई डिपार्टमेण्टल परीक्षा दी है या देनी होगी सफलता की कोई आशा न रखें **विद्यार्थी** : विद्या सम्बन्धित हर काम में रुकावट, पठनपाठन में दिलचस्पी की कमी, बुरी संगति में पड़ने का अन्देशा, इस मास में यदि आप ने कोई परीक्षा दी है या देनी होगी, यदि कोई परिणाम निकलने वाला है तो सफलता की कोई आशाा न रखिये **गृहस्थ** : सातवें घर का स्वामी भौम तीसरे भाव में, बृहस्पति तीसरे भाव को सम्पूर्ण दृष्टि से देख रहा है, इस शुभयोग के प्रभाव से यदि आप भी विवाहित नहीं है विवाह के बारे में यदि दौड़धूप चली रही है, यदि आप परिवार वाले है लड़के अथवा लड़की के विवाह की समस्या विचाराधीन है ग्रहों



के प्रभाव से इस मास में ऐसी समस्या का समाधान अवश्य होगा **महिलावर्ग** ऊपर लिखा हुआ फलादेश स्त्री पुरुष दोनों के लिये एक साथ लिखा है तो भी महिला होने पर आप को विशेषतया कोई लाभ अथवा शुभसन्देश मिलने वाला है ।

शुभ अशुभ दिनों की सूची : चन्द्रमा के आधार से :– 1 जून शरीर कष्ट, धन हानि, 2, 3 घरेलू परेशानी, शत्रुओं की अधिकता, 4, 5 हर आरम्भ किये हुये काम में सिद्धि, तरक्की अथवा लाभ, 6, 7 आमदनी में वृद्धि, घर में महोत्सव 9, 10 स्वास्थ्य में बिगाड़, आदर में कमी, 11, 12 स्त्री सुख, कार्य सिद्धि 13, 14 मानसिक अशान्ति, भाईबन्धुओं से अनबन, 15, 16 लाभ, भाई-बुन्धुओं से मेलमिलाप, 17, 18 घरेलू अशान्ति, आदर में कमी, 19, 20, 21 असफलता, मानसिक अशान्ति, 22, 23. लाभ शत्रुओं पर विजय, 24, 25, 26 यात्रा में लाभ, स्वास्थ्य में सुधार, 27, 28 शरीर कष्ट हानि, 29, 30 लाभ, ।

जुलाई

इस मास के आरम्भ में शनि को राहु तथा बृहस्पति को सूर्य बुध और केतु का वेध है, वेध में पड़ा हुआ अशुभग्रह भी शुभफल दायक होता है शेष ग्रहों की स्थिति भी कुछ ठीक नहीं है, दृष्टि अष्टकवर्ग आदि गोचर सिद्धान्तों को दृष्टि में रख कर मालूम पड़ता है यह मास आप ने सुख शान्ति के वातावरण में ही गुजारना होगा **आप का शरीर** : प्रायः स्वस्थ होगा, यदि आप परिवार वाले गृहस्थी हैं यदि आप के परिवार के किसी सदस्य को कोई देर से चलता आया तकलीफ है अथवा शरीर में कॉँटछाँट करवाने का प्रोग्राम है आप किसी नये डाक्टर से नये सिरे से इलाज करवायें आप की शरीर सम्बन्धित परेशानी अवश्य दूर होगी **धन** : आमदनी के ग्रह भी इस मास में आप के पक्ष में हैं, यदि आप कपड़े का थोक या परचून काम करते हैं आप ने इस मास में मालामाल होना हैं, आप किरयाना का थोक या परचून काम करते है आप का काम यथावत् चलेगा, खाद्यपदार्थों के व्यापारियों



को कीमतों के उत्तार चढ़ाव से अचानक घाटा पड़ने का अन्देशा हैं, स्टेशनरी दवाईयों से सम्बन्धित कारोबारी वर्ग का काम भी यथावत् चलता रहेगा, इस मास में शनि आप के अनुकूल है इस ग्रह का शुभ प्रभाव होगा उन व्यापारियों को जो मशीनरी हाडवियर का काम करते हों । कारखानों फेक्टरी इण्डस्ट्रीज आदि का, आप काम में जुटे रहिये शनि आप को अवश्य लाभ देगा फल आप के काम में अचानक रुकावट पडेगी, धीरज रखिये आप का काम आप की इच्छानुसार चालू होगा, इस मास में आप माल बेचने में अधिक दिलचस्पी लीजिये खरीद की अपेक्षा फरोखत करने में आप लाभ में रहेंगे **ठेकेदार वर्ग** : आप का काम यथावत् चलता रहेगा, विशेषतया यदि आप तामीरी काम में जुटे हुये हैं आप लाभ में रहेंगे और नया काम मिलने की आशा भी सुदृढ़ होगी **नौकरी** : यह मास अच्छे वातावरण में ही गुज़रेगा, अचानक तरक्की मिलने की भी सम्भावना है यह भी सम्भव है कोई लाभ अथवा शुभ सन्देश मिलेगा । **विद्यार्थी** : पठन पाठन में दिलचस्पी बनी रहेगी विद्या सम्बन्धित हर काम में सफलता अवश्य होगी यदि आप किसी ट्रेनिग अथवा इन्टरव्यू के लिये दौड़धूप कर रहे है, उस में सफलता निश्चित है, यदि आप नौकरी के तलाश में है आप कोशिश जारी रखियें, यह इच्छा भी आप की पूरी होगी **गृहस्थ** : घर में कोई महोत्सव रचाने का प्रोग्राम बनेगा, खर्च के नये नये मार्ग खुलेंगे, भाई बन्धुओं रिश्तेदारों से मिलने जुलने का शुभ अवसर मिलेगा **महिलावर्ग** : यदि आप नौकरी करते है पुरुषों की अपेक्षा दफरत का वातवरण आप के लिये परेशानी तथा अशान्ति का होगा । **शुभ अशुभ दिनों की सूची : चन्द्रमा के आधार से** :– 1, 2, 3 हर काम में सफलता स्वास्थ्य में सुधार, 4, 5 लाभ, गुहस्थ सुख, आदर में वृद्धि, 6, 7 शरीर कष्ट, धन तथा मान की कमी, 8, 9 हर आरम्भ किये काम में सफलता, मानसिक शान्ति, 10,

11 अचानक झगड़ा, हानि का अन्देशा, 12, 13, 14 धन लाभ, शत्रुओं पर विजय, 15, 16 भाई बन्धुओं से नाराजगी, 19, 20 धन लाभ, गुहस्थ सुख 21, 22, 23 अशुभ सन्देश मिले, भाई बन्धुओं से मेल मिलाप, 24, 25 शरीर कष्ट अचानक झगडा, 26, 27, 28 नौकरी पेशा होने पर दरबार की ओर से परेशानी हानि का भय, 28, 29, कार्य सिद्धि, स्वास्थ्य में सुधार, 30, 31 लाभ तथा कोई शुभ सन्देश मिले ।

अगस्त

वेध अष्टकवर्ग दृष्टि शत्रुमित्र ज्योतिष फलित के सिद्धान्तों के अनुसार यह मास सुख शान्ति के दौर में ही गुज़रेगा **शरीर :** आप का शरीर प्रायः स्वस्थ रहेगा, यदि घर में भी किसी मेम्बर की शरीर सम्बन्धित कोई परेशानी है वह भी दूर होगी **धन :** आमदनी की दृष्टि से भी यह मास उत्तम रहेगा, आप कपड़ों का काम करते है या किरयाना का, आप थोक व्यापारी है या परचून दोनों रूपों में इस मास के ग्रह आप के अनुकूल हैं, आप केवल काम में दिलचस्पी लीजिये आप को आशा से अधिक लाभ होगा, यदि आप खाद्य पदार्थों दवाईयों स्टेशनरी आदि से सम्बन्धित काम करते हैं, आप को काम की बहुतात के कारण रात दिन काम में जुटा रहना पड़ेगा, आप का परिश्रम सफल रहेगा, लोहे मशीनरी, हार्डवियर आदि से सम्बन्धित काम करने वालों पर शनि का शुभप्रभाव अवश्य होगा जबकि नवाँ शनि राहु वेध में होने से आप के लिये अनुकूल है, इस ग्रह के प्रभाव से कारखानों, फेक्ट्री, आदि के मालिक भी आशा से अधिक लाभ में रहेंगे फल ग्रहचाल आप के अनुकूल है, आप काम में



ऊपर लिखा हुआ नवग्रहों का फलादेश पढ़ने से विदित होता है इस वर्ष के आरम्भ में हानिकारक ग्रहों का पलड़ा भारी है, परन्तु वेध अष्टक वर्ग दृष्टि आदि गोचर फलित के सिद्धान्तों दृष्टि आदि गोचर फलित के सिद्धान्तों को ध्यान में रख कर सम्पादक की राय से यद्यपि यह वर्ष संघर्ष तथा दौड़धूप में ही गुज़रेगा परन्तु तो भी सामूहिक रूप से आदरमान तथा लाभ से भरपूर होगा **शरीर** : आपका शरीर प्रायः ढीला ही रहेगा परन्तु किसी विशेष शरीर कष्ट का योग नही है, यह भी सम्भव है गृहस्थी होने पर आपको घर के किसी न किसी मेम्बर की शरीर सम्बन्धित परेशानी बनी ही रहेगी, उपाय : के रूप में आप नियम से सायंकाल को घर में सामूहिक कीर्तन किया करें **"ॐ नमः शम्भवाय च, मयोभवाय च नमः शंकराय च, मयस्कराय च, नमः शिवाय च शिवतराय च"** बार बार पढ़ा करें । यदि आप इस वर्ष को सुख शान्ति के दौर में बदलना चाहते हैं तो आप इस वर्ष वैष्णव रहे **धन** : दसवें भाव का स्वामी तथा सातवें भाव का स्वामी शुक्र अच्छी स्थिति में है अतः आप की आर्थिक स्थिति सुदृढ़ बनेगी, आप जो कोई भी तिजारत करते हैं, वह कपड़े का है या किरयाना का आप स्टेशनरी का काम करते हैं या किताबों का, दवाईयों का काम करते हैं या खाद्य पदार्थों का, आप हाथ पर हाथ धर कर न बैठें, काम में जुट जाइये ग्रह आपके पक्ष में हैं आपका कारोबार इस वर्ष सफल रहेगा, शनि के प्रभाव से वह व्यापारी अधिक लाभ में रहेंगा अथवा मालामाल होंगे जो लोहे मशीनरी कारखाना फैक्टरी, इण्डस्ट्री आदि से सम्बन्धित हैं और जो सिंह राशि वाले हार्ड वेयर का काम करते हैं उन पर शनि देवता की दया दृष्टि बनी रहेगी **फल** : आप इस वर्ष दिनों दिन कारोबार सम्बन्धित योजनायें बनाते रहेंगे परन्तु सम्भव है कोई योजना

सम्पूर्ण रूप से सिरे चढ़ेगी, लाभ की दृष्टि से भी यह वर्ष डाँवांडोल स्थिति में ही गुजरेगा, घबराईये मत आप प्रयत्न कीजिये, कर्म करना मनुष्य का कर्तव्य है, यह भी आप निश्चय रहिखये घाटे की कोई समभावना नही है **ठेकेदार वर्ग** : यद्यपि इस वर्ष आप का कारोबार एक चाल से चलेगा नही, परन्तु ऐसा होने पर भी वर्ष के अन्त में आप महसूस करेंगे यह वर्ष आपके लिये सामूहिक रूप से लाभदायक ही रहा है, विशेषतया, जंगलात का काम करने वाला ठेकेदार वर्ग खास लाभ में रहेगा, परन्तु उनको रात दिन काम में जुटे रहना होगा, ग्रह आपके हक में हैं काम में दिलचस्पी लीजिये **नौकरी** : आपको वर्ष भर तरक्की की आशा बनी रहेगी परन्तु जहाँ तक आपके नौकरी सम्बन्धित ग्रहों का सम्बन्ध है आप की तरक्की होगी नही, आप अपनी ही पदवी (कुर्सी) को संभाले रखिये वही आप गनीमत समझिये **विद्यार्थी** : आप पढ़ाई में जुट जाईये यह वर्ष आपके लिये सफलता का है, ग्रह आपके पक्ष में हैं मानिये सफलता की पटड़ी बनी हुई है कंवल गाड़ी चलाना आपका काम है, आप डट कर नियम से पढ़ाई में लगे रहिये, इस वर्ष से लाभ उठाईये, यदि किसी ट्रेनिंग आदि में जाने का विचार है आप कोशिश कीजिये, आपकी यह कामना अवश्य सिद्ध होगी। **गृहस्थ** : घरेलू समस्या। आपके लिये अशान्ति का कारण बनेगी, परन्तु ऐसा होनेपर भी आप की कोई बहुत समय से चली आई समस्या अवश्य हल होगी, वह समस्या शादी की है अथवा कोई जाईदाद खरीदने अथवा बनाने की, **महिलावर्ग** : आएको इस वर्ष पुरुषों की अपेक्षा शरीर के बारे में विशेष सावधान रहना चाहिये ।

सिंह राशि का मासिक फल 2048 वि.

अप्रेल

इस मास के आरम्भ पर शुभ ग्रहों का पलडा भारी है, विशेषतया 11वाँ भौम, नवें भाव का शुक्र मकर राशि का शनि छटे भाव

में आपके अनुकूल है **शरीर** : आपका शरीर प्रायः स्वस्थ रहेगा, घर में यदि किसी सदस्य की शरीर सम्बन्धित परेशानी है, वह ज्यों की त्यों बनी रहेगी **धन** : आमदनी की दृष्टि से यह मास उत्तम रहेगा, आप कपड़े किरयाना दवाईयों, स्टेशनरी, किताबों [illegible] आप रात दिन काम में लगे रहेंगें और लाभ भी यथावत् सन्तोषजनक रूप में प्राप्त करते का काम थोक करते ह या [illegible] में माल स्टाक करने में लगे रहे तो मानसिक अशान्ति ही रहेंगे, खाद्य पदार्थों के व्यापारियों को चेतावनी है यदि आप इस मास [illegible] हाथों हाथ माल खरीदने के साथ-साथ मूल्यों के उतार चढ़ाव से अन्त में आप घाटे में ही रहेंगे, आपके लिये आवश्यक है आप [illegible] तथा बेचने से लाभ उठायें, लोहे, मशीनरी, कारखाना, फैक्टरी, ट्रांस्पोर्ट आदि से सम्बन्धित सिंह राशि वालों को चाहिये कि वे काम में केवल दिलचस्पी लें, ग्रह आपके अनुकूल हैं आपको ग्रहों के प्रभाव से आशा से अधिक लाभ मिलेगा, आप तन मन धन से काम में लगे रहिये और इस मास के ग्रहों से लाभ उठाइये **फल** : यदि आप कोशिश करेंगे आप को कुछ न कुछ लाभ मिलेगा। ही, हानि की सम्भावना नही है यदि आप घर बैठे केवल योजनायें ही बनाते रहें तो आपको कुछ पल्ले पड़ेगा नही, यदि आप आडत का काम करते हैं, आप काम करते जायें, यद्यपि छतफाड कर धन आयेगा [illegible] नही परन्तु तो भी कुछ भी कुछ लाभ अवश्य मिलेगा जो सिंह राशि वाले बागात के मालिक हैं उनके लिये यह मास मूल्यों के उतार चढ़ाव तथा ट्रांसपोर्ट आदि की कमी से परेशानी का ही होगा **ठेकेदार वर्ग** : चालू काम को सम्पूर्ण करने में आप की दौड़धूप में तेज़ी आयेगी नया काम यदि हाथ में न भी आये परन्तु काम मिलने की आशा सुदृढ़ होगी खुले रूप में धन आपके पास आयेगा, अचानक कोई धनराशि आपके हाथ में आने वाली है जिस की आशा आप छोड़ चुके थे, सारांश यह है यह मास आपके लिये लाभदायक रहेगा **नौकरी** : इस वर्ष यह मास अपने लिये एक महत्त्व पूर्ण मास मानिये, आपके हर आरम्भ



किये काम में सफलता निश्चित है यदि आप के किसी कार्य में थोड़ी बहुत रुकावट भी पड़े घबराईये मत वह रूकावट स्थाई नही है **विद्यार्थी** : विद्या सम्बन्धित हर काम में सफलता का मास है, यदि नये सिरे से विद्या सम्बन्धित कोई काम करने का विचार है तो बिना किसी हिचकिचाहट के ऐसे काम का श्रीगणेश कीजिये सफलता निश्चित है, यदि आप को इस मास में ट्रेनिंग आदि का प्रवेश मिले तो वह अपना सौभाग्य मानिये । **गृहस्थ** : गृहस्थी होने पर आपको दिनों दिन नई नई घरेलू परेशानी आ घेरेगी परन्तु ऐसा होने परभी हर परेशानी का सामना करने पर घर में फिर से शान्ति का वातावरण बना रहेगा **महिलावर्ग** : ऊपरलिखित फलादेश आप पुरुषों की भांति अपने लिये भी मानिये, केवल शरीर के विषय में सावधान रहिये ।

शुभ अशुभ दिनों का संकेत (चन्द्रमा के आधार से) : 1, 2 धन लाभ, स्वास्थ्य में सुधार, 3 से 7 तक घरेलू परेशानी, असफलता, 8 से 12 तक धन लाभ, कार्य सिद्धि गृहस्थ सुख, 13 से 16 तक शरीर कष्ट, सन्तान की ओर से परेशानी, 17 से 20 सफलता स्वास्थ्य में सुधार, आमदनी में वृद्धि, 21, 22, 23 धन हानि, शरीर कष्ट, 24, 25 सुख शान्ति, स्त्री सुख, 26, 27 मानसिक अशान्ति, पठनपाठन में रुकावट, 28, 29 धन लाभ, स्वास्थ्य में सुधार, 30 असफलता ।

मई

इस मास के आरम्भ के ग्रहों पर विचार करने से विदित होता है, भौम, बुध,शनि और राहु यह चार ग्रह आपके अनुकूल हैं, वृहस्पति आदि शुभ ग्रहों की दृष्टि वेध अष्टक वर्ग गोचर फलित सिद्धान्तों को ध्यान में रख कर विदित होता है, यह मास दौड़धूप तथा संघर्ष में गुज़रने परभी लाभ तथा आदर की दृष्टि से उत्तम रहेगा **शरीर** : आपका शरीर स्वस्थ रहेगा, यदि घर में भी कोई शरीर सम्बन्धित चिन्ता है उस का भी बहुत हद तक समाधान होगा **धन** : लाभ का योग उत्तम है जबकि 11वें भाव में भौम

आठवें भाव का बुध छटे भाव में शनि ठहरा है, यदि आप कपड़े किरयाना का थोक अथवा परचून काम करते हैं आपने दोनों रूपों में लाभ में ही रहना है, जो सिंह राशिवाले स्टेशनरी, दवाईयों अथवा किताबों का धन्धा करते हैं वे यथावत् काम में लगे रहेंगे और परिश्रम अनुसार लाभ भी प्राप्त करते रहेंगे, लोह, मशीनरी, कारखाना, इण्डस्ट्री, ट्रॉसंपोर्ट से सम्बन्धित कारोबारी वर्ग रात दिन काम में लगे रहने पर भी बार बार काम में रूकावटें आने से परेशान रहेंगे **फल** : आप यदि बागों के मालिक हैं आप की कारोबार सम्बन्धित हर एक योजना वह माल बेचने की हो या खरीदने की बहुत हद तक सफल रहेगी, वह तभी सम्भव है जब आप काम में दिलचस्पी लेंगे, वे सिंह राशि वाले जो आड़त का काम करते हैं केवल दिन व्यतीत करते रहेंगे दौड़धूप करने पर भी प्राप्ति कुछ होगी नही **ठेकेदार वर्ग** : आप का काम तेज़ गति से आगे बढ़ेगा, आप काम में लगे रहिये' आप को काम में भिन्न भिन्न रूकावटें आयेंगी परन्तु आप धीरज से हर कठिनाई का सामना करते रहेंगे अन्त में हर काम का परिणाम आपके पक्ष में होगा **उपाय : माँ बाप का आशीर्वाद** आप के कारोबार को बढ़ावा देने में सहायक होगा इस बात को भूलिये मत **"आशीर्वाद लिया जाता है दिया नही जाता है" नौकरी** : ग्रह आप के अनुकूल हैं उनसे लाभ उठाइये यदि आपको तरक्की मिलने वाली हैं अथवा आप तबदीली के इच्छुक हैं प्रयत्न करने पर अवश्य सफलता होगी, लाभ की दृष्टि से यह मास उत्तम रहेगा, **विद्यार्थी** : पढ़ाई सम्बन्धित हर काम में आपकी सफलता होगी यह भी सम्भव है आपको किसी ट्रेनिंग आदि में जाने का प्रोग्राम बनेगा उसमें भी आपकी सफलता निश्चित है, यदि आप छोटी कक्षा के विद्यार्थी हैं तो इस मास का एक क्षण भी व्यर्थ न कीजिये पढ़ाई में लगे रहिये इस मास में पढ़ा हुआ पाठ आपको आगे आने वाली परीक्षा



में 50 प्रतिशत नम्बर दिलवाने में सहायक रहेगा **गृहस्थ** : घरेलू वातवरण आपके उल्ट रहेगा, घरेलू कोई न कोई चिन्ता आपको महीना भर घेरे रखेगी, खर्च की भरमार होगी, भाई बन्धुओं रिश्तेदारों से मिलने जुलने के लम्बे लम्बे प्रोग्राम बनते रहेंगें, यह भी समभव है कोई जाईदाद मकान ज़मीन वाहन आदि खरीदने अथवा बेचने का प्रोग्राम बनते बनते लटक जायेगा जिससे आपकी मानसिक अशान्ति को बढ़ावा मिलेगा **महिलावर्ग** : ऊपर लिखा फलादेश दोनों स्त्री पुरुष की ग्रहचाल दृष्टि में रख कर ही लिखा गया है, परन्तु फिर भी पुरुषों की अपेक्षा आप को इस मास में मातृपक्ष पितृ पक्ष से लाभ अथवा शान्ति मिलेगी ।

शुभ अशुभ दिनों की सूची : 1, 2 भाई बन्धुओं से नाराज़गी, घरेलू परेशानी, 3, 4 हर काम में असफलता, हानि, 5,, 6, 7 लाभ तथा कार्य सिद्धि, आदर में वृद्धि, 8, 9 सफल्ता, स्वास्थ्य में सुधार, 10, 11 शरीर में गड़बड़, खर्च की भरमार , 12, 13 नौकरी पेशा होने पर दफ्तर की परेशानी, कार्य कर्ताओं से अनबन, 14, 15, 16 सफलता, अचानक लाभ, 17, 18 आमदनी में वृद्धि, शुभ सन्देश मिले 19, 20 शरीर कष्ट, निरर्थ खर्च, 21, 22 सुख तथा स्वास्थ्य में सुधार, 23, 24 अशान्ति, हानि, 25, 26, 27 कार्य सिद्धि, लाभ, 28 से 31 परेशानी, हाथ में आया काम हाथ से निकल जायेगा ।

जून

इस मास के आरम्भ में सूर्य, शुक्र और शनि आप के अनुकूल हैं शेष ग्रह आप के उल्ट हैं इस मिले जुले शुभ अशुभ योग के आधार से यह मास संघर्ष तथा दौड़धूप में ही गुज़रेगा परन्तु लाभ की दृष्टि से उत्तम रहेगा। **शरीर** : इस मास में आप का शरीर डाँवाडोल स्थिति में ही रहेगा, चाहे एक अंग में तकलीफ चाहे दूसरे अंग में, यदि दैवयोग से आपका शरीर स्वस्थ भी रहे तो



भी घर के किसी न किसी सदस्य अथवा किसी प्रेमी की शरीर सम्बन्धित परेशानी बनी रहेगी **धन** : आप जो कोई भी काम या कारोबार करते हैं, वह कपड़े का है अथवा किरयाना का किताबों का है या स्टेशनरी का दवाइयों का है या खाद्य पदार्थों का सारांश यह है कारोबार सम्बन्धित जिस किसी लाइन से आप जुड़े हुये हैं आप का कारोबार बिना किसी रोक टोक के सफल रूप में चलता रहेगा, शनि चूँकि अच्छी पुज़िशन में है जिस के प्रभाव से लोहे मशीनरी कारखाने, फैक्टरी, इण्डस्ट्री, ट्रांसपोर्ट आदि से सम्बन्धित कारोबारी वर्ग सन्तोषजनक लाभ में रहेगा **फल** : फलों से सम्बन्धित व्यापारियों को माल बेचने का प्रोग्राम हो या खरीदने का आप की हर एक स्कीम असफल रहेगी, जब कि आप के हर काम में रुकावटें तथा उलझने खड़ी होंगी **ठेकेदार वर्ग** : धन की कमी के कारण चालू काम में रुकावट पड़ेगी, नये काम को प्राप्त करने की दौड़ धूप जारी रहेगी, सम्भव है यह मास नये कार्य के प्राप्त करने की आशा में ही गुज़रेगा । **नौकरी** : ग्रह आपके हक में हैं, आप को अचानक कोई लाभ अथवा तरक्की मिलने का योग है, यह भी सम्भव है आप के दफ्तर के कार्यक्रम में कोई ऐसा परिवर्तन होगा जो आपके लिये लाभदायक रहेगा, यदि आपने डिपार्ट मेण्टल कोई परीक्षा देनी है या दी होगी ऐसे काम में सफलता की आशा रखें जबकि ग्रह ऐसे कार्य को सफल बनाने में अनुकूल हैं **विद्यार्थी** : आप रात दिन पढ़ाई में लगे रहिये, यदि दैवयोग से आपने इस मास में कोई परीक्षा देनी है या दी होगी, अथवा कोई परिणाम निकलने वाला हो तो निश्चय से आप ने सफल होना है, यदि आप किसी ट्रेनिंग के लिये देश विदेश जाने के लिये दौड़धूप कर रहे हैं कोशिश करते रहिये सम्भव है इस मास में आप की यह मनोकामना सिद्ध होगी जबकि ऐसी सफलता के लिये ग्रह आपके अनुकूल है, **गृहस्थ** : गृहस्थी होने पर यदि आप के लड़के अथवा लड़की के विवाह के बारे में दौड़धूप चल रही है, यदि आप स्वयं विवाहित नही हैं, इस मास में ऐसी हर एक समस्या हल होने का योग है, यदि दैवयोग से सम्पूर्णतया हल होगी भी नही तो भी हल होने की आशा पक्की होगी, घर में कोई महोत्सव रचाने का

प्रोग्राम बनेगा, भाई बन्धुओं रिश्तेदारों का आना जाना ज़ोरो पर होगा खाने खिलाने के प्रोग्राम बनते रहेंगे, खर्च के नये नये मार्ग निगल आयेंगे **महिलावर्ग** : ऊपर लिखा फलादेश दोनों स्त्री पुरुषों की ग्रहचाल दृष्टि में रख कर ही लिखा जाता है, परन्तु ऐसा होने पर भी आप पुरुषों की अपेक्षा रिश्तेदारों से मिलने जुलने में अधिक व्यस्त रहेंगी ।

शुभ अशुभ दिनों का संकेत : 1, असफलता, परेशानी, 2 से 5 तक हर काम में सफलता, मानसिक शान्ति, 6, 7, 8 काम में रुकावट, खर्च की अधिकता, 9, 10 दरबार में परेशानी, हानि की सम्भावना, 11 से 14 कार्य सिद्धि, शुभ सन्देश मिले, 15, 16 हानि स्वास्थ्य का बिगड़ना, 17, 18 सुख शान्ति, लाभ, 19, 20, 21 हानि निरर्थ खर्च, 22, 23 धन लाभ, आदर, 24 से 28 परेशानी, हर काम में रुकावट, 29, 30 धन लाभ गृहस्थ सुख ।

जुलाई



वेध अष्टक वर्ग, शत्रु मित्र दृष्टि आदि गोचर फलित के सिद्धान्तों के आधार से यह मास अशान्त वातावरण में ही व्यतीत होगा **शरीर** : आपका शरीर प्रायः स्वस्थ रहेगा परन्तु घर के किसी न किसी सदस्य की शरीर सम्बन्धित परेशानी बनी ही रहेगी विशेषतया यदि आपको माता की शरीर सम्बन्धित चिन्ता है उनके बारे में इस मास में सावधान रहिये **धन** : आमदनी की दृष्टि से यह मास ढीला ही रहेगा, यदि आप कपड़े के व्यापारी है यह मास हाथ पर हाथ धर कर ही गुजारना होगा, किरयाना का काम करने वालों का काम यथावत चलता रहेगा, दवाईयों से सम्बन्धित कारोबारी वर्ग राति दिन काम में लगे रहने पर भी सन्तोषजनक लाभ

में नहीं रहेंगी खाद्य पदार्थों के थोक व्यापारी मूल्यों के उतार चढ़ाव के कारण काम में दिलचस्पी कम लेंगे, अतः आमदनी की दृष्टि से यह मास ढीला ही रहेगा, लोहे मशीनरी कारखानों, फैक्टरी, इण्डस्ट्री आदि से सम्बन्धित कारोबारी वर्ग के लिये लाभ की दृष्टि से यह मास महत्वपूर्ण होगा, जबकि शनि आपके अनुकूल है जिसके प्रभाव से आपको आशा से अधिक लभ मिलेगा और कारोबार को बढ़ावा देने की ओर दिलचस्पी बनी रहेगी. वह व्यापारी जो कारखानों अथवा ट्रांस्पोर्ट के स्व्यं मालिक हैं शनि के प्रभाव से इस मास में मालामाल होंगे **फल** : आप बागों के मालिक हैं या आड़त का काम करते हैं, अथवा माल हाथों हाथ खरीदते और बेचते हैं, आप फलों से सम्बन्धित जो कोई भी योजना बनायेंगे आप सफल रहेंगे, आप केवल काम में दिलचस्पी लीजिये **ठेकेदार वर्ग** : आप यदि ए. क्लास ठेकेदार हैं आपके काम में धन की कमी के कारण रुकावट पड़ने का अन्देशा है, यदि आप दूसरे तीसरे क्लास के ठेकेदार हैं आप को रातदिन काम में जुटा रहना पड़ेगा और लाभ भी इच्छानुसार मिलता रहेगा **नौकरी** : यदि आप की तरक्की का कोई सिलसिला चल रहा है अथवा आप तबदीली चाहते हैं आप प्रयत्न कीजिये आपकी यह दोनों इच्छायें पूरी होंगी, यदि तबदीली न भी हो तो भी आप के दफ्तर के कार्यक्रम में तबदीली आयेगी, जो तबदीली आपके लिये लाभदायक रहेगी **विद्यार्थी** : पठनपाठन में दिलचस्पी कम रहेगी, सैर सपाटा तथा यार दोस्तों से मिलने जुलने में आप अधिक व्यस्त रहेंगे, ऐसा होने पर भी यदि आपने कोई परीक्षा इण्टरव्यू आदि देना हो आपकी सफलता निश्चित है **गृहस्थ** : आप का घरेलू वातावरण शान्त रहेगा, घर में आपसी टकराव अथवा खटपट बनी रहेगी, यदि घर में लड़के अथवा लड़की के विवाह की कोई दौड़धूप चल रही है उसमें अकस्मात सफलता होगी, कोई जाईदाद मकान ज़मीन आदि खरीदने अथवा बनाने का प्रोग्राम बनते बनते बिगड़ जायेगा **महिलावर्ग** : यद्यपि ऊपर लिखा फलादेश दोनों स्त्री पुरुष का एक साथ लिखा गया है तो भी पुरुषों की अपेक्षा यदि आप नौकरी करते हैं दफ्तर सम्बन्धित कोई चिन्ता लगी रहेगी ।

शुभ अशुभ दिनों की सूची : 1, 2, 3 लभ तथा कार्य सिद्धि, 4, 5 शरीर कष्ट, 6, 7 अशान्ति, हानि, 8 से 11 तक हर काम में सिद्धि, मानसिक शान्ति, 12, 13, 14 निरर्थ खर्च, हानि, 15, 16 सुख तथा लाभ, 17, 18 मानसिक अशान्ति, घरेलू खटपट, 19,20 धन लाभ, स्वास्थ्य में सुधार, 21, 22 झगड़े फजूल खर्च, 23, 24 काम में रुकावट परेशानी, 26 से 30 हर काम में सफलता, 31 शरीर कष्ट, परेशानी ।

अगस्त



मास के आरम्भ पर ग्रह स्थिति अच्छी नही है, परन्तु बृहस्पति वेध में गया और शनि स्वक्षेत्र में होने से यह मास संघर्ष तथा दौड़धूप का होते हुये भी लाभ तथा आदर मान की दृष्टि से उत्तम रहेगा, **शरीर :** आपका शरीर स्वस्थ रहेगा, परन्तु घर के किसी मेम्बर की शरीर सम्बन्धित कोई न कोई चिन्ता मास भर खटकती रहेगी **धन :** यद्यपि इस मास में कोई धन वर्षा होगी भी नही परन्तु कोई घाटे का भी योग नही है. आप कपड़े का काम करते हैं या किताबों का आप दवाईयों के व्यापारी है अथवा खाद्य पदार्थों का तिजारत करते हैं यह मास आपके लिये हर पहलू से लाभदायक तथा शुभ है आप काम में लगे रहिये और इस मास से लाभ उठाइये, लोहे, मशीनरी, कारखाना, फैक्टरी, इण्डस्ट्री आदि से सम्बन्धित सिंह राशि वालों का कारोबार सन्तोषजनक रूप में चलेगा, लाभ के अतिरिक्त काम को विशाल बनाने की योजनाओं को भी अमली रूप दिया जायेगा **फल :** फलों के कारोबार से सम्बन्धित कोई भी प्रोग्राम वह माल खरीदने का हो या माल बेचने का सफल रहेगा, आप इस मास में केवल योजनायें ही न बनायें बल्कि हर बनाई हुई योजना को अमली रूप दीजिये, आपके कारोबार को

सफल बनाने के लियें ग्रह इस मास में सहायक रहेंगे **ठेकेदार वर्ग** : यदि आप जंगलात का काम करते हैं आप काम में जुट जाइये और ग्रहों का प्रभाव देखिये आपको आशा से अधिक लाभ मिलेगा, यदि आप तामीरी कामों से सम्बन्धित ठेकेदार हैं तो आपका काम यथावत् चलता रहेगा, नया काम प्राप्त करने की कोशिश जारी रखिये आपको जल्दी ही कोई विशाल नया काम मिलने वाला है जो आपके लिये लाभदायक रहेगा **नौकरी** : यह मास अशान्त वातावरण में ही गुज़रेगा, सम्बन्धित अफसरों अथवा कार्यकर्ताओं से मानसिक टकराव बना रहेगा, कोई तरक्की अथवा मनचाही तबदीली होगी नही, आपको चाहिये आप अपने कर्त्तव्य का पालन करते रहें, अपनी कुर्सी को ही संभाले रखिये, शत्रुओं का ज़ोर रहेगा, शत्रु आपको किसी न किसी ढंग से गिराने की ताक में रहेंगे । **विद्यार्थी** : पढ़ाई सम्बन्धित कोई भी काम सिरे चढ़ेगा नही, यदि दैव योग से इस मास में कोई परीक्षा दी है या देनी होगी, कोई इण्टरव्यू दिया है या देना होगा तो सफलता की आशा कम ही रखिये, सरांश यह है कि यह मास हर पहलू से मनहूस ही रहेगा, उपाय के रूप में माता पिता अथवा घर के किसी वृद्ध के चरणों में पड़कर उनसे आशीर्वाद प्राप्त करें, यही एक उपाय है जो आपके भाग्य को बदल सकता है, यह भी भूलिये मत "माता पिता के चरणों में स्वर्ग है" **गृहस्थ** : इस मास में आपकी कोई घरेलू समस्या हल होगी नही, वह समस्या लड़के अथवा लड़की की शादी की हो अथवा पठन पाठन सम्बन्धित कोई जाईदाद खरीदने अथवा बनाने की स्कीम हो, हर एक समस्या लटकती ही रहेगी, **महिलावर्ग** : आप का फलादेश भी यथावत ऊपर दर्ज है परन्तु तो भी आपको शरीर के विषय में सावधान रहना चाहिये उपाय : के रूप में इस मास में आप वैष्णव रहिये। **शुभ अशुभ दिनों की सूची** : 1, शरीर कष्ट, अशान्ति, 2, 3, 4 दफतर में अशान्त वातावरण रहेगा, अशान्ति, 5 से 8 कार्य सिद्धि तथा लाभ, 9, 10 निरर्थ खर्च, हानि की सम्भावना, 11, 12 गृहस्थ सुख, स्वास्थ्य में सुधार, 13, 14 मानसिक अशान्ति, भाई बन्धुओं से अनबन, 15, 16, 17 धन लाभ, मानसिक शान्ति, 18 से 22 तक दौड़धूप, तंगदस्ती, 23 से 26 तक हर काम में सिद्धि, लाभ उतम, 27, 28, 29 परेशानी, असफलता, 30, 31 धन की कमी, दौड़धूप तथा संघर्ष ।

सितम्बर

वेध अष्टक वर्ग, दृष्टि, शत्रु मित्र आदि गोचर फलित साधनों पर विचार करने से मालूम होता है यह मास आपने सुख शान्ति के वातावरण में ही गुजारना होगा **शरीर** : आपका शरीर प्रायः स्वस्थ रहेगा घर में भी यदि कोई शरीर सम्बन्धित चिन्ता है उसकी भी बहुत हद तक रोकथाम होगी **धन** : आप यदि कपड़े का काम थोक या परचून करते हैं आप रात दिन काम में व्यस्त रहेंगे, परन्तु ऐसा होने पर भी जिस आशा से आप काम में जुटे हुये हैं उतना लाभ मिलेगा नही, किरयाना के थोक व्यापारी वर्ग को मूल्यों के उतार चढ़ाव से हानि होगी, दवाईयों अथवा खाद्य पदार्थों का व्यापारी वर्ग यथावत काम में लगा रहेगा, और परिश्रम के अनुसार लाभ भी प्राप्त करता रहेगा, लोहे, मशीनरी, कारखानों, फैक्टरी, इण्डस्ट्री, ट्रांसपोर्ट का काम करने वाले हर पहलू से लाभ में रहेंगे जब कि शनि विशेषतया इस मास में आपके पक्ष में है, यदि आप अपने काम को बढ़ाना चाहते हैं तो बिना किसी हिचकिचाहट के काम में पूंजी लगाइये आप सफल रहेंगे **फल : यह मास आपके** लिये महत्वपूर्ण दर्जा रखता है परन्तु ऐसा तभी सम्भव है **जब आप काम में दिलचस्पी लें**, जो कोई भी योजना आप बनायेंगे उस को साथ साथ **अमली रूप भी दीजिये ग्रह आपके** अनुकूल हैं सफलता अवश्य होगी, इस मास में आप विशेषतया **माल खरीदने की अपेक्षा माल** बेचने में दिलचस्पी लीजिये **ठेकेदार वर्ग** : आप जंगलात **से सम्बन्धित काम करते हैं या** तामीरी काम, आप जिस किसी भी लाईन से सम्बन्धित हैं आप **अवश्य लाभ में रहेंगे**, नये काम के लिये आपकी कोशिश जारी रखिये, नया काम भी मिलने वाला है **जिसमें आपको** चालू काम की अपेक्षा अधिक लाभ मिलेगा **नौकरी** : यह मास आपके लिये खास महत्व का



है, अचानक लाभ अथवा तरक्की मिलने की सम्भावना है सम्बन्धित अफसरों से मेलजोल में वृद्धि होगी, दफतर का वातावरण आप के अनुकूल रहेगा, शत्रुओं पर विजय होगी **विद्यार्थी** : पढ़ाई की ओर कम कम रुचि रहेगी, परन्तु ऐसा होने पर भी आप की पढ़ाई सम्बन्धित हर एक योजना सफल रहेगी, यदि आप ट्रेनिंग आदि के लिये दौड़धूप कर रहे हैं आप कोशिश जारी रखिये सम्भव है इस मास में आपकी यह मनोकामना पूरी होगी **गृहस्थ** : घर में कोई महोत्सव रचाने का प्रोग्राम बनेगा, पार्टियों के शामिल होने में आप व्यस्त रहेंगे, खर्च के लम्बे-लम्बे प्रोग्राम बनेंगे, पार्टियों के शामिल होने में आप व्यस्त रहेंगे, खर्च की भरमार रहेगी, भाई बन्धुओं रिश्तेदारों यार दोस्तों का आना जाना ज़ोरों पर रहेगा **महिलावर्ग** : ऊपर लिखा फलादेश आप भी पुरुषों की भांति अपने लिये मानिये, पुरुषों की अपेक्षा इस मास में आपको धार्मिक कामों से दिलचस्पी तथा अच्छे पुरुषों से मिलने जुलने का अधिक अवसर मिलेगा ।

शुभ अशुभ दिनों की सूची : 1 से 4 तक कार्य सिद्धि, आमदनी में वृद्धि, 5, 6 निरर्थखर्च , आदर की कमी, 7, 8 सुख शान्ति, गृहस्त सुख, 9, 10, 11 मानसिक अशान्ति, भाई बन्धुओं से नाराज़गी, 12, 13, धन लाभ स्वास्थ्य में सुधार, 14 से 18 सफलता, चोट का खतरा, 19 से 23 धन लभ, गृहस्थ सुख 24, 25 शरीर कष्ट, परेशानी, 26, 27 दौड़धूप हानि, 28 से 30 कार्य सिद्धि, आदर में वृद्धि ।

अक्टूबर

इस मास के आरम्भ पर सूर्य भौम शुक्र तथा बृहस्पति अच्छी स्थिति में नही हैं परन्तु ऐसा होने पर भी यह तीनों ग्रह वेध में होने से आपके लिये शुभफलदायक ही होंगे, गोचर फलित सिद्धान्तों के आधार से सामूहिक रूप से प्रायः सभी ग्रह आप के अनुकूल

है, **शरीर** : यदि पहले से ही आपके शरीर में कोई तकलीफ रहती है इस मास में किसी नये डाक्टर से इलाज करवाने से आपका शरीर अवश्य स्वस्थ होगा, घर में भी यदि किसी मेम्बर की शरीर सम्बन्धित कोई चिन्ता है वह भी दूर होगी **धन** : यह मास कारोबार के लिये सफल मास मानिये परन्तु दौड़धूप अधिक करनी होगी, आप कपड़े का काम करते हैं या किरयाना का, दवाईयों का तिजारत करते हैं या खाद्य पदार्थों का हर काम में सफलता होगी, केवल काम में दिलचस्पी लेने की आवश्यकता है, ग्रह आपके हक में हैं काम में लगे रहिये ग्रहों से लाभ उठाइये, लोहे, मशीनरी, कारखानों इण्डस्ट्री अथवा ट्रांस्पोर्ट में आप नौकरी करते हैं या मालिक हैं दोनों रूपों में आप लाभ में ही रहेंगे, परन्तु ऐसा तभी सम्भव है जब आप रात दिन काम में लगे रहेंगे **फल** : इस मास में आप को रात दिन काम में लगे रहने पर ही लाभ मिलेगा केवल हवाई प्रोग्राम बनाने से आपकी कोई योजना हल होगी नहीं, आप काम में तनमन से लगे रहिये, आप की कारोबार सम्बन्धित कोई योजना असफल नही होगी **ठेकेदार वर्ग** : चालू काम में अचानक तेज़ी आयेगी नया काम भी हाथ में आने वाला है जिसमें आपको पर्याप्त लाभ मिलने की आशा है, यदि आप माल स्पलाई करने का धन्धा करते हैं आपके काम में अचानक रुकावट आयेगी जो आपके लिये हानि ही क्या मानसिक अशान्ति का भी कारण बनेगी **नौकरी** : आपके दफतर का वातावरण आपके अनुकूल होगा; नौकरी सम्बन्धित जो कोई भी काम आपके हाथ में होगा, उस में सफलता निश्चित है, लाभ तथा आदर की दृष्टि से भी यह मास उत्तम है, यदि आप की तरक्कीं का सिलसिला विचाराधीन है वह इच्छा भी सम्भव है इस मास में सम्पूर्ण होगी, उपाय के रूप में सफलता के लिये भगवान् शंकर पर सोमवार को दूध सहित जल और सफेद फूल चढ़ाया करें जल चढ़ाते समय बार बार पढा करे "ॐ नमः शम्भवाय च" **विद्यार्थी** : इस मास में बुद्धि का ग्रह बृहस्पति विशेषतया आप के पक्ष में है विद्या सम्बन्धित हर समस्या बिना



किसी रूकावट के हल होगी, आप भी कोशिश कीजिये ग्रह भी आप की सफलता करेंगें, आप ने कोई परीक्षा इन्टरव्यू देना होगा या दिया है सफलता निश्चित है **गृहस्थ** : खर्च के लम्बे लम्बे प्रोग्राम बनते रहेंगे, प्रायः शुभ कामों पर ही खर्च होगा, घर में अतिथिसेवा का व्यसन बना रहेगा, सम्भव है अचानक कोई महोत्सव रचाने का प्रोग्राम बनेगा **महिलावर्ग** : ऊपरलिखा फलादेश दोनों स्त्री पुरुषों का एक साथ लिखा जाता है परन्तु ऐसा होने पर भी आप पुरुषों की अपेक्षा रिश्तेदारों से मिलने जुलने में अधिक व्यस्त रहेंगें ।

शुभ अशुभ दिनों की सूची : 1, कार्य सिद्धि, लाभ, 2, 3, 4 परेशानी, हानि, 5, 6 कोई शुभ सन्देश मिले, गृहस्थ सुख, 7, 8 अशान्ति शरीर कष्ट, 9, 10 आदर में वृद्धि, लाभ 11 से 15 तक बुरे विचार, बुरी संगति में पड़ना, अनादर 16 से 20 हर काम में सफलता, लाभ 21 से 25 हर काम में रुकावट, हानि 26 से 29 कार्य सिद्धि, आदर में वृद्धि, 30, 31 निरर्थ खर्च, हानि का अन्देशा

नवम्बर

इस मास में प्रायः सभी ग्रह आप के अनुकूल है, गोचर का बृहस्पति पहले भाव में होना यद्यपि अशुभ माना जाता है परन्तु वेध में होने से वह भी आप के लिये शुभ फलदायक ही होगा ग्रहों पर विचार करने से विदित होता है यह मास विशेषतया आप ने सुख शान्ति के वातावरण में ही गुजारना होगा शरीर आप का **शरीर** : प्रायः स्वस्थ रहेगा, यदि आप गृहस्थी है आप को स्त्री पक्ष से शारीरिक परेशानी रहेगी उन के बारे में सावधान रहिये उपाय के रूप में आप दोनों पतिपत्नी इस मास में वैष्णव अवश्य रहें **धन** : यह मास आप के लिये खूब कमाई का है काम में दिलचस्पी लीजिये ग्रह आप की सहायता अवश्य करेंगे, यदि आप

सिर्फ खायाली किले बनाते रहे अमली कोई काम नही करेंगे तो वह अपने दुर्भाग्य मानिये, आप कपड़े का काम करते हैं या किरयाना का आप स्टेशनरी का काम करते हैं या किताबों का आप दवाईयों का व्यापार करते हैं या खाद्य पदार्थों का आप थोक व्यापारी हैं या परचून व्यापारी आप इस मास के ग्रहों से लभ उठायें काम में जुट जाईये, लोहे मशीनरी, कारखानों, फैक्टरी, इण्डस्ट्री, ट्रान्सपोर्ट के कारोबारी वर्ग के लिये यह मास मालामाल होने का है, केवल आपके काम में दिलचस्पी लेने की आवश्यकता है भाग्य अवश्य आप का साथ देगा **फल** : आप घबराइये मत यदि गत मासों में आप अपने काम में सफल न रहे तो भी आप इस मास में धीरज से फिर काम करें, कोई प्रोग्राम बनायें उसको अमली रूप दीजिये आप अवश्य सफल होंगे, यदि दैव योग से आप का काम यथावत चल ही रहा है तो भी इस मास को लाभ के लिये उत्तम मास मानिये **ठेकेदार वर्ग** : आपका काम शान्त रूप से यथावत चलता ही रहेगा, यद्यपि आपके काम में कोई तेज़ी आयेगी नही परन्तु आपके हाथ में खुले रूप में धन आयेगा, यदि आप नया काम प्राप्त करने के लिये ऐडी-चोटी का ज़ोर लगायेंगे सफलता नही होगी **नौकरी** : आपके लिये यह मास लाभ आदर मान प्रतिष्ठा की दृष्टि से उत्तम है, सम्बन्धित अफसरों से मेलजोल में वृद्धि होगी, यदि आपकी तरक्की का कोई सिलसिला चल रहा है वह ज्यों का त्यों चलता रहेगा, सफलता की कोई आशा न रखें **विद्यार्थी** : आप इस मास के एक एक क्षण से लाभ उठाइये एक क्षण भी व्यर्थ न करें, आप निश्चय रखिये इस मास में याद किया हुआ पाठ आपके आगे आने वाली परीक्षा में सहायक रहेगा, यदिइस मास में आपने कोई परीक्षा देनी है अथवा कोई इन्टरव्यू दिया है या देना होगा सफल अवश्य होना है, यदि देश विदेश में पढ़ाई के लिये जाने का कोई विचार है इस मास में प्रयत्न कीजिये अपने भाग्य की परीक्षा कीजिये **गृहस्थ** : घरेलू कोई समस्या वह जाईदाद की है, विवाहित न होने पर



अपने विवाह की है, गृहस्थी होने पर लड़के अथवा लड़की की शादी की है, ऐसी हर एक समस्या लटकती ही रहेगी खर्च की बहुतात होगी, तंगदस्ती का सामना करना होगा **महिलावर्ग** : ऊपर लिखा फलादेश आपके लिये यथावत् लिखा है पढ़िये और लाभ उठाइये ।

शुभ अशुभ दिनों का संकेत : 1, 2 भाग्य उदय,सामाजिक कामों में आदर मिले, 3, 4 मानसिक बेचेनी, हर काम में रुकावट, 5, 6, 7 सफलता, बिगड़े काम बनेंगे, 8 से 12 तक दैनिक प्रोग्राम में हेर फेर, आलस्य की अधिकता, 13 से 16 तक कार्य सिद्धि, बिगड़े काम बने, मित्रों से मेल मिलाप, 17 से 21 शरीर कष्ट, समय का व्यर्थ होना, 22 से 25 तक, आदर में वृद्धि, परिवार का सुख, परेशानी में कमी, 26, 27 शरीर कष्ट, मान हानि, 28, 29 भाग्योदय, 30 हर काम में रुकावट, हानि ।

दिसम्बर

इस मास में भौम और बृहस्पति आपके अनुकूल नही है, दूसरा चन्द्रमा गोचर से हानिकारक होते हुये भी वेध में होने से शुभफलदायक है शेष ग्रहों की स्थिति भी अच्छी हीं है इस मिले जुले शुभ अशुभ योग के आधार से यह मास एक जैसी स्थिति में गुजरेगा नही **शरीर** : आपका शरीर गाहे बिल्कुल स्वस्थ रहेगा, गाहे अचानक शरीर विगडने का अन्देशा है, घर की भी यही स्थिति रहेगी, गाहे एक सदस्य की शरीर सम्बन्धित परेशानी गाहे दूसरे मेम्बर की, परन्तु कोई विशेष कष्टकारक योग नही है, उपाय के रूप में हर मंगलवार को घर में तहर बनाकर पक्षियों को डालें **धन** : आपके कारोबार की दशा भी इस मास में ऊँच नीच की ही होगी, गाहे आपका काम तेज़ गति से चलेगा गाहे हाथ पर हाथ धर कर बैठना होगा, आपका कारोबार कपड़े का है या किरयाने का, स्टेशनरी का है या किताबों का, दवाईयों का है या खाद्य पदार्थो का, आपका कारोबार भी रंग बदलता रहेगा, सामूहिक रूप

से यह मास व्यापारी वर्ग के लिये अशान्ति का ही होगा, लोहे, मशीनरी, कारखाना, फैक्टरी, इण्डस्ट्री, ट्रान्सपोर्ट, सीमेन्ट आदि से सम्बन्धित कारोबारी वर्ग काम में व्यस्त होगा, आप काम में जितनी दिलचस्पी लेंगे उसी के अनुसार आपको लाभ भी मिलता रहेगा, आप आत्मविश्वास से काम में लेंगें उसी के अनुसार आपको लाभ भी मिलता रहेगा, यह भी सम्भव है आपकी कारोबारी लाईन में कुछ तबदीली लाने की योजना बनायेंगे **फल** : आपकी इस मास में कारोबार सम्बन्धित कोई भी योजना सफल नही होगी, अपितु बनी हुई स्कीम ही बिगडने का अन्देशा है, यदि हो सके तो इस मास में आप कारोबार सम्बन्धित कोई दौड़धूप न करें, ऐसा करना ही आपके लिये लाभदायक रहेगा **ठेकेदार वर्ग** : आपके रूके हुये काम भी हरकत में आयेंगे, यदि आपकी कारोबार सम्बन्धित कोई धनराशि कहीं रुकी पड़ी है ज़रा सा ध्यान देने से वह धन भी आपको मिलने का योग है, आपका चालू काम भी बिना रोक टोक के चलता ही रहेगा, परन्तु नया काम मिलने में भी रुकावट पड़ेगी



नौकरी : दफ्तर का वातावरण आपके अनुकूल रहेगा, दफ्तर में यदि आपको किसी प्रकार की कोई समस्या है उस का भी हल निकल आयेगा यदि दैवयोग से इस मास में डिपाटमेन्टल कोई परीक्षा देनी है या दी है उस में निश्चित रूप से आप की सफलता होगी, यदि परीक्षा देने का अभी सिर्फ संकल्प ही है तो इस मास में ऐसे काम का श्री गणेश यानी आरम्भ कीजिये ऐसा करना आपके लिये शुभफलदायक होगा । **विद्यार्थी** : पठनपाठन सम्बन्धित हर काम में आपकी सफलता होगी केवल आप पढ़ाई में दिल लगाये ग्रह आपकी सहायता करेंगे, यदि आपने कोई परीक्षा इन्टरव्यू आदि भी देना हो तो निश्चय करके आपकी सफलता होगी **गृहस्थ** : घरेलू वातावरण आप के अनुकूल होगा, यदि घर में पहले से ही अशान्ति का वातावरण बना हुआ है तो वह भी शान्ति

के वातावरण में तबदील होगा, घर में किसी भाग्यशाली बच्चे का जन्म होने वाला है, यदि ऐसा न भी हो तो भी कोई शुभ सन्देश मिलने वाला है । **महिलावर्ग** : आप की ग्रहचाल को भी ध्यान में रख कर ही ऊपर का फलादेश लिखा जाता है, ऐसा होने पर भी आपको पुरुषों की अपेक्षा इस मास में कोई गुप्त चिन्ता घेरे रखेगी ।

शुभ अशुभ दिनों की सूची : 1, 2 मानसिक अशान्ति, लाभ में रूकावट, 3, 4 शत्रुओं पर विजय, बिगड़े काम सुधरेंगे, 5 से 8 तक भाई-बन्धुओं से नाराज़गी, कारोबार में रूकावट, 9, 10 कार्य सिद्धि, धन लाभ, 12, 13 भाग्योदय तथा लाभ, 14 से 18 तक शरीर कष्ट, घरेलू परेशानी, 19 से 22 तक सफलता स्वास्थ्य में सुधार, 23, 24, 25 मानहानि, 26, 27 सुख शान्ति, अच्छे पुरूषों से मेल मिलाप, 28, 29 समय का व्यर्थ होना, परेशानी, 30, 31 लाभ मिले कार्य सिद्धि ।

जनवरी



इस मास के आरम्भ पर बुध शुक्र शनि, राहु और केतु यह पाँच ग्रह आपके अनुकूल हैं शेष ग्रह आपके पक्ष में नही हैं, यानि शुभाशुभ ग्रहों का पलड़ा लगभग एक जैसा है वेध अष्टक वर्ग गोचर फलित सिद्धान्तों को दृष्टि में रख कर विदित होता है यह मास लगभग सुख शान्ति के वातावरण में ही गुज़रेगा **शरीर** : आप का शरीर सुख प्रायः ठीक ही रहेगा, यदि घर में किसी मेम्बर की शरीर सम्बन्धित कोई परेशानी है उसमें भी बहुत हद तक सुधार होगा **धन** : इस मास में भिन्न-भिन्न पेशा के कारोबारी वर्ग पर ग्रहों का प्रभाव भिन्न भिन्न होगा, कपड़ों का व्यापारी वर्ग अधिक लाभ में रहेगा, किरयाना का धन्धा करने वाले रात दिन काम

में जुटे रहने पर भी इच्छानुसार लाभ में नही रहेंगे, किताबों स्टेशनरी वालों का काम तेज़ गति से चलता रहेगा परन्तु लाभ सन्तोषजनक रूप में नही मिलेगा, दवाईयों, खाद्यपदार्थों का काम करने वाले इच्छानुसार लाभ में रहेंगे, लोहे मशीनरी कारखाना, फैक्टरी, इण्डस्ट्रीज आदि में यदि आप नौकरी करते हैं तो यह मास आपने परेशानी के वातावरण में ही गुजारना होगा, कारखाना, ट्रान्सपोर्ट, आदि के मालिकों के लिये यह मास रात दिन काम में जुटे रहने का है, यदि यह मास आपके लिये लाभदायक होगा भी नही परन्तु आपके काम को आगे बढ़ने के लक्षण देखने में आयेंगे जबकि आपके काम को बढ़ावा देने के निमित्त नई योजना बनने वाली है **फल** : आपका कारोबार ज्यों का त्यों चलता रहेगा, इस मास में माल बेचने अथवा खरीदने की कोई योजना सिरे चढ़ेगी नही, यह मास आपने संघर्ष तथा परेशानी के वातावरण में ही गुज़ारना होगा **ठेकेदार वर्ग** : यदि आप जंगलात लकड़ी आदि से सम्बन्धित ठेकेदार हैं, आप यदि सॉझेदारी में काम करते हैं तो अचानक धोखा मिलने की सम्भावना है, जो सिंह राशि वाले तामीरी कामों से सम्बन्धित हैं उनका काम यथावत् चलता रहेगा और लाभ भी यथावत् मिलता रहेगा **नौकरी** : आपको अचानक तबदीली होगी जो तबदीली आपकी इच्छानुसार होगी नही बल्कि आपके लिये परेशानी का कारण बनेगी, दफ्तर का वातावरण आपके उल्ट होगा, सम्बन्धित अफसरों से टकराव, अथवा नाराज़गी होगी । **विद्यार्थी** : पठन पाठन में दिलचस्पी अधिक रहेगी, पठन पाठन सम्बन्धित हर काम में आप की सफलता निश्चित है, उपाय के रूप में आप गायत्री मन्त्र का प्रायः उच्चारण किया करें **गृहस्थ** : आपकी कोई घरेलू समस्या इस मास में हल होगी नही, बल्कि नई नई समस्यायें खड़ी होंगी, खर्च की नई-नई योजनायें बनती रहेंगी, यह भी सम्भव है मकान जाईदाद मकान वाहन आदि खरीदने अथवा बनाने की योजना अवश्य बनेगी जिस को जल्दी ही कुछ दिनों में अमली रूप दिया जायेगा **महिलावर्ग** : आपको इस मास में मातृ पक्ष से कोई शुभ सन्देश मिलने वाला है **शुभा शुभ दिनों की सूची** : 1 से 5 तक झगड़े, दैनिक प्रोग्राम में रुकावट, 6, 7, 8 धन लाभ, कार्य सिद्धि, 9, 10 शुभ सन्देश

मिले लाभ, 11, 12 हर काम में असफलता, हानि की सम्भावना, 13, 14, 15 मानसिक अशान्ति, धन की कमी, 16 से 19 तक हर काम में सिद्धि, लाभ, 20, 21 बने काम बिगड़े, निरर्थ खर्च, 22, 23 सुख शान्ति, अच्छे पुरुषों से मिलाप, 24, 25 मानसिक अशान्ति, 26 से 28 लाभ, 29 से 31 परेशानी ।

फरवरी

इस मास के आरम्भ पर सूर्य भौम और बृहस्पति अच्छी पुजिशन में नही हैं, चन्द्रमा पाँचवां गोचर से अशुभ माना जाता है, परन्तु वेध में होने से वह शुभ फल दायक होगा, बृहस्पति पॉचवें भाव को पूर्ण दृष्टि से देख रहा है, वेध अष्टकवर्ग शत्रु मित्र आदि सिद्धान्तों को ध्यान में रख कर विदित होता है यह मास आपने संघर्ष तथा दौड़धूप में ही गुज़ारना होगा **शरीर** : यदि आप शरीर से बिल्कुल स्वस्थ हैं तो अचानक शरीर बिगड़ने का अन्देशा है, सावधान रहिये, यह भी सम्भव है घर के किसी सदस्य की शरीर सम्बन्धित परेशानी आपको आघेरेगी **धन** : आमदनी की दृष्टि से यह मास उत्तम रहेगा आप कपड़े का काम करते हैं या किरयाना का, स्टेशनरी का धंधा करते हैं या किताबों का आपने अधिक दौड़धूप में रहना होगा लोहे मशीनरी, कारखाना, फैक्टरी, ट्रान्सपोर्ट आदि से सम्बन्धित कारोबारी वर्ग के लिये यह मास हर आरम्भ किये हुये काम में सफलता का ही है आप काम में जितनी दिलचस्पी लेंगी उतनी सफलता निश्चित है आप का काम दिनों दिन आगे बढ़ेगा, सम्भव है काम को विशालता देने के लिये और कोई स्कीम बनेगी **फल** : आपका काम धीमी गति से चलेगा,



आप की कोई भी स्कीम वह माल बेचने की हो या खरीदने की कार्य रूप में सामने आयेगी नही, यह मास आपने कारोबार सम्बन्धित खर्च करने तथा परेशानियों में ही गुजारना होगा **ठेकेदार वर्ग :** आप यदि 'ए" क्लास ठेकेदार हैं आप सावधान रहिये अचानक धोखा लगने का अन्देशा है जिस से आपके कारोबार को धक्का लगेगा, मध्यम दर्जे का ठेकेदार वर्ग यथावत् काम में व्यस्त रहेगा और साथ-साथ कुछ कुछ लाभ भी प्राप्त करता रहेगा, आपके चालू काम में किसी प्रकार की बाधा नही पड़ेगी, सम्बन्धित अफसरों से मेल जोल में वृद्धि होगी, जल्दी ही कोई नया काम आपको मिलने वाला है जिसमें आपको पर्याप्त लाभ मिलेगा **नौकरी:** यह मास आपने अशान्त वातावरण में ही गुज़ारना होगा, सम्बन्धित कार्यकर्त्ताओं से आन्तरिक टकराव बना रहेगा, जो आप की परेशानी का कारण बनेगा, यह भी सम्भव है आपको इच्छा के उल्ट तबदीली होगी, मान तथा आदर में भी कमी आयेगी, उपाय के रूप में आप हर रविवार को गोमाता को गुड खिलाया करें **विद्यार्थी :** पठन पाठन की ओर अधिक दिलचस्पी बनी रहेगी, पढ़ाई सम्बन्धित जो कोई भी काम आप हाथ में लेंगी उसमें सफलता अवश्य होगी, इस मास का एक एक क्षण आपके लिये अमूल्य है समय की कदर कीजिये, इस मास में याद किया हुआ पाठ आपको आगे होने वाली परीक्षा में सहायक रहेगा **गृहस्थ :** घर में कोई महोत्सव रचाने का प्रोग्राम बनेगा, वह महोत्सव शादी का हो अथवा कोई जाईदाद खरीदने का हो अथवा बनाने का, शुभ कामों पर खर्च करने के प्रोग्राम बनेंगे **महिलावर्ग :** आप इस मास में रिश्तेदारों से मिलने जुलने में अधिक व्यस्त रहेंगी ।

शुभ अशुभ दिनों का संकेत : 1 असफलता, हानि, 2 से 6 तक बिगड़े काम सुधरे समाज में आदर, 7 से 11 तक कोई आरोप लगे, शरीर कष्ट, 12 से 15 तक अचानक लाभ अथवा शुभ सन्देश मिले, 16, 17 हानि तथा अशान्ति, 18, 19 सुख शान्ति तथा लाभ, 20, 21 मानसिक अशान्ति, निरर्थखर्च, 22, 23, 24, इच्छानुसार लाभ मिले, बिगड़े काम सुधरेंगे, 25 से 29 तक घरेलू परेशानी, कारोबार में रुकावट ।

मार्च

पाँचवे भाव का चन्द्रमा छटे भाव का शुक्र सातवें भाव का सूर्य बुध हानिकारक होने पर भी वेध अष्टक वर्ग आदि गोचर फलित सिद्धान्तों की कसौटी पर परखने से मालूम पड़ता है यह मास सामूहिक रूप से लाभदायक ही रहेगा **शरीर** : आप का शरीर स्वस्थ रहेगा, गृहस्थी होने पर सन्तान पक्ष से शरीर सम्बन्धित परेशानी हो सकती है **धन** : आपका कारोबार जिस किसी ढंग का हो सामूहिक रूप से इस मास में आपको हर काम में सफलता होगी, आप का काम कपड़े का है या किरयाना का, परचून है या थोक, आप का काम स्टेशनरी का है या किताबों का आप दवाइयों के काम से सम्बन्धित हैं या खाद्य पदार्थों से रुकावटो के आने पर भी आपको हर काम में सफलता के साथ-साथ पर्याप्त लाभ भी रहेगा, आप केवल काम में दिलचस्पी लीजिये ग्रह आपके अनुकूल है **फल** : आपकी कारोबार सम्बन्धित कोई भी योजना वह 'माल बेचने की हो या खरीदने की आप धीरज और आत्मविश्वास से काम में लगे रहिये आपको आशा से अधिक सन्तोषजनक लाभ मिलेगा, यदि आपको आज तक काम को चालू करने में रुकावटें आती रही हैं, घबराइये मत आप नये सिरे से काम फिर से आरम्भ कीजिये आपने निश्चित रूप से सफल होना है, इस मास में केवल काल्पनिक प्रोग्राम ही न बनायें, बल्कि जो कोई योजना बनायंगे उसको अमली रूप दीजिये इस मास के स्वर्णचान्स को हाथ से जाने मत दीजिये । **ठेकेदारी वर्ग** : आपके पास काम की इतनी बहुतात होगी काम को संभालना आप के लिये कठिन होगा, आप का काम जंगलात का है या तामीरी काम का अथवा आप माल स्पलाई करते



हैं आप ठेकेदारी के रूप में जो कोई भी काम करते हैं सफल रहेंगे । **नौकरी** : आपको यह मास संघर्ष तथा दौड़धूप में ही गुजारना होगा, परन्तु कमाई की दृष्टि से यह मास दृढ़ रहेगा, इस मास में तबदीली अथवा तरक्की की कोई आशा न रखें, अपितु आप का काम बिना किसी परिवर्तन के यथावत् चलता रहेगा, **विद्यार्थी** : पांचवे भाव में एक साथ चन्द्रमा राहु का होना विद्या सम्बन्धित हर काम में रुकावट तथा असफलता का इशारा है, आपने विद्या सम्बन्धित कोई प्रोग्राम यदि दस मास में चालू करना हो उसमें रूकावट पड़ेगी, आपने कोई परीक्षा अथवा इण्टरव्यू देना हो उस में सफलता की कोई आशा न रखें **गृहस्थ** : खर्च की अधिकता, खाने खिलने अथवा पार्टियां देने के प्रोग्राम बनते रहेंगे, यदि घर में लड़के अथवा लड़की के विवाह की समस्या विचाराधीन है प्रयत्न कीजिये इस मास में हल होने की आशा रखिये, यदि जाईजाद मकान वाहन आदि खरीदने बनाने का कोई विचार है इस मास को ऐसे काम के लिये आरम्भ करने का शुभ मास मानिये **महिलावर्ग** : ऊपर लिखा फलादेश पुरुषों की भांति अपने लिये एक जैसा मानिये ।

शुभ अशुभ दिनों की सुची : 1 से 4 तक धन लाभ, कार्य सिद्धि, 5, 6, 7 घरेलू परेशानी, शरीर कष्ट, 8, 9 धोखा मिले, हानि की सम्भावना, 10 से 13 तक कार्य सिद्धि, आदर मिले, 14, 15, 16 हानि का अन्देशा, झूठा आरोप लेगे, 17, 18 भाग्योदय, सामाजिक कामों से लगाव, 19, 20 परेशानी, हर काम में रुकावट, 21, 22 लाभ, शत्रुओं पर विजय, 23 से 27 झगड़े, कारोबार में रुकावट, 28 से 31 स्वास्थ्य में सुधार, बिगाड़े काम बनें ।

Virgo

कन्या राशि का स्वभाव

नाम राशि : "ट" "प" पश्चिमीय पद्धिति से 23 अगस्त से 22 सिंतबर तक

कन्या राशि वाला भाग्यशाली, प्रत्येक कला में कुशल, धन, मकान, ज़मीन, ऐश्वर्य और बड़े परिवार वाला होता है, आप की पाचन शक्ति कमज़ोर होती है, आप वहमी मिज़ाज के होते हैं– आप को कभी भी फेफड़ों की बीमारी हो सकती है, इसलिये सिगरेट से परहेज़ कीजिये, आपकी पढ़ाई सम्बन्धित हर एक योजना सफल रहती है, आप एक अच्छे स्कालर बन सकते हैं, आप की बुद्धि तेज़ होती है, आप दूसरे का रहस्य समझने की सूझ बूझ रखते हैं, आप हर एक काम को धीरज तथा आत्मविश्वास से करते हैं, आप अपनी कमजोरियों की ओर प्रायः देखते हैं और गुणों की ओर नहीं, आप के यार दोस्त अधिक होते हैं, आप धन अधिक कमाते हैं, परन्तु फजूल खर्ची तथा उद्धार चित्त होने के कारण आप को ऋण भी लेना पड़ता है, अतिथि सेवा करना खाना खिलाना पार्टियों में खर्च करना आप के जीवन का एक स्वभाव होता है, सामाजिक कामों से आप दिलचस्पी रखते है, किताबें एकत्रित करने के आप शौकीन होते है, बुरी संगति से आप प्रायः दूर रहते हैं, आप की स्त्री चरित्रशील तथा अपने परिवार को संभालने में सफल रहती है, आप को अपने मित्रों से अवश्य लाभ मिलता है परन्तु आप दूसरों को लाभ पहुँचाने में हिसाब रखते है, अपनी तीक्ष्ण बुद्धि के बल से आप अपनी मान प्रतिष्ठा बचाये रखने में सफल रहते हैं **रत्न** : यदि आप रत्न पहनना चाहते हैं तो "**पन्ना**" "**पुखराज**" अथवा मोती लाभदायक रहता है **मित्रता** : आप की जिन राशियों से मित्रता हो सकती है वह "वृष" "मकर" और "मीन" **वार** आप के लिये शुभवार है 'बुधवार' "शुक्रवार" "रविवार" शुभ **अंक** है "5" ।

कन्या राशि का भविष्य

सूर्यादि नवग्रहों का फल गोचर ग्रन्थों से –

सूर्य : सातवें भाव में होने से हर काम में असफलता होती है कारोबार में रुकावट पडती है, घरेलू परेशानी रहती है, शरीर कष्ट होता है **चन्द्रमा** सातवें भाव में होने से धन का लाभ होता है, गृहस्थ का सुख मिलता है, कारोबार अथवा नौकरी में तरक्की होती है, स्वास्थ्य में सुधार होता है **भौम** : नवें भाव में होने से अनादर होता है, शरीर कष्ट होता है, शत्रुओं का ज़ोर रहता है, भाग्य को धक्का लगता है **बुध** : शरीर कष्ट होता है स्त्री की ओर से परेशानी रहती है, भाई बन्धुओं से अनबन रहती है **बृहस्पति** : 11 वाँ होने से धन का लाभ होता है, विवाह अथवा पुत्र जन्म का सुख मिलता है, धार्मिक अथवा सामाजिक कामों से दिलचस्पी रहती है **शुक्र** : आठवाँ होने से धन का लाभ होता है, सभी कष्टों का अन्त होता है, विद्यार्थी होने पर विद्या सम्बन्धित हर काम में सफलता होती है **शनि** : पाँचवें भाव में होने से बुद्धि भ्रम होता है, केवल योजनायें बनाई जाती है परन्तु कोई भी योजना सिरे चढ़ती नहीं है, कारोबार अथवा नौकरी की परेशानी बनी रहती है **राहु** : पाँचवें भाव में होने से धन तथा ऐश्वर्य की वृद्धि होती है, लाटरी अथवा सट्टे से लाभ मिलता है **केतु** ग्यारवें भाव में होने से बिना परिश्रम के लाभ मिलता है ।



कन्या राशि का वर्षफल

संक्षिप्त रूप में 2048 विक्रमी के लिये

वर्ष के आरम्भ की ग्रह स्थिति पर विचार करने से विदित होता है, सूर्य, भौम, बुध तथा शनि यह चार ग्रह अच्छी पुजिशन में नहीं हैं, शेष पाँच ग्रह चन्द्रमा, बृहस्पति शुक्र तथा राहु और केतु अच्छी स्थिति में हैं, इस मिले जुले शुभाशुभ ग्रह योग तथा वेध अष्टकवर्ग आदि गोचर फलित के सिद्धान्तों को दृष्टि में रखकर विदित होता है, यह वर्ष सामूहिक रूप से आप के लिये संघर्ष तथा दौड़धूप का ही होगा परन्तु बृहस्पति इस वर्ष आप का अंगरक्षक बन कर रहेगा, यद्यपि 14 अगस्त 1991 को बृहस्पति राशि बदलेगा, **शरीर** : आप का शरीर प्रायः स्वास्थ रहेगा, गृहस्थी होने पर घर के किसी न किसी सदस्य की परेशानी बनी रहेगी, परन्तु वह शरीर सम्बन्धित परेशानी स्थाई नहीं होगी, समय पर इलाज करवाने से ऐसी हर एक परेशानी का समाधान होगा **धन** : आप यदि व्यापारी है यानी आप कारोबार करते हैं आप की बुद्धि इस वर्ष सुव्यवस्थित रहेगी, कारोबार सम्बन्धित जो कोई भी योजना आप बनायें वह सफल रहेगी, आप यदि कपड़े का काम विशेषतया यदि आप इस वर्ष सिलक अथवा रेशमी माल में दिलचस्पी रखेंगे आप को आशा से अधिक लाभ मिलेगा, यदि आप ऊनी कपड़े से ही सम्बन्धित है तो भी आप का काम यथावत् चलता ही रहेगा, यद्यपि अधिक लाभ नहीं होगा भी परन्तु घाटे का कोई योग नहीं है, कपड़े के परचून व्यापारियों के लिये यह वर्ष अधिक लाभदायक नहीं रहेगा बल्कि रात दिन काम में जुटे रहने का योग है, किरयाना के व्यापारी मूल्यों में उतारचढ़ाव से परेशान रहेंगे आप के लिये कोई विशेष सन्तोषजनक लाभ का वर्ष नहीं है, परन्तु घाटे का भी कोई योग नहीं है, लोहे मशीनरी कारखानों फेक्ट्री, इण्डस्ट्रीज ट्राँसपोर्ट अथवा हार्डवियर से सम्बन्धित कन्याराशि वाले कारोबारी वर्ग के लिये वर्ष के आरम्भ पर

पाँचवे भाव का शनि अच्छी स्थिति में नहीं है परन्तु 12 अप्रैल से राहु धनु राशि में आयेगा शनि 12 अप्रैल से राहु के वेध में आने से लोहे मशीनरी आदि से सम्बन्धित व्यापारी वर्ग पर शनि का अच्छा प्रभाव पड़ेगा, सामूहिक रूप से यह वर्ष आप के लिये लाभदायक रहेगा **फल** : गतवर्ष की अपेक्षा यह वर्ष आप के लिये बहुत हद तक सफलता का होगा, आप धीरज से काम में जुट जाइये, काम को संभालने में आपको भिन्न भिन्न प्रकार की कठिनाइयाँ आयेंगी परन्तु हर कठिनाई का समाना करने पर अन्त में आप की विजय होगी, यह वर्ष संघर्ष का होते हुये भी लाभ का ही वर्ष होगा **ठेकेदार वर्ग** : सातवें भाव में सूर्य चन्द्रमा, बुध का एक साथ होने से कोई भी काम उलझन के बिना सिद्ध नही होगा, प्रायः हर कार्य के प्रारम्भ पर अधिक से अधिक दौड़धूप करनी होगी परन्तु अन्त में हर काम का परिणाम आप के पक्ष में ही होगा, कोई नया काम मिलने की आशा सुदृढ़ होगी **नौकरी** : यह वर्ष आपके लिये आदर मान की दृष्टि से उत्तम रहेगा नौकरी सम्बन्धित देर से चलती आई आशायें इस वर्ष पूरी होंगी, आप के कार्यक्रम में तबदीली अवश्य आयेगी जो तबदीली आपके लिये लाभदायक रहेगी, यदि आपकी तरक्की का कोई सिलसिला चल रहा है इस वर्ष में आप की यह इच्छा पूरी होगी **विद्यार्थी** : यह वर्ष आपके जीवन में एक महत्वपूर्ण स्थान रखता है, इस वर्ष के एक एक क्षण की कदर कीजिये, रात दिन पढ़ाई में लगे रहिये, इस वर्ष मानिये आप की सफलता की पटड़ी बनी हुई है गाड़ी चलाना आप का काम है, आप परिश्रम कीजिये सफलता आपकी निश्चित है **गृहस्थ** : आपका घरेलू वातावरण प्रायः अशान्त रहेगा घर में अपने मेम्बरों का आपसी टकराव आपके लिये अशान्ति का कारण बनेगा गृहस्थी होने पर स्त्री के साथ प्रायः तू तू मैं मैं हुआ करेगा, यदि आप दैवयोग इस संकट से बच भी जाये, तो सम्भव है आपकी स्त्री का शरीर अचानक बिगड जायेगा जिससे आपको मानसिक अशान्ति बनी रहेगी ।

महिलावर्ग : ऊपर लिखा हुआ फलादेश आपकी ग्रह चाल दृष्टि में रखकर ही लिखा गया है परन्तु तो भी इस वर्ष आपको

सन्तान पक्ष से कोई विशेष शान्ति मिलेगी, जो आपके जीवन में एक यादगार होगा **उपाय** : इस वर्ष आप इसी विजयेश्वर जन्त्री के मुख पृष्ठों पर लिखी अष्टादश श्लोकी गीताजी का अवश्य पाठ किया करें ।

कन्या राशि का मासिक फल 2048 वि. के लिये

अप्रैल

इस मास के आरम्भ पर सूर्य, चन्द्र, भौम तथा शनि अच्छी स्थिति में नही हैं, शेष पांच ग्रह आपके अनुकूल हैं, इस मिले जुले शुभाशुभ योग के प्रभाव से विशेषतया जबकि भौम पहले भाव यानी आपके शरीर को पूर्ण दृष्टि से देख रहा है जिसके प्रभाव से आपको अचानक शरीर कष्ट अथवा चोट का अन्देशा है उपाय के रूप में आप "बहुरूप गर्भ" का पाठ किया करें, यदि आप पाठ नही कर सकेंगी तो "विजयेश्वर प्रिंटिंग प्रेस जम्मू , तालाब तिल्लू" से "बहुरूप गर्भ" "भवानी नाम सहस्र" शिवमोहिम्स्तोत्र" के केसेट मंगवायें, प्रातः उस पाठ का श्रवण करने से आप के सभी क्रूर ग्रहों का क्रूर प्रभाव शान्त होगा, यदि घर में भी कोई शरीर सम्बन्धित परेशानी है वह भी ऊपर लिखे उपाय से शान्त होगी **धन** : आमदनी की दृष्टि से यह मास उत्तम है आप जिस किसी भी कारोबार की लाईन से सम्बन्धित होंगे, आप कपड़े का काम करते हैं या किरयाना का, आप खाद्य पदार्थों से सम्बन्धित व्यापारी हैं अथवा दवाईयों से सम्बन्धित आप स्टेशनरी का काम करते हैं या किताबों का आप परचून काम करते हैं या थोक, आप धीरज से काम में लगे रहिये और डटकर परिश्रम कीजिये आपका परिश्रम सफल रहेगा, लोहे, मशीनरी, कारखानों,



फैक्टरी, इण्डस्ट्रीज, ट्रान्सपोर्ट आदि से सम्बन्धित कारोबारी वर्ग के लिये यह मास यद्यपि अधिक दौड़धूप का होगा भी परन्तु लाभ की दृष्टि से यह मास उत्तम रहेगा, आपको इस मास में अपने कारोबार को बढ़ावा देने की ओर भी प्रवृत्ति रहेगी **फल** : फलों से सम्बन्धित आपकी कोई भी योजना वह माल खरीदने की ही हो या फरोख्त करने की सफल नही रहेगी, फलों के केवल वह व्यापारी जो स्वयं बागात के मालिक हैं थोड़ा बहुत लाभ में रहेंगे, और वे व्यापारी अपने बागात को बढ़ावा देने में अधिक दिलचस्पी लेंगे, जिसमें अधिक से अधिक धनराशि खर्च करने में पीछे नही हटेंगे, सारांश यह है जिन फलों के व्यापारियों के अपने बागात हैं वे व्यापारी इस मास में विशेषतया लाभ में रहेंगे **ठकेदार वर्ग** : इस मास के पहले दो सप्ताह आपके लिये परेशानी के होंगे, किसी भी कार्य में दिलचस्पी नही रहेगी, परन्तु इसी मास के अन्तिम दो सप्ताह खूब काम के होंगे और लाभ भी मिलेगा, कारोबार से सम्बन्धित अफसरों के मेलजोल में आप व्यस्त रहेंगे, कोई नया छोटा मोटा काम हाथ में आने वाला है **नौकरी** : आदर मान की दृष्टि से यह मास उत्तम है, दफ्तर का वातावरण आपके अनुकूल होगा, अचानक कुछ लाभ मिले, अथवा नौकरी सम्बन्धित कोई शुभ सन्देश मिलने की सम्भावना है **विद्यार्थी** : पठन पाठन में दिलचस्पी कम रहेगी, ऐसा होने पर भी आपको विद्या सम्बन्धित हर काम में सफलता होगी, यदि दैवयोग से इस मास में आपने कोई परीक्षा अथवा इन्टरव्यू दिया है या देने का प्रोग्राम है आप बिना किसी रूकावट के सफल होंगे **गृहस्थ** : घर में अतिथि सेवा में आप अधिक व्यस्त रहेंगे घरेलू वातावरण शान्त रहेगा, खर्च की अधिकता होगी कोई जाईदाद ज़मीन मकान, वाहन आदि खरीदने बनाने का सम्भव है प्रोगाम बनते बनते बिगड ही जाये महिलावर्ग : ऊपर लिखा फलादेश आप की ग्रहचाल को भी दृष्टि में रख कर ही लिखा है **शुभा शुभ दिनों का संकेत** : 1, 2 मानसिक अशान्ति, हर काम में रुकावट, 3, 4, 5 बिगड़े काम बने, 6, 7 भाई बन्धुओं से नाराज़गी, कारोबार में हानि, 8, 9 घरेलू परेशानी, स्वास्थ्य का बिगडना, 10 से 14 तक धन लाभ कार्य सिद्धि, 15 से 18 शरीर

कष्ट, घर का वातावरण अशान्त रहेगा, 19 से 23 तक आदर में वृद्धि, परेशानियों का अन्त, 24, 25 कोई आरोप लगे, निरर्थ खर्च, 26, 27 सुख तथा लाभ, 28, 29 मानसिक अशान्ति, निरर्थ खर्च, 30 पर्याप्त लाभ मिले, शत्रुओं पर विजय ।

मई

वेध अष्टक वर्ग, शत्रु मित्र आदि ग्रहचाल को दृष्टि में रख कर विदित होता है, यह मास संघर्ष दौड़धूप तथा अशान्ति के वातावरण में ही गुज़ारना होगा **शरीर** : शरीर के दृष्टिकोण से यह मास ठीक ही रहेगा, घर में भी यदि कोई शरीर सम्बन्धित परेशानी है उस का भी बहुत हद तक सुधार होगा **धन** : सामूहिक रूप से यह मास हर कारोबारी वर्ग के लिये आमदनी की दृष्टि से हानिकारक ही रहेगा, आप कपड़े का काम करते हैं या किरयाना का, खाद्य पदार्थों से सम्बन्धित व्यापारी है या दवाइयों से, आप स्टेशनरी का काम करते हैं या किताबों का आप को प्रायः अपने अपने काम में दिलचस्पी कम रहेगी, जिससे आप के कारोबार में ढीलापन आयेगा, यह भी सम्भव है इस मास के अन्तिम सप्ताह में हानि होगी । लोहे, मशीनरी, कारखानों, फैक्टरी, ट्रांसपोर्ट आदि से सम्बन्धित कन्या राशि वालों के लिये इस मास में हाथ पर हाथ धर कर ही बैठना होगा, लाभ की कोई आशा न रखें, यदि हो सके तो कारोबार के सुधार अथवा बढ़ावा देने के निमित्त कोई प्रोग्राम बनाये, ऐसे काम के लिये इस मास के ग्रह अनुकूल है **फल** : फलों से सम्बन्धित चालू काम की योजना को तेज़ी से आगे बढ़ाने के निमित्त आपने कोई योजना बनानी होगी जिसमें सुदृढ़ धनराशि खर्च करनी होगी आप धीरज से काम में जुट



जाइये, कारोबार सम्बन्धित जो कोई भी कदम आप इस मास में उठायेंगे वह सफल रहेगा, यदि आप खरीद फरोख्त का काम करते हैं तो इस मास में आप माल खरीदने में सफल रहेंगे, अतः माल बेचने की ओर अधिक दिलचस्पी न रखें, सामूहिक रूप से इस मास के ग्रह आप के अनुकूल हैं, यदि धन हाथ में न भी आये परन्तु कारोबार की सफलता के लक्षण देखने में आयेंगे **ठेकेदार वर्ग** : आप यदि जंगलात से सम्बन्धित काम करते हैं, तो कोई विशाल काम आपके हाथ में आने वाला है, जो आपके लिये लाभदायक ही होगा, आपके बहुत समय से रुके हुये काम भी हरकत में आयेंगे, आप यदि तामीरी काम सड़कों आदि से सम्बन्धित काम में लगे हैं, अथवा किसी प्रकार का माल स्पलाई करते हैं आपका कार्यक्रम शान्त रूप में यथावत् चलता रहेगा, केवल आप काम में दिलचस्पी लीजिये **नौकरी** : आप यदि तरक्की अथवा मनचाही तबदीली की आशा लगाये बैठे हैं, इस मास में यह आशा पूरी नही होगी, आप अपनी ड्यिूटी के पाबन्द रहिये, बना हुआ काम बिगडने की सम्भावना है । **विद्यार्थी** : पढ़ाई के निमित्त आप रोज नये नये टाईमटेबल अथवा प्रोग्राम बदलते रहेंगे ऐसे ही प्रोग्राम बनाते बनाते ही यह मास व्यतीत होगा, यदि आपने कोई परीक्षा दी है या देनी होगी अथवा इन्टरव्यू किया है या देना होगा ऐसे किसी काम में सफलता की आशा न रखें **गृहस्थ** : यह मास अपनी घरेलू समस्याओं के अलावा रिश्तेदारों, पड़ोसियों, यारदोस्तों की समस्यायें सुधारने में ही गुज़रेगा, घर में यार दोस्तों, रिश्तेदारों के यातायात का ज़ोर रहेगा, खाने-खिलने के प्रोग्राम बनते रहेंगे, पार्टियों में शामिल होना अथवा पार्टियों देना आपके लिये दैनिक व्यसन होगा, खर्च के नये-नये मार्ग खुल जायेंगे, खर्च की अधिकता होगी खर्च करने में मन में किसी प्रकार का संकोच नही आयेगा **महिलावर्ग** : यद्यपि ऊपर लिखा फलादेश पुरुष तथा स्त्रियों का एक साथ लिखा गया है परन्तु आप को पुरुषों की अपेक्षा माता पिता की ओर से मानसिक अशान्ति रहेगी ।

शुभाशुभ दिनों की सूची : 1, 2 सफलता, बिगडे कामों का सुधरना, 3 से 7 भाई बन्धुओं से टकराव, हानि, 8 से 11 तक हरकाम

में सफलता, आदर मान, 12, 13 शरीर कष्ट समय का व्यर्थ होना, 14, 15 धोखा मिलने की सम्भावना, 16, से 20 तक हर काम में सफलता, अचानक लभ, 21, 22 खर्च की अधिकता, मानसिक अशान्ति, 23, 24 सुख शान्ति, सामाजिक कामों से लगाव, 25, 26, 27, 28 समय और धन का व्यर्थ होना, बुरी संगति में पड़ने का खतरा, 29 आशा से अधिक सफलता शत्रुओं पर विजय, 30, 31 भाई बन्धुओं से अनबन, कारोबार में रुकावट

जून

गोचर फलित सिद्धान्तों से ग्रहों को परखने से विदित होता है यह मास आपको एक जैसे वातावरण में गुजारना नही होगा, बल्कि यह मास दिनों दिन हर पहलू से आपके लिये रंग बदलता रहेगा **शरीर** : आपके शरीर की दशा प्रायः ठीक ही रहेगी परन्तु परिवार वाले गृहस्थी होने पर स्त्री की शरीर सम्बन्धित परेशानी बनी रहेगी **धन** : यदि आप कपड़े या किरयाना के थोक या परचून व्यापारी हैं आपके लिये यह मास लाभदायक है काम में दिलचस्पी लीजिये, काम को विशाल, बनाने का यदि कोई विचार है इस मास को ऐसे काम के लिये योग्य समझिये, खाद्य पदार्थों के व्यापारी वर्ग को चाहिये इस मास में माल खरीदने में अधिक दिलचस्पी न लें, माल स्टाक न रखें, मूल्यों के उतार चढ़ाव से माल का स्टाक करना आपके लिये हानिकारक होगा, दवाईयों का व्यापारी वर्ग अधिक से अधिक दौड़धूप में लगा रहेगा, परन्तु परिश्रम के अनुसार लाभ नही मिलेगा आप धीरज रखिये इस दौड़धूप का लाभ आपको दूसरे मास में अवश्य मिलेगा, किताबों स्टेशनरी



आदि का काम करने वालों का कारोबार यथावत् शान्त रूप में चलेगा, लोहे मशीनरी, कारखानों, इण्डस्ट्रीज, फैक्टरी, ट्रांसपोर्ट, सम्बन्धित कन्या राशि वालों के लिये यह मास लाभ की दृष्टि से उत्तम है, परन्तु कारोबार सम्बन्धित खर्च की योजना निकल आयेगी जिसमें अधिक से अधिक धनराशि खर्च करनी होगी **फल** : आप इस मास में केवल माल खरीदने का ही प्रोग्राम बनायें, माल बेचना आपके लिये लाभदायक नही रहेगा, यदि आपको स्वयं बागात खरीदने का कोई प्रोग्राम बने उसमें ढील न करें **ठेकेदार वर्ग** : आपके लिये इस मास के ग्रह अनुकूल नही हैं जो काम आपके हाथ में चल रहा है उसमें भी रुकावट पड़ने का अन्देशा है, नया काम मिलने की आशा न रखें, उसमें भी रुकावट पड़ने का अन्देशा है, प्रयत्न करने पर भी मिलेगा नही, सम्बन्धित अफसरों से टकराव होने का अन्देशा है जो आपके काम में हानि का कारण बनेगा **नौकरी** : यह मास सर्वसाधारण रूप से शान्त वातावरण में ही गुज़रेगा, इस मास में किसी प्रकार के उतार चढ़ाव का योग नही है आपका हर एक काम यथावत् बिना परिश्रम के सिद्ध होगा, **विद्यार्थी** : पढ़ाई सम्बन्धित ग्रह आपके लिये इस मास में ढीले हैं, आप को पढ़ाई की ओर प्रवृत्ति कम रहेगी, यार दोस्तों से मेल जोल अथवा सैर स्पाटा खेलकूद की ओर अधिक दिलचस्पी रहेगी, यदि आपने कोई परीक्षा देनी है या दी होगी कोई भी काम सिरे चढ़ेगा नही **गृहस्थ** : यदि आप अभी विवाहित नही हैं आप के विवाह के बारे में अथवा घर में लड़के अथवा लड़की के विवाह के बारे में दौड़धूप चल रही है, सम्भव है इस मास में बात पक्की होगी, यदि आप कोई मकान जाईजाद वाहन आदि खरीदने बनाने का विचार रखते हैं ऐसे काम के लिये इस मास को योग्य मानिये **महिलावर्ग** : आप इस मास में पुरुषों की अपेक्षा रिश्तेदारों से मिलने जुलने में अधिक व्यस्त रहेंगी

शुभाशुभ दिनों की सूची : 1, परेशानी, काम में रुकावट, 2, 3 घरेलू समस्यायें, बने काम का बिगडना, 4, 5 रुके कामों का भी हरकत में आना, लाभ, 6, 7 भाग्योदय हर काम में सफलता, 8 , 10 शरीर कष्ट, काम में रुकावट, 11, 12 दौड़धूप अशान्ति,

13 से 16 सुख शान्ति, कार्यसिद्धि, 17, 18 हानि घरेलू परेशानी, 19, 20, 21 मनोकामना सिद्ध होगी, शुभ सन्देश मिले, 22, 23 बेचेनी, निरर्थ खर्च, 24, 25 लाभ शत्रुओं पर विजय, 26 से 30 तक दौड़धूप अधिक, काम में रुकावट

जुलाई

इस मास के आरम्भ पर चन्द्रमा पाँचवाँ चौथा राहु और दसवाँ केतु आपके लिये शुभ नही हैं परन्तु शनि पाँचवाँ होने पर भी राहु के वेध में होने से आपके लिये अनुकूल हैं शेष सभी ग्रह अच्छी स्थिति में हैं इस मास में आपके शुभ ग्रहों का पलड़ा भारी है, चन्द्रमा के प्रभाव से मास भर बिना किसी कारण के मानसिक अशान्ति बनी रहेगी **शरीर** : आपका शरीर प्रायः स्वस्थ रहेगा, यदि आप के शरीर में पहले से कोई तकलीफ है खान पान में सावधानी रखने से आपका शरीर स्वस्थ होगा **धन** : आप जो कोई भी कारोबार करते हैं आप काम में जितनी दिलचस्पी लेंगे अथवा जितना परिश्रम करेंगे उसके अनुसार आपको लाभ मिलता रहेगा जबकि ग्रह आपके अनुकूल हैं, आप कपडों का काम करते हैं अथवा दवाईयों का तिजारत करते हैं या खाद्य पदार्थों का, आपका काम किताबों से सम्बन्धित है या स्टेशनरी से, आप काम करते जायें सफलता निश्चित है, लाभ के साथ-2 आपने कुछ न कुछ धनराशि कारोबार को बढ़ावा देने के निमित्त लगानी होगी, यह भी सम्भव है आपको कहीं से कोई बड़ी रकम प्राप्त होगी जो आप कारोबार में लगायेंगे जिससे आप के कारोबार की रूप रेखा ही बदलेगी, लोहे मशीनरी कारखानों फैक्टरी, इण्डस्ट्रीज, ट्रान्सपोर्ट अथवा हार्डवियर के काम से सम्बन्धित कन्या राशि



वालों के लिये यह मास हर पहलू लाभ का है जबकि इस मास में शनि आपके कारोबार के लिये अनुकूल है जो आपको मालामाल करने में कोई कसर छोड़ेगा नही, केवल आप काम में दिलचस्पी लीजिये **फल** : फलों के व्यापारी जिस जोश तथा उत्साह से काम में जुट जायेंगे वह जोश तथा उत्साह शनैः शनैः ठंडा पड़ेगा, जबकि आप के हर काम में रुकावटें पडती रहेंगी आप चालू काम को ही संभालें, नये काम के लिये हाथ पैर न फैलायें, काम के लिये जितनी आप अधिक दौड़धूप करेंगे उतनी ही आपकी परेशानियां भी बढ़ती जायेंगी **ठेकेदार वर्ग** : आपका चालू काम यथावत् चलता रहेगा, नया काम मिलने का सिलसिला भी विचाराधीन ही रहेगा, मिलने की कोई सम्भावना नही है, जबकि चालू काम में भी धन की कमी के कारण ढील आने की ही समभावना है, यह मास आपका लिये विशेष लाभदायक नही है बल्कि अशान्ति तथा दौड़धूप में ही गुज़रेगा **नौकरी** : आपका नौकरी सम्बन्धित हर एक काम बिना किसी उलझन तथा रुकावट के सिद्ध नही होगा, सम्भव है आपको अचानक तबदीली का योग बने परन्तु वह भी आपकी इच्छानुसार नही होगा, किसी प्रकार की तरक्की मिलने का प्रश्न ही नही है, बल्कि आपको अपनी ही कुर्सी अथवा पदवी सुरक्षित रहे वही गनीमत मानिये **विद्यार्थी** : आप पढ़ाई में दिलचस्पी लीजिये, पढ़ाई सम्बन्धित ग्रह आपके पक्ष में है, आप का दैवयोग से यदि इस मास में कोई परिणाम निकलने वाला है, या कोई इन्टरव्यू अथवा परीक्षा दी है या देनी होगी आपकी सफलता निश्चित है **गृहस्थ** : यदि घर में किसी लड़के अथवा लड़की के विवाह की कोई समस्या है इस मास में आप कोशिश कीजिये सम्भव है इस मास में यह समस्या हल होगी, यदि हल न भी होगी तो भी हल होने की आशा सुदृढ़ होगी **महिलावर्ग** : आपकी ग्रहचाल को ध्यान में रख कर यह राशिफल लिखा जाता है आप भी पढ़िये और लाभ उठायें ।

शुभाशुभ दिनों की सूची : 1, 2, 3 लाभ तथा शान्ति, 4, 5 कार्य सिद्धि, 6 से 9 तक काम में रुकावट, घरेलू परेशानी, 10 से 14 तक भाग्योदय, शुभ सन्देश मिले, 15, 16 खर्च की अधिकता, हानि, 17, 18 सुख शान्ति कार्य सिद्धि, 19, 20 बिना कारण

के परेशानी, आदर में कमी, 21, 22 लाभ मिले, शत्रुओं पर विजय, 23 से 25 घरेलू अशान्ति, हानि, 26 से 28 तक हर काम में रुकावट, 29, 30, 31 धन लाभ आदर मिले ।

अगस्त

मास के आरम्भ पर ग्रहों की स्थिति अच्छी नही है यह मास प्रायः अशान्त वातावरण में ही गुज़रेगा **शरीर** : आपका शरीर एक जैसी दशा में रहेगा नही गाहे आपका शरीर स्वस्थ होगा गाहे अस्वस्थ रहा करेगा, उपाय के रूप में आप इस मास की हर सोमवार को भगवान् शंकर पर जल चढ़ाया करें और यह मन्त्र पढ़ा करें **"चन्दशेखर चन्द्रशेखर चन्द्रशेखर पाहिमाम्"** यदि घर में भी किसी सदस्य के शरीर की चिन्ता है उसके लिये भी इसी मन्त्र का प्रयोग करके भगवान् शंकर पर जल चढ़ाया करें **धन** : ग्यारवाँ बृहस्पति कर्क राशि के अन्तिम चरण में चल रहा है, 14 अगस्त से बृहस्पति 12 वाँ आयेगा अतः यह शुभ ग्रह आपको कारोबार सम्बन्धित लाभ देकर ही जायेगा, आप के कारोबार में अवश्य वृद्धि होगी, विशेषतया यदि आप रेशमी अथवा सूती कपड़े का तिजारत करते हैं आपको वृहस्पति के प्रभाव से सन्तोषजनक लाभ मिलेगा, यदि आप कारोबार को बढ़ावा देने की इच्छा रखते हैं तो आप कारोबार में अवश्य धन लगायें ऐसे काम के लिये इस मास के ग्रह अनुकूल हैं, आप के लगाये हुये धन से आपके कारोबार की रूपरेखा ही बदलेगी, जो कन्या राशि वाले किरयाना दवाईयों तथा खाद्य पदार्थों का तिजारत करते हैं उनका काम यथावत् शान्तरूप में चलता रहेग, लोहे मशीनरी कारखानों फेक्टरी अथवा ट्रॉंस्पोर्ट का काम करने वालों



पर इस मास में विशेषतया शनि देव का शुभ प्रभाव पड़ेगा जबकि शनि राहु के वेध में है और वृहस्पति अन्तिम चरण में शनि को देख रहा है, सम्भव है आप के कारोबार में कोई आश्चर्यजनक तरक्की होगी, आप भी काम में दिचलस्पी लीजिये इस शुभ योग से लाभ उठाये **फल** : आप को रात दिन काम में जुटा रहना होगा, आपके रुके हुए काम भी हरकत में आयेंगे आप का इस मास में अपने कारोबार में आशा से अधिक लाभ मिलेगा और मान तथा शान्ति भी प्राप्त होगी **ठेकेदार वर्ग** : यदि आप 'ए' क्लास के ठेकेदार हैं आप के चालू काम में अचानक रुकावट पड़ने का अन्देशा है, यह मास आप के लिये मनहूस है किसी भी आरम्भ किये काम सन्तोषजनक सफलता नहीं होगी अपितु हानि होने का ही अन्देशा है, यदि आप सर्वसाधारण दर्जे के ठेकेदार है आप का काम यथावत् शान्त रूप में चलेगा **नौकरी** : यदि आप अफसर की कुर्सी पर है आप के कार्यक्रम में अचानक परिवर्तन आयेगा, जो आप के लिये परेशानी का कारण बनेगा, लाभ की दृष्टि से यह मास आप के लिये ढीला ही रहेगा, सम्बन्धित कार्यकर्ताओं से अन्दरूनी जलन तथा टकराव बना रहेगा, यदि आप को दफ्तर सम्बन्धित कोई समया अथवा कोई चिन्ता है इस मास में हल नहीं होगी **विद्यार्थी** : विद्या सम्बन्धित हर काम में रुकावट पड़ने का अन्देशा है, आप को पठनपाठन की ओर कम प्रवृत्ति रहेगी, आलस्य की मात्रा अधिक रहेगी, बुरी संगति में पड़ने का अन्देशा है कोई परीक्षा दी है या देनी होगी सफलता की आशा न रखें **गृहस्थ** : आप का घरेलू वातावरण अशान्त रहेगा, धन की कमी रहेगी, यहाँ तक कि कर्जा भी लेना पडे, दिनों दिन खर्च के नये नये मार्ग निकल आयेंगे, इस मास में आपकी कोई घरेलू समस्या हल नहीं होगी बल्कि ज्यों की त्यों बनी रहेगी **महिलावर्ग** : यदि आप नौकरी करते हैं आप को दफ्तर सम्बन्धित कोई शुभ सन्देश मिलेगा ।

शुभा शुभ दिनों का संकेत : 1, अपना भाग्योदय मानिये , कोई शुभ संदेश मिले, 2, 3, 4 शरीर कष्ट, बुजर्गों से नाराज़गी, 5, 6 अशान्ति तथा हानि, 7 से 10 तक हर काम में सिद्धि, लाभ, 11, 12 हानि तथा निरर्थ खर्च, 13, 14 कार्य सिद्धि सुख शान्ति,

15 से 17 परेशानी तथा हानि 18, 19 कोई शुभ सन्देश मिले, अपने मित्रों से उठने बैठने का अवसर मिलेगा, 20 से 24 अपने काम का बिगड़ना धोखा लगने का अन्देशा, 25 से 29 हर काम में सफलता, लाभ 30, 31 कारोबार में रुकावट, मानसिक अशान्ति ।

सितम्बर

सूर्य, चन्द्रमा, वृहस्पति और शनि यह तीनों ग्रह हानिकारक स्थिति में होने पर भी वेध में होने से आपके लिये शुभ हैं, जबकि वेध में गया हुआ अशुभ ग्रह भी शुभ फलदायक होता है ऐसा गोचर फलित मर्मज्ञों का कहना है, वेध, अष्टकवर्ग शत्रु मित्र आदि गोचर फलित सिद्धान्तों के आधार से ग्रहों पर विचार करने से विदित होता है, यह मास आपने सुख शान्ति के वातावरण में ही गुजारना होगा **शरीर :** आपका शरीर स्वस्थ रहेगा यदि आपका शरीर पहले से ही किसी तकलीफ ने घेर रखा है, आप ज़रा सी सावधानी रखिये ग्रहों के प्रभाव से स्वयं ही बिना किसी परेशानी के सुधर जायेगा. गृहस्थी होने पर यदि आप की स्त्री को कोई शारीरिक कष्ट है तो उपाय के रूप में इस मास की हर मंगल वार को तहर बनाकर पक्षियों को डाला करें **धन :** कारोबार तथा लाभ की दृष्टि से यह मास उत्तम रहेगा, आप कपड़े का काम करते हैं या किरयाना का, आप खाद्य पदार्थों का काम करते हैं या दवाईयों का, अ. स्टेशनरी का काम करते हैं या किताबों का आप थोक व्यापारी हैं या परचून व्यापारी आप धीरज से काम में लगे रहिये ग्रह आपके कारोबार को सफल



बनाने में सहायक रहेंगी, लोहे मशीनरी, फैक्टरी, इण्डस्ट्रीज, ट्रान्सपोर्ट आदि से सम्बन्धित व्यापारी वर्ग का काम बिना किसी रूकावट के सफल रूप में चलता रहेगा, यदि दैवयोग से किसी प्रकार की रुकावट पड़ेगी परन्तु वह रुकावट अस्थाई होगी आप घबराइये मत धीरज से काम करते जाइये **फल** : फलों से सम्बन्धित कन्या राशि वाले माल खरीदते हैं या बेचते हैं अथवा दोनों काम करते हैं, आप बागात के मालिक हैं या बागात खरीदते हैं आप लग्न से काम में लगे रहिये, यदि कारोबार में धन लगाने या खर्च करने की कोई योजना है बिना किसी रुकावट के खुले दिल से कारोबार में धन लगाइये आपकी कारोबार में लगाई हुई पूँजी व्यर्थ नही होगी अपितु लाभदायक नही रहेगी **ठेकेदार वर्ग** : आपके पास इस मास में काम की इतनी बहुतात होगी काम को सम्भालना आपके लिये कठिन होगा, नया काम भी जल्दी ही हाथ में आने वाला है, सम्बन्धित अफसरों से आप मिलने जुलने में व्यस्त रहेंगे, यद्यपि इस मास में खुले रूप में आप के हाथ में धन आयेगा नही परन्तु धन मिलने की आशा सुदृढ होगी, काम करने वालों की कमी के कारण आप कुछ अशान्त रहेंगे **नौकरी** : यह मास आपने संघर्ष तथा दौड़धूप में ही गुजारना होगा, आप का कोई काम बिना रुकावट के सिद्ध नही होगा, सम्बन्धित कार्यकर्ताओं से बिना किसी कारण के टकराव बना रहेगा, जो आपको हर समय गिराने के ताक में रहा करेंगे, **विद्यार्थी** : विद्या का घर होता है पाँचवाँ वहां आप को शनि देवता बहुत समय से विराजमान हैं जो हानिकारक माना जाता है, परन्तु दैवयोग से राहु के वेध में इस वर्ष भी रहेगा, अतः यह बात निश्चित है इस मास में विशेषतया विद्या सम्बन्धित हर काम में आप सफल होंगे, चूंकि शनैश्चर का मतलब है, आहिस्ता आहिस्ता चलने वाला ग्रह अतः आप भी जब तक स्वयं पढ़ाई में दिलचस्पी न लेंगे सफलता की आशा न रखें, शनि आपकी सहायता तब करेंगे जब आप स्वयं अपनी सहायता करेंगे **गृहस्थ** : यह मास हर पहलू से आपके लिये उत्तम रहेगा, घर में कोई महोत्सव रचाने का प्रोग्राम बनेगा जो शान व मान से सम्पूर्ण होगा, यदि अपने घर में किसी विशाल महोत्सव का प्रोग्राम न भी बने, तो भी भाई बन्धुओं रिश्तेदारों के महोत्सवों

में आप व्यस्त रहेंगे, इस मास में खर्च की बहुतात रहेगी **महिलावर्ग** : आपको इस मास में पुरुषों की अपेक्षा अधिक धार्मिक प्रवृत्ति बनी रहेगी ।

शुभाशुभ दिनों की सूची : 1, 2 अशान्ति, शरीर कष्ट, 3 से 6 कार्य सिद्धि तथा लाभ, 7, 8 हानि तथा परेशानी, 9 से 11 कार्य सिद्धि, कोई शुभ सन्देश मिले, 12, 13 परेशानी तथा हानि, 21 से 25 हर काम में सफलता आदर मान, 26 से 29 तक अशान्ति घरेलू परेशानी, 30 लाभ तथा सुख शान्ति ।

अक्टूबर

पहले भाव में सूर्य भौम बुध का एक साथ होना हानिकारक माना जाता है परन्तु सूर्य और भौम वेध में है केवल बुध ही हानिकारक स्थिति में है बृहस्पति वेध में होने से शुभ है, चन्द्रमा और शुक्र अच्छी स्थिति में है ही, इस मिले जुले योग के प्रभाव से यह मास हर पहलू से आपने सुख शान्ति के वातावरण में ही गुज़ारना होगा परन्तु तोभी सूर्य और भौम बुध की युति तथा राहु और केतु के अच्छी स्थिति में न होने से दौड़धूप तथा मानसिक अशान्ति बनी रहेगी और केतु के अच्छी स्थिति में न होने से दौड़धूप तथा मानसिक अशान्ति बनी रहेगी, अपनी घरेलू समस्यायें हल करने के अलवा दूसरों की समस्यायें हल करने में आप अधिक व्यस्त रहेंगे **शरीर** : शरीर सम्बन्धित कोई किसी प्रकार की परेशानी नही होगी, यदि दैवयोग से होगी भी वह भी अस्थाई होगी, घर में भी यदि शरीर सम्बन्धी कोई चिन्ता होगी वह भी स्वयं समाप्त होगी **धन** : आमदनी की दृष्टि से यह मास उत्तम है आप किसी भी कारोबार से सम्बन्धित है आप के पास काम की इतनी बहुतात रहेगी आपने रात दिन कमर बाँध कर ही रहना होगा, आप यदि कपड़े के काम से सम्बन्धित है, विशेषतया ऊनी कपड़े से आपको आशा से अधिक लाभ मिलेगा, आप यदि किरयाना के



थोक व्यापारी है या परचून के दोनों रूपों में आप का काम सन्तोषजनक रूप में चलता रहेगा, खाद्य पदार्थों के व्यापारियों के पास यदि माल का स्टाक होगा तो मूल्य में आश्चर्यजनक उच्छाल आने से खूब लाभ में रहेंगे, माल का स्टाक न होने पर भी माल के हाथों हाथ खरीद फरोखत करने से भी आप लाभ में ही रहेंगे, जो कन्या राशिवाले दवाईयों का थोक या परचून काम करते हैं उनका काम भी सन्तोषजनक रूप में चलता रहेगा **फल :** फलों का व्यापारी वर्ग यदि इस मास में हाथ पर हाथ धर कर ही बैठे रहे और केवल स्कीमें बनाते रहें तो आप अपना यह दुर्भाग्य मानिये, आप आत्मविश्वास से काम में जुट जाइये, विश्वास रखिये ग्रह आपके अनुकूल है आपको उतना लाभ मिलेगा आप खुद भी चकित होंगे **ठेकेदार वर्ग :** आप यदि माल स्पलाई करते हैं तो यह मास लाभ की दृष्टि से इस वर्ष खास महत्व का होगा यदि आप जंगलात तामीरी काम से जुड़े हैं आप सावधानी से काम करें, अचानक हानि, अथवा किसी विश्वासपात्र से धोखा लगाने का अन्देशा है अथवा किसी दैवी कष्ट का सामना करना पड़े, यदि आप इस कष्ट से बचना चाहते हैं तो माता पिता का आशीर्वाद इस कष्ट से बचाने का एक मात्र साधन है, यदि माँ बाप अथवा घर के किसी बुजर्ग की आप पर नाराज़गी है तो निश्चय रखिये आपका कारोबार ठप्प हो जायेगा **विद्यार्थी :** इस मास में आपके पढ़ाई के ग्रह निद्रावस्था में हैं उन ग्रहों को जाग्रत करने पर ही आप अपनी सफलता मानिये, वह ग्रह तब जाग्रत होंगे जब आप रात दिन पढ़ाई में लगे रहेंगे, यदि आपने कोई परीक्षा देनी है या दी होगी तो कठोर परिश्रम की आवश्यकता है **गृहस्थ :** खर्च के बड़े-बड़े प्रोग्राम बनेंगें, यह भी सम्भव है आपके घर में कोई महोत्सव रचाने का प्रोग्राम बनेगा जो मान प्रतिष्ठा से सम्पूर्ण होगें, यदि अपने घर में न भी हो तो भी ऐसे महोत्सव रचाने का प्रोग्राम बनेगा अपने घर में न भी हो तो भी ऐसे महोत्सवों में सम्मिलित होना पड़ेगा जिसकी सारी जिम्मेवारी

आप पर होगी **महिलावर्ग** : आपकी ग्रहचाल को भी दृष्टि में रख कर यह राशिफल लिखा गया है परन्तु तो भी पुरूषों की अपेक्षा
आप इस मास में रिश्तेदारों से मिलने जुलने में अधिक व्यस्त रहेंगी ।
शुभाशुभ दिनों की सूची : 1 से 4 लाभ तथा सफलता, 5, 6 हानि अशान्ति, 7, 8 कार्य सिद्धि, स्वास्थ्य में सुधार, 9, 10 काम
में रुकावट, मानसिक अशान्ति, 11, 12, 13 कार्य सिद्धि, आदर में वृद्धि, 14 से 18 संघर्ष दौडधूप अशान्ति, 19 से 22 तक कार्य
सिद्धि तथा लाभ, 23, 27 परेशानी, शरीर में बिगाड, 28 से 31 हर काम में सिद्धि, भाई बन्धुओं से मेल मिलाप, आदर में
वृद्धि ।

नवम्बर

इस मास के आरम्भ पर ग्रहों की स्थिति अनुकूल नही है, यह मास आपने संघर्ष तथा दौड़धूप में ही गुज़ारना होगा **शरीर** : यद्यपि
आपका शरीर स्वस्थ रहेगा भी परन्तु घर के किसी न किसी मेम्बर की शरीर सम्बन्धित परेशानी बनी ही रहेगी **धन** : आप कारोबार
सम्बन्धित जिस किसी लाईन से सम्बन्धित हैं प्रायः हर काम में रुकावटें तथा उलझनें आखड़ी होगी, यदि आप कपड़े का थोक
या परचून काम करते हैं रात दिन काम में लगे रहने पर भी मास के अन्त में आप महसूस करेंगे कि आपको कोई लाभ हुआ
नही है, यदि आप किरयाना के थोक व्यापारी हैं तो मूल्यों का उतार चढाव से आप परेशान रहेंगे लाभ की अपेक्षा हानि होने
की ही सम्भावना है, किरयाना के परचून व्यापारियों का काम यथावत्त चलता रहेगा और लाभ भी अवश्य होगा खाद्य पदार्थों
का व्यापारी वर्ग माल स्टाक करने में लगा रहेगा परन्तु मूल्य में अचानक कमी आने से खसारा होगा, लोहे, मशीनरी, कारखाना,
ट्रान्सपोर्ट, इण्डस्ट्रीज, फैक्टरी तथा ट्रान्सपोर्ट से सम्बन्धित कन्या राशि वालों का काम यथावत् चलता ही रहेगा, आप के काम

में किसी प्रकार की रुकावट का अन्देशा नही है, अपितु इस मास में विशेषतया आप अपने काम को जितना भी बढ़ावा देना चाहें उस के निमित्त कोई योजना अवश्य बनायें ऐसे प्रोग्राम को सफल बनाने में ग्रह आपके सहायक रहेंगी **फल** : आप फलों के खरीद फरोख्त का काम करते हैं या स्वयं बागात के मालिक हैं या बागात ही खरीदते हैं इस मास में आप माल बेचने में अधिक दिलचस्पी लीजिये ऐसा करने में आप लाभ में रहेंग, यदि आप माल खरीदने में लगे तो लाभ की आशा कम रखें **ठेकेदार वर्ग** : जिस काम में आपका हाथ है अथवा जो काम इस समय चालू है उसमें धन की कमी के कारण और आप की लापरवाई से काम में ढीलापन आयेगा, नया काम मिलने की दौड़धूप चालू रहेगी परन्तु नया काम मिलने की भी इस मास में आशा न रखें, खर्च की अधिकता रहेगी, यहां तक कि कर्जा भी लेना पडेगा **नौकरी** : आप यदि अफसर दर्जे के हैं तो आपको अपने मातहतों के साथ टकराव रहेगा जो आपके लिये अशान्ति का कारण होगा, इस मास में आप पर शत्रुओं का अधिक प्रभाव रहेगा, नौकरी सम्बन्धित आप की कोई भी समस्या वह तरक्की की हो या तबदीली की हल होगी नही **विद्यार्थी** : पठन पाठन सम्बन्धित हर काम में सफलता निश्चित है, यदि आपने इस मास में कोई परीक्षा देनी है या दी होगी, या परिणाम निकलने वाला हो तो आपने निश्चित रूप से शान मान से सफल होना है, यदि आप किसी ट्रेनिंग अथवा नौकरी के लिये दौड़धूप कर रहे हैं तो इस मास में आप की यह मनोकामनापूरी होगी **गृहस्थ** : आप का घरेलू वातावरण शान्त रहेगा, कोई जाईदाद मकान वाहन आदि खरीदने का प्रोग्राम अवश्य बनेगा, खर्च की कोई स्कीम अवश्य बनेगी, भाई बन्धुओं का आना जाना ज़ोरों पर रहेगा, यह भी सम्भव है कोई धार्मिक महोत्सव रचाने का प्रोग्राम बनेगा, सामाजिक कामों



से भी अधिक लगाव रहेगा **महिलावर्ग** : यदि आप नौकरी पेशा है तो आपको दफतर की कोई गुप्त चिन्ता लगी रहेगी, धार्मिक कामों से अधिक लगाव रहेगा ।

शुभाशुभ दिनों की सूची : 1, 2 खर्च की भरमार, तंगदस्ती, 3, 4 सुख शान्ति तथा लाभ, 5 से 7 काम में रुकावट, हानि, 8, 9 कोई शुभ सन्देश मिले, स्वास्थ्य में सुधार, 10 से 14 तक दौड़धूप, परेशानी, 13, 14 कार्य सिद्धि तथा लाभ, 15, 16 बिगडा काम भी बने, लाभ, 17, 18 आदर में वृद्धि, गृहस्थ सुख, 20 से 23 हर काम में रुकावट, हानि, 24 से 27 मानसिक अशान्ति, भाई बन्धुओं से मेल मिलाप, 28, 29 हानि तथा अनादर, 30 सुख शान्ति, बुजर्ग का आशीर्वाद ।

दिसंबर

इस मास के आरम्भ पर बुध, शनि और राहु यह तीन ग्रह अच्छी स्थिति में न होने पर भी वेध में होने से यह तीनों ग्रह शुभ फलदायक ही होंगे, केवल बृहस्पति अनुकूल स्थिति में नही है, शेष सूर्य, चन्द्रमा, शुक्र अच्छी स्थिति में हैं, इस मिले जुले शुभाशुभ योग के प्रभाव से यह मास प्रायः शान्त वातावरण में ही गुज़रेगा **शरीर** : आपका शरीर प्रायः शान्त वातावरण में ही गुज़रेगा आपका शरीर प्रायः स्वस्थ रहेगा यदि आप पहले से ही शरीर सम्बन्धित चिन्ता है उस ओर ज़रा सा ध्यान देने से आपकी शरीर शरीर सम्बन्धित चिन्ता है उस ओर ज़रा सा ध्यान देने से आप की शरीर सम्बन्धित हर एक परेशानी समाप्त होगी **धन** : आमदनी की दृष्टि से भी यह मास उत्तम है, आप यदि कपड़े अथवा किरयाना का काम करते हैं आपका काम सन्तोषजनक रूप में शान्त वातावरण चलता रहेगा, इस मास में सम्भव है आप अपने काम को बढ़ावा देने की निमित्त कुछ पूँजी खर्च करने का प्रोग्राम बनायेंगे, खाद्य पदार्थों और दवाईयों का काम करने वाले भी काम की अधिकता से रात दिन काम में व्यस्त रहेंगे और लाभ भी इच्छानुसार

प्राप्त करते रहेंगे, स्टेशनरी किताबों आदि से सम्बन्धित कन्या राशि वालों को कमाई की अपेक्षा कारोबार को बढावा देने की ओर अधिक प्रवृत्ति बनी रहेगी, कारोबार सम्बन्धित खर्च के नये नये प्रोग्राम बनते रहेंगे, लोहे मशीनरी, कारखानों, फैक्टरी, इण्डस्ट्रीज, ट्रान्सपोर्ट, आदि के कारोबारी वर्ग का काम सन्तोषजनक रूप में चलता रहेगा, जबकि शनि आपके लिये अनुकूल स्थिति में है, यदि आप अपने कारोबार को अधिक सफल बनाना चाहते हैं तो उपाय के रूप में किसी मन्दिर अथवा संस्था को दान रूप में 2.5 क्विंटल लोहा अथवा टिन अवश्य दान रूप दीजिये **फल** : आपको अपने काम की ओर दिलचस्पी कम रहेगी, जिस कारण आप का कारोबार में लगाया हुआ धन भी खटाई में पड़ेगा, आप कारोबार को बढ़ावा अथवा फैलाव में और धन न लगायें, यदि हो सके तो इस मास में आप कारोबार सम्बन्धित किसी भी काम का पक्का सौदा न करें न करें इस मास में ग्रह आपके अनुकूल नही हैं **ठेकेदार वर्ग** : आपका काम कुछ ढीला पड़ेगा, चालू काम में भी रुकावट पड़ने का अनदेशा है, नया काम भी हाथ में नही आयेगा धन की कमी होगी, यदि आप सांझेदारी में काम करते हैं तो सांझेदार के साथ टकराव होने की सम्भावना है **नौकरी** : किसी तरक्की अथवा गिरावट का योग नही है बल्कि आपने यह मास सर्वसाधारण रूप में दिन गिनते गिनते ही गुज़ारना होगा **विद्यार्थी** : पढ़ाई की ओर प्रवृत्ति नही रहेगी, परन्तु ऐसा होने पर भी यदि आप किसी ट्रेनिंग नौकरी अथवा प्रवेश के लिये कोशिश कर रहे हैं, ऐसे कार्य को सफल बनाने के लिये ग्रह अनुकूल हैं, आप डटकर प्रयत्न कीजिये आपकी मनोकामना अवश्य पूरी होगी **गृहस्थ** : यदि आप परिवार वाले गृहस्थी हैं तो यह मास रिश्तेदारों, दोस्तों के परिवार की गुत्थियां सुलझाने में ही व्यतीत होगा, अपने परिवार को संभालने के लिये कम समय मिलेगा,खर्च की अधिकता रहेगी, घरेलू सामग्री खरीदने में अधिक दिलचस्पी रहेगी **महिलावर्ग** : यद्यपि इस मास में पुरुषों के शरीर



सम्बन्धित ग्रह अनुकूल हैं भी परन्तु आपको शरीर के बारे में सावधान रहना चाहिये ।

शुभा शुभ दिनों की सूची : 1, 6 सुख शान्ति, कार्य सिद्धि, आदर में वृद्धि, 7 11 तक दौड़धूप तथा हानि, 12 से 16 तक कार्य सफलता, भाग्योदय 17 से 20 दौड़धूप अधिक, असफलता, 21 से 25 तक काम में दिलचस्पी कार्य में सफलता, 26, 27 खर्च की अधिकता, अशान्ति, 28, 29 कोई शुभ सन्देश मिले, आदर में बृद्धि तथा लाभ, 30 31 दौड़धूप, मानसिक अशान्ति ।

जनवरी

नये वर्ष के पहले मास के गोचर चक्र की ग्रहस्थिति कुछ अच्छी है परन्तु बृहस्पति का बारवें भाव में होना शुभ फलदायक नही है, सूर्य, भौम, शनि राहु यह चारों ग्रह अच्छी स्थिति में न होने पर भी वेध में होने से आपके लिये शुभ फलदायक होंगे, इस ऊपर लिखे शुभाशुभ योग के प्रभाव से आपका **शरीर** : प्रायः स्वस्थ रहेगा, यदि घर के किसी सदस्य की शरीर सम्बन्धित चिन्ता है वह भी बहुत हद तक दूर होगी **धन** : कारोबारी वर्ग के लिये इस मास के ग्रह अनुकूल हैं परन्तु तो भी आप का कोई भी काम संघर्ष तथा दौड़धूप के बिना सम्पूर्ण नही होगा, आप कपड़े के व्यापारी हैं या किरयाना के आप थोक काम करते हैं या परचून इस मास में जितना माल खरीदेंगे अथवा स्टाक रखेंगे वह स्टाक किया हुआ माल आपके लिये लाभदायक रहेगा, खाद्य पदार्थों दवाईयों से सम्बन्धित कारोबारी वर्ग रात दिन काम में लगे रहने पर भी सन्तोषजनक लाभ में नही रहेगा, स्टेशनरी किताबों से सम्बन्ध रखने वाले कन्या राशि वाले काम में व्यस्त रहेंगे, लाभ की दृष्टि से भी यह मास आपके लिये उत्तम रहेगा, लोहे, मशीनरी, कारखानों, फैक्टरी, इण्डस्ट्री ट्रान्सपोर्ट में यदि आप नौकरी करते हैं तो यह मास आपके लिये लाभ तथा आदर का होगा, यदि आप मालिक के रूप में हैं तो आप काम की बहुतात के कारण अशान्त रहेंगे जब कि काम को संभालना आपके

लिये कठिन होगा, आप कमाई की अपेक्षा इस मास में काम को बढ़ावा देने में अधिक दिलचस्पी लेंगे **फल** : यदि आप बागात के मालिक हैं यदि आपने माल बेचना है तो इसी मास में सौदा किसी के साथ पक्का कीजिये ऐसा करना ही आपके लिये लाभदायक रहेगा, यदि आप माल की खरीद फरोख्त करते हैं तो भी आपके लिये आवश्यक है कि आप इकट्ठे किया हुआ माल बेचें, इस मास में हाथ पर हाथ धर कर न बैठिये, बल्कि ग्रहों से लाभ उटाइये **ठेकेदार वर्ग** : आप यदि जंगलात से सम्बन्धि ठेकेदार हैं तो आप के चालू काम में रूकावट पडने का अन्देशा है, परन्तु ऐसा होने पर भी जल्दी ही कई दिनों में आपको नया काम मिलने वाला है, यदि आप तामीरी काम से जुड़े हैं आपका काम शान्त रूप में यथावत चलता रहेगा और लाभ भी आपको पर्याप्त रूप से मिलता रहेगा, नया काम मिलने की भी आशा बनी रहेगी, यदि आप स्पलाई का काम करते हैं आपको आशा से अधिक लाभ होगा और साथ ही नये आर्डर मिलते रहेंगे **नौकरी** : अचानक तरक्की का योग है यदि तबदीली का भी योग बने वह तबदीली भी आपके लिये लाभदायक रहेगी, सम्बन्धित अफसरों के साथ मेल मिलाप में वृद्धि होगी, आदरमान की दृष्टि से भी यह मास उत्तम है **विद्यार्थी** : आप पढ़ाई में दिलचस्पी लीजिये ग्रह आपके अनुकूल हैं, यदि आपने कोई परीक्षा दी है या देनी होगी उसमें आपने अवश्य सफल होना है, यदि नये सिरे से पढाई का कोई प्रोग्राम है उसका भी श्रीगणेश कीजिये अथवा सम्बन्धित इदारा से सम्बन्ध अथवा पत्र व्यवहार करें सारांश यह है पढ़ाई सम्बन्धित इदारा से सम्बन्ध अथवा पत्र व्यवहार करें सारांश यह है पढ़ाई सम्बन्धित हर काम में आपकी सफलता निश्चित है । **गृहस्थ** : यदि आप अभी विवाहित नही हैं और विवाह की दौड़धूप चल रही है, अचानक आप का रिश्ता पक्का होगा, यद्यपि रिश्ता पक्का



न भी हो, तो भी रिश्ते की आशा सुदृढ़ होगी, आप की घरेलू कोई समस्या वह लड़के की हो अथवा लड़की के विवाह के बारे में हो कोशिश कीजिये इस मास ने ऐसे काम के लिये ग्रह अनुकूल हैं **महिलावर्ग** : पुरुषों की अपेक्षा आप को इस मास में आलस्य की मात्रा अधिक होगी, किसी कार्य से दिलचस्पी नही होगी ।

शुभाशुभ दिनों की तालिका : 1, 2, 3 कार्य सिद्धि, घरेलू शान्ति, 4 से 8 तक दौड़धूप अधिक रहेगी हर काम में रुकावट, 9 से 12 तक अधूरे काम सम्पूर्ण होंगे, अचानक लाभ, 13 से 17 तक मानसिक अशान्ति, काम में दिल न लगना, 18 से 21 तक कार्य सिद्धि, 22 से 23 खर्च की बहुतात, काम में रुकावट, 24, 25 कार्य सिद्धि, लाभ 26, 27, 28 दौड़धूप, असफलता, 29, 30 शुभ सन्देश मिले, कार्य सिद्धि, 31, हानि तथा असफलता ।

फरवरी

इस मास के आरम्भ पर ग्रहों की स्थिति अच्छी नही है, ग्रहचाल पर विचार करने से विदित होता है, यह मास आपने अशान्त वातवरण में ही गुजारना होगा **शरीर** : के बारे में आप सावधान रहिये, अचानक शरीर बिगड़ने अथवा चोट लगने का अन्देशा है दैव योग से यद्यपि आप शरीर कष्ट से बच भी जायें तो गृहस्थी होने पर घर का कोई न कोई सदस्य शरीर सम्बन्धित कष्ट में फँसा रहेगा जो आपके लिये अशान्ति का कारण बनेगा, उपाय के रूप में इस मास के आरम्भ से ही नित्य प्रति प्रातः नियम से जंत्री के पृष्ट 2 से पृष्ट न. 22 तक के पाठ अवश्य पढ़िये, पाठ के समय धूप अवश्य जलायें **कारोबार** : व्यापार की जिस किसी भी लाईन से आप सम्बन्धित हैं आप अवश्य अपने अपने काम में दिलचस्पी लेंगे परन्तु काम में कोई न कोई रुकावट अवश्य पड़ेगी, आप यदि कपड़े अथवा किरयाना का काम करते हैं आप इस मास में संभल कर काम करें अचानक हानि अथवा धोखा

लगने का अन्देशा है, आपके कारोबार का सम्बन्ध यदि खाद्य पदार्थों अथ्वा दवाईयों से है आप का काम यथावत् चलता रहेगा परन्तु उलझनों का सामना करने के बिना इस मास में कोई काम सिद्ध नही होगा, किताबों स्टेशनरी आदि का काम करने वाले काम में लगे रहेंगे परिश्रम के अनुसार लाभ भी प्राप्त करेंगे । आपको इस मास में काम को बढ़ावा देने की ओर खास दिलचस्पी रहेगी जिस कारण अपने कारोबार में कुछ धनराशि और लगायेंगे जिससे आपको कारोबार की रूपरेखा ही बदलेगी, लोहे, मशीनरी, फैक्टरी, इण्डस्ट्रीज ट्रांसपोर्ट से जो कन्या राशिवाले जुडे हुये हैं उनका काम तेज़गति से चलता रहेगा, और पर्याप्त लाभ भी मिलता रहेगा, दिनों दिन आपका कारोबार तरक्की कर रहा है ऐसे लक्षण देखने में आयेंगे **फल** : फलों के व्यापारियों के लिये इस मास के ग्रह अनुकूल हैं आप काम में दिलचस्पी लीजियें, आप माल खरीदें या बेचें, आप बागात के मालिक हैं या बागात खरीदते हैं हर रूप में आप सफल रहेंगे, आप केवल स्कीमें ही न बनायें जो कोई भी योजना आप बनायेंगे साथ साथ अमली रूप देने की कोशिश भी कीजिये **ठेकेदार वर्ग** : आपके हर आरम्भ किये हुये काम में रुकावट, यदि आप जंगलात अथवा माल स्पलाई का काम करते हैं तो अचानक हानि होगी, रात दिन काम में जुटा रहना पडेगा कमाया हुआ धन ही खर्च करना होगा, यदि आप तामीरी काम करते हैं संघर्ष तथा दौड़धूप अधिक रहने पर भी सन्तोषजनक लाभ का योग नही है । **नौकरी** : दफतर का वातवरण आपके अनुकूल नही होगा, आप को गाहे अपने सम्बन्धित कार्यकर्ताओं से टकराव होगा, गाहे अपने अफसरों से भी तेज़ कलामी होगी लाभ तथा आदर मान प्रतिष्ठा की दृष्टि से भी यह मास ढीला ही है, अचानक कोई आरोप लगने का भी अन्देशा है, सम्भव है आपकी तबदीली भी होगी परन्तु वह भी आपके इच्छा के विपरीत होगी **विद्यार्थी** : विद्या सम्बन्धित कोई भी काम सिरे चढेगा नही, पठन पाठन की ओर लगाव कम रहेगा, बुरी



संगति में पड़ने का अन्देशा है, बुज़ुर्गों की ओर से आशीर्वाद के बदले क्रोध भरे शब्द मिलते रहेंगे, पठनपाठन सम्बन्धी किसी भी काम में सफलता की आशा न रखें **गृहस्थ** : घरेलू वातावरण अशान्त रहेगा, खर्च के नये नये मार्ग निकलते रहेंगे, धार्मिक अथवा सामाजिक कामों में आप अधिक व्यस्त रहेंगे, घर में छोटे मोटे खाने खिलने के प्रोग्राम बनते रहेंगे ।

शुभाशुभ दिनों का संकेत : 1, स्वास्थ्य में बिगाड़, 2, 5 आरम्भ किये हुये हुये काम में रुकावट, 6 से 9 कार्य सिद्धि, लाभ, 10 से 13 मानसिक अशान्ति, दौड़धूप, 14 से 17 कोई शुभ सन्देश मिले, सफलता, 18, 19 खर्च की अधिकता, घरेलू परेशानी, 20, 21 अशान्ति तथा लाभ, 22, 23, 24 शरीर में कष्ट, घर के किसी मेम्बर की परेशानी, 25, 26 शान्ति तथा लाभ, 27, 28 अशान्ति तथा असफलता ।

मार्च

इस मास के आरम्भ पर पाँचवे भाव में भौम आया है, जो वेध में होने से आपके लिये शुभ है, बृहस्पति और चन्द्रमा अच्छी स्थिति में नही हैं, शेष ग्रह वेध अष्टक वर्ग आदि गोचर फलित के आधार से आप के हक में हैं इस मिले जुले शुभाशुभ योग के आधार से यह मास सुख शान्ति के वातावरण में ही गुज़रेगा **शरीर** : आपका शरीर सुख प्रायः उत्तम रहेगा, यदि घर में भी कोई शरीर सम्बन्धित परेशानी है वह भी दूर होगी, यदि इस मास में घर के किसी सदस्य के शरीर में कोई काँट-छाँट करवाने का प्रोग्राम है, ऐसे कार्य के लिये इस मास के ग्रह अनुकूल हैं **आमदनी** : आप कारोबार सम्बन्धित जिस लाईन से जुड़े हैं वह कपड़े की है या किरयाना दी, खाद्य पदार्थों की है या दवाईयों की, किताबों की है या स्टेशनरी की आप अपने काम में जितनी दिलचस्पी लेंगे परिश्रम करेंगे उसके अनुसार आप को सफलता अवश्य मिलेगी, किसी भी प्रकार की रुकावट का अन्देशा नही



है, लोहे, मशीनरी, कारखानों, फैक्टरी, इण्डस्ट्रीज, ट्रान्सपोर्ट आदि से सम्बन्धित कन्या राशि वालों के लिये कारोबारी दृष्टिकोण से यह मास महत्वपूर्ण स्थान रखता है, आपको हर आरम्भ किये हुये काम में आशा से अधिक लाभ तथा सफलता मिलेगी आप काम को बढ़ावा देने में जितनी दिलचस्पी लेंगे और जितना धन लगायेंगे वह खर्च किया हुआ धन आपके कारोबार की रूप रेखा ही बदलेगा **फल** : फलों से सम्बन्धित कोई भी योजना वह माल खरीदने की हो या बेचने की अथवा बागात बेचने खरीदने की हो हर पहलू से आप सफल रहेंगे यदि आप बागात के मालिक हैं तो आपको बागात को बढ़ावा देने के निमित धन की मज़बूत राशि खर्च करनी होगी, ऐसा प्रोग्राम अवश्य बनने वाला है । **ठेकेदार वर्ग** : यदि आप "ए" क्लास के ठेकेदार हैं आपके पास काम की बहुतात होगी, काम को संभालना आप के लिये कठिन होगा, रुके हुये काम भी हरकत में आयेंगे, नये काम मिलने वाले हैं, धन की कमी के कारण कुछ मानसिक अशान्ति रहेगी **नौकरी** : आप यदि अफसर की पदवी पर हैं तो अपने मातहतों के साथ आन्तरिक टकराव रहेगा, जो आप के लिये परेशानी का कारण होगा, अचानक तबदीली की भी सम्भावना है, जो तबदीली आपके लिये दर्द सिर होगी, कार्यकर्त्ता है तो यह मास यथावत् शान्त वातावरण में ही गुज़रेगा **विद्यार्थी** : पांचवे भाव की स्थिति अच्छी होने से, जबकि मकर का शनि मकर का भौम पाँचवें हानिकारक होते हुये भी वेध में होने से दूषण होते हुये भी आपके लिये भूषण हैं, इस शुभ योग के प्रभाव से विद्या सम्बन्धित हर काम में आप की सफलता निश्चित है आप इस मास के ग्रहों से लाभ उठायें, पढ़ाई में दिलचस्पी लीजिये, इस मास में पढ़ा हुआ पाठ आपको आगे आने वाली परीक्षा में पास करवाने में सहायक रहेगा **गृहस्थ** : आपका घरेलू वातावरण आपके अनुकूल रहेगा, यदि आप अभी विवाहित नही हैं अथवा घर में लड़के अथवा लड़की के विवाह के सम्बन्ध में दौड़धूप चल रही है, लगातार कोशिश

कीजिये, ऐसे काम को हल करने में इस मास के ग्रह आपके सहायक रहेंगे **महिलावर्ग** : ऊपर लिखा हुआ फलादेश आप की ग्रहचाल को भी दृष्टि में रख कर लिखा गया है परन्तु तो भी इस मास में आपको पुरुषों की अपेक्षा धार्मिक प्रवृत्ति अधिक रहेगी ।

शुभाशुभ दिनों की सूची : 1, 2, 3, अशान्ति तथा दौड़धूप, 4 से 7 तक कार्य सिद्धि, लाभ 8 से 11 तक हर काम में रुकावट, घरेलू परेशानी, 12 से 16 तक सफलता तथा मानसिक शान्ति, 17, 18 खर्च की अधिकता, अचानक झगड़े, 19, 20 सफलता आदर में वृद्धि, 21, 22 काम में रुकावट तथा परेशानी, 23, 24, 25 बने काम सुधरेंगे, लाभ, 26 से 29 तक दौड़धूप तथा अशान्ति, 30, 31 कार्य सिद्धि तथा लाभ ।

LIBRA तुला राशि का स्वभाव

नाम राशि "र" "य" पश्चिमीय पद्धति से 23 सितंबर से 22 अक्टूबर तक

तुला राशि वाला गम्भीर स्वभाव का, तथा ईश्वर पर अधिक विश्वास करने वाला होता है, कारोबार तथा लेने देन में सच्चा होता है, अच्छे पुरुषों से संगति रखता है, आप सादा रहन सहन पसन्द करता है, आप उद्धार चित्त होते हैं, तंगदस्ती से दुचार होने पर भी आप का दिल अमीर बना रहता है, आप दूसरों का दिल रखने और उनकी समस्यायें हल करने में निपुण होते हैं, आप अपनी प्रशंसा सुन कर फूले नही समाते हैं, अपनी थोड़ी सी निन्दा सुनकर आप परेशान होते हैं, हर एक को मित्र बनाना आपके जीवन का एक गुण होता है, आप हर समय मित्रों से घेरे रहते हैं, आप को क्रोध जल्दी आता है और क्षणमात्र में आप शान्त होते हैं, और उसके साथ ही आपको पश्चाताप भी होता है, अपना लक्ष्य प्राप्त करने के लिये आप पूरी शक्ति से लड़ते हैं, उलझनों का मुकाबला आप धीरज से करते हैं, आप अपने बाहुबल से उन्नति करते हैं, नौकरी करने पर आप अच्छी पदवी पर पहुँचते हैं, आप के जीवन का पहला भाग संघर्ष तथा दौड़धूप का होता है, आपके जीवन का दूसरा भाग सुख शान्ति का होता है, आपकी स्त्री विचारशील तथा होशियार होती है, आपको अपने माता पिता से मतभेद होता है, आप प्रायः अपनी स्त्री के विचारों से सहमत होते हैं, रत्न : यदि आप रत्न पहनना चाहते हैं तो हीरा पहनिये, वार : शुक्रवार तथा बुधवार आपके लिये शुभ है आपका शुभ अंक 6 है मित्रता मेष, मिथुन, वृश्चिक और कुम्भ राशिवालों से आपकी मित्रता सफल रहती है"

तुला राशि का भविष्य

(गोचर ग्रन्थों से)



सूर्य : छटे भाव में होने से कार्य सिद्धि और सुख प्राप्ति होती है, शत्रुओं पर विजय होती है, शरीर स्वस्य होता है **चन्द्रमा** : छटे भाव में होने से शत्रुओं पर विजय होती है, गृहस्य का सुख मिलता है **भौम** : आठवें भाव में होने से चोट का खतरा रहता है भाई बन्धुओं से अनबन होती है **बुध** : छटे भाव में होने से अन्न और धन का लाभ होता है, आदर में बृद्धि होती है **बृहस्पति** : दसवां होने से आदर में कमी होती है, अन्न और धन की हानि होती है **शुक्र** : सातवें भाव में होने से शरीर कष्ट होता है, घरेलू परेशानी रहती है **शनि** : चौथे भाव में होने से शत्रुओं का ज़ोर रहता है, रोगों में वृद्धि होती है, धन की कमी होती है **राहु** : चौथा होने से सुख का नाश होता है, घर से निकलना पडता है **केतु** : दसवें भाव में होने से हर आरम्भ किये काम में असफलता होती है, मानसिक अशान्ति रहती है।

तुला राशि का वर्ष फल

2048 विक्रमी के लिये

वर्ष के आरम्भ पर ग्रहों की स्थिति पर विचार करने से विदित होता है यह वर्ष दौड़धूप तथा कुछ अशान्ति के वातावरण में ही

गुज़रेगा, **शरीर** : आठवां भौम यद्यपि शरीर के लिये हानिकारक है भी परन्तु शुक्र के वेध में होने से हानिकारक नही है, यदि आप गृहस्थी हैं तो स्त्री का शरीर स्वस्थ नही रहेगा, बल्कि उसके ओर से शरीर सम्बन्धित परेशानी समय समय पर होती रहेगी, उपाय के रूप में आपकी स्त्री को चाहिये वह संक्रान्ति का व्रत रखे **धन** : गोचर में कारोबार में सफलता देने वाले प्रायः दो ग्रह होते हैं बृहस्पति और शनि, यह दोनों ग्रह आपके उलट हैं, आप कारोबार सम्बन्धित जिस लाईन से जुड़े हैं हर काम में रुकावटों तथा उलझनों का सामना करना होगा, इस वर्ष सामूहिक रूप से धन की समस्या बनी रहेगी, खुले रूप में आप के हाथ में धन आयेगा नही बल्कि वर्ष भर तंगदस्ती का ही सामना होगा, इस वर्ष आपको कुछ जाईदाद सम्बन्धित परेशानी भी बनी रहेगी, जाईदाद खरीदने बेचने की कोई उलझन आपको वर्ष भर घेरे रखेगी **फल** : इस वर्ष फलों का स्वामी चूकि शनि है वह आप के अनुकूल नही है, फलों से सम्बन्धित बनाई हुई कोई योजना सफल रहेगी नही माल खरीदने में आप वर्ष भर अधिक दिलचस्पी न लें, माल खरीदना आपके लिये लाभदायक रहेगा नही, माल बेचने में आप लाभ में रहेंगे, यदि आपको बागात आदि बेचने की कोई स्कीम बने ऐसा करना आपके लिये लाभदायक रहेगा **ठेकेदार वर्ग** : यद्यपि सामूहिक रूप से यह वर्ष आपके लिये उत्तम है, परन्तु दौड़ धूप संघर्ष हद से ज्यादा करनी होगी, आपके हर आरम्भ किये हुये काम में रुकावट पड़ेगी, कोई भी कार्य उलझन के बिना सिद्ध नही होगा **नौकरी** : यह वर्ष अशान्त वातावरण में ही गुज़ारना होगा तरक्की अथवा लाभ की अधिक आशा न रखें, आपको अपनी ड्यूटी का पाबन्द रहना चाहिये, दिनों दिन दफ्तर सम्बन्धित उलझने खड़ी होंगी सम्बन्धित कार्यकर्ताओं अथवा सम्बन्धित अफसरों के साथ भी प्रायः टकराव रहेगा **विद्यार्थी** : पठन पाठन सम्बन्धित प्रायः हर काम में रुकावट, कोई भी विद्या सम्बन्धित काम उलझनों तथा रुकावटों का सामना करने के बिना सिद्ध नही होगा, 14 अगस्त से आपको 11 वें भाव में बृहस्पति आयेगा, जो आपके विद्या के भाव को देख रहा है, बृहस्पति की दृष्टि पांचवे भाव पर होने से 14 अगस्त के पश्चात

आपको विद्या सम्बन्धित हर काम में सफलता निश्चित है, **गृहस्थ** *: वर्ष के आरम्भ पर ग्रह स्थिति अच्छी नही है, इसलिये यह बात निश्चित है यह वर्ष आप ने अशान्ति के वातावरण में ही गुजारना होगा,* 14 अगस्त तक बृहस्पति भी आप के लिये हानिकारक है, अतः 14 अगस्त तक आपकी कोई घरेलू समस्या हल होगी नही, घर में यदि कोई महोत्सव आदि रचाने जाईदाद खरीदने अथवा बनाने का प्रोग्राम हो तो वह 14 अगस्त के पश्चात् ही करें । **उपाय** : के रूप में बार बार उच्चारण किया करें **"देहि सौभाग्यम्-आरोग्यम् देहि मे परमं सुखम्-रूपं देहि जयं देहि-यशोदेहि द्विषो-जहि"** इस वर्ष वैष्णव रहने का प्रयत्न कीजिये, यदि आप शरीर से अस्वस्थ हैं तो किसी मादक वस्तु का प्रयोग न करें ।

तुला राशि का मासिक फल

2048 विक्रमी के लिये

अप्रेल

वेध अष्टक वर्ग, शत्रु मित्र आदि गोचर सिद्धान्तों से ग्रहों पर विचार करने से विदित होता है आपने यह मास शान्त वातावरण में ही गुजारना होगा **शरीर** : आपका शरीर प्रायः स्वस्थ ही रहेगा, इस मास में शरीर सम्बन्धित कोई परेशानी रहेगी नहीं, यदि पहले से भी आपको अपने शरीर अथवा घर के किसी सदस्य की परेशानी है उसमें भी ग्रहों के प्रभाव से बहुत हद तक सुधार होगा **धन** : आप जिस किसी भी कारोबारी लाईन से सम्बन्धित हैं, 14 अगसत तक आपका कारोबार डाँवाँडोल स्थिति में लुड़कता



रहेगा, आप कपड़े तथा किरयाना का थोक काम करते हैं या परचून, आप आत्मविश्वास से काम में जुट जाइये यद्यपि 14 अगस्त तक आपको कोई सफलता देखने में न आयें परन्तु 14 अगस्त से आप के कारोबार को ग्रह सफल बनाने में सहायक रहेंगे जबकि 14 अगस्त से बृहस्पति आपको 11 वाँ आयेगा यदि आप विशेषतया रेशमी अथवा सिलक का काम करते हैं तो निश्चय रखिये लाभ की दृष्टि से यह मास आपके लिये लाभदायक रहेगा, खाद्य पदार्थों का व्यापारी वर्ग भी लाभ में ही रहेगा, यद्यपि दौड़धूप तथा संघर्ष उनको अधिक करना भी पड़े, परन्तु खाद्य पदार्थों के व्यापारियों को इस बात का ज़रूर ध्यान रखना चाहिये कि माल का अधिक स्टाक न करें बल्कि हाथों हाथ माल बेचें और खरीदें, ऐसा करना आपके लिये लाभदायक रहेगा, दवाईयों के काम से सम्बन्धित तुला राशि वालों का काम यथावत् शान्त रूप में चलता रहेगा, यदि आप अपने काम को बढ़ावा देने का विचार रखते हैं तो ऐसे काम के लिये इस मास के ग्रह आपके पक्ष में हैं, इस संकल्प को अमली रूप दीजिये आप सफल रहेंगे, 14 अगस्त तक लाभ की कोई आशा न रखना चाहिये । लोहे, मशीनरी, कारखानों, फैक्टरी, ट्रान्सपोर्ट आदि के यदि आप मालिक हैं तो लाभ की दृष्टि से इस मास को अपने लिये उत्तम मास मानिये यदि आप नौकरी रूप में काम करते हैं तो आपके लिये यह मास सर्वसाधारण फल वाला ही होगा **फल** : इस मास के ग्रह आपके अनुकूल नही हैं आपका कोई भी काम वह खरीद का हो या बेचने का सिरे चढ़ेगा नही, आप का हर एक काम लटकता ही रहेगा **ठेकेदार वर्ग** : आप जंगलात का काम करते हैं या तामीरी काम यद्यपि आपके पास धन पर्याप्त होगा भी परन्तु कारोबार सम्बन्धित खर्च के ऐसे प्रोग्राम बनेंगे आपको तंगदस्ती का सामना होगा **नौकरी** : दफ्तर का कोई भी आरम्भ किया हुआ आप काम सम्पूर्ण नही होगा, लाभ की दृष्टि से भी यह मास ढीला ही रहेगा **विद्यार्थी** : पठनपाठन की ओर दिलचस्पी कम रहेगी, यदि आपने कोईपरीक्षा इन्टरव्यू आदि देना

हो अथवा कोई परिणाम निकलने वाला हो सफलता की आशा न रखें **गृहस्थ** : घरेलू वातावरण शान्त रहेगा खर्च की भरमार रहेगी, अतिथियों का यातायात ज़ोरों पर रहेगा, रात दिन खाने खिलाने में आप व्यस्त रहेंगी **महिलावर्ग** : आपको इस मास में मातृ पक्ष पितृ पक्ष से कोई न कोई चिन्ता घेरे रखेगी ।

शुभाशुभ दिनों की सूची : चन्द्रमा के आधार से : 1, 2 सुख शान्ति, भाग्योदय, 2 से 5 तक मानसिक अशान्ति, काम में रुकावट, 6, 7 लाभ तथा आदर में वृद्धि 8 से 12 तक भाई बन्धुओं से नाराज़गी, घरेलू परेशानी, 13 से 16 तक कार्य सिद्धि, धन लाभ, 17 से 20 तक स्वास्थ्य का बिगडना, धोखा मिलने का अन्देशा, 21 से 25 तक सफलता, शुभ सन्देश मिले, 26, 27 निरर्थखर्च, शरीर में कष्ट, 28, 29 आदर में वृद्धि, उत्तम लाभ, 30 मानसिक अशान्ति, समय का व्यर्थ होना ।

मई

मास के आरम्भ पर सूर्य चन्द्रमा भौम बृहस्पति शनि यह पांचों ग्रह अच्छी स्थिति में नही हैं, परन्तु चन्द्रमा को छोड़कर यह चार ग्रह वेध में हैं, वेध में गया हुआ अशुभ ग्रह भी शुभ फलदायक होता है, ऐसे ही बुध शुक्र राहु यह तीनों ग्रह अच्छी स्थिति में हैं, परन्तु यह तीनों ग्रह भी वेध में होने से आपके लिये शुभ नही है जबकि शुभग्रह भी वेध में गया हुआ अशुभ फलदायक होता है ऐसा गोचर फलित के मर्मज्ञों का कहना है, ऊपरलिखे हुए मिले जुले निर्णय से विदित होता है इस मास में प्रायः शुभ ग्रहों का ही पलड़ा भारी है, जिस के प्रभाव से यह मास प्रायः सुख शान्ति के वातावरण में ही गुज़रेगा, आप का शरीर स्वस्थ रहेगा, यदि पहले से ही आपके शरीर में कुछ तकलीफ है तो किसी नये डाक्टर से इलाज करवाने से आपका शरीर अवश्य स्वस्थ होगा, उपाय केवल यही है नये डाक्टर से सम्पर्क करें **धन** : आप जो कोई भी कारोबार करते हैं, कपड़े का या किरयाना का, दवाईयों

का या खाद्य पदार्थों का किताबों का या स्टेशनरी का आप काम में लगे रहिये यह मास आपके लिये लाभदायक है, यदि कारोबार सम्बन्धित सफर का कोई प्रोग्राम बने अवश्य जाईये वह यात्रा आपके लिये लाभदायक रहेगी, लोहे, मशीनरी, कारखानों, इण्डस्ट्रीज, फैक्टरी, ट्रान्सपोर्ट, से सम्बन्धित तुला राशि वालों के कारोबार को शनि बढ़ावा देने तथा सफल बनाने में इस मास में भी यथावत् सहायक रहेगा, जबकि शनि हानिकारक होते हुये भी वेध में होने से आपके लिये शुभ है, आप काम में जुटे रहिये आपका परिश्रम व्यर्थ नही होगा बल्कि पर्याप्त लाभ मिलेगा **फल** : इस वर्ष फलों के स्वामी शनि हैं वह आपके कारोबार को सफल बनाने में अवश्य सहायक रहेगा, परिश्रम कीजिये इस ग्रह से लाभ उठाईये, यदि आप हाथ पर हाथ धर कर बैठ गये, केवल योजनायें ही बनाते रहे तो वह अपने दुर्भाग्य मानियें **ठेकेदार वर्ग** : आपका जिस काम में हाथ होगा सफलता अवश्य मिलेंगी, आपकी कोई रुकी हुई रकम हाथ में आनेवाली है, यदि वह रकम मिल जाये तो उस रकम में से कुछ भाग किसी दरिद्रनारायण के सहायता करने में खर्च करें **नौकरी** : आपके लिये इस मास के ग्रह विशेष लाभदायक नही हैं, परन्तु कोई हानि अथवा अनादर का योग नही है, अपितु आपका कार्य क्रम यथावत् चलता रहेगा, इस मास में कोई तरक्की अथवा तबदीली की आशा न रखें **विद्यार्थी** : बृहस्पति इस मास में भौम के वेध में है जिस के प्रभाव से पढ़ाई, सम्बन्धित कोई कठिन से कठिन काम भी क्यों न हो आप प्रयत्न कीजिये सफलता निश्चित है, यदि आप किसी ट्रेनिंग, दाखले अथवा नौकरी के लिये कोशिश करते हैं, तो सम्भव है आपकी यह मनोकाममना इसी मास में पूरी होगी, यदि आप घर से बाहर देश विदेश में पढ़ाई आदि के लिये जाने का विचार रखते हैं तो आप इस मास में सम्बन्धित कार्यालय से सम्पर्क करें, ऐसे काम के लिये ग्रह आपके अनुकूल है **गृहस्थ** : इस मास में आपका घरेलू वातावरण कुछ अशान्त रहेगा, जो बहुत समय से लटकती

हुई कोई समस्या हल होगी, वह समस्या लड़के अथवा लड़की के विवाह की हो अथवा उनके पढाई सम्बन्धित **महिलावर्ग** : आप का फलादेश यथावत् ऊपर लिखा गया है पढ़िये और लाभ उठाइये ।

शुभाशुभ दिनों की सूची : 1, 2 मानसिक अशान्ति, काम में रुकावट, 3, 4 आशा से अधिक लाभ मिले, हर काम में सफलता, 5 से 9 तक हर आरम्भ किये हुये काम में असफलता, घरेलू परेशानी 10 से 13 तक कार्य सिद्धि, बिगड़े काम में सुधार, 14 से 18 तक शरीर कष्ट, असफलता, 19, 22 तक शुभ सन्देश मिले, आदर में वृद्धि, 23, 24 निरर्थ खर्च, स्वास्थ्य का बिगडना, 25, 26, 27 सुख शान्ति सामाजिक कामों से दिलचस्पी, 28, 29 बिना कारणके परेशानी, घबराहट, 30, 31 लाभ तथा मानसिक शान्ति ।

जून

वेध अष्टक वर्ग आदि गोचर फलित सिद्धान्तों के आधार से ग्रहों पर विचार करने से विदित होता है यह मास सामूहिक रूप से अशान्त वातावरण में ही गुज़रेगा, कोई भी काम बिना उलझन तथा रुकावट के सिद्ध नही होगा **शरीर** : स्वास्थ्य के बारे में आप सावधान रहिये, आपके शरीर की दशा मास भर बनती बिगडती रहेगी, गाहे शरीर स्वस्थ रहेगा गाहे अस्वस्थ, चोट का भी खतरा है **धन** : कारोबार की दृष्टि से यह मास डाँवाँडोल स्थिति में ही व्यतीत होगा आप यदि कपड़े का काम करते हैं आप परिश्रम अवश्य करेंगे परन्तु परिश्रम के अनुसार आपको लाभ होगा नही, यदि आप किरयाना का काम करते हैं, आप का काम यथावत् शान्त रूप में चलेगा, आप यदि खाद्य पदार्थों से सम्बन्धित कारोबार करते हैं तो आपके काम में तेज़ी आयेगी और लाभ भी पर्याप्त मिलेगा, दवाईयों का काम करने वाले तुला राशि वालों का काम यदि ढीला रहेगा भी, परन्तु आपको अचानक बिना

परिश्रम के भी कोई सुदृढ़ पर्याप्त धनराशि मिलने का योग है, किताबों, स्टेशनरी का कारोबार करने वाला व्यापारी वर्ग परेशान रहेगा जबकि इस मास में आपका काम बिल्कुल ठप्प ही रहेगा । लोहे, मशीनरी, कारखानों, इण्डस्ट्रीज़, फैक्टरी, ट्रान्सपोर्ट से सम्बन्धित कारोबारी वर्ग अधिक दौड़धूप में रहेगा, मानसिक अशान्ति भी रहेगी, परन्तु ऐसा होने पर भी लाभ की दृष्टि से सामूहिक रूप से यह मास लाभदायक ही रहेगा **फल** : आप अपने ओर से फलों के काम में नये जोश से काम करने के लिये कमर अवश्य बाधेंगे, परन्तु आप की कारोबार सम्बन्धित कोई भी योजना सिरे चढ़ेगी नही, फलों के वे व्यापारी जो केवल आड़त का काम करते हैं कुछ कुछ लाभ में रहेंगे **ठेकेदार वर्ग** : यदि आप काम में खास दिलचस्पी लेंगे ग्रह भी आपको सफल करने में सहायक रहेंगे, विशेषतया यदि आपका सम्बन्ध तामीरी काम से है, आप को आशा से अधिक लाभ मिलेगा **नौकरी** : दसवें भाव में एक साथ भौम और बृहस्पति का होना शुभ नही माना जाता है, इस क्रूर योग के प्रभाव से यह मास आपको अशान्त वातावरण में ही गुजारना होगा, आप के हर आरम्भ किये काम में रुकावटें पड़ेंगी, कोई भी कार्य सन्तोषजनक रूप में पूरा होगा नही, यानी मास भर दफ्तर की कोई न कोई परेशानी घेरे रखेगी **विद्यार्थी** : 14 अगस्त तक विद्या सम्बन्धित हर काम में असफलता, पढ़ाई सम्बन्धित कोई भी नया प्रोग्राम बनाना हो 14 अगस्त के पश्चात् का बनायें, तभी सौ प्रतिशत सफलता की आशा रखें, उपाय के रूप में प्रातः उठते ही घर के किसी वृद्ध सदस्य के चरणों पर पड़कर आशीर्वाद प्राप्त करें ऐसा करने से विद्या सम्बन्धित हर काम में सफलता होगी । **गृहस्थ** : गृहस्थी होन पर इस मास में आपकी कोई घरेलू परेशानी हल होने का योग नही है, बल्कि दिनों दिन नई नई समस्यायें पैदा होंगी, खर्च की अधिकता होगी, यहाँ तक कि ऋण लेने के लिये विवश होना पड़ेगा ।



शुभाशुभ दिनों की सूची : 1, लाभ तथा मानसिक शान्ति, 2 से 5 तक भाई बन्धुओं से नाराज़गी, घरेलू समस्यायें, 6 से 8 तक धन लाभ, शरीर सुख, 9 से 14 तक परेशानी, हानि, 15 से 18 हर कार्य में सफलता, गृहस्थ सुख, 19, 20, 21 निरर्थ खर्च, बिना कारण के मानसिक अशान्ति, 22, 23 कार्य सिद्धि तथा लाभ, 24, 25 हर काम में रुकावट, क्रोध की अधिकता, 26, 27, 28 आदर मान, उत्तम लाभ, 29, 30 शरीर कष्ट, हानि ।

जुलाई

गोचर चक्र पर सरसरी विचार करने से मालूम होता है, इस मास में कोई भी ग्रह गोचर के आधार से आपके लिये शुभ फलदायक नही है, परन्तु गोचर फलित सिद्धान्तों पर ग्रहों को परखने से विदित होता है, इस मास सभी ग्रहों की स्थिति अच्छी है, जिस के फलस्वरूप यह मास सुख शान्ति के वातावरण में ही गुज़रेगा, आप का शरीर सुख प्रायः उत्तम रहेगा, घर में भी यदि किसी प्रकार की शरीर सम्बन्धित परेशानी है उसमें भी आपके ग्रहों के प्रभाव से बहुत हद तक सुधार होगा । **धन** : कारोबार की दृष्टि से यह मास अच्छा ही रहेगा, आप यदि कपड़े का काम करते हैं आप लाभ में रहेंगे, किरयाना के थोक व्यापारी पर्याप्त लाभ प्राप्त करेंगे, परन्तु परचून व्यापारियों के लिये हाथ पर हाथ धर कर बैठने का महीना है, खाद्य पदार्थों का व्यापारी वर्ग अचानक किसी ऐसी उलझन में उलझ जायेगा जिससे आपके कारोबार को धक्का लगेगा, दवाईयों का काम आप थोक करते हैं या परचून दोनों रूपों में आप लाभ में ही रहेंगे, किताबों स्टेशनरी आदि से सम्बन्धित कारोबारी वर्ग का काम यथावत् चलता रहेगा, परन्तु इस मास में आपको विशेषतया कारोबार को बढ़ावा देने की ओर अधिक दिलचस्पी रहेगी, जिसके लिये आप धन की बड़ी राशि भी खर्च करेंगे, लोहे मशीनरी, कारखानों, फैक्टरी, इण्डस्ट्रीज़, ट्रान्सपोर्ट से सम्बन्धित तुला राशि वालों को रात दिन काम में लगा

रहना पड़ेगा, जबकि आप के पास काम की इतनी बहुतात होगी, आप काम को संभाल न सकने के कारण परेशान जैसे रहेंगे, काम न करने वाले कारीगरों की कमी का होना भी आपके लिये परेशानी का कारण बनेगा **ठेकेदार वर्ष** : आपके हाथ में कोई ऐसा काम आयेगा जिस में अधिक धनराशि खर्च करने की योजना बनेगी, काम भी तेज़ गति में चलेगा, आपको इस मास में हर प्रकार से सफलता मिलेगी **नौकरी** : यह मास सुख शान्ति तथा लाभ का ही होगा, आपको प्रायः हर आरम्भ किये हुये काम में सफलता होगी यदि आपने कोई डिपाटमेन्टल परीक्षा देनी है अथवा देने का विचार है, तो ऐसे काम का श्रीगणेश इस मास में करने से आपकी सफलता निश्चित है यह भी सम्भव है इस मास में आपको तरक्की अथवा कोई विशेष लाभ मिले **विद्यार्थी** : यह मास आपके लिये हर विद्या सम्बन्धित काम में सफलता का है, आपने यदि कोई परीक्षा देनी है या दी होगी, या कहीं ट्रेनिंग आदि के लिये जाने का संकल्प है, ऐसे काम के लिये दौड़धूप जारी रखिये अवश्य सफलता होगी जबकि इस मास के ग्रह आपके अनुकूल हैं **गृहस्थ** : यदि घर में कोई जाईदाद सम्बन्धित परेशानी है वह परेशानी समाप्त होगी यदि मकान जाईदाद वाहन आदि खरीदने अथवा बनाने का विचार है इस मास में ऐसे काम के लिये जल्दी करें, वर्षों का काम महीनों में, महीनों का काम दिनों में होगा, केवल आपके आरम्भ करने की देरी है **महिलावर्ग** : पुरुषों की अपेक्षा आपको अधिक धार्मिक प्रवृत्ति बनी रहेगी ।



शुभाशुभ दिनों की सूची : 1 कारोबार में रुकावट, 2, 3 घरेलू समस्या, शरीर कष्ट, 4 से 7 तक कार्य सिद्धि, बिगड़े कामों का सुधरना, 8 से 11 तक परेशानी, अनादर, 12 से 16 तक हर काम में सफलता, शुभ सन्देश

मिले, 17, 18, हानि तथा शरीर का बिगडना, 19, 20 लाभ तथा मानसिक शान्ति, 21, 22 घरेलू अशान्ति, बुरी संगति में पढ़ने का खतरा, 23, 24, 25 समाज में आदर, अचानक लाभ, 26, 27, 28 भाई बन्धुओं से नाराज़गी, हानि, 29, 30 दौड़धूप, परेशानी, 31 अचानक लाभ, शत्रुओं पर विजय ।

अगस्त

इस मास के प्रायः सभी ग्रह अच्छी स्थिति में हैं, यदि शनि चौथे भाव में है भी परन्तु राहु के वेध में होने से वह भी शुभ फलदायक ही होगा यानी इस मास के सभी ग्रह आपके अनुकूल हैं परन्तु इस बात पर ध्यान देना आवश्यक है कि इसी अगस्त मास में दो शुभ ग्रह बृहस्पति और शुक्र जो गोचर में महत्वपूर्ण स्थान रखते हैं "अस्त" होंगे, इस मिले जुले योग के अनुसार यह मास लगभग शान्त वातावरण में ही गुज़रेगा **शरीर** : आपका शरीर स्वस्थ रहेगा, यदि दैवयोग से आपके शरीर में अथवा घर के किसी मेम्बर को शरीर का तकलीफ हो आप उस ओर ज़रा सा ध्यान दीजिये, इस प्रकार की कोई भी परेशानी अस्थाई होगी स्थाई नही **धन** : आमदनी की दृष्टि से यह मास उत्तम रहेगा, जबकि भौम, बुध, शुक्र एक साथ ग्यारवें यानी आमदनी के घर में ठहरे हुये हैं आप जो कोई कारोबार करते हैं वह कपड़े का है या किरयाना का, खाद्य पदार्थों का है या दवाईयों का, किताबों का है या स्टेशनरी का, आप काम में जितनी दिलचस्पी लेंगे उतना ही लाभ भी मिलता रहेगा, बल्कि लाभ आशा से अधिक मिलने की भी सम्भावना है, लोहे, मशीनरी, कारखानों, इण्डस्ट्रीज़, फैक्टरी, ट्रांसपोर्ट आदि से सम्बन्धित तुला राशि वालों के लिये शनि देव उत्तम लाभ का इशारा है आप का कारोबार सफलता पूर्वक चलेगा और कारोबार को बढ़ावा भी मिलेगा, कारोबार को बढ़वा देने के लिये कोई नया प्रोग्राम भी चालू होगा **फल** : फलों के व्यापारियों के लिये यह मास खास महत्व का है, आपको कारोबार सम्बन्धित ऐसे साधन सुलभ होंगे जो आपके कारोबार को सफल बनाने में सहायक रहेंगे, आप माल बेचें या खरीदें

अथवा स्टाक करें हर रूप में आप सफल रहेंगे **ठेकेदार वर्ग** : आप यदि बड़े दर्जे के ठेकेदार हैं तो आपको अपने दर्जे के अनुसार बड़े काम अवश्य मिलेंगे, इसी प्रकार जो छोटे दर्जे का कारोबारी वर्ग होगा उनको भी अपनी दृष्टि से सन्तोषजनक लाभ तथा आदर अवश्य मिलेगा **नौकरी** : यद्यपि इस मास में तरक्की का कोई योग नही है यदि आप अफसर की पदवी पर है तो अपने मातहतों से सावधान से सावधान रहिये **विद्यार्थी** : पठन पाठन की प्रवृत्ति में बृद्धि होगी, यदि आपने यह मास शानमान से गुजारना होगा, लाभ की दृष्टि से भी यह मास उत्तम है इस बात को भूलिये मत यदि आपने पढाई ट्रेनिंग आदि से सम्बन्धित कोई प्रोग्राम बनाना है तो 14 अगस्त के पश्चात् बनाइये जबकि बृहस्पति ग्यारवें भाव में आकर आपके विद्यास्थान को देखेगा । **गृहस्थ** : घरेलू वातावरण रंग बदलता रहेगा, गाहे आप के घर का आन्तरिक वातावरण शान्त गाहे अशान्त रहेगा, घर के मेम्बरों का आपसी टकराव अथवा तकरार आपकी अशान्ति का कारण होगा । **महिलावर्ग** : आप का फलादेश यथाक्रम ऊपर दर्ज है, पढ़कर लाभ उठायें ।



शुभाशुभ दिनों की सूची : 1, 2 कार्य सिद्धि, लाभ, 3, 4 बिगड़े काम सुधरेंगे, भाग्योदय होने वाला है, 5, 6 शरीर कष्ट, घरेलू अशान्ति, 7, 8 सुख शान्ति सामाजिक कामों से लगाव, 18, 19 समय का व्यर्थ होना, हर काम में बाधा, 20, 21 इच्छानुसार लाभ मिले, शत्रुओं पर विजय, 23 से 26 तक हर प्रकार से अशान्ति, कारोबार में रुकावट, 27 से 31 स्वास्थ्य में सुधार, हर काम में सफलता ।

सितंबर

यह दोनों ग्रह
इस मास के आरम्भ पर चन्द्रमा, भौम ओर शनि अच्छी स्थिति में नही हैं परन्तु इन ग्रहों में से भौम और शनि
वेघ में होने से आप के लिये शुभफलदायक होंगें, केवल आठवां चन्द्रमा इस मास के आरम्भ पर विशेष हानिकारक है चन्द्रमा
ज्योतिष में मन का स्वामी माना जाता है इस ग्रह के प्रभाव से आपको बिना कारण के मास भर मानसिक परेशानी बनी रहेगी,
शेष ग्रहों की स्थिति अच्छी होने से यह मास हर पहलू से अच्छा रहेगा **शरीर** : आपका शरीर सुख उत्तम रहेगा, यदि आपको
माता के ओर से कोई शरीर सम्बन्धित चिन्ता है उसके बारे में सावधान रहिये **धन** : आमदनी की दृष्टि से यह मास उत्तम रहेगा,
कारोबार सम्बन्धित हर काम में सफलता तथा लाभ होगा, यदि आप कपड़े के व्यापारी हैं तो काम में जुटे रहिये और धन कमाइये,
किरयाना का व्यापारी वर्ग जितना भी परिश्रम करेगा उतना ही लाभ में रहेगा, खाद्य पदार्थों तथा दवाईयों का काम करने वाले
तुला राशि वालों के लिये इस मास के ग्रह अनुकूल हैं, ग्रहों से लाभ उठाइये, स्टेशनरी किताबों का काम करने वाले रात दिन
काम में व्यस्त रहेंगी और यथायोग्य लाभ भी प्राप्त करेंगे, लोहे, मशीनरी, इण्डस्ट्रीज, फैक्टरी, ट्रान्सपोर्ट आदि से सम्बन्धित कारोबारी
वर्ग पर इस मास में शनि देवता की पूरी दया बनी रहेगी आपका कारोबार बिना किसी रुकावट के चलता रहेगा और इच्छानुसार
लाभ भी मिलता रहेगा **फल** : ग्रह आपके अनुकूल हैं, आत्मविश्वास तथा धीरज से काम में लगे रहिये, इस मास में माल बेचने
की अपेक्षा माल खरीदना आपके लिये अधिक लाभदायक रहेगा, यदि आपके पास माल का स्टाक है या आप बागात बेचना
चाहते हैं तो ऐसे कार्य में विलम्ब न कीजिये आप अवश्य लाभ में रहेगे **ठेकेदार वर्ग** : यह मास आपके लिये लाभदायक है
केवल खयाली किले न बांधिये बल्कि बनाये हुये हर प्रोग्राम को अमली रूप दीजिये आप यदि तामरी काम बिल्डिंग सड़कों का
काम करते हैं ऐसे काम में आपको आशा से अधिक लाभ मिलेगा, यदि आप माल स्पलाई करते हैं, आपके काम में अचानक

रूकावट पड़ने का अन्देशा है **नौकरी** : अचानक तबदीली का योग है जो तबदीली अन्त में आपके लिये लाभदायक होगी, यदि आपको तबदीली न भी हो तो भी दफ्तर के काम काज में तबदीली होगी जो तबदीली आपके लिये लाभदायक रहेगी **विद्यार्थी** : आप पठन पाठन में लगे रहिये, समय का एक क्षण भी व्यर्थ न करें, ग्रह आपके विद्या सम्बन्धित हर काम में सहायक रहेंगे, आप ने यदि कोई परीक्षा इण्टरव्यू आदि देना हो आत्मविश्वास से पढ़ाई में लगे रहिये आपने अवश्य सफल होना है । **गृहस्थ** : घर का वातावरण ठीक नही रहेगा घर के मेम्बरों का आपसी मतभेद अथवा टकराव आपके लिये परेशानी का कारण होगा, घर में दिनों दिन नइ समस्यायें खड़ी होंगी, परन्तु कोई भी समस्या हल नही होगी, बल्कि रिश्तेदारों तथा मित्रों की समस्यायें भी आपको मास भर घेरे रखेंगी, उपाय के रूप में हर मंगलवार को "तहर" बना कर पक्षियों को डालें ।



शुभाशुभ दिनों का संकेत : 1 से 4 तक शरीर कष्ट, हानि, 5 से 8 तक कार्य सिद्धिआदर में वृद्धि, 9 से 11 तक व्यर्थ खर्च, अशान्ति, 12, 13 शरीर सुख, घरेलू शान्ति, 14 से 15 मानसिक अशान्ति, समय का व्यर्थ होना, 16, 17, 18 लाभ तथा कार्य सिद्धि, 19 से 23 तक भाई बन्धुओं से नाराज़गी, कारोबार में रुकावट, 24 से 27 लाभ तथा कार्य सिद्धि, 28 से 30 परेशानी, हानि ।

अक्टूबर

वेध अष्टकवर्ग शत्रु मित्र आदि गोचर सिद्धान्तों से ग्रहों पर विचार करने से मालूम होता है, इस मास में आप ने खर्च के बड़े-बड़े

प्रोग्राम बनाने में लगे रहेंगें परन्तु आमदनी के साधनों में कोई अन्तर नही आयेगा **शरीर** : शरीर सुख उत्तम रहेगा घर में भी यदि किसी की शरीर सम्बन्धित परेशानी है वह भी दूर होगी, गृहस्थी होने पर यदि आप की स्त्री शरीर कष्ट में है उसके ओर से भी परेशानी रहेगी **धन** : आमदनी की दृष्टि से हर कारोबारी वर्ग के लिये यह मास कुछ ढीला ही रहेगा, आप कपड़े अथवा किरयाना के व्यापारी हैं आप काम में मास भर व्यस्त रहेंगे और लाभ भी इच्छानुसार प्राप्त करते रहेंगे, खाद्य पदार्थों तथा दवाइयों का काम करने वाले तुला राशि वालों के लिये भी यह मास उत्तम है, परन्तु माल स्टाक करने पर घाटे में रहोगे, किताबों, स्टेशनरी आदि से सम्बन्धित कारोबारी वर्ग के लिये मास के पहले दो सप्ताह कामकाज की दृष्टि से ढीले रहेंगे परन्तु अन्तिम दो सप्ताह के लिये काम में जुट जाइये सन्तोषजनक लाभ मिलेगा, लोहे, मशीनरी, कारखाना, इण्डस्ट्रीज, ट्रॉस्पोर्ट आदि में यदि आप नौकर के रूप में हैं तो आपके लिये यह मास सर्व साधारण रूप से यथावत् चलता रहेगा, परन्तु यदि आप मालिक के रूप में है तो यह मास आमदनी की दृष्टि से रिकार्ड होगा, इस मास के ग्रह विशेषतया आपके अनुकूल हैं, आप नौकरों पर ही काम न छोड़िये बल्कि खुद काम में दिलचस्पी लीजिये, यदि ऐसे शुभ अवसर से भी आप लाभ न उठायेंगे तो वे अपने दुर्भाग्य मानिये **फल** : आप इस मास के ग्रहों से लाभ उठाइये केवल योजनायें ही न बनायें बल्कि काम में लगे रहिये आप इस मास का क्षणमात्र भी निष्फल न करें बल्कि समय का आदर कीजिये, आपने माल बेचना है या खरीदना आप दोनों रूपों में सफल रहेंगे **ठेकेदार वर्ग** : यदि आप "ए" क्लास के ठेकेदार हैं आपके लिये यह मास लाभ के लिये स्वर्णकाल है यह तभी सम्भव है जब आप काम में सावधानी से लगे रहेंगे, यह भी सम्भव है यदि आप काम में लापरवाई करेंगे आपको धोखा लगने का अन्देशा है, छोटे दर्जे के ठेकेदारों के लिये भी यह मास यथावत् लाभ का ही है, **नौकरी** : यदि आप की तरक्की का कोई सिलसिला विचाराधीन है तो प्रयत्न कीजिये, कोशिश करने से यह अवश्य हल होगी, तबदीली का भी योग है यदि तबदीली न भी होगी तो भी आपके दफ्तर के काम में तबदीली आयेगी जो तबदीली आपके लिये लाभदायक रहेगी **विद्यार्थी** : आपको पढ़ाई में हद से ज्यादा दिलचस्पी

रहेगी, आप का भाग्योदय होने वाला है, आप ट्रेनिंग के लिये कोशिश करतें हैं या नौकरी के लिये, यानी विद्या सम्बन्धित हर काम में आपकी सफलता होगी **गृहस्थ** : घर में कोई महोत्सव रचाने का प्रोग्राम बनेगा, खर्च की बड़ी-बड़ी योजनायें बनेंगी यद्यपि आमदनी में कोई वृद्धि नही होगी, खाने खिलने के प्रोग्राम बनते रहेंगे, आपकी कोई समस्या जो बहुत समय से चलती आई है अवश्य सिद्ध होगी **महिला वर्ग** : आपको भाई बन्धुओं रिश्तेदारों की ओर से अधिक मानसिक अशान्ति रहेगी ।



शुभशुभ दिनों की सूची : 1, अशान्ति, धोखा लगने का अन्देशा, 2 से 6 तक हर काम में सफलता, अच्छे पुरुषों से मेल मिलाप, 7, 8 निरर्थ खर्च, मानसिक अशान्ति, 9, 10 कार्य सिद्धि, आदर में वृद्धि, 11, 12, 13 दौड़धूप तथा असफलता, 14, 15 शुभ सन्देश मिले, शत्रुओं पर विजय, 16 से 20 तक परेशानी, असफलता, 21 से 25 हर आरम्भ किये हुये काम में सफलता, गृहस्थ सुख, 26 से 29 तक संघर्ष तथा हानि, 30, 31 लाभ तथा मानसिक शान्ति ।

नवंबर

मास के आरंभ पर गोचर चक्र की ग्रह चाल पर विचार करने से मालूम होता है, यह मास प्रायः सुख शान्ति के वातावरण में ही गुज़रेगा, जबकि इस मास में शुभ ग्रहों का पलड़ा अशुभ ग्रहों की अपेक्षा भारी है **शरीर** : लग्न में सूर्य और भौम का होना शरीर के लिये शुभ फलदायक नही है आपको इस मास में विशेषतया शरीर के बारे में सावधान रहना चाहिये, यदि आप शरीर से स्वस्थ भी होंगे तो भी अचानक शरीर बिगडने का अन्देशा है अथवा शरीर में चोट लगने का खतरा है, **गृहस्थी** : होने पर

स्त्री के शरीर बिगडने क। अन्देशा है, उपाय के रूप में 5, 12, 19, 26 नवंबर को यानि इस मास की हर मंगलवार को किसी
साधु अथवा किसी दरिद्रनारायण को भोजन करायें, अथवा घर में "तहर" बनाकर पक्षियों को डाला करें **कारोबार** : 11 वें भाव
में चन्द्रमा बृहस्पति और शुक्र का एक साथ होना शुभफल को ही जितलाता है, परन्तु तो भी प्रायः हर काम में दौड़धूप के पश्चात
ही सफलता की आशा रखिये, आप कपड़े का काम करते हैं या किरयाना का, दवाईयों के काम से सम्बन्धित हैं या खाद्य पदार्थों
से आप किताबों के काम से जुड़े हुये हैं या स्टेशनरी से हर पेशा के तुला राशि वाले इस मास में लाभ में ही रहेंगे परन्तु इस
बात को भी भूलिये मत ग्रह भी तभी मदद करते हैं जब हम स्वयं अपनी मदद करेंगे, यानी परिश्रम करने पर ही सफलता होगी,
लोहे, मशीनरी, कारखानों, इण्डस्ट्रीज़, ट्रान्सपोर्ट से सम्बन्धित तुला राशि वालों के लिये यह
मास आशा से अधिक लाभ का है, लाभ के अलावा आपके कारोबार में भी विशालता आयेगी



फल : आपकी फलों से सम्बन्धित हर एक स्कीम सफल रहेगी परन्तु आपको रात दिन काम
में जुटा रहना पड़ेगा, यदि आप बागात के मालिक हैं अथवा आपके पास माल का स्टाक
पड़ा है, आप इस मास में माल बेचने का प्रोग्राम बनायें आपके लिये लाभदायक रहेगा, माल
के खरीद की ओर कम ध्यान दीजिये, फलों का खरीदना आपके लिये अधिक लाभदायक
नही होगा, आप माल के खरीद की ओर कम ध्यान दीजिये, फलों का खरीदना आपके लिये
अधिक लाभदायक नही होगा, यह भी सम्भव है माल की खरीद में आप को घाटा होगा **ठेकेदार**

वर्ग : आपके हर काम में वह आपका चालू काम हो अथवा कोई मिलने वाला कोई नया
काम हो, रुकावटें पड़ने का योग है परन्तु घबराइये मत वह रुकावट अस्थाई होगी आप धीरज से काम करें अन्त में आपकी

सफलता निश्चित है **नौकरी** : यह मास आपने अशान्त वातावरण में ही गुजारना होगा, आपके हर आरम्भ किये हुये काम में उलझनें आखड़ी होंगी, सम्बन्धित कार्यकर्त्ताओं से आन्तरिक तनाव बना रहेगा, शत्रुओं की ओर से कोई झूठा आरोप लगाने की सम्भावना है **विद्यार्थी** : पठन पाठन में आपकी कम दिलचस्पी रहेगी, निरर्थ समस्याओं में आपका समय नष्ट होगा पढ़ाई सम्बन्धित किसी भी काम में सफलता की आशा रखना इस मास में निरर्थ है **गृहस्थ** : आप का घरेलू वातावरण शान्त रहेगा, बहुत समय से लटकती हुई कोई समस्या वह लड़के अथवा लड़की के विवाह की हो या पढ़ाई की हो अथवा नौकरी की हो, अवश्य हल होगी परमात्मा के शरण में रहिये **महिलावर्ग** : आपको मातृ पक्ष पितृ पक्ष से मानसिक अशान्ति रहेगी ।

शुभाशुभ दिनों की सूची : 1, 2 कार्य सिद्धि, लाभ, 3, 4 निरर्थ खर्च, घरेलू समस्या, 5, 6, 7 सुख शान्ति, 8, 9 परेशानी, समय व्यर्थ, 12, 16 तक दौड़धूप , परेशानी, 17 से 21 तक धन लाभ, कार्य सिद्धि, 22, 25 तक शरीर कष्ट, असफलता, 26 से 29 भाई बन्धुओं से मेल मिलाप, गृहस्थ सुख, 30 निरर्थ खर्च, असफलता

दिसम्बर

वेध अष्टक वर्ग शत्रु मित्र आदि गोचर सिद्धान्तों के आधार से विचार करने पर मालूम होता है यह मास संघर्ष दौड़धूप में ही गुज़रेगा **शरीर** : आप के शरीर की दशा दस मास में डांवाडोल रहेगी आप का शरीर गाहे स्वस्थ रहेगा गाहे अस्वस्थ, ऐसे ही घर में भी गाहे एक सदस्य के शरीर की चिन्ता गाहे दूसरे की **धन** : यह मास सामूहिक रूप से कारोबारी वर्ग के लिये चिन्ताजनक ही होगा यदि आप कपड़े का काम करते हैं दौड़धूप करने पर भी आपको परिश्रम के अनुसार लाभ नही होगा, तुला राशि वाले किरयाना के व्यापारी थोक काम करते हैं या परचून का दोनों रूपों में आप का काम यथावत् चलता रहेगा और लाभ भी सर्वसाधारण

रूप में मिलता ही रहेगा, खाद्य पदार्थों के वे व्यापारी जो माल का स्टाक रखते हैं सरकार के हस्ताक्षेप से किसी उलझन में उलझ जायेंगे जो उनके लिये परेशानी का कारण होगा, दवाईयों के वे व्यापारी जो थोक काम करते हैं या परचून का आपके काम में ढीलापन आने का अन्देशा है, किताबों तथा स्टेशनरी का कारोबार करने वाले रात दिन काम में लगे रहने पर भी सन्तोषजनक लाभ नही रहेगा लोहे, मशीनरी, कारखानों, फैक्टरी, इण्डस्ट्रीज़, ट्रान्सपोर्ट से सम्बन्धित तुला राशि वालों को लगातार सफलता तथा लाभ का ही योग चल रहा है जबकि चौथा शनि जो राहु के वेध में है आप के लिये लाभ का ही सूचक है आप काम में जुटे रहिये और अपने कारोबार को बढ़ावा देने में लगे रहिये, सम्भव है ऐसी सफलता का योग फिर से कभी आयेगा भी नही **फल** : आपके काम में ढीलापन आयेगा, आपको काम में दिलचस्पी नही रहेगी, आपकी कारोबार सम्बन्धित कोई भी स्कीम सिरे चढ़ेगी नही, यदि आप के पास बेचने वाला कुछ माल है बेचने में ज़ल्दी कीजिये, खरीदने की अपेक्षा माल बेचना आपके लिये लाभदायक रहेगा, यदि आप माल खरीदेंगे अथवा माल स्टाक रखने का कोई प्रोग्राम बनायेंगे आपने निश्चय करके घाटे में रहना है **ठेकेदार वर्ग** : आप का काम यथावत चलता रहेगा, चालू काम में यद्यपि कुछ ढील आयेगी भी परन्तु आपके काम में दिलचस्पी लेने से आपका ढीला पड़ा हुआ काम भी हरकत में आयेगा, कोई नया काम भी मिलने वाला है, आप जंगलात के काम से सम्बन्धित हैं या तामीरी काम से, अथवा माल स्पलाई करते हैं, सामूहिक रूप से आप सफल रहेंगे **नौकरी** : यह मास मान आदर तथा मानसिक शान्ति का होगा, लाभ दृष्टि से भी यह मास उत्तम है, सम्बन्धित प्रतिष्ठित अफसरों से उठने बैठने का अवसर मिलेगा जो आपके लिये दफतर में आदर का कारण बनेगा, तरक्की अथवा तबदीली की कोई आशा न रखें **विद्यार्थी** : पठन पाठन में दिल का न लगना, बुरी संगति में उठना बैठना, सैर सपाटा अथवा



खेलकूद में व्यस्त रहना ऐसे ही व्यर्थ प्रोग्रामों में यह मास व्यतीत होगा, यदि आपने कोई परीक्षा दी है या देनी होगी सफलता की आशा न रखिये **गृहस्थ** : घरेलू वातावरण कुछ अशान्त रहेगा, खर्च के नये-नये प्रोग्राम बनते रहेंगे, अतिथियों का आना जाना ज़ोरों पर रहेगा **महिलावर्ग** : आपको महीना भर कोई गुप्त चिन्ता बनी रहेगी, उपाय के रूप में इन्द्राक्षी के नित्य प्रातः तीन तीन पाठ किया करें ।

शुभाशुभ दिनों की सूची : 1, 2 खर्च की अधिकता, मानसिक अशान्ति, 3, 4 कार्य सिद्धि, आदरमान, 5, 6 शरीर कष्ट, घरेलू परेशानी, 7, 8 सुख तथा सफलता, 9 से 13 तक दौड़धूप , अशान्ति, 14 से 18 तक हर काम में सफलता, अच्छे पुरुषों से मेल मिलाप, 19 से 22 तक हर काम में रुकावट, परेशानी, 23 से 27 तक कोई शुभ सन्देश मिले, अचानक लाभ, 28, 29 निरर्थ खर्च, धन की कमी, 30, 31 कार्य सिद्धि, सुख शान्ति ।

जनवरी

इस मास के आरम्भ पर अधिक ग्रहों की स्थिति अच्छी है चन्द्रमा और भौम अनुकूल नही हैं, सूर्य भौम, और राहु तीसरे भाव में एक साथ ठहरे हैं, यह योग शुभ फल का ही सूचक है, इस मिले जुले शुभाशुभ योग के आधार से यह मास आपने सुख शान्ति तथा मान प्रतिष्ठा के वातावरण में ही व्यतीत करना होगा **शरीर** : आपका शरीर प्रायः स्वस्थ रहेगा, यदि घर में किसी मेम्बर की शरीर सम्बन्धित चिन्ता है वह भी बहुत हद तक दूर होगी **धन** : कारोबार के लिये इस मास के ग्रह आपके पक्ष में हैं, आप कपड़े का काम करते हैं या किरयाना का, आप खाद्य पदार्थों का काम करते हैं अथवा दवाईयों का आप बड़े पैमाने पर काम करते हैं या छोटे पैमाने पर आप काम में दिलचस्पी लीजिये आप का हर एक काम सफल भी रहेगा और लाभदायक भी होगा,

लोहे, मशीनरी, कारखानों, इण्डस्ट्रीज, फैक्टरी अथवा ट्रांसपोर्ट से सम्बन्धित कारोबारी वर्ग का काम यथावत् चलता रहेगा, परन्तु कारीगरों की कमी अथवा लापरवाई से परेशानी का सामना करना होगा **फल** : तुला राशि वाले जो फलों से सम्बन्धित कारोबार करते हैं वह बड़े व्यापारी हैं या सर्वसाधारण काम करने वाले इस मास में आप का कोई काम सिरे चढेगा नही, आप का कारोबार सम्बन्धित कोई भी प्रोग्राम सफल नही रहेगा, उपाय यही है आप इस मास में कारोबार सम्बन्धित हाथ पैर अधिक मत फैलाइये **ठेकेदार वर्ग** : आपके लिये नये वर्ष का यह पहला मास अच्छा शगुन लेकर आया है, आप इस मास में जो कोई काम आरम्भ करेंगे या पहले किया हुआ है वह यथावत् चलता रहेगा और लाभ भी यथावत् मिलता ही रहेगा काम को चालू रखने में कोई रुकावट होगी नही, जबकि आप के हाथ में खुले रूप में पैसा होगा **नौकरी** : आपके लिये यह मास रात दिन काम में लगे रहने का है, लाभ तथा आदर की दृष्टि से यह उत्तम मास है, दफतर में आप सावधान रहिये शत्रुओं का ज़ोर रहेगा **विद्यार्थी** : इस मास के ग्रह आपके अनुकूल हैं आप पढ़ाई में डट कर लगे रहिये, इस मास का एक क्षण भी आप व्यर्थ न करें, आपने यदि कोई इण्टरव्यू अथवा कोई परीक्षा देनी हो आपने अवश्य सफल रहना है **गृहस्थ** : आपका घरेलू वातावरण इस मास में शान्त रहेगा, आप के घर में कोई भाग्यवान बच्चा जन्म लेने वाला है, यदि भाग्यवश लड़की का जन्म होगा तो वह आपके घर की रूप रेखा ही बदलेगी **महिलावर्ग** : यद्यपि पुरुषों के शरीर के बारे में ग्रह अनुकूल हैं भी परन्तु आपको उसके विपरीत शरीर के बारे में सावधान रहना चाहिये ।



शुभाशुभ दिनों की सूची : 1, 2, 3 मानसिक अशान्ति, काम में रुकावट, 4, 5 आशा के अनुसार सफलता, शत्रुओं पर विजय,

6 से 10 तक शत्रुओं का ज़ोर रहेगा, भाई बन्धुओं से अनबन, 11 से 14 तक धन लाभ कार्य सिद्धि, शान्ति, 15 से 19 तक शरीर कष्ट, समय नष्ट होना, 20 से 23 तक लाभ, हर काम में सफलता, 24, 25 निरर्थ खर्च, हानि, 26, 27, 28 आदर में वृद्धि तथा लाभ, 29, 30 अनादर तथा हानि, 31 सुख शान्ति तथा लाभ ।

फरवरी

इस मास के आरम्भ पर ग्रहों की स्थिति अच्छी है जिसके फलस्वरूप यह मास सुख शान्ति के दौर में ही गुज़रेगा **शरीर** : आपका शरीर स्वस्थ रहेगा घर में किसी प्रकार की शरीर सम्बन्धित परेशानी नही होगी, यदि दैवयोग से घर के किसी मेम्बर को शरीर कष्ट होगा भी परन्तु वह अस्थाई होगा, यानी अधिक दिन नही रहेगा **धन** : आमदनी की दृष्टि से यह मास उत्तम रहेगा आप कारोबार सम्बन्धित जिस लाईन से सम्बन्धित होंगे, आपका काम बिना किसी रुकावट के चलता रहेगा और लाभ भी सन्तोषजनक रूप से मिलता ही रहेगा आप कपड़े के व्यापारी हैं या किरयाना के आप रात दिन काम में व्यस्त रहेंगे और लाभ भी आशा से अधिक मिलेगा, खाद्य पदार्थों के वे व्यापारी जो हाथों हाथ माल खरीदेंगे ओर बेचेंगे लाभ में रहेंगे, परन्तु जो व्यापारी माल का संग्रह रखेंगे घाटे में रहेंगे, दवाईयों का काम करने वाले व्यापारियों का काम यथावत् शान्त रूप में चलता रहेगा, किताबों, स्टेशनरी का धन्धा करने वाले भी यद्यपि लाभ में ही रहेंगे परन्तु रात दिन कमर बांध कर ही रहना होगा जबकि उनके पास काम की इतनी अधिकता होगी कि वे काम को संभाल न सकेंगे, लोहे, मशीनरी, कारखानों, फैक्टरी, इण्डस्ट्रीज, ट्रांस्पोर्ट से सम्बन्धित तुला राशि वालों के लिये यह मास आमदनी की दृष्टि से उत्तम रहेगा परन्तु साथ साथ कारोबार सम्बन्धित खर्च के बड़े बड़े प्रोग्राम बनेंगे **फल** : आपके कारोबार को सफल बनाने के लिये इस मास के ग्रह आपके पक्ष में हैं, आप माल बेचें या खरीदें, यदि बागात

जाईदाद के रूप में बेचने का सिलसिला विचाराधीन है तो इस मास को ऐसे काम को अन्तिम रूप देने के लिये योग्य समय है



ठेकेदार वर्ग : इस मास में आपको अधिक से अधिक दौड़धूप तथा संघर्ष करना होगा आपके चालू काम में भी तेज़ी आयेगी, कोई लाभदायक नया काम मिलने का भी योग है आप केवल काम में दिलचस्पी लीजिये **नौकरी** : यह मास आपके लिये लाभदायक मास है यदि नौकरी सम्बन्धि कोई समस्या लटक रही है घबराइये मत आप ज़रा सा ध्यान उस समस्या के हल करने की ओर दीजिये अवश्य हल होगी । **विद्यार्थी** : आप को पठन पाठन की ओर कम प्रवृत्ति रहेगी, पढ़ाई के लिये भी कम समय मिलेगा जबकि दूसरे निरर्थ कामों में आप को विवश होकर लगा रहना पड़ेगा, ऐसे वातावरण में भी यदि आपने कोई परीक्षा अथवा इण्टरव्यू आदि देना हो अवश्य सफल होना है । **गृहस्थ** : घर का वातावरण कुछ ठीक ही रहेगा, खर्च की बड़ी बड़ी योजनायें बनती रहेंगी, खाने खिलाने के प्रोग्राम बनते रहेंगी, घर के ऐश्वर्य सामग्री खरीदने में भी अधिक से अधिक धनराशि खर्च करने का प्रोग्राम बनेगा, भाई बन्धुओं, रिश्तेदारों का यातायात जोर पर रहेगा **महिलावर्ग** : आपको मातृ पक्ष से कोई शुभ सन्देश मिलने का योग है ।

शुभाशुभ दिनों की सूची : 1, इच्छानुसार धन मिले, मानसिक शान्ति, 2, 6 तक दौड़धूप तथा परेशानी, 7 से 11 तक सुख-शान्ति, कार्यसिद्धि, 12 से 15 तक शरीर कष्ट, घरेलू परेशानी, 16 से 19 तक सफलता, आदर में वृद्धि, 20 से 21 तक खर्च अधिक, आमदनी में कोई वृद्धि नही, 22, 23, 24 सुख शान्ति, तथा लाभ, 25, 26 आदर में कमी, अशान्ति, 27, 28, 29 कार्य सिद्धि, गृहस्थ सुख

मार्च

वेध अष्टक वर्ग तथा गोचर चक्र की ग्रह चाल पर विचार करने से विदित होता है शुभ ग्रहों तथा क्रूर ग्रहों का पलड़ा एक जैसा ही है जिसके फलस्वरूप यह मास अधिक संघर्ष दौड़धूप तथा कुछ कुछ अशान्त वातावरण में ही गुज़रेगा । **शरीर** : आप का शरीर प्रायः स्वस्थ रहेगा, परन्तु गृहस्थी होने पर सन्तान पक्ष से शरीर सम्बन्धित चिन्ता का योग है **आमदनी** : हर कारोबारी पेशा के लिये यह मास अलग-अलग प्रभाव वाला होगा, यदि आप कपड़े के व्यापारी हैं और थोक काम करते हैं तो आप लाभ में रहेंगे, यदि आप यही काम परचून में करते हैं तो आप लाभ की आशा न रखें, ऐसा भी सम्भव है कुछ घाटा ही होगा, किरयाना का व्यापारी वर्ग थोक काम करता है या परचून आप का काम यथावत् चलता रहेगा और सर्वसाधारण रूप में लाभ भी मिलता रहेगा, खाद्य पदार्थों का व्यापारी वर्ग रात दिन काम में लगा रहेगा परन्तु परिश्रम के अनुसार लाभ नही होग, दवाईयों का काम करने वाले जो थोक काम करते हैं या परचून आप का काम यथावत् चलता रहेगा और पर्याप्त लाभ भी होगा, किताबों, स्टेशनरी आदि काम से सम्बन्धित तुला राशि वालों के लिये लाभ की दृष्टि से यह मास रिकार्ड होगा, लोहे, मशीनरी, कारखानों, इण्डस्ट्रीज, फैक्टरी, ट्रान्सपोर्ट से सम्बन्धित कारोबारी वर्ग के लिये आमदनी की दृष्टि से यह मास इस वर्ष में विशेष महत्व का होगा, आवश्यक है आप तन मन से काम में लगे रहिये **फल** : आपके लिये यह मास कमाई का नही है, बल्कि कारोबार को संभालने में जमह रखा हुआ धन ही खर्च करना होगा, वह खर्च किया हुआ धन आपके कारोबार की रूपरेखा को ही बदलेगा,



इस मास के ग्रह आपके अनुकूल हैं आप काम में लगे रहिये **ठेकेदार वर्ग** : रात दिन काम में लगा रहना होगा, धीरज से काम कीजिये ग्रह आपकी सहायता करेंगे, आप जंगलात का काम करते हैं,या तामीरी अथवा माल सप्लाई करते हैं, आप छोटे दर्जे के ठेकेदार हैं या बड़े दर्जे के आप लाभ में रहेंगे और हर काम में सफलता होगी **नौकरी** : सम्बन्धित कार्यकर्त्ताओं से मेलजोल तथा प्रेम व्यवहार में वृद्धि होगी, यदि आप तरक्की का हक रखते हैं, कोशिश जारी रखिये आप की यह कामना अवश्य पूरी होगी **विद्यार्थी** पढ़ाई सम्बन्धित हर काम में सफलता, आप यदि किसी ट्रेनिंग आदि के लिये कोशिश करते हैं आपकी यह इच्छा जल्दी ही पूरी होगी **गृहस्थ** : आप का घरेलू वातावरण शान्त रहेगा, कोई शुभ सन्देश मिले, यदि आप लड़के अथवा लड़की के विवाह के बारे में कोशिश कर रहे हैं, प्रभु के शरण में रहिय यह मनोकामना भी जल्दी ही पूरी होगी, यह भविष्यवाणी पूरी होने पर इष्टदेवी का हवन अवश्य करें **महिलावर्ग** : पुरुषों की अपेक्षा रिश्तेदारों से मिलने जुलने में आप अधिक व्यस्त रहेंगे ।

शुभा शुभ दिनों का संकेत : 1 से 4 तक शरीर कष्ट, घरेलू परेशानी, 5 से 9 तक हरकाम में सिद्धि, भाई बन्धुओं से मेल मिलाप, 10 से 13 तक मानसिक अशान्ति, हानि 14 से 18 तक सफलता, लाभ, 19 से 20 तक निरर्थखर्च, आमदनी में कमी, 21, 22 लाभ उत्तम, मानसिक शान्ति, 23, 24. 25 परेशानी, झगड़े, 26, 27 सुख शान्ति, समाज में आदर, 28 से 31 तक दौड़धूप, असफलता ।

Scorpio वृश्चिक राशि का स्वभाव

नाम राशि "म" "ट" पश्चिमीय पद्धति से, 23 अक्टूबर से 21 नवम्बर तक

वृश्चिक राशिवाला अपने बाहुबल से आगे बढ़ता है । परिश्रम करना आपके जीवन का लक्ष्य होता है । आप प्रायः उस पेशा को पसन्द करते हैं जहां ईमानदारी और अनुशासन हो, आपका स्वभाव हठी तथा क्रोधी होता है, आप किसी के सामने झुकना पसन्द नहीं करते हैं, माता पिता तथा बुज़ुर्गों का आदर करना आपके जीवन का एक नियम होता है । आप अपने जीवन में परिश्रम और सच्चाई से हद से अधिक धन कमाते हैं और खर्च भी खुले दिल से करते हैं जिस कारण से धन आप के पास टिकता नहीं है । आप जाईदाद बनाने वाहन आदि रखने के शौकीन होते हैं । आप की सन्तान अवश्य होती है परन्तु उनकी ओर से मानसिक शान्ति नहीं मिलती है । आप भाई-बन्धुओं रिश्तेदारों से अच्छा व्यवहार करते हैं जिस कारण आप को सम्बन्धी तथा रिश्तेदार हर समय घेरे रखते हैं परन्तु आपको किसी रिश्तेदार या सम्बन्धी से कोई लाभ या हमदर्दी नहीं मिलती है । नौकरी करने पर आप अच्छी पदवी पर पहुँचते हैं, आप की रुचि व्यापार की ओर होती है, 40 वर्ष के बाद आप बहुत बड़ी जाईदाद के मालिक होते हैं जाईदाद के लिये आपको झगड़े का भी सामना करना पड़ता है । आप की स्त्री स्वभाव से तेज़ परन्तु चरित्रशील होती है, घरेलू समस्यायें सुलझाने में आप की सहायक होती है । आपके भाग्य का सितारा 30 वर्ष के बाद चमकता है । **रत्न** : अगर आप रत्न पहनना चाहते हैं तो "मोगा" या "नीलम" आपके लिये शुभ है । **मित्रता** : आपकी मित्र राशि हैं कर्क, धनु तथा मीन । **बार** : आपके लिये मंगलवार: बृहस्पतिवार शुभ हैं आपका शुभ अंक है "9"

वृश्चिक राशि का भविष्य

(गोचर ग्रन्थों से)



5वाँ सूर्य होने से शरीर कष्ट होता है, मानसिक अशान्ति रहती है, धन हानि रहती है सन्तानपक्ष से परेशानी रहती है । 5वाँ चन्द्रमा होंने से अचानक कोई दुर्घटना होती है हर काम में असफलता होती है तथा समाज में अनादर होता है । 7वां भौम होने से स्त्री का शरीर बिगड़ता है अथवा स्त्री के साथ तेज़कलामी होती है । 5वां बुध होने से मानसिक अशान्ति रहती है कोई यांजना भी पूरी नहीं होती है । 9वां बृहस्पति होने से घर में भाग्यशाली बच्चे का जन्म होता है, धर्म तथा धन की वृद्धि होती है । 6वाँ शुक्र होने से शत्रुओं की वृद्धि होती है हर काम में सफलता होती है अचानक जाईदाद का लाभ होता है । 9वें भाव में केतु होने से आदर में वृद्धि होती है, पुत्र सुख की प्राप्ति होती है तथा मित्रों से मिलाप होता है

वृश्चिक राशि का वर्षफल

2048 विक्रमी के लिये ऊपरलिखत फलादेश से मालूम होता है कि सूर्य, चन्द्रमा, भौम और बुध ये चारों ग्रह अच्छी स्थिति में नही हैं शेष पाँच ग्रह शुभ स्थिति में हैं परन्तु ऊपरलिखित सूर्यादि चारों ग्रह वेध में पड़े हैं जिसके फलस्वरूप यह क्रूर ग्रह भी

शुभ फलदायक ही होंगे इस से सूचित होता है कि यह वर्ष प्रायः सुख व शान्ति के वातावरण में ही गुज़रेगा, चूँकि प्रायः हर मास में ग्रह राशि बदलते रहते हैं इस बात को ध्यान में रखकर हर मास का फलादेश एक जैसा नहीं होता है परन्तु तो भी सामूहिक रूप से यह वर्ष आपने सुख व शान्ति के वातावरण में ही गुज़ारना होगा । **शरीर** : आपका शरीर प्रायः स्वस्थ रहेगा, बड़ा परिवार वाला होने पर भी घर में छोटे-छोटे शारीरिक तकलीफ यद्यपि चलते भी रहेंगे परन्तु किसी भी भयंकर शरीर कष्ट का योग नही है । **धन** : कारोबारी वर्ग को यद्यपि हर काम में संघर्ष दौड़धूप उलझनों तथा रुकावटों का सामना करना भी होगा परन्तु हर काम का हल अन्त में आपके पक्ष में होगा, कपड़ा, किरयाना, खाद्य पदार्थों, दवाईयों, किताबों, स्टेशनरी, लोहा, मशीनरी, कारखानों, फैक्ट्री, इंडस्ट्रीज तथा ट्रांसपोर्ट से सम्बन्धित वृश्चिक राशि वाले सामूहिक रूप से लाभ में ही रहेंगे **फल** : इस वर्ष फलों के स्वामी शनि देवता हैं जो आपको वर्ष भर तीसरे भाव में रहेगा, शनि को 14 अगस्त तक बृहस्पति पूर्ण दृष्टि से देख भी रहा है आप धीरज से काम की योजना बनायें और उस में धीरज से जुट जायें आप अवश्य सफल रहेंगे, वह योजना माल बेचने की हो या खरीदने की दोनों सूरतों मे आप सफल रहगे । **ठेकेदार वर्ग** : आपके लिये यह वर्ष दौड़धूप का है गाहे किसी काम में आपको यथेष्ठ लाभ मिलेगा तथा गाहे किसी काम में घाटा रहेगा परन्तु अन्त में कुल मिलाकर आप लाभ में ही रहेंगे घाटे में नहीं । **नौकरी** : इस वर्ष आपका दफ्तरी रंग बदलता रहेगा, गाहे एक काम को सम्भालने की ज़िम्मेदारी और गाहे दूसरे काम का भोज उठाना, यद्यपि आदर मान व प्रतिष्ठा की दृष्टि से यह वर्ष उत्तम रहेगा भी परन्तु वर्ष भर मानसिक अशान्ति प्रायः रहा करेगी और लाभ की दृष्टि से भी यह वर्ष मध्यम ही रहेगा **विद्यार्थी** : वर्ष के आरम्भ पर बृहस्पति कर्क राशि में उच्च का बलवान होकर आपके विद्या के घर को देख रहा है यद्यपि 14 अगस्त को बृहस्पति राशि बदलेगा भी उसका प्रभाव आप पर साल भर बना ही रहेगा, उस शुभ योग से आप लाभ उठाइये, समय को व्यर्थ न गंवायें, पढ़ाई में बृहस्पति आपकी सहायता अवश्य

करेगा, आपकी पढ़ाई सम्बन्धित जो भी योजना हो वह परीक्षा देने की हो अथवा इन्टरव्यू देने की या ट्रेनिंग में जाने के लिये हो उस में आपकी सफलता निश्चित है, यदि इस वर्ष आप लाभ नही उठा सकेंगे तो वह अपना दुर्भाग्य समझें । गृहस्थ : इस वर्ष सामान्यतया आपका घरेलू वातावरण शान्त ही रहेगा घर में महोत्सवों के अथवा खाने खिलाने के प्रोग्राम बनते रहेंगे, इस वर्ष कोई जाईदाद मकान वाहन आदि बनाने अथवा खरीदने का भी योग है, ऐसे काम की योजना बनाने में किसी प्रकार की रुकावट नहीं आयेगी, यदि मकान आदि बनाने का प्रोग्राम है तो इस वर्ष के सुनहरी चान्स को हाथ से जाने मत दीजिये, बस योजना बनायें और उसको अमली रूप दीजिये । **उपाय :** के रूप में इस मन्त्र का बार-2 उच्चारण किया करें **"ॐ नमः शम्भवाय च मयोभवाय च नमः शंकराय च मयस्कराय, च नमः शिवाय च शिवतराय च"** ।

इसी मन्त्र से हर सोमवार को भगवान् शंकर पर जल चढ़ाया करें :–

वृश्चिक राशि का मासिक फल

2048 विक्रमी के लिये

अप्रेल

इस मास के गोचर चक्र में पाँचवें भाव का स्वामी सूर्य वेध में होने से शुभ है चन्द्र भौम और शुक्र अशुभ, बृहस्पति राहु और केतु शुभ स्थिति में हैं, इस मिले जुले योग शुभ अशुभ योग को ध्यान में रख कर विदित होता है यह मास प्रायः शान्त वातावरण में ही गुज़रेगा विशेषतया भौम को नज़र-अन्दाज़ न करें यह ग्रह इस मास में कुछ न कुछ प्रभाव अवश्य डालेगा ही, इस क्रूर ग्रह

के प्रभाव से आपका शरीर अवश्य प्रभावित होगा, गृहस्थी होने पर आपकी स्त्री के शरीर बिगड़ने का अन्देशा है, घर में किसी सदस्य को चोट लगने की भी सम्भावना है अथवा किसी सदस्य को काँट-छाँट करवाना पड़ेगा, **उपाय :** के रूप में इस मास के 2, 9, 16, 23, 30 तिथि को यानि हर मंगलवार को गौमाता को गुड खिलायें और गुड़ खिलते समय पढ़ा करें :– **"न केवलानां पयसां प्रसूतं अवेहि मां काम दुषाम् प्रसन्नाम्"** यह मन्त्र महाकवि कालिदास का है जिसका अर्थ है जो गौमाता की सेवा करता है उसकी सभी कामनायें पूरी होती हैं यह भारतीय संस्कृति है । **धन :** कारोबार के लिये ग्रह अनुकूल हैं जबकि तीसरे भाव मकर का शनि और राहु ठहरा है, आप कारोबारी दृष्टि से जिस पेशे के होंगे, आप कपड़े का काम करते हैं या किरयाने का, आप खाद्य पदार्थों का काम करते हैं या दवाईयों का, आप किताबों का काम करते हैं या स्टेशनरी का, आप लोहे मशीनरी, कारखानों, फैक्ट्री, ट्रांसपोर्ट आदि जिस किसी भी लाईन से सम्बन्धित हैं सामूहिक रूप से यह मास हर पेशावर के लिये लाभदायक है । **फल :** फलों के व्यापारियों के लिये यह मास संघर्ष तथा दौड़धूप का ही होगा, काम को सम्भालने अथवा देखभाल करने के प्रोग्राम बनाते बनाते ही यह मास व्यतीत होगा कोई भी काम सिरे नही चढ़ेगा । **ठेकेदार वर्ग :** यह मास वृश्चिक राशि वाले ठेकेदारों के लिये उत्तम लाभ का ही होगा, आप बड़े दर्जे के ठेकेदार हैं या छोटे दर्जे के अपने अपने दर्जे के अनुसार आप अपने काम में व्यस्त रहेंगी, आप के पास पहले के भी कई काम अधूरे पड़े होंगे तो उन कामों में भी तेज़ी आयेगी और नये काम भी हाथ में आयेंगे । **नौकरी :** दफतर का वातावरण आपके लिये अनुकूल ही रहेगा, आदर मान तथा लाभ की दृष्टि से यह मास उत्तम रहेगा आपको हर आरम्भ किये हुये काम में



सफलता होगी **विद्यार्थी** : आप दिन रात पठन-पाठन में लगे रहिये तथा ग्रहों से लाभ उठाइये आपको विद्या सम्बन्धित हर काम में सफलता मिलेगी **गृहस्थ** : घरेलू वातावरण में यथावत् चलता रहेगा, घर कोई भाग्यशाली बच्चा जन्म लेने वाला है अथवा कोई शुभ सन्देश मिलेगा, यह भी सम्भव है आप इस मास में कोई जाईदाद खरीदने का प्रोग्राम बनायेंगे, दोनों सूरतों में आप लाभ में ही रहेंगे ।

शुभ अशुभ दिनों की सूची : 1, 2 फजूल खर्च, आदर में कमी, 3, 4, 5 सुख तथा लाभ, 6, 7 मानसिक अशान्ति, हानि,, 8, 9 लाभ तथा शत्रुओं पर विजय, 10 से 14 तक भाई-बन्धुओं से अनबन, घरेलू परेशानी, 15 से 18 तक कार्य सिद्धि, आदर में वृद्धि, 19 से 23 तक शरीर कष्ट, घरेलू परेशानी, 24 से 27 तक सफलता, शरीरिक सुधार, 28, 29 फजूल खर्च, मानसिक अशान्ति, 30 सुख शान्ति, लाभ ।

मई

इस मास के आरम्भ के ग्रह चक्र के ग्रहों पर विचार करने से मालूम होता है प्रायः सभी ग्रह अच्छी स्थिति में हैं जबकि आठवाँ भौम तथा केतु पाँचवाँ बुध सातवाँ शुक्र तथा दूसरे भाव का राहु, ये सभी ग्रह अशुभ स्थिति में होते हुये भी वेध में होने से शुभ फलदायक हैं, इस शुभ योग के आधार से यह मास हर पहलू से आपके लिये लाभदायक है । **शरीर** : सामूहिक रूप से इस मास में आठवाँ भौम होने पर भी आप का शरीर स्वस्थ ही रहेगा, गृहस्थी होने पर आपकी धर्मपत्नी को सर्वसाधारण रूप से शारीरिक तकलीफ होगा **कारोबार** : आप कपड़े के व्यापारी हैं या किरयाना के आपके काम में कुछ ढीलापन आयेगा जो चन्द दिनों तक ही रहेगा, खाद्य पदार्थों से सम्बन्धित वृश्चिक राशिवालों का काम यथावत् चलता रहेगा, आपके लिये आवश्यक है आप हाथों

हाथ माल खरीदें और बेचें, संचित न करें, संचित करने पर परेशानी के अतिरिक्त आप को घाटा भी हो सकता है, दवाईयों का काम आप थोक करते हैं या परचून काम का इतना ज़ोर रहेगा, आपको एक क्षण भी बैठने का अवसर नहीं मिलेगा, लाभ भी अनुकूल मिलेगा, किताबों, स्टेशनरी, आदि से सम्बन्धित कारोबारी वर्ग के लिये यद्यपि यह मास लाभदायक है भी परन्तु आपको किसी विश्वास पात्र से ही धोखा लगने का अन्देशा है अथवा चोरी होगी, कोई न कोई उलझन ज़रूर आयेगी जो कि आपके कारोबार को पछाड़ देगी, लोहे-मशीनरी, कारखानों, फैक्ट्री, इण्डस्ट्रीज़, ट्रांसपोर्ट आदि से सम्बन्धित कारोबारी वर्ग के लिये यह मास महत्वपूर्ण स्थान रखता है, इस मास के ग्रह आपके कारोबार को बढ़ावा देने में सहायक रहेंगे केवल आप के काम में दिलचस्पी लेने की आवश्यकता है । **फल :** ग्रह आपके पक्ष में हैं, आप माल बागात आदि बेचने की स्कीम बनायें या खरीदने की, दोनों सूरतों में आप लाभ में ही रहेंगे । **ठेकेदार वर्ग :** आपका काम अगर जंगलात से सम्बन्धित है या तामीरी काम सड़कों पुलों आदि से तो आप इस मास के ग्रहों से लाभ उठायें, आपको चालू काम में भी अवश्य लाभ होगा और कोई नया विशाल काम आपके हाथ में ही आने वाला है, आप बड़े से बड़े काम में कूदने से घबराइये मत, आपने सफल रहना है, सप्लाई का काम करने वाले ठेकेदार वर्ग का काम डगमगाता ही नज़र आयेगा परन्तु तो भी किसी प्रकार के घाटे का योग नही है । **नौकरी :** यदि आप अफसर की पदवी पर हैं तो यह मास शान्त रूप में ही गुज़ारना होगा, तरक्की तबदीली की कोई आशा न रखें । **विद्यार्थी :** आप पढ़ाई में रुचि लीजिये, यह मास आपको विद्या सम्बन्धित हर काम सफलता का होगा । **गृहस्थ :** घर का वातावरण बनता बिगड़ता रहेगा, घरेलू कोई समस्या इस मास में हल नही होगी, यदि कोई जाईदाद बनाने खरीदने का इरादा



है तो उस ओर ध्यान दीजिये उ. में सफलता मिलेगी । **महिलावर्ग** : पुरुषों की अपेक्षा आप शरीर के विषय में सावधान रहिये, खान पान में कंट्रोल रखिये ।

शुभ अशुभ दिनों की सूची : 1, 2 सुख व शान्ति, आदर में वृद्धि, 3, 4 परेशानी समय का नाश, 5, 6, 7 कार्य सिद्धि, 8 से 11 तक शरीर कष्ट परेशानी, 12 से 15 तक सफलता, आदर, 16 से 20 तक दौड़धूप लड़ाई झगड़े, 21 से 24 तक आदर में वृद्धि व सफलता, 25, 26, 27 हानि तथा अशान्ति, 28, 29 शारीरिक सुधार, मित्रों, भाई बन्धुओं से मेल व मिलाप, 30, 31 परेशानी तथा हानि ।

जून

वेध अष्टकवर्ग शत्रुमित्र आदि गोचर फलित के सिद्धान्तों के अनुसार इस मास के आरम्भ पर अशुभ ग्रहों का वज़न एक जैसा है जिस के प्रभाव से यह मास आपने डाँवाडोल स्थिति में ही गुज़ारना होगा । **शरीर** : आपका शरीर बिल्कुल स्वस्थ होगा परन्तु गाहे अकस्मात अस्वस्थ रहेगा परन्तु किसी खतरनाक शरीर-कष्ट का योग नही है । **कारोबार** : कपड़े के वह व्यापारी जो रेशमी अथवा सिल्क का काम करते हैं अधिक लाभ में रहेंगें, किरयाना के व्यापारियों को रात दिन काम में जुटे रहने पर मनोवांछित लाभ मिलेगा नहीं, खाद्य पदार्थों के वह व्यापारी जो माल स्टाक रखते हैं थोक काम करते हैं आशा से अधिक लाभ में रहेंगें परन्तु निचले दर्जे के परचून व्यापारी वर्ग को काम की कमी के कारण कोई विशेष लाभ होगा नहीं, दवाईयों का थोक या परचून काम करने वालों का काम यथाक्रम चलता रहेगा और लाभ भी यथावत चलता रहेगा, लोहे, मशीनरी, कारखानों, फैक्ट्री, इण्डस्ट्रीज़ तथा ट्रान्सपोर्ट से सम्बन्धित वृश्चिक राशि वालों के लिये ग्रह अनुकूल हैं, आप काम को बढ़वा देने में अधिक रुचि लीजिये ।

फल : आपके काम में नया ज्ञान आयेगा, आप अगर अपने कारोबार को नये सिरे से आरम्भ करना चाहें तो धीरज से खुले दिल से कारोबार में पूँजी लगायें, आप की लगाई पूँजी आपको सफल बनाने में सहायक रहेगी यह भी सम्भव है कि हाथ से गई हुई कोई रकम स्वयं बिना प्रयत्न के आप को फिर से मिलेगी । **ठेकेदार वर्ग** : यदि आप 'ए' क्लास के ठेकेदार हैं आप काम में तन मन से लगे रहिये ग्रह आपके पक्ष में हैं, यदि आप जंगलात का काम करते हैं तो यह महीना लाभ की दृष्टि से उत्तम है, जो ठेकेदार वर्ग तामीरी कामों, पुलों सड़कोंआदि से सम्बन्धित हैं धन की कमी के कारण उन का काम कुछ ढ़ीला पड़ेगा जिस कारण वह परेशान रहेंगे । **नौकरी** : तरक्की की कोई आशा न होने पर भी अकस्मात तरक्की का कोई योग है अथवा कोई शुभ सन्देश मिलेगा, यदि आपने कोई डिपार्टमेन्टल परीक्षा देनी है तो इस मास से ही परीक्षा देने की तैयारी में लगे रहें तो आप निश्चय रखिये आप अवश्य सफल रहेंगे सम्बन्धित अफसरो से मेल जोल में वृद्धि होगी । **विद्यार्थी** : आप पढ़ाई में डट कर लगे रहें परीक्षा इन्टरव्यू आदि देने के लिये कोशिश करते रहें, आप निश्चय रखिये आपकी मनोकामना पूरी होगी **गृहस्थ** : आप का घरेलू वातावरण अशान्त रहेगा, घर के सदस्यों का आपसी टकराव अथवा तकरार आपके लिये परेशानी का कारण बनेगा, घरेलू कोई भी समस्या बड़ी हो या छोटी हल होने की आशा न रखें । **महिलावर्ग** : पुरुषों की अपेक्षा आपको धार्मिक कामों से अधिक लगाव रहेगा ।

शुभ अशुभ दिनों की सूची : 1, मानसिक अशान्ति व अनादर, 2, 3 आदर तथा लाभ, 4 से 8 तक भाई-बन्धुओं से टकराव तथ असफलता, 9 से 12 तक भाग्योदय तथा सुख व शान्ति, 13 से 16 तक शरीर कष्ट व फजूल खर्च, 17 से 20 तक आदर में वृद्धि, घरेलू शान्ति, 21



से 23 फजूल खर्ची व परेशानी, 24 से 25 तक लाभ तथा कार्य-सिद्धि, 26, 27, 28 असफलता व समय व्यर्थ होना, 29, 30 मानसिक शान्ति और आदर में वृद्धि ।

जुलाई

राशिफल लिखते समय विशेषतया सूर्य चन्द्रमा को ध्यान में रखना पड़ता है जबकि सूर्य आत्मा माना गया है और चन्द्रमा मन, बृहस्पति बुद्धि का कण्ट्रोल करने वाला ग्रह माना गया है, ऐसे ही आर्थिक स्थिति को बनाने बिगाड़ने वाला ग्रह विशेष कर शनि देवता होता है, यह सभी ग्रह इस मास में आपके अनुकूल हैं, सूर्य यद्यपि आठवाँ है वह भी वेध में है इस शुभ योग के आधार से यह मास सुख व शान्ति के दौर में ही आपने गुज़ारना होगा **शरीर** : आपका शरीर स्वस्थ रहेगा, यदि आपका शरीर पहले से ही अस्वस्थ चल रहा है तो भी यह बात निश्चित है कि आपके शरीर में आश्चर्यजनक सुधार होगा, अगर घर में भी कोई शरीर सम्बन्धी परेशानी हो वह भी दूर हो जायेगी । **धन** : यह मास यद्यपि अधिक कमाई का नही है परन्तु इस मास में कारोबार की दशा को सम्भालने की ओर आप के अधिक दिलचस्पी रहेगी, कपड़े के व्यापारी वर्ग को यद्यपि काम में दिलचस्पी कम भी रहेगी परन्तु तो भी आपका काम यथावत चलता रहेगा ऐसे ही किरयाना के व्यापारियों का काम भी सर्वसाधारण रूप से चलता रहेगा, खाद्य-पदार्थों का काम सन्तोषजनक रूप में तेज़ गति से चलेगा, दवाइयों के काम में कोई तेज़ी आयेगी नहीं अपितु प्रायः हर काम में कोई न कोई बाधा आने की सम्भावना है जिससे आपके काम में ढीलापन आयेगा, किताबों स्टेशनरी का काम यथाक्रम बिना किसी रुकावट के शान्त रूप में चलता रहेगा, लोहे, मशीनरी, कारखाना, इण्डस्ट्रीज़, फैक्ट्री, ट्रान्सपोर्ट आदि से सम्बन्धित काम करने वाले काम में व्यस्त रहेंगे जबकि उनका काम बिना किसी बाधा के इच्छानुसार चलता रहेगा **फल** : आप इस मास

में कारोबार सम्बन्धित योजनायें बनाते बिगाड़ते रहेंगें, मानो कि यह मास प्रोग्राम बनाते बनाते ही गुज़रेगा, कोई भी काम कार्य रूप में परिणत नही हो जायेगा **ठेकेदार वर्ग** : आप का काम सन्तोषजनक रूप में चलता रहेगा, कोई नया काम मिलने का भी योग है विशेष कर अगर आप माल सप्लाई करते हैं तो आपको आशा से अधिक लाभ मिलेगा । **नौकरी** : दफ्तर का माहौल आपके अनुकूल रहेगा, अच्छे प्रतिष्ठित लोगों से मिलने जुलने का अवसर मिलेगा यात्रा का कोई प्रोग्राम बनेगा जो आपके लिये लाभदायक रहेगा, सम्बन्धित कार्यकर्ताओं से अन्दरूनी तनाव बना रहेगा । **विद्यार्थी** : पठन पाठन में कम प्रवृत्ति रहेगी, यार दोस्तों से मिलने जुलने की अधिक व्यस्तता रहेगी, इस मास में परीक्षा अथवा इन्टरव्यू आदि का कोई प्रोग्राम होगा नही यदि होगा भी तो इस मास में सफलता की आशा न रखें । **गृहस्थ** : घरेलू वातावरण शान्त ही रहेगा, आमदनी में कोई वृद्धि न होने पर भी खर्च की भरमार होगी, फ़जूल खर्च के नये नये रास्ते निकल आयेंगे, घर की कोई भी समस्या चाहे वह लड़के की हो या लड़की की हो अथवा जाईदाद की हल होने की आशा न रखें ।



शुभ अशुभ दिनों की सूची : 1 से 5 तक मानसिक अशान्ति, घरेलू परेशानी, 6 से 9 तक सुख व शान्ति तथा सफलता, 10 से 14 तक चोट लगने की सम्भावना, हानि का ख़तरा, 15 से 18 तक हर कार्य में सिद्धि तथा आदर में वृद्धि, 19, 20 दौड़धूप और मानसिक अशान्ति, 21, 22 सुख शान्ति तथा आदर में वृद्धि, 23, 24, 25 हर काम में रुकावट और शरीर कष्ट, 26, 27 कार्य सिद्धि तथा शुभ सन्देश मिले, 28 से 31 तक असफलता और धन की कमी ।

अगस्त

इस मास के आरम्भ पर क्रूर ग्रहों का पलड़ा भारी है और शुभ ग्रहों का पलड़ा हल्का है अतः यह महीना आपने संघर्ष तथा दौड़धूप में ही गुज़ारना होगा **शरीर** : पहला घर शरीर का होता है, भौम आप के शरीर को पूर्ण दृष्टि से देख रहा है अतः शरीर के विषय में सावधान रहना आवश्यक है तथा अकस्मात् शरीर बिगड़ने अथवा चोट लगने का अन्देशा है, यदि आपको माता पिता की छाया होने का सौभाग्य है तो उनके शरीर के विषय में सावधानी रखें, उनके शरीर बिगड़ने की सम्भावना है । **कारोबार** : कारोबार से सम्बन्धित ग्रह आपके अनुकूल हैं, आप जिस किसी कारोबारी लाईन से सम्बन्धित हैं ग्रह आप के अनुकूल हैं आप जिस किसी कारोबारी लाईन से सम्बन्धित हैं उसमें सफलता ही होगी, कपड़ा तथा किरयाने का व्यापारी वर्ग अपने काम में लगे रहेंगे, दवाईयों का काम करने वालों के काम में तेज़ी आयेगी जिस कारण आप के रात दिन काम में जुटा रहना पड़ेगा, आप के काम को भी बढ़ावा मिलेगा किताबों व स्टेशनरी वालों को इस मास में काम का कोई जोश व खरोश नहीं होगा लगभग हाथ पर हाथ धर कर ही समय व्यतीत करना होगा । लोहा, मशीनरी, कारखानों, इण्डस्ट्रीज़, फैक्टरी तथा ट्रांसपोर्ट का काम सफल रूप में चलेगा आपके माल की मार्किट में इतनी मांग होगी जिस से आपको अपना काम सम्भालना कठिन होगा, यह मास कमाई की दृष्टि से रिकार्ड होगा । **फल** : आप माल बेचने का प्रोग्राम बनायें या खरीदने का आप की कारोबार सम्बन्धित हर एक योजना सफल रहेगी, यदि आप स्वयं बागात के मालिक हैं और आप बागात बेचने का प्रोग्राम बना रहे हैं अगर हो सके तो इस मास में बेचने का प्रोग्राम न बनायें इस मास में आप अधिक लाभ में रहेंगे । **ठेकेदार वर्ग** : यह मास आपने दौड़धूप तथा संघर्ष में ही गुज़ारना होगा काम का अधिक फैलाव न कीजिये बल्कि हाथ में जो कोई भी काम है उस में अधिक दिलचस्पी लीजिये, ऐसा करना ही आपके लिये लाभदायक रहेगा **नौकरी** : दफतर का माहोल आप के पक्ष में होगा अथवा कोई लाभ

मिलने की सम्भावना है । **विद्यार्थी** : इस मास में 14 अगस्त तक बृहस्पति कर्क राशि में खड़ा है परन्तु यह मास पूर्ण रूप से बृहस्पति से प्रभावित रहेगा विद्यार्थियों को चाहिये इस मास से खूब लाभ उठायें तथा एक क्षण भी व्यर्थ न गंवायें, इस मास का पढ़ा हुआ पाठ आपकी पढ़ाई के लिये नींव बनेगा । **गृहस्थ** : घरेलू वातावरण शान्त रहेगा, घर में कोई बच्चा जन्म लेने वाला है अथवा कोई शुभ सन्देश मिले तथा खर्च की अधिकता रहेगी परन्तु खर्च शुभ कामों पर ही होगा **महिलावर्ग** : यदि आप नौकरी करते हैं तो अकस्मात् तरक्की अथवा कोई लाभ मिलेगा ।



शुभ अशुभ दिनों की सूची : 1, अशान्ति तथा असफलता, 2 से 6 तक सफलता तथा लाभ, 7 से 10 तक परेशानी और आमदनी में कमी, 11 से 14 तक हर काम में सफलता तथा आदर में वृद्धि, 15, 16, 17 फजूल खर्च तथा लाभ में रुकावट, 18, 19 सुख व शान्ति तथा कार्य में सिद्धि, 20, 21, 22हर काम में रुकावट और मानसिक अशान्ति, 23, 24 सुख लाभ, 25 से 29 तक हर काम में रुकावट और परेशानी, 30, 31 कार्य सिद्धि और लाभ ।

सितम्बर

अगस्त मास में बृहस्पति राशि बदल चुका है आप को दसवाँ बृहस्पति आया है जो लगभग 13 महीने इस राशि में रहेगा, दसवाँ बृहस्पति गोचर से अशुभ माना जाता है जैसा कि गोचर शास्त्रों में दर्ज़ है :- अन्न धन की हानि होती है, अनादर होता है, मानसिक अशान्ति रहती है, दसवाँ शुक्र भी अशुभ माना गया है परन्तु बृहस्पति वेध में होने से कुछ शुभ है शेष ग्रहों की स्थिति

भी वेध में होने से अच्छी है – इस मिले जुले शुभ अशुभ योग के आधार से यह मास संघर्ष तथा दौड़धूप में ही गुज़रेगा ।

शरीर : आप शरीर से बिल्कुल स्वस्थ रहेंगे, घर में भी अगर किसी सदस्य की शरीर सम्बन्धित चिन्ता है वह भी दूर हो जायेगी

धन : कारोबार सम्बन्धित हर पेशे वाले को रात दिन काम में जुटा रहना पड़ेगा जबकि हर आरम्भ किये हुये काम में उलझने तथा रुकावटें आती रहेंगी, कपड़ा, किरयाना, खाद्य पदार्थ, दवाईयों, किताबों, स्टेशनरी आदि से सम्बन्धित सभी वृश्चिक राशि वाले अधिक से अधिक दौड़धूप में लगे रहेंगें परन्तु प्रयत्न करने पर इच्छानुसार लाभ मिलने की आशा न रखें, लोहा, मशीनरी, कारखानों, इण्डस्ट्रीज, फैक्टरी, ट्रांसपोर्ट के काम से सम्बन्धित वृश्चिक राशि वालों के कारोबार को सफल बनाने में ग्रह अनुकूल है आप तन-मन व धन से काम में लगे रहें, आप का काम तेज़ी से आगे बढेगा और लाभ भी अनुकूल मिलेगा, लाभ के साथ आप कारोबार को बढ़वा देने की नई नई स्कीमें भी बनायेंगे ।



फल : फलों के व्यापारियों के लिये यह मास विशेष सफलता का है आप काम में लगे रहिये, आप फलों से सम्बन्धित जो कोई भी योजना बनायेंगे वह सफल रहेगी, आप खुले दिल से काम में धन लगायें, किसी प्रकार से कोई हानि की सम्भावना नही है । **ठेकेदार वर्ग** : यदि आप जंगलात का काम करते हैं तो रुकावटें आने पर भी अन्त में आप सफल रहेंगे, यदि आप तामीरी काम से सम्बन्धित हैं तो आपका काम यथावत् चलता रहेगा तथा यदि आप माल आदि सप्लाई करते हैं तो आप काम में दिलचस्पी लीजिये आपको आशा से अधिक लाभ होगा

नौकरी : यह मास संघर्ष तथा परेशानियों के वातावरण में ही गुज़रेगा, दफ्तर का माहौल भी आपके उलट ही रहेगा तथा शत्रुओं का ज़ोर रहेगा । **विद्यार्थी** : आपको विद्या सम्बन्धित हर काम में सफलता निश्चित है आप पढ़ाई में लगे रहिये आपने परीक्षा

अथवा कोई इन्टरव्यू देना हो तो आपने अवश्य सफल होना है इस मास में पढ़ा हुआ पाठ आपकी आने वाली परीक्षा में सफल होने में सहायक रहेगा । **गृहस्थ :** आपका घरेलू वातावरण रंग बदलता रहेगा गाहे शान्त और गाहे अशान्त परन्तु ऐसा होने पर भी घर में कोई महोत्सव रचाने का प्रोग्राम बनेगा यह भी सम्भव है कि आपने कोई जाईदाद, मकान आदि बनाना या खरीदना होगा । **महिलावर्ग :** घरेलू वातावरण आपको पुरुषों की अपेक्षा अधिक अशान्त रखेगा, **उपाय :** के रूप में प्रातः इन्द्राक्षी का पाठ किया करें और हर मंगलवार को तहर बनाकर पक्षियों को डाला करें ।

शुभ अशुभ दिनों की सूची : 1, 2 लाभ व सफलता, 3 से 6 तक काम में रुकावट व अशान्ति, 7 से 11 तक सफलता आदर में वृद्धि, 12, 13 फजूल खर्च झगड़े, 14, 15 सुख व शान्ति तथा लाभ, 16, 17 परेशानी व सफलता, 18, 19, 20 कार्यसिद्धि तथा आदर में वृद्धि ।

अक्टूबर

इस मास में आरम्भ पर ग्रहों की स्थिति अनुकूल है केवल चन्द्रमा और केतु का एक साथ आठवें भाव में होना मानसिक अशान्ति को जितलाता है । **शरीर :** आप का शरीर स्वस्थ रहेगा, यदि घर में भी कोई शरीर सम्बन्धित चिन्ता है वह भी दूर होगी । **कारोबार :** आपका कारोबार वह किसी भी लाईन से सम्बन्धित हो सफल रूप में चलता रहेगा, कपड़े का व्यापारी वर्ग थोक काम करता है या परचून काम में जितनी दिलचस्पी लेगा उतना ही सफल रहेगा किरयाना के व्यापारी वर्ग को रात दिन काम में जुटा रहना पड़ेगा जबकि उनके पास काम की बहुतात होगी, किताबों और स्टेशनरी के काम करने वाले भी इस मास में अच्छे लाभ में रहेंगे, लोहा, स्टेशनरी, इण्डस्ट्रीज़, कारखानों, से सम्बन्धित व्यापारियों के माल की इतनी मांग होगी, रात दिन काम में

लगे रहने पर भी पूरी नही कर सकेंगी, यह मास आपके लिये विशेष लाभ का है **फल** : आप केवल योजनायें ही न बनायें बल्कि कमर बांध कर काम में जुट जायें, आपका काम खरीद का है या फरोख़्त का आप फलों का काम करते हैं या बाग़ात का आप काम में लगे रहिये आपको कारोबार सम्बन्धित हर काम में सफलता होगी । **ठेकेदार वर्ग** : यदि आप जंगलात का काम करते हैं तो आप अचानक कारोबार सम्बन्धित किसी उलझन में उलझ जावोगे जिस से आपके कारोबार को ज़बरदस्त धक्का लगेगा, यदि आप तामीरी काम यानि मकानों, सड़कों आदि का काम करते हैं तो आप के हर काम में रुकावटें पड़ने की सम्भावना है, अगर आप सप्लाई का काम करते हैं तो माल की कमी के कारण आपके काम में भी रुकावट पड़ेगी, यह मास ठेकेदार वर्ग के लिये परेशानी का होगा **नौकरी** : इस मास में ग्रह आपके पक्ष में नही है शत्रुओं का ज़ोर रहेगा आपके अपने दफतर सम्बन्धित कार्यकर्त्ता आपके विरुद्ध योजनायें बनाने में लगे रहेंगे, आपकी लापरवाई से वह बहुत हद तक सफल भी होंगे, सम्भव है आपके दफतर में कुछ तबदीली आयेगी और वह तबदीली भी आपके इच्छानुसार नही होगी **विद्यार्थी** : अगर आप किसी ट्रेनिंग आदि के लिये कोशिश करते हैं अथवा बड़े क्लास के विद्यार्थी हैं आपका विद्या सम्बन्धित हर एक प्रोग्राम सफल रहेगा, यदि आप घर से बाहर देश विदेश में पढ़ाई के सम्बन्ध में जाने इरादा रखते हैं आप ऐसे प्रोग्राम के लिये कोशिश कीजिये, ऐसे कार्य की सफलता में इस मास के ग्रह आपकी मदद करेंगें **गृहस्थ** : आपकी कोई देर से चली आ रही घरेलू समस्या हल होगी, घर में कोई महान् उत्सव रचाने का प्रोग्राम बनेगा जो प्रोग्राम सफलतापूर्वक सम्पूर्ण होगा **महिलावर्ग** : आप रिश्तेदारों से मिलने जुलने में व्यस्त रहेंगी ।



शुभ अशुभ दिनों की सूची : 1, शरीर कष्ट और असफलता, 2, 3, 4 अशान्ति तथा फजूल खर्च, 5 से 8 तक हर आरम्भ

किये हुये काम में सफलता तथा आदर में वृद्धि, 9, 10 निरर्थ खर्च, हानि, 11 से 13 तक लाभ, कार्य सिद्धि, 14, 15 काम में रुकावट और धन की कमी, 16, 17 भाई बन्धुओं से मिलना जुलना और आदर में वृद्धि, 19 से 22 तक हर काम में रूकावट तथा मानसिक अशान्ति, 23 से 27 तक कार्य सिद्धि और लाभ, 28 से 31 तक हर काम में विघ्न तथा शत्रुओं का ज़ोर रहेगा ।

नवम्बर

मास के आरम्भ के ग्रह स्थिति कुछ अच्छी नही है, वेध अष्टकवर्ग दृष्टि शत्रु मित्र आदि के गोचर सिद्धान्तों से ग्रहों पर विचार करने से विदित होता है कि आपने यह मास दौड़धूप तथा संघर्ष में ही गुज़ारना होगा **शरीर** : आपके शरीर की दशा डांवाडोल रहेगी, गाहे एक अंग में तकलीफ और गाहे दूसरे अंग में, हर समय दिनों दिन शरीर सम्बन्धित थोड़ी बहुत परेशानी बनी रहेगी, **उपाय** : के रूप में 5, 12, 19, 26 यानि हर मंगलवार को तहर बनाकर बालकों को खिलयें, तहर में तेल न डालें अपितु असली घी डालें । **धन** : दसवें भाव में चन्द्रमा तथा सातवें घर का स्वामी शुक्र 11 वें भाव में होना आपकी सफलता का संकेत है, आप कपड़े का काम करते हैं या किरयाने का आप खाद्य पदार्थों के थोक व्यापारी हैं या परचून के आप दुकान का धन्धा करते हैं या स्टेशनरी का, हर पेशा के **कारोबारी वर्ग** : के लिये यह मास विशेष सफलता का है, लोहे, मशीनरी, कारखानों, इण्डस्ट्रीज़, फैक्टरी आदि से सम्बन्धित वृश्चिक राशि वाले रात दिन काम में लगे रहेंगी और लाभ भी यथेष्ठ मिलेगा



फल : आपकी हर आरम्भ की हुयी योजना में रुकावटें पड़ने के कारण जिस जोश और उत्साह से काम में जुट जाओगे उस में ढील पड़ेगी, यह मास कोई लाभ का मास नहीं है बल्कि अशान्ति के वातावरण में ही गुज़रेगा **ठेकेदार वर्ग** : पहले के चालू किये हुये काम में ढीलापन आयेगा अथवा वह काम लटकता ही रहेगा, नया काम भी आपको मिलेगा परन्तु कोई काम पूर्ण रूप में सिद्ध नहीं होगा, यदि आप माल सप्लाई का काम करते हैं तो इस मास में आप कामयाब रहेंगे ओर लाभ भी अनुकूल होगा। **नौकरी** : यह मास आपने शान्त वातावरण में ही गुज़ारना होगा, दफतर में शत्रुओं का ज़ोर रहेगा, सम्बन्धित कार्यकर्त्ताओं से भी अन्दरूनी टकराव बना रहेगा किसी भी प्रकार की तबदीली अथवा लाभ की आशा न रखें अपितु अपनी नौकरी को ही आप सम्भालें रखें । **विद्यार्थी** : इस मास की ग्रहचाल आपके पक्ष में है। आपने यदि कोई इन्टरव्यू या परीक्षा देनी हो अथवा कोई परिणाम निकलने वाला हो अवश्य सफलता मिलेगी यदि आपको घर से बाहर कहीं देश विदेश में पढ़ाई के विषय में जाने का विचार है, इस मास में सम्बन्धित इदारा (यानि उस से सम्बन्धित कार्यालय) से पत्र-व्यवहार आरम्भ करें ऐसे काम में सफलता अवश्य मिलेगी **गृहस्थ** : खर्च की बहुतात होगी, घर में खाने खिलने के प्रोग्राम बनते रहेंगे पार्टियां देना अथवा पार्टियों में विशेष रूप से व्यस्त रहोगे, घर में सामग्री खरीदने अथवा कोई वाहन आदि खरीदने में धन की मज़बूत राशि खर्च करने का योग है । **महिलावर्ग** : आपको मातृ पक्ष अथवा पितृपक्ष से अचानक चिन्ता का योग बनेगा, शरीर के विषय में भी आप सावधान रहें ।

शुभ अशुभ दिनों की सूची : 1 से 5 तक सफलता तथा लाभ, 6, 7 फजूल खर्च, हानि की सम्भावना, 8, 9 लाभ तथा सफलता, 10, 12 हानि और काम में रुकावट, 13, 14 सुख शान्ति तथा लाभ 15 से 19 तक अशान्ति तथा दौड़धूप,, 20 से 23 तक

बिगड़े काम में सुधार, उलझनों का हल, 24 से 27 हर काम में रुकावट तथा घरेलू परेशानी, 28, 29, 30 सफलता तथा समाज में आदर मिले ।

दिसम्बर

गोचर चक्र के पहले भाव में सूर्य, भौम और बुध का होना अशुभ फलदायक है परन्तु ये तीनों ग्रह वेष में गये हैं, इस मास में दसवां बृहस्पति दूसरे भाव का राहु और आठवें भाव का केतु, ये तीन ग्रह अशुभ स्थिति में हैं शेष छः ग्रह शुभ फलदायक हैं इस मिले जुले योग के आधार से यह मास आपने शान्त वातावरण में ही गुज़ारना होगा **शरीर** : आपका शरीर स्वस्थ रहेगा, गृहस्थी होने पर यदि आपको परिवार में भी किसी सदस्य की शरीर सम्बन्धित कोई चिन्ता है वह भी बहुत हद तक दूर होगी । **धन** : कारोबारी वर्ग के लिये सामूहिक रूप से इस मास के ग्रह अनुकूल हैं आप जिस कारोबारी लाईन से सम्बन्धित होंगे आपको आशा से अधिक लाभ होगा, आप अगर कपड़े या किरयाना का काम करते हैं आप काम में जुटे रहें और ग्रहों से लाभ उठायें, खाद्य पदार्थों के व्यापारियों के लिये यह मास आम्दनी की दृष्टि से विशेष स्यान रखेगा, आपको इस मास में केवल कारोबार में लाभ ही नही होगा आपके कारोबार को भी विशाल रूप मिलेगा, दवाईयों का काम करने वालों का काम यथावत् शान्त रूप में चलता रहेगा, दवाईयों के थोक व्यापारी विशेषतः अधिक लाभ में रहेंगे, किताबों स्टेशनरी से सम्बन्धित वृश्चिक राशि वाले थोक काम करते हैं या परचून आपके कारोबार को सफल बनाने के लिये ग्रह अनुकूल हैं आप इस शुभ ग्रह योग से लाभ उठायें, ऐसा योग बार-2 मिलेगा नहीं, लोहे, मशीनरी, कारखानों, इण्डस्ट्रीज़, फैक्टरी आदि से सम्बन्ध रखने वाले वृश्चिक राशिवालों के माल की इतनी मांग रहेगी कि आपको रात दिन काम में जुटा रहना पड़ेगा । **फल** : आपको इस मास में लाभ

का कोई योग नहीं है, पुरानी रुकी हुई रकम हाथ में लाने के लिये आपकी दौड़धूप जारी रहेगी, बहुत हद तक आपकी यह कामना पूरी होगी, कारोबार सम्बन्धित आप की कोई योजना इस मास में पूरी नहीं होगी । **ठेकेदार वर्ग :** आपका काम तेज़ी से चलेगा चाहे आप जंगलात का काम करते हैं अथवा तामीरी काम से सम्बन्धित है परन्तु अगर आप का सम्बन्ध माल की सप्लाई से है आपके काम में अचानक रुकावट पड़ेगी तथा यह मास अधिक दौड़धूप में गुज़रेगा **नौकरी :** यह मास आपके लिये अशान्ति का ही होगा आपके दफ्तर का माहोल आपके उलट होगा, शत्रुओं का ज़ोर रहेगा, आप पर कोई आरोप लगाने की कोशिश की जायेगी, यदि आप में घूस (रिश्वत) लेने की कमज़ोरी है इस पाप से बचें आप रंगे हाथ पकड़े जावोगे । **विद्यार्थी :** पठन-पाठन की इच्छा होते हुये भी पढ़ाई का अवसर मिलेगा नही जबकि आप दूसरे कामों में फंसे रहोगा । **गृहस्थ :** घरेलू वातावरण शान्त रहेगा, जाईदाद, मकान, ज़मीन आदि खरीदने अथवा बनाने की योजना बनेगी और उस को अमली रूप भी जल्दी ही मिलेगा **महिलावर्ग :** महीनाभर कोई गुप्त चिन्ता बनी रहेगी



उपाय : है आप नित्य 'इन्द्राक्षी' के तीन तीन पाठ किया करें ।

शुभ अशुभ दिनों की सूची : 1, 2 लाभ तथा मानसिक शान्ति, 3, 4 फजूल खर्च व हानि, 5, 6 कार्य सिद्धि तथा आदर में वृद्धि, 7, 8 काम में विघ्न तथा अचानक झगड़े, 9 से 11 तक हर काम में सफलता और गृहस्थ सुख, 12 से 16 तक काम में रुकावट तथा हानि, 17 से 20 तक बिगड़े हुये काम में सुधार तथा अकस्मात लाभ प्रप्ति, 21 से 24 तक असफलता और परेशानी, 25 से 29 तक सफलता और सुख व शान्ति, 30, 31 असफलता और मानसिक अशान्ति ।

जनवरी

वेध अष्टक वर्ग आदि गोचर सिद्धान्तों के आधार से ग्रहों पर विचार करने से मालूम होता है, यह मास सुख व शान्ति के माहोल में ही गुज़ारना होगा । **शरीर** : आपका शरीर प्रायः स्वस्थ रहेगा घर में भी अगर कोई शरीर सम्बन्धित परेशानी है उसका भी अन्त होगा, वस्तुतः इस मास में शरीर सम्बन्धित कोई परेशानी नही होगी **धन** : आप जिस कारोबारी लाईन से सम्बन्धित हैं संघर्ष और दौड़धूप करने पर ही सफलता की आशा रखें, कपड़े का व्यापारी वर्ग थोक काम करते हैं या परचून दोनों सूरतों में लाभ में रहेंगे, किरयाना का काम करने वालों को काम की इतनी बहुतात होगी आप रात दिन काम में लगे रहने पर भी काम को सम्भाल न सकेंगे, कारोबार को बढ़ावा देने की ओर भी आपका ध्यान लगा रहेगा जिस कारण कारोबार में धन की विशेष राशि खर्च करने की ओर अधिक प्रवृत्ति बनी रहेगी, माल खरीदना अथवा जमाह करना आपके लिये लाभप्रद रहेगा, ददाईयों का काम करने वाले काम में व्यस्त रहेंगे, आपको कारोबार सम्बन्धित यात्रा का योग बनेगा जो यात्रा आपके लिये लाभदायक रहेगी, खाद्यपदार्थों से सम्बन्धित कारोबारी वर्ग का काम कुछ ढ़ीला पड़ेगा, इस मास में माल का संचय करना लाभदायक नहीं रहेगा बल्कि हाथों हाथ माल खरीदना या बेचना आपके लिये लाभदायक सिद्ध होगा, लोहे, मशीनरी, कारखानों, फैक्टरी, इण्डस्ट्रीज़, ट्रांसपोर्ट से सम्बन्धित वृश्चिक राशि वालों के लिये यह मास मालामाल होने का है, यदि आप कारोबार को विशाल रूप देने का इरादा रखते हैं या कोई मशीन आदि खरीदने का विचार है तो ऐसे काम के लिये अनुकूल हैं **फल** : आप इस मास में माल के बेचने का जो भी कोई प्रोग्राम बनायेंगे वह प्रोग्राम आपका सफल रहेगा । **ठेकेदार वर्ग** : आप जंगलात के काम से सम्बन्धित हैं या तामीरी काम से अथवा सप्लाई के काम से आप हर काम में सफलता की ही आशा रखें । **नौकरी** : यह मास सुख व शान्ति के वातावरण

में ही गुज़रेगा, बहुत समय से आपके रुके पड़े काम भी हरकत में आयेंगे अचानक तरक्की अथवा लाभ मिलेगा, यह भी सम्भव है कि आपके दफतर के काम में कुछ तबदीली होगी जो तबदीली आपके लिये शुभ फलदायक होगी **विद्यार्थी** : ये नये वर्ष का पहला मास आपके लिये नया सन्देश लेके आया है, पठन-पाठन सम्बन्धित हर काम में आप सफल रहेंगे, पढ़ाई में लगे रहिये तथा क्षणमात्र भी व्यर्थ न गंवायें, इस मास के ग्रहों से लाभ उठायें । **गृहस्थ** : गृहस्थी होने पर अगर आप लड़के अथवा लड़की के विवाह के विषय में दौड़धूप कर रहे हैं अचानक यह समस्या हल होगी, खर्च की अधिकता से आप परेशान रहेंगे । **महिलावर्ग** : आपको बिना किसी कारण के मानसिक अशान्ति तथा परेशानी रहेगी ।



शुभ अशुभ दिनों की सूची : 1 से 3 तक सुख व शान्ति तथा लाभ 4, 5 असफलता और अशान्ति, 6 से 8 तक काम में सफलता, आदर में वृद्धि, 4 से 12 तक शरीर कष्ट, घरेलू परेशानी, 13 से 17 तक अचानक लाभ तथा शुभ सन्देश मिलेगा, 18 से 21 तक हर काम में रुकावट, तथा क्रोध की अधिकता, 22 से 25 तक बिगड़े काम में सुधार और गृहस्थ सुख, 26 से 28 तक असफलता और हानि, 29, 30 आदर में वृद्धि तथा शत्रुओं पर विजय, हर काम में सफलता, 31 परेशानी ।

फरवरी

चन्द्र, भौम, राहु का तीसरे भाव में होना गोचर से हानिकारक माना जाता है परन्तु ये तीनों ग्रह वेध में होने से आपके लिये

शुभफलदायक है शेष ग्रहचाल पर भी विचार करने से मालूम होता है. यह मास आपके लिये हर प्रकार से सुख शान्ति तथा आदर व मान का होगा । **शरीर** : आपका शरीर सुख उत्तम रहेगा, अगर आपके शरीर में पहले से कोई तकलीफ चल रही है तो नये सिरे से किसी नये डाक्टर से इलाज करवायें आप का शरीर अवश्य स्वस्थ हो जायेगा, गृहस्थी होने पर सम्भव है आपको स्त्री की ओर से शरीर सम्बन्धी परेशानी होगी तो उस परेशानी से भी अवश्य छुटकार मिलेगा **धन** : दूसरा भाव होता है धन का जिस में चार ग्रह एक साथ बैठे हैं ये चारों ग्रह वेध में होने से अच्छी स्थिति में हैं, सातवां भाव कारोबार का भी होता है, सातवें भाव का स्वामी शुक्र भी अच्छी स्थिति में है इस मिले जुले शुभ योग के आधार से आपका कारोबार इस मास में सफल रहेगा, आप कपड़े का काम करते हैं या किरयाना का, खाद्य पदार्थों से सम्बन्धित तिजारत करते हैं या दवाईयों का आप किताबों का धन्धा करते हैं या दवाईयों का आप किताबों का धन्धा करते हैं या स्टेशनरी का आप सभी पेशा के वृश्चिक वाले अपने अपने काम में व्यस्त रहेंगे और लाभ भी अनुकूल मिलेगा लोहा, मशीनरी, फैक्टरी, इण्डस्ट्रीज़ तथा ट्रांसपोर्ट आदि से सम्बन्धित वृश्चिक राशिवालों को इस मास रात दिन काम में लगा रहना पड़ेगा जबकि आपके पास काम की इतनी बहुतात होगी आपके लिये काम को सम्भालना कठिन होगा, काम को विशाल रूप देने के लिये नई मशीनरी आदि खरीदने की स्कीमें बनेंगी और उनको अपली रूप भी शीघ्र ही दी जायेगी । **फल** : आप को अचानक किसी बड़े व्यापारी के साथ फलों अथवा बागात के खरीद फरोख़्त का कोई पक्का सौदा होने वाला है जो आपके लिये लाभदायक रहेगा, इस मास में आप खुश्क मेवों के खरीद फरोख्त में दिलचस्पी लीजिये और उसमें आप अवश्य सफल रहेंगे । **ठेकेदार वर्ग** : इस मास के ग्रह आपके पक्ष में हैं आप जंगलात के काम से सम्बन्धित हैं या तामीरी काम से अथवा माल सप्लाई का काम करते हैं हर काम में इस मास में लाभ मिलेगा, चालू काम का भी श्रीगणेश करेंगे । **नौकरी** : अगर आपकी कोई तरक्की का सिलसिला है तो उस में खूब ज़ोर लगायें इस मास में ग्रह भी आपकी सहायता



करने में तैयार बैठे हैं तो निश्च । रखिये आपने अवश्य सफल होना है और वह सफलता भी खूब शान व मान से होगी । **गृहस्थ** : आप का घरेलू वातावरण शान्त रहेगा, घर में कोई शुभ महोत्सव रचाने का प्रोग्राम बनेगा, भाई बन्धुओं रिश्तेदारों से मिलने जुलने का अवसर मिलेगा खर्च के बड़े-2 प्रोग्राम बनते रहेंगे ।

शुभ अशुभ दिनों की सूची : हानि तथा अशान्ति, 2, 3 कार्य सिद्धि, आदर में वृद्धि, 4 से 9 तक दौड़धूप संघर्ष तथा असफलता, 10 से 13 तक कार्य सिद्धि अचानक लाभ, 14 से 17 तक असफलता और घरेलू परेशानी, 18 से 22 तक घर बैठे लाभ और शरीर सुख, 23 से 24 तक काम में रुकावट और अशान्ति, 25, 26 कार्य सिद्धि और अचानक लाभ, 27 से 29 तक संघर्ष तथा असफलता ।

मार्च

इस मास के आरम्भ पर केवल सूर्य और बृहस्पति हानिकारक स्थिति में हैं परन्तु इन दो ग्रहों में भी एक ग्रह सूर्य वेध में होने से शुभ है, इस मास में आपके लिये शुभ ग्रहों का पलड़ा भारी है इस से साफ मालूम होता है कि यह महीना सुख शान्ति के वातावरण में ही गुज़रेगा **शरीर** : आपका शरीर बिल्कुल स्वस्थ रहेगा, प्रायः शरीर में पहले से कुछ कमज़ोरी है, शरीर की ओर ज़रा सा ध्यान देने से भी शरीर सम्बन्धित परेशानी दूर हो जायेगी । **कारोबार** : ग्रहों के प्रभाव से व्यपारी वर्ग के लिये यह मास परेशानी तथा अशान्ति का होगा, आपका काम अचानक मन्दा पड़ेगा, किरयाना के व्यपारी वर्ग का काम यथावत शान्त रूप में ही चलता रहेगा, खाद्य पदार्थों का व्यपारी वर्ग दिन रात काम में ही लगे रहेंगे परन्तु परिश्रम के अनुसार लाभ मिलेगा नही, दवाईयों

के व्यापारी वर्ग के लिये यह मास लाभ का ही है किताबों तथा स्टेशनरी का काम करने वाले काम में तन मन से लगे रहेंगे और लाभ भी यथेष्ट मिलेगा, लोहा-मशीनरी, कारखानों, फैक्टरी, ट्रांसपोर्ट आदि से सम्बन्धित कारोबारी वर्ग का काम सफल रहेगा, मज़ीद नई मशीनें आदि खरीदने की योजनायें बनेंगी विशेषतः ट्रांसपोर्टरों के लिये यह मास विशेष लाभ का होगा तथा रात दिन काम में लगे रहने का योग है । **फल** : जिस उत्साह से आप काम में जुट जाओगे परन्तु काम में रुकावटें आने से आपके इस जोश में कमी आयेगी । धीरज रखने अवश्य लाभ होगा, आप इस मास में माल बेचने या खरीदने की बात पक्की कीजिये तथा आप अवश्य सफल हो जायेंगे **ठेकेदार वर्ग** : आपके हाथ में कोई विशाल काम आने वाला है जिसके लिये आपको अधिक दौड़धूप करनी होगी, अफसरों के साथ मिलने जुलने में व्यस्त रहोगे, लाभ की दृष्टि से भी यह मास उत्तम है । **नौकरी** : आपको रात दिन काम में लगे रहने का योग है, लाभ तथा आदर व मान में वृद्धि होगी, आपको दफतर सम्बन्धित अपने हर काम में सफलता निश्चित है, तबदीली का योग भी बन सकता है जो तबदीली भी लाभ से सम्पन्न होगी, दफतर के कार्यकर्ता आपकी सफलता तथा योग्यता को सहन न करने के कारण आपके हर काम में रुकावटें पैदा करेंगे परन्तु ऐसा होने पर भी आपका कोई कुछ भी बिगाड़ नही सकेगा, वस्तुतः यह मास सुख शान्ति के वातावरण में ही गुज़रेगा **विद्यार्थी** : सफलता का मास है कोई परीक्षा देनी हो अथवा दी हो उसमें सफलता अवश्य मिलेगी, यदि आप किसी ट्रेनिंग अथवा नौकरी की तलाश में हैं तो दौड़धूप करने पर आपकी यह मनोकामना अवश्य पूरी होगी **गृहस्थ** : घर में कोई महोत्सव अथवा



छोटी मोटी पार्टियां देने का प्रोग्राम बनेगा तथा इस मास में पार्टियों में सम्मिलित होने की भी आपमें व्यस्तता रहेगी

महिलावर्ग : इस मास में आप अतिथि सेवा करने में अधिक व्यस्त रहोगे ।

शुभ अशुभ दिनों की सूची : 1, 2 सफलता तथा लाभ, 3 से 7 तक दौड़धूप तथा असफलता, 8 से 11 तक हर काम में सफलता, 12 से 16 तक शरीर कष्ट और घरेलू अशान्ति, 17 से 20 तक कोई शुभ सन्देश मिले, 24, 25 अच्छे पुरुषों से मेल व मिलप, 26, 27 हानि और परेशानी, 28, 29 कार्यसिद्धि तथा अच्छे पुरुषों से मेल व मिलाप, 30, 31 शरीर कार्य सिद्धि तथा लाभ, कष्ट और अनादर होगा ।

विजयेश्वर ज्योतिष कार्यालय (जम्मू) के नियम :–

जन्मपत्री बनवाने के लिये शुद्धगणित का होना आवश्यक होता है, यदि आप शुद्ध जन्मपत्री बनवानी चाहते हैं तो सम्वत्-तिथि-समय और जन्मस्थान लिखकर निम्नलिखित पत्ते पर भेजें ।

जन्मपत्री कापी साईज़ की कम से कम दक्षिणा 125 रुपये
सम्पादक को एक जन्मपत्री दिखाने की दक्षिणा 20 रुपये
विवाह सम्बन्धित एक टृयकिनी मिलान की दक्षिणा 10 रुपये
यदि आपने सम्पादक से मिलना हो तो :–

विजयेश्वर प्रिंटिंग प्रेस
तालाब तिल्लू जम्मू से सम्पर्क करें

Sagittarus धनु राशि का स्वभाव

नाम राशि 'य' 'ये' 'फ' 'ध' 'ढ़' – पश्चिमीय पद्धति 22 नवंबर से 21 दिसंबर

धनु राशि वाले तेज़ बुद्धि के मालिक होते हैं, शारीरिक दृष्टि से यद्यपि कमज़ोर भी होते हैं परन्तु मानसिक दृष्टि से स्थिर होते हैं– इच्छानुसार काम करने वाले होते हैं– काम करते समय किसी के हस्ताक्षेप को सहन नहीं करते, आप बाहर और अन्दर एक होते हैं यानि एक खुली हुई किताब होती है आप कोई भी बात छिपाकर नहीं रखते हैं, दो टोक बात करने के आदी होते हैं– आप किसी के दबाव में या मातहत नहीं रह सकते हैं, मुसीबतों से होसला नहीं हारते अपितु बहुत ही धैर्य और उत्साह से काम करने लगते हैं, आप रिश्तेदारों तथा मित्रों के विशेष हमदर्द होते हैं– आप धन के पीछे नहीं भागते अपितु धन आपके पीछे भागता फिरता है यानि आप धनदास नहीं होते अपितु धनपति होते हैं आप उदार होते हैं– खुले दिल से सोचते हैं, कंजूती तो क्या आप कंजूसों से आप घृणा करते हैं, दूसरों की सहायता करना आपका स्वभाव होता है, चापलूसी आपको पसन्द नहीं अथवा गलत तरीके से काम करना आप की आदत नहीं होती है । **रत्न :** यदि आप रत्न पहनना चाहते हैं "पुखराज" **वार :** बृहस्पतिवार आप के लिये शुभ होते हैं । **मित्रता :** आपकी मित्रता "मेष" "कर्क" और "सिंह" राशि से हो सकती है और आपका शुभ अंक है "3"

धनुराशि का भविष्य गोचर ग्रन्थों के आधार से

सूर्य : चौथे भाव में होने से मानसिक अशान्ति तथा शरीर कष्ट होता है, मानहानि की सम्भावना होती हैं, घरेलू झगड़े होते



हैं । **चन्द्रमा :** चौथे भाव में होने से भाई-बन्धुओं से झगड़ा होता है, समाज में अनादर होता है तथा शरीर कष्ट होता है । **भौम :** छटे भाव में होने से अन्न-धन का लाभ होता है तथा शत्रुओं पर विजय होती है । **बुध :** चौथे भाव में होने से धन का लाभ होता है-- ज़मीन, मकान, जाईदाद आदि का लाभ मिलता है, घरेलू सुख होता है, अच्छे पुरुषों के साथ उठने-बैठने का अवसर मिलता है । **बृहस्पति :** आठवाँ होने से रोग-चोट अथवा सरकार की ओर से कष्ट होता है, नौकरी छूटने का डर होता है, धन तथा व्यापार हानि होती है । **शुक्र :** पाँचा होने से अन्न तथा धन का लाभ होता है, शत्रुओं पर विजय होती है, समाज में आदर होता है, घर में भाग्यशाली बच्चे का जन्म होता है । **शनि :** दूसरे भाव में होने से बिना किसी कारण के झगड़े होते हैं, भाई-बन्धुओं से अनबन होती है, धनकी हानि होती है तथा हर काम में असफलता । **राहु :** दसरा होने से धन की हानि होती है, विद्या में असफलता होती है, शत्रुओं का ज़ोर रहता है । **केतु :** आठवाँ होने से अकस्मात हानि की सम्भावना रहती है, शरीर कष्ट होता है, घर से बाहर जाना-पड़ता है तथा यात्रा में कष्ट होता है ।

धनु राशि का वर्षफल

(संक्षिप्त रूप में 2048 सम्वत के लिये)

ऊपरलिखित ग्रह फल से विदित होता है कि भौम बुध और शुक्र ये तीन आपके अनुकूल हैं परन्तु शनि और राहु भी वेध में

होने से शुभ फलदायक ही हैं, ये दोनों ग्रह वर्ष के आरम्भ में ही केवल वेध में हैं, 12 अप्रेल से राहु धनु राशि में आयेगा, 12 अप्रेल तक ही दोनों ग्रह वेध में हैं शेष ग्रहों की स्थिति अच्छी हैं, इस मिले जुले योग के प्रभाव से यह वर्ष कदरे शान्त रूप में ही गुज़रेगा । **शरीर** : 14 अगस्त तक आपको आठवाँ बृहस्पति रहेगा तथा 14 अगस्त से आपको नवें भाव में बृहस्पति आयेगा, इस से स्पष्ट है कि 14 अगस्त तक आपको अपनी अथवा घर की कोई न कोई शरीर सम्बन्धी चिन्ता बनी ही रहेगी परन्तु तो भी सामूहिक रूप से इस वर्ष में शरीर सम्बन्धित किसी दुर्घटना आदि का योग नही है । **धन** : कारोबारी वर्ग इस वर्ष संघर्ष तथा दौड़धूप में ही रहेगा, धन लाभ की दृष्टि से यह मास डॉवॉंढोल स्थिति में ही गुज़रेगा, हर पेशावार व्यापारी की दशा भिन्न-2 रूप में होगी कई व्यापारियों को वर्ष भर हाथ पर हाथ पर कर बैठना होगा और कई व्यापारी मालामाल होंगे, कई व्यापारियों को रात दिन परिश्रम करके कुछ पले नही पड़ेगा परन्तु कई व्यापारी बिना परिश्रम तथा परेशानी से धन प्राप्त करेंगे, कई व्यापारियों के चालू काम बन्द होंगे और कई व्यपारी नये-नये और बड़े-बड़े काम के प्रोग्राम चालू करने में सफल रहेंगे **फल** : जिस उत्साह से आप काम में जाने का प्रोग्राम बना रहे हैं, काम में बार-2 रुकावटें आने से आपका वह जोश और उत्साह धीमा पड़ेगा परन्तु अन्त में सामूहिक रूप से यह वर्ष आपके लिये लाभदायक ही रहेगा, इस वर्ष काम के बड़े प्लान मत बनायें अपितु छोटी-2 स्कीमों को ही अमली रूप देने में लगे रहें, माल अथवा बागात खरीदने में अधिक दिलचस्पी न लीजिये बल्कि माल अथवा बागात बेचने दिलचस्पी लेना आपके लिये लाभदायक रहेगा । **ठेकेदार वर्ग** : बड़े दर्जे का काम करने वाले ठेकेदार विशाल योजनाओं में फँस जायेंगे, रात दिन संघर्ष करने पर वर्ष के अन्त में महसूस करेंगे कि यह वर्ष यथेष्ठ आमदनी का नही था और छोटे दर्जे

के ठेकेदार वर्ग का काम यथावत चलता रहेगा और लाभ भी मिलेगा । **नौकरी** : यह वर्ष आपके लिये कोई चमत्कारिक वर्ष नही होगा बल्कि ज्यों का त्यों चलता रहेगा, कोई विशेष तरक्की अथवा लाभ की आशा न रखें बल्कि आपकी पदवी या कुर्सी बनी रहे वही ग़नीमत समझें । **विद्या** : 14 अगस्त तक विद्या सम्बन्धित हर काम में रुकावट तथा असफलता होगी, 14 अगस्त से ही सफलता की आशा रखें जबकि 14 अगस्त से आपको बृहस्पति नवें भाव में आकर आपके विद्या भाव को पूर्ण दृष्टि से देखेगा, वास्तव में यह मास विद्यार्थियों के लिये सफलता का है– उपाय : यह है कि आप रात दिन पढ़ाई में जुट जायें **गृहस्थ** : यद्यपि आपका घरेलू वातावरण गाहे शान्त और गाहे अशान्त बना रहेगा परन्तु ऐसा होने पर भी घर की कई समस्यायें – वह लड़के लड़की की विवाह की हो अथवा उन की पढ़ाई की, मकान-ज़मीन-जाईजाद आदि की कोई समस्या हो अवश्य हल हो जायेगी परन्तु हाथ पर हाथ धर कर हल नही होगी अपितु परिश्रम से ही हल होगी **महिलावर्ग** : ऊपरलिखित फलादेश आपकी ग्रहचाल को विशेष रूप से ध्यान में रख कर लिखा गया है, आप भी इस फलादेश को पढ़िये और लाभ उठायें ।

उपाय : इस मन्त्र का बार-बार उच्चारण किया करें :

"देहि सौभाग्यं आरोग्यं देहि मे परमं सुखम्
रूपं देहि जयं देहि यशो देहि दिशो जहि" ।।

धनु राशि का मासिक फल

2048 विक्रमी के लिये

अप्रेल

इस मास के आरम्भ पर सूर्य, भौम, बृहस्पति, शनि, राहु और केतु अच्छी स्थिति में नही हैं परन्तु ऐसा होने पर भी शनि और राहु वेध में होने से शुभ ग्रहों में ही गिने जायेंगे अतः इस मास में शुभ ग्रहों का ही पलड़ा कुछ भारी होने से यह मास दौड़धूप में गुज़रने के बावजूद भी कारोबार की दृष्टि से आपके लिये उत्तम रहेगा । **शरीर :** इस मास में आप शरीर के विषय में सावधान रहें अकस्मात् शरीर बिगड़ने अथवा चोट लगने की सम्भावना है, यदि दैवयोग से आपको किसी प्रकार का शरीर कष्ट न भी हो तब भी आपको किसी सदस्य की शरीर सम्बन्धित परेशानी बनी ही रहेगी उपाय : के रूप में आप इस मास की हर सोमवार को यानि 1,8, 15, 22, 29 तारीख को भगवान् शंकर पर दूध सहित जल चढ़ाया करें । **धन :** इस मास में भिन्न 2 कारोबार पर भिन्न 2 प्रकार का प्रभाव पड़ेगा, यदि आप कपड़े के व्यापारी हैं तो लाभ में रहेंगे, किरयाना के व्यापारियों का काम सुस्त, रफ्तार में ही चलेगा, खाद्य पदार्थों का कारोबारी वर्ग रात दिन काम में लगा रहेगा पर कुछ प्राप्त नही होगा , दवाईयों का काम करने वालों को हाथ पर हाथ धर कर ही बैठना होगा, किताबों, स्टेशनरी का काम धन्धा



करने वाले काम में व्यस्त रहेंगे और लाभ भी यथेष्ठ मिलेगा, लोहे, मशीनरी, कारखानों, फैक्ट्री तथा ट्रांसपोर्ट से सम्बन्धित धनु राशि वालों के लिये यह मास कमाई का है, रात दिन काम में जुटे रहिये आपकी कारोबार सम्बन्धित हर एक योजना सफल रहेगी । **फल** : आपका यह मास योजनायें बनाने में ही गुज़रेगा, आप का कोई आरम्भ किया हुआ काम सिरे नहीं चढ़ेगा **ठेकेदार वर्ग** : आपका काम तेज़ी से चलता रहेगा तथा सम्बन्धित अफसरों से मिलने जुलने में अधिक व्यस्त रहेंगे, शीघ्र ही कोई नया काम हाथ में आने वाला है जिस में आपको काफी लाभ होगा, आप जंगलात का काम करते हैं या तामीरी काम अथवा आप माल सप्लाई करते हैं, ग्रह आपके अनुकूल हैं आप जिस काम से भी सम्बन्धित होंगे उसमें सफल रहेंगे **नौकरी** : काम की अधिकता के कारण रात दिन काम में लगा रहना पड़ेगा, आदर व मान तथा लाभ की दृष्टि से यह मास उत्तम है, अच्छे-2 पुरुषों से मिलने जुलने का अधिक अवसर मिलेगा **विद्यार्थी** : पाँचवाँ शुक्र होने से आपको विद्या सम्बन्धित हर काम में सफलता मिलेगी यदि दैवयोग से कोई परीक्षा इन्टरव्यू देने का प्रोग्राम होगा अथवा कोई परिणाम निकलने वाला होगा तो आपकी सफलता निश्चित है **गृहस्थ** : गृहस्थी होने पर यह मास परेशानियों में ही गुज़र जायेगा, घर के सदस्यों का आपसी टकराव अथवा तकरार होने से घर का वातावरण अशान्त रहेगा, खर्च की भरमार होगी तथा खर्च के नये मार्ग खुलेंगे, यहां तक कि उधार लेने तक की नौबत आयेगी **महिलावर्ग** : यदि आप नौकरी करते हैं तो शान्ति, अगर नौकरी की तलाश में हैं तो प्रयत्न कीजिये सफलता मिलेगी ।

शुभ अशुभ दिनों की सूची : 1, 2 आमदनी में वृद्धि और मानसिक शान्ति, 3, 4, 5 शरीर कष्ट और मानसिक अशान्ति, 6, 7 सुख शान्ति तथा कार्यसिद्धि, 8, 9 समय व्यर्थ हो जाना व लड़ाई झगड़े, 10, 11, 12, लाभ तथा आदर मिले, 13 से 16 तक परेशानी और काम में रुकावट, 17 से 20 तक आदर में वृद्धि और सफलता, 21 से 25 तक दौड़धूप तथा व्यर्थ खर्च, 26 से 29 तक कार्य-सिद्धि, 30 तंगदस्ती और मानसिक अशान्ति ।

मई



इस मास के आरम्भ पर पाँचवाँ सूर्य, बारहवाँ चन्द्रमा सातवाँ भौम तथा आठवाँ बृहस्पति ये सब ग्रह अशुभ होते हुए भी वेध में होने से शुभ हैं केवल शनि इस मास में अशुभ ग्रह है । इस मिले-जुले योग के आधार से यह मास आपने सुख व शान्ति के वातावरण में ही गुज़ारना होगा

शरीर : आपका शरीर सुख प्रायः मध्यम रहेगा जबकि आपके शरीर के भाव को भौम देख रहा है अतः शरीर के विषय में आपको सावधान रहना चाहिये, यदि आप गृहस्थी हैं तो आपकी स्त्री को भी शरीर कष्ट हो सकता है **उपाय :** के रूप में नित्य पूजा, पाठ के साथ इस मन्त्र को भी जोड़ लीजिये , इस मन्त्र का कम से कम 21 बार उच्चारण किया करें :–

"देहि सौभाग्यं आरोग्यं देहि मे परमं सुखं
रूपं देहि जयं देहि यशो देहि दिशो जहि"

धन : कारोबारी वर्ग पर इस मास के ग्रहों का प्रभाव भिन्न 2 होगा , कई व्यापारी वर्ग मालामाल होंगे और कई व्यापारियों का काम बिल्कुल ठप्प होगा, यदि आप कपड़े का काम करते हैं वह थोक हो या परचून इस मास में आप पर लक्ष्मी भगवती की कृपा होगी, किरयाना के व्यापारियों का काम सर्वसाधारण रूप में ही चलता रहेगा, कोई विशेष लाभ का योग नही है, खाद्य पदार्थों के व्यापारियों का काम भी ढीला पड़ेगा, लाभ की कोई आशा न रखें बल्कि घाटे के लिये तैयार रहिये, किताबों और स्टेशनरी का काम करने वाले काम में डटे रहेंगे परन्तु परिश्रमानुसार लाभ नही होगा, लोहे, मशीनरी, कारखानों, फैक्टरी, ट्रांसपोर्ट

आदि से सम्बन्धित धनु राशि वालों के लिये यह महीना संघर्ष, दौड़धूप तथा परेशानियों का ही रहेगा, हर आरम्भ किये हुये काम में रुकावटें तथा उलझनें आ खड़ी होंगी । **फल** : फलों से सम्बन्धित कारोबारी वर्ग के लिये इस मास के ग्रह अनुकूल हैं आप काम में लगे रहें और ग्रहों से लाभ उठाइये, आप खरीद का काम करें या बेचने का, आप अवश्य सफल रहेंगे केवल आपके काम प्रारम्भ करने की देरी है । **ठेकेदार वर्ग** : आपके चालू काम में भी रुकावटें पड़ने की सम्भावना है, आप जंगलात का काम करते हैं या तामीरी काम अथवा आपका काम माल सप्लाई करने का है तो इस मास में आप किसी भी काम में सफल नहीं रहेंगे, जहां तक हो सके काम हासिल करने के लिये अधिक दौड़धूप न करें । **नौकरी** : यह मास आपने शान्त वातावरण में ही व्यतीत करना होगा आपको इस मास में नौकरी सम्बन्धित शुभ सन्देश मिले अथवा कोई लाभ मिलने वाला है शत्रुओं पर विजय होगी । **विद्यार्थी** : आप पढ़ाई में दिलचस्पी लीजिये, इस वर्ष में यह मास आपके लिये विशेष महत्व वाला है, आप पढ़ाई में लगे रहिये, इस मास में पढ़ा हुआ पाठ आपको आने वाली परीक्षा में सहायक सिद्ध होगा **गृहस्थ** : घरेलू वातावरण शान्त रहेगा, यदि आपने कोई जाईदाद मकान आदि बेचना हो अथवा खरीदना हो तो ऐसी कोई समस्या हल नही होगी, सम्भव है घर में किसी भाग्यशाली बच्चे का जन्म होगा ! **महिलावर्ग** : ऊपरलिखित फलादेश स्त्री और पुरुष दोनों की ग्रहचाल को दृष्टि में रखकर ही लिखा जाता है, आप भी पढ़िये और इससे लाभ उठायें ।

शुभ अशुभ दिनों की सूची : 1, 2 शरीर कष्ट और व्यर्थ खर्च, 3, 4 सुख शान्ति और भाग्योदय, 5, 6 हर काम में रुकावट तथा मानसिक शान्ति, 8, 9 शत्रुओं पर विजय और बिगड़े हुये काम सुधरेंगे 10 से 13 तक भाई-बन्धुओं के साथ नाराज़गी, घरेलू समस्यायें, 14, 15 धन लाभ तथा कार्य सिद्धि, 16 से 18 तक शरीर सुख तथा मानसिक शान्ति, 19 से 22 तक शरीर कष्ट और

धोखा मिले, 23 से 27 तक मानसिक शान्ति व कार्य सिद्धि, 28, 29 फजूल खर्च और मानहानि, 30, 31 सुख शान्ति और हर काम में सिद्धि ।

जून



वेध-अष्टक वर्ग शत्रु मित्र आदि गोचर सिद्धान्तों के आधार से ग्रहों पर विचार करने से मालूम होता है कि यह मास हर पहलू से अच्छा होगा । **शरीर** : आपका शरीर प्रायः स्वस्थ रहेगा, घर में भी किसी प्रकार की शरीर सम्बन्धित परेशानी होने पर भी वह दूर होगी । **धन** : आमदनी की दृष्टि से यह मास उत्तम रहेगा, आप कपड़े का काम करते हैं या किरयाना का, खाद्य पदार्थों का काम करते हैं या दवाईयों का, दवाईयों का धंधा करते हैं या स्टेशनरी का आपका काम यथावत् शान्त रूप में चलेगा किसी प्रकार की रुकावट की सम्भावना नही है बल्कि हर पेशा के धन राशि वालों को तसल्ली बख्श लाभ होगा, लोहे, मशीनरी, कारखानों, फैक्ट्री, कोयला, सीमेन्ट, ट्रांसपोर्ट आदि से सम्बन्ध रखने वाले धनु राश वालों के लिये यह मास संघर्ष तथा दौड़धूप का है, हर आरम्भ किये हुये काम में उलझन जबकि शनि इस मास में विशेषतया आपके पक्ष में नही है बल्कि आपके उल्ट है– हो सके तो इस मास में कारोबार सम्बन्धित कोई योजना न बनायें । **फल** : इस मास में आपको जोश तथा धीरज से काम में जुट जाना होगा, आप कारोबार सम्बन्धित जो भी कोई प्रोग्राम बनायेंगे वह खरीद का हो या फरोख्त का दोनों सूरतों में आप लाभ में रहेंगे, आपको खुश्क मेवों की खरीद में भी रुचि लेनी चाहिये उस काम में आपको अधिक लाभ होगा **ठेकेदार वर्ग** : यदि आप वनों आदि

से सम्बन्धित काम करते हैं तो आपका काम अच्छे ढंग से बिना किसी रुकावट के चलता रहेगा नया कोई काम भी मिलने वाला है परन्तु वह काम आपके लिये यद्यपि बाद में लाभप्रद होगा भी परन्तु फिर भी उस काम में परेशानी और दौड़धूप करनी होगी, यदि आप तामीरी काम से सम्बन्धित हैं तो आपका काम तसल्ली बख़्श रुप में चलता रहेगा, जो ठेकेदार सप्लाई का काम करते हैं धन की कमी के कारण उनके काम में रुकावट पड़ने की सम्भावना है । **नौकरी** : यदि आप अफसर की कुर्सी पर हैं तो आपको सावधान रहना चाहिये क्योंकि आपके मातहत कार्यकर्त्ता आपके विरुद्ध कोई साज़िश बनाने में व्यस्त रहेंगे जो आपके अनादर का कारण बनेगा, अगर आप सर्वसाधारण पदवी पर नौकरी पेशा हैं तो यह मास संघर्ष में ही गुज़ारना होगा, कोई शान्ति तथा लाभ का मास नही है । **विद्यार्थी** : पठन-पाठन की ओर प्रवृत्ति कम रहेगी, यार दोस्तों के साथ मिलने जुलने में अधिक व्यस्त रहोगे परन्तु ऐसा होने पर भी यदि आपने कोई परीक्षा या इन्टरव्यू आदि देना है या दिया होगा तो आपको निश्चित रूप में सफल होना है । **गृहस्थ** : आपका घरेलू वातावरण शान्त रहेगा, गृहस्थ सम्बन्धी यदि कोई प्लान विचाराधीन है वह विवाह सम्बन्धित हो बच्चों की पढ़ाई सम्बन्धित या कोई जाईदाद आदि खरीदने या बनाने के विषय में है अवश्य हल होगा क्योंकि इस मास के ग्रह आपके अनुकूल है । **महिलावर्ग** : पुरुषों की अपेक्षा आपको इस मास में बुज़ुर्गों अथवा साधु सन्तों की सेवा करने का अवसर मिलेगा ।

शुभ अशुभ दिनों की सूची : (चन्द्रमा के आधार से) : 1, सुख व शान्ति, 2, 3 मानासेक अशान्ति, 4, 5 लाभ, आदर, 6 से 10 तक भाई बन्धुओं से अनबन व घरेलू परेशानी, 11 से 14 तक हर काम में सफलता, शत्रुओं पर विजय, 15 से 18 तक परेशानी तथा हानि, 19 से 23 तक कार्य सिद्धि, अच्छे पुरुषों से मेल जोल , 24, 25 खर्च अधिक और शरीर कष्ट, 26, 27, 28 लाभ और सफलता, 29, 30 अशान्ति तथा हानि ।

जुलाई



मास के आरम्भ पर ग्रहों की स्थिति अच्छी नही है यद्यपि आठवाँ भौम बृहस्पति तथा दूसरा चन्द्रमा अशुभ होते हुये भी वेध में पड़े हैं तो भी अशुभ ग्रहों का पलड़ा ही भारी है, इस शुभ अशुभ योग के आधार से यह मास आपने दौड़धूप संघर्ष तथा कदरे अशान्त वातावरण में ही गुज़ारना होगा **शरीर** : आपको इस मास में शरीर के विषय में सावधान रहना चाहिये गृहस्थी होने पर स्त्री अथवा घर के किसी सदस्य की शरीर सम्बन्धित परेशानी बनी ही रहेगी **धन** : आर्थिक दृष्टि से यह मास ढीला ही रहेगा, यदि आप कपड़े का थोक काम करते हैं तो यह मास आपके लिये हानि का है और अगर आप यही काम परचून में करते हैं तो आप लाभ में ही रहेंगे, किरयाना का काम यथावत् कदरे लाभदायक ही रहेगा, दवाईयों के व्यापारी थोक हैं या परचून इच्छानुसार लाभ में ही रहेंगे, किताबों, स्टेशनरी के कारोबारी वर्ग रात दिन काम में व्यस्त रहेंगें और लाभ भी यथेष्ठ प्राप्त होगा, खाद्य पदार्थों के व्यापारी वर्ग के लिये यह मास परेशानी का ही होगा, कारोबार सम्बन्धित किसी उलझन में उलझ जाने की सम्भावना है जो आपके काम के ढाँचे को ही बदल डालेगी । **फल** : आपकी कारोबार सम्बन्धित कोई भी योजना वह खरीदने की हो या बेचने की सफल रहेगी, अगर आपको अपने बागात हैं आप बागात या माल खरीदते हैं तो आप इस मास में माल खरीदने का सौदा पक्का कीजिए ऐसा करना आपके लिये लाभदायक रहेगा **ठेकेदार वर्ग** : यद्यपि आपको संघर्ष अथवा दौड़धूप अधिक करना भी होगा परन्तु लाभ की दृष्टि से यह मास आपके लिये उत्तम रहेगा, यदि आप 'ए' क्लास के ठेकादार हैं तो आपको चालू काम

के अतिरिक्त कोई नया काम मिलने वाला है जो आपके लिये लाभदायक रहेगा **नौकरी** : इस मास के ग्रह आपके पक्ष में हैं दफतर का माहौल आपके अनुकूल रहेगा, सम्बन्धित अफसरों तथा कार्यकर्त्ताओं से मेल-जोल अच्छा रहेगा यद्यपि लाभ का कोई योग नही है पर आदर व मान बना रहेगा **विद्यार्थी** : पठन-पाठन की रुचि में कमी, यदि आपने कोई परीक्षा या इन्टरव्यू आदि देना है तो सफलता की आशा न रखें अगर आप नौकरी अथवा ट्रेनिंग की तलाश में हैं तो ऐसे काम में भी सफलता का उपाय चाहते हैं जो आप के लिये रामबाण का काम करेगा वह उपाय : है इस मास में विशेषतः माता पिता अथवा घर के किसी बजुर्ग के चरणों पर प्रातः उठकर प्रणाम करें और उन से आशीर्वादप्राप्त करें **गृहस्थ** : आपका घरेलू वातावरण रंग बदलता रहेगा गाहे घर का माहोल शान्त और गाहे अशान्त रहेगा, घर के सदस्यों का मतभेद अथवा आपसी टकराव आपकी अशान्ति का कारण होगा, खर्च के लम्बे लम्बे प्रोग्राम बनते रहेंगे, अतिथिसेवा में अधिक व्यस्त रहोगे । **महिलावर्ग** : यदि आप नौकरी करते हैं तो इस मास में आप को दफतर की ओर से शुभ सन्देश मिलेगा अथवा कोई लाभ मिलेगा ।

शुभ अशुभ दिनों की सूची : 1, 2, 3 लाभ तथा सफलता, 4 से 7 तक भाई-बन्धुओं से अनबन, काम में रुकावट, 8 से 11 तक कार्यसिद्धि और आदर मान, 12 से 15 तक शरीर कष्ट व परेशानी, 17 से 20 तक हर काम में सिद्धि, अच्छे पुरुषों से मेल व मिलाप, 21, 22, 23 खर्च की बहुतात और हानि का डर । 24, 25 कार्यसिद्धि और आदर में वृद्धि, 26, 27, 28 असफलता और अशान्ति 29, 30 घरेलू सुख तथा लाभ, 31 झगड़े तथा अशान्ति ।

अगस्त

इस मास के आरम्भ की ग्रहचाल पर विचार करने से मालूम होता है कि ग्रहों की स्थिति अच्छी नहीं है जिस के परिणाम स्वरूप यह मास संघर्ष दौड़धूप तथा परेशानी के वातावरण में ही गुज़रेगा । **शरीर** : सूर्य और बृहस्पति का आठवें भाव में होना गोचर से बिल्कुल हानिकारक माना जाता है परन्तु ऐसा होने पर भी ये दोनों ग्रह वेध में हैं जिस के फलस्वरूप आपका शरीर प्रायः स्वस्थ ही रहेगा, अगर दैवयोग से किसी सदस्य की ओर से शरीर सम्बन्धित कोई चिन्ता है तो वह भी आरज़ी होगी । **धन** : कारोबारी वर्ग के लिये यह मास परेशानी का ही होगा, यदि आप कपड़े का काम करते हैं तो आपको रात दिन काम में लगे रहने पर भी कमाई की दृष्टि से यह मास ढीला ही रहेगा, किरयाना का काम करने वाले धनु राशि वाले यदि धन कमायें गे भी परन्तु कारोबार सम्बन्धित खर्च की बहुतात से कुछ पले नहीं पड़ेगा, खाद्यपदार्थों के व्यापारी वर्ग के लिये यह मास हाथ पर हाथ धर कर बैठने का है, दवाईयों के व्यापारी वर्ग का काम यथावत् चलता ही रहेगा, किताबों और स्टेशनरी का धन्धा करने वाले मनोवांछित लाभ में रहोगे, लोहे, मिशनरी, कारखानों, फैक्ट्री, ट्रांस्पोर्ट आदि से सम्बन्धित धनु राशि वालों को यह मास दौड़धूप तथा अशान्ति के वातावरण में ही गुजारना होगा आप के हर आरम्भ किये हुये काम में उलझनें आ खड़ी होगी कोई भी काम लक्ष्य तक पहुँचेगा नही ! **फल** : आप कारोबार सम्बन्धित जो कोई प्रोग्राम बनायेंगे वह हवाई प्रोग्राम होगा अमली रूप में कोई काम नहीं होगा, इस मास में आप की कारोबार सम्बन्धित कोई बात सिरे नहीं चढेगी । **ठेकेदारवर्ग** : आप के काम की सफलता में ग्रह आपके सहायक रहेंगे, यदि आप विशेषतया तामीरी काम जैसे सड़कों पुलों आदि के काम में जुडे



है तो अपने भाग्य मानये, आप को इच्छा से अधिक लाभ मिलने का योग है, यदि आप जंगलात अथवा सप्लाई आदि का काम
करते हैं तो वह काम भी यथाक्रम चलता ही रहेगा हानि का कोई योग नहीं है अपितु लाभ ही होगा । **नौकरी :** यदि आप
अच्छी पदवी पर है यानि अफसर के रूप में काम करते हैं तो यह मास अशान्त वातावरण में ही गुज़ारना होगा, अपने दफ्तर
के मुलाजिमों के साथ आपसी टकराव रहेगा जो आप के लिये अशान्ति का कारण होगा कोई तरक्की अथवा तबदीली की आशा
न रखें । **विद्या :** यह मास आपने अशान्ति में ही गुज़ारना होगा, पठन-पाठन की ओर ध्यान कम रहा करेगा सैर सपाटा मित्रों
से मिलना जुलना इस मास की व्यस्तता हैं, यदि कोई परीक्षा अथवा इन्टव्यू आदि देने का प्रोग्राम बनेगा अथवा कोई परिणाम
निकलने वाला हो तो सफलता की कोई आशा न रखें । **गृहस्थ :** इस मास में गृहस्थ सम्बन्धी कई प्रोग्राम आप के सामने
होंगे परन्तु कोई भी प्रोग्राम इस मास में पूर्ण नहीं होगा, जायदाद, मकान आदि सम्बन्धित यदि कोई प्रोग्राम है तो उस में दिलचस्पी
लीजिए सम्भव है कि आप की यह कामना इस मास में पूरी होगी । **महिलावर्ग :** यद्यपि स्त्री पुरुषों के शरीर के विषय में अच्छा
हो लिखा है परन्तु आप को इस मास में शरीर के विषय में सावधान रहना चाहिये ।
शुभ अशुभ दिनों की सूची : 1, 2, 3 शारीरकष्ट और तंगदस्ती 4 से 8 तक कार्य सिद्धि 9 से 12 तक हर काम में रुकावट
व परेशानी, 13 से 17 तक कार्यसिद्धि व अच्छे पुरूषों से मेल व मिलाप, 18, 19 फजूल खर्च और अशान्ति, 20, 21, 22 हर
काम में सफलता और लाभ, 23, 24 हर काम में रुकावट और परेशानी 25 से 27 तक कार्यसिद्धि और लाभ, 29 से 31
तक दौड़धूप तथा अशान्ति ।

सितम्बर

वेध अष्टक आदि गोचर फलित सिद्धान्तों से ग्रहचाल पर विचार करने से मालूम होता है कि यह मास आप ने शान्ति के वातावरण में ही व्यतीत करना होगा, आठवें भाव में बुध तथा लग्न का मालिक बृहस्पति नवें भाव में होने से आप का शरीर प्रायः स्वस्थ रहेगा, गृहस्थी होने पर घर के किसी सदस्य की कोई शरीर सम्बन्धित परेशानी नहीं होगी । **धन :** कारोबार के ग्रह भी इस मास में आपके पक्ष में है यदि आप कपडे का काम करते हैं वह थोक हो या परचून दोनो सूरतों में आप का काम यथावत चलता ही रहेगा, किरयाने का व्यापारी वर्ग भी काम में व्यस्त रहेगा और यथेष्ठ लाभ भी हासिल करेगा, खाद्यपदार्थों के व्यापारीवर्ग के लिये आवश्यक है कि वह हाथों हाथ माल बेचें और खरीदें तथा स्टाक न करें ऐसा करना आप के लिये लाभदायक रहेगा, दवाईयों का धन्धा करने वाले किताबों तथा स्टेशनरी से सम्बन्धित कारोबारीवर्ग को चाहिये कि आप काम में लगे रहिये, इस मास में आप के काम को सफल बनाने में ग्रह आपके सहायक रहेंगे , लोहे मिश्नरी कारखानों, फेक्ट्ररी ट्रांस्पोर्ट से सम्बन्धित कारोबारीवर्ग के लिये यद्यपि यह मास अधिक दौड़धूप का होगा भी परन्तु लाभ की दृष्टिसे उत्तम रहेगा, यदि आप कारोबार को और बढ़ाना चाहते है तो इस मास को गनीनत समझें । **फल :** आप फलों से सम्बन्धित विशेष कर खुशक मेवों के काम में दिलचस्पी लीजिये, आप को आशा से अधिक लाभ मिलेगा, अगर आप की कारोबार सम्बन्धित कोई रकम कहीं रुकी पड़ी है वह भी हाथ में आयेगी । **ठेकेदारवर्ग :** आप का कारोबार बिना किसी रुकावट के



चलता ही रहेगा, आप के पहले से कुछ रुके हुये काम भी हरकत में आयेंगे यदि आप तामीरी काम से सम्बन्धित ठेकेदार है तो सावधानी से आप काम कीजिये, आप किसी उलझन में अकस्मात् उलझ सकते हैं जबकि दसवौं भौम आप के कारोबार में रुकावट तथा परेशानी का कारण बनेगा । **नौकरी** : गोचर में दसवौं भौम हानिकारक माना जाता है जिस के प्रभाव से यह मास आप ने परेशानी के वातावरण में ही गुज़ारना होगा, दफतर का माहौल भी आप के उलट रहेगा, दफतर सम्बन्धित कोई न कोई परेशानी मास भर बनी ही रहेगी । **विद्या** : आप को पठन-पाठन के हर काम के लिये इस मास के ग्रह अनुकूल हैं, आप ने कोई परीक्षा देनी होग या दी हो तो आप ने अवश्य सफल रहना है । **गृहस्थ** : घर में कोई शुभ महोत्सव रचाने का प्रोग्राम नहीं बनेगा परन्तु शुभ महोत्सवों में जाने के प्रोग्राम बनते रहेंगे भाई-बन्धुओं रिश्तेदारों का आना जाना ज़ोरो पर रहेगा तथा खर्च की अधिकता रहेगी । **महिलावर्ग** : आप को पुरुषों की अपेक्षा इस मास में धार्मिक प्रवृत्ति अथवा अतिथिसेवा में अधिक लगाव बना रहेगा ।

शुभ अशुभ दिनों की सूची : 1, 2 धन लाभ और कार्यसिद्धि, 3, 4 शरीर सुख और आदर, 5 से 8 तक परेशानी व दौड़धूप, 9 से 13 तक सुख शान्ति और धन लाभ, 14, 15 खर्च की अधिकता तथा अशान्ति, 16 से 18 तक हर काम में सिद्धि तथा सुख शान्ति, 19, 20 अशान्ति और असफलता, 21, 22, 23 कार्य सिद्ध और शरीर सुख, 24 से 27 तक दौड़धूप और अशान्ति, 28 से 31 तक हर काम में सफलता तथा शुभ सन्देश ।

अक्टूबर

इस मास में केवल दसवौं भौम और दूसरे भाव का शनि अशुभ स्थिति में हैं परन्तु इन दो ग्रहों में से भौम वेध में है अतः यह



ग्रह भी आपके लिये शुभ फलदायक ही होगा, मास के आरम्भ पर 8 ग्रहों की स्थिति का अच्छा होना इस मास की सफलता तथा शान्ति को जितलाता है अपने यह मास हर पहलू से शान्ति के वातावरण में ही गुज़ारना होगा । **शरीर** : आपका शरीर प्रायः स्वस्थ रहेगा, अगर आप पहले से ही शरीर से तकलीफ में हैं तो भी इस मास में बिना किसी इलाज के आपके शरीर का बहुत हद तक सुधार होगा **धन** : आप जो कोई भी काम करते हैं वह कपड़े का हो या किरयाने का आप खाद्य पदार्थों का काम करते हों या दवाईयों का, आप किताबों का धन्धा करते हों अथवा स्टेशनरी का, आप परचून के व्यापारी हो या थोक तो आप का काम सफल रूप में चलेगा, यदि आप अपने कारोबार को बढ़ावा देने के लिये सोच रहे हैं तो ऐसे काम में ढील न करें, इस मास के ग्रह आपके अनुकूल हैं आप केवल काम में दिलचस्पी लीजिये, लोहे, कारखानों, फैक्टरी तथा ट्रांसपोर्ट से सम्बन्धित हर एक योजना सफल होगी **ठेकेदार वर्ग** : यदि आप 'ए' क्लास के ठेकेदार हैं तो इस मास को इस वर्ष का एक स्मरणीय मास मानिये यदि आप मध्यम दर्जे के ठेकेदार हैं तो भी आपके काम में कोई ढील नहीं आयेगी यदि आपका काम जंगलात का है तामीरी काम है या सप्लाई का तो काम यथावत चलता रहेगा । **नौकरी** : यदि आपकी तरक्की का कोई सिलसिला चल रहा है तो इस मास में सफलता की आशा रखें, आपका नौकरी सम्बन्धित हर एक काम सफल रहेगा किसी भी प्रकार की रुकावट तथा विघ्न का कोई खतरा नही है । **विद्यार्थी** : मास के आरम्भ में बृहस्पति जो विद्या गुरु माना जाता है आपके विद्या के घर यानि पाँचवें भाव को पूर्ण दृष्टि से देख रहा है आपकी विद्या सम्बन्धित हर योजना में सफलता होगी आपने परीक्षा देनी हो या इन्टरव्यू अथवा किसी ट्रेनिंग में जाना हो अथवा नये सिरे से पढ़ाई का कोई इरादा है तो ऐसे काम का 'श्रीगणेश'

यानि 'आरम्भ' और सम्बन्धित कार्यालय से पत्र-व्यवहार आरम्भ करें, ऐसे काम के लिये यह मास शुभ है । **गृहस्थ** : आपका घरेलू वातावरण शान्त रहेगा, घर में भाई-बन्धुओं रिश्तेदारों तथा यार-दोस्तों का आना जाना ज़ोरों पर रहेगा, खाना खिलने के प्रोग्राम बनते रहेंगे, पार्टियों में सम्मिलित होने की इस मास में व्यस्तता रहेगी, यह भी सम्भव है आप इस मास में कोई जाईदाद सम्बन्धित काम आरम्भ करेंगे और उस में सफलता भी मिलेगी । **महिलावर्ग** : आपको इस मास में धार्मिक कामों में अधिक दिलचस्पी रहेगी तथा अच्छे पुरुषों के दर्शन होंगे ।

शुभ अशुभ दिनों की सूची : 1, सुख शान्ति, 2 से 16 तक शरीर कष्ट और घरेलू परेशानी, 7 से 10 तक हर काम में सिद्धि व आदर, 11 से 13 तक फजूल खर्च और तंगदस्ती, 14, 15 सफलता और लाभ, 16 से 18 तक धनहानि और अनादर, 19, 20 गृहस्थ सुख और शुभ सन्देश मिले, 21 से 25 तक दौड़धूप तथा संघर्ष, 26 से 29 तक कार्यसिद्धि और लाभ, 30, 31 अशान्ति तथा हानि ।

नवम्बर



इस मास के आरम्भ पर प्रायः सभी ग्रह अच्छी स्थिति में है, शनि जो कई महीनों से ही आपके लिये शुभ नहीं है परन्तु इस मास में वेध में होने से आपके लिये यह ग्रह भी अनुकूल रहेगा इस मिले जुले योग के आधार से यह मास आपके लिये शुभ है ऐसा निश्चय रखिये । **शरीर** : आपका शरीर स्वस्थ रहेगा यदि आप पहले ही शरीर से अस्वस्थ है तो आ

इस मास में किसी नये डाक्टर से इलाज करवायें और विश्वास रखिये कि आपका शरीर स्वस्थ हो जायेगा, यदि घर में कोई शरीर सम्बन्धित परेशानी है तो उसका अन्त अवश्य होगा । **धन** : आप जिस कारोबारी लाईन से सम्बन्धित हैं तो आप केवल काम में दिल लगायें ग्रह आपके सहायक हैं यदि आप कपड़े के व्यापारी हैं तो आप लाभ में रहेंगे कमाई की ओर आप अधिक ध्यान न दें बल्कि काम को बढ़ावा देने में दिलचस्पी लीजिए, इस मास में काम में लगाया हुआ आपका धन सार्थक खर्च होगा, किरयाना के व्यापारी वर्ग के लिये यह मास विशेष कमाई का है आप काम में लगे रहिये और खूब धन कमायें, खाद्य पदार्थों और दवाईयों का व्यापारी वर्ग काम में लगे रहेंगे और परिश्रमानुसार धन भी कमायेंगे, आप के किसी भी काम में रुकावट पड़ने का कोई अन्देशा नही है, लोहे, मशीनरी, फैक्टरी, इण्डस्ट्रीज़ आदि से सम्बन्धित व्यापारियों के माल की इतनी मांग रहेगी कि आप रात दिन काम में लगे रहने पर भी माल सप्लाई नही कर पाऐंगे, वस्तुतः यह मास आपके लिये हर प्रकार से लाभ का है । **फल** : आप माल बेचने की योजना बनायें या माल खरीदने की ओर बिना किसी हिचकिचाहट के कारोबार में धन लगायें, आप इस मास में कारोबार सम्बन्धित जो कोई भी काम आरम्भ करेंगे उस में आप सफल रहेंगें, यदि आप खुश्क मेवे तथा केसर आदि का काम करते हैं तो उस काम में विशेष दिलचस्पी लें आप लाभ में रहेंगे । **ठेकेदार वर्ग** : यदि आप जंगलात का काम करते हैं तो आपको आशा से अधिक लाभ मिलेगा, सम्भव है कि आरम्भ में काम में कुछ रुकावट पड़े परन्तु आखिर में यह महीना आपके लिये विशेष लाभदायक ही रहेगा, यदि आप तामीरी काम अथवा माल सप्लाई करने के काम से सम्बन्धित हैं तो आपका काम यथाक्रम चलता रहेगा, यदि अधिक लाभ का योग नहीं है फिर भी हानि की कोई सम्भवना नही है **नौकरी** : दसवें भाव का स्वामी बुध बारवाँ होगा इस मास की अशान्ति का संकेत है, आपका दफतरी माहौल यद्यपि आपके अनुकूल होगा तो भी बिना किसी कारण के मानसिक अशान्ति बनी रहेगी, कोई तरक्की अथवा लाभ का योग नही है । **विद्यार्थी** : इस

मास के प्रायः सभी ग्रह आपके पक्ष में हैं, आपने कोई परीक्षा दी है या देनी होगी तो आप शान व मान से सफल होंगे, पढ़ाई में दिल लगाएं और ग्रहों से लाभ उठाइये, इस मास का एक क्षण भी व्यर्थ न गवायें, यदि आप इस मास मे पढ़ाई में लापरवाई करेंगे तो वह अपना दुर्भाग्य मानिये **गृहस्थ** : इस मास में आपकी कोई घरेलू समस्या वह लड़के की हो या लड़की की वह पढ़ाई सम्बन्धित हो अथवा विवाह सम्बन्धित जूं की तूं लटकी रहेगी, यदि जाईदाद वाहन आदि बनाने या खरीदने का विचार है तो ऐसा कोई काम अमली रूप में इस मास में हल नहीं होगा । **महिलावर्ग** : यद्यपि पुरुषों के शरीर के विषय में शुभ फल ही लिखा है परन्तु आप इस मास में शरीर के बारे में सावधान रहें ।

शुभ अशुभ दिनों की सूची : 1, 2 अशान्ति तथा असफलता, 3 से 7 तक कार्य सिद्धि और मानसिक शान्ति, 8, 9 व्यर्थ खर्च, काम में रुकावट, 10, 11 लाभ तथा आदर, 12, 13, 14 संघर्ष तथा दौड़धूप, 15, 16 कोई शुभ सन्देश मिले और आदर में वृद्धि, 17 से 21 तक हर काम में रुकावट तथा अशान्ति, 22 से 25 तक कार्य सिद्धि तथा मानसिक शान्ति, 26 से 29 तक अशान्ति और काम में रुकावट, 30 लाभ और कार्य सिद्धि ।

दिसम्बर

यद्यपि इस मास के आरम्भ पर सूर्य, भौम, बुध बारवें भाव में होने से अच्छी स्थिति में नही हैं परन्तु यह तीनों ग्रह शुक्र के वेध में हैं केवल शनि ही इस मास में आपके उलट है इस मिले जुले शुभ अशुभ योग के आधार से यह मास हर पहलू से आपके लिये शुभ फलदायक ही रहेगा, हर शुभ काम के लिये आप इस मास को चुन लीजिये जो कोई भी काम इस मास में आप करेंगे उसका परिणाम आपके पक्ष में होगा **शरीर** : आपका शरीर स्वस्थ रहेगा, गृहस्थी होने पर घर में भी अगर किसी सदस्य

के शरीर की परेशानी है वह भी दूर हो जायेगी । **कारोबार** : आप कपड़े के व्यापारी हैं या किरयाना का काम करते हैं या दवाईयों का, आप काम में लगे रहिये आप के कारोबार को सफल रखने में इस मास के ग्रह अनुकूल हैं अतः आप काम में लगे रहिये और ग्रहों से लाभ उठाइयें, खाद्यपदार्थों के व्यापरीवर्ग को चाहिये कि वह माल खरीदने का सिलसिला आरम्भ न करें ऐसा करना परेशानी के साथ-साथ आप के लिये हानिकारक भी साबित होगा, लोहे, मिशनरी, फेक्ट्री, इण्डस्ट्रीज, ट्रांस्पोर्ट तेल सीमेंट आदि से सम्बन्धित कारोबारी वर्ग के लिये यह मास दौड़धूप का ही है जबकि शनि आप के अनुकूल नहीं है आप के हर काम में रुकावट पड़ने की सम्भावना है इस मास में आप काम का फैलाव अधिक न करें बल्कि चालू काम को ही सम्भालें रखें । **ठेकेदारवर्ग** : आप के ढीले पड़े काम भी हरकत में आयेंगे चालू काम में भी तेज़ी आयेगी नये काम के लिये भी तैयार रहिये आप जंगलात का काम करते हैं या तीमीरी काम माल सप्लाई का तो आप को हर काम में सफलता मिलनी निश्चित है । **नौकरी** : आप ने यह मास शान व मान से गुज़ारना होगा, दफतर का माहौल आप के अनुकूल होगा, यदि आप कीतरक्की का कोई सिलिसिला चल रहा है तो सम्भव है कि आपकी यह मनोकामना इसी मास में पूरी होगी । **विद्यार्थी** : बृहस्पति देवता आपकी सहायता करता आया है अगर आप इस ग्रह से लाभ उठाने में लापरवाई करेंगे यानि पठन-पाठन में ढील करेंगे तो वह अपना दुर्भाग्य मानिये आप पढाई में डट जाइये आप जितना परिश्रम करेंगे उससे कही अधिक ही शुभ फल मिलेगा **गृहस्थी** : घरेलू वातावरण शान्त रहेगा, यदि इस मास में आप के घर में बच्चा होने वाला है तो उसके बारे में चौकस रहिये, खर्च की बहुतात होगी । **महिलावर्ग** : आप को पुरुषों की अपेक्षा बिना कारण



के मानसिक अशान्ति बनी रहेगी, शेष फलादेश जो कुछ भी हम ने लिखा है या लिखना है वह आप की राशि दृष्टि में रखकर ही लिखा जाता है

शुभ अशुभ दिनों की सूची : 1 से 4 तक कार्य सिद्धि तथा सफलता 5, 6 तक तंगदस्ती और हानिकी सम्भावना 7 से 9 तक हर काम में सफलता और अचानक लाभ मिले, 10, 11 दौड़धूप और आदर में कमी, 12, 13, 14 विबा परिश्रम के लाभ और गृहस्थ सुख, 15 से 18 तक शरीर की परेशानी तथा समय का व्यर्थ होना, 19 से 22 तक सफलता और उत्तम लाभ, 23 से 27 तक शरीर कष्ट और अचानक परेशानी, 28 से 31 शुभ सन्देश मिले तथा यात्रा में लाभ

जनवरी



लग्न में सूर्य भौम और राहु का होना यद्यपि अशुभ फल का ही सूचक है परन्तु इस मास में भी ये तीनों वेध में हैं अतः ये ग्रह शुभ फलदायक ही होंगे परन्तु बारवें भाव में चन्द्रमा बुध और शुक्र का होना हानिकारक है जिनका अशुभ फल विशेषतया कारोबारीवर्ग पर होगा । **शरीर :** आप का शरीर प्रायः स्वस्थ रहेगा, घर में भी कोई शरीर सम्बन्धित परेशानी होगी नहीं, यदि होगी भी तो वह अस्थाई होगी । **कारोबार :** आप जिस कारोबारी लाईन से सम्बन्धित हैं संघर्ष दौड़धूप तथा उलझनों का समाना करने के बाद ही किसी काम में सफलता की आशा रखें, यदि आप कपड़े का थोक काम करते हैं तो परिश्रम करने पर भी घाटे के लिये तैयार रहिये, यदि आप कपड़े का यही काम परचून में करते हैं तो काम में दिलचस्पी

ले या न लें तो लाभ अवश्य मिलेगा, दवाईयों से सम्बन्धित थोक व्यापारीवर्ग को अकस्मात हानि का सामना करना होगा परन्तु
यही काम जो परचून में करते हैं वह लाभ में रहेंगे किताबों और स्टेशनरी का धन्धा करने वाले रात दिन काम में लगे रहेंगे
और लाभ भी तसल्ली बख्श रूप में प्राप्त करते रहेंगे, लोहे, मिशनरी कारखानों फैक्ट्री ट्रांस्पोर्ट आदि से सम्बन्धित कारोबारीवर्ग
के लिये यह मास आमदनी की अपेक्षा कारोबार सम्बन्धी खर्च के लिये मज़बूत रहेगा । **फल** : आप इस मास में कारोबार की
जो योजना बनायेंगे वह आप के कारोबार को सफल बनाने में सहायक रहेगी, आप ने माल बेचना है या खरीदना, सौदा अधूरा
न रखें सौदा पक्का करना ही आप के लिये लाभदायक रहेगा । **ठेकेदारवर्ग** : आप को दौड़धूप अधिक करनी होगी, चालू
काम भी अधिक तेजी से आगे बढ़ेगा कोई नया काम भी हाथ में आने वाला है विशेषतया यदि आप तामीरी काम से सम्बन्धित
होंगे तो आप को अधिक लाभ मिलने का योग है । **नौकरी** : यह नये वर्ष का पहला महीना आप के लिये शुभ है, दफतर का
वातावरण आपके पक्ष में रहेगा, सम्भव है इस मास में आपकी तबदीली होगी यदि न भी हो तो तब भी आपके दफ्तरी निज़ाम
में कुछ न कुछ ऐसी तबदीली आयेगी जो आपके लिये लाभदायक होगी **विद्यार्थी** : डटकर पढ़ाई में लगे रहें, आपको किसी ट्रेनिंग
में जाने का विचार है तो आप कोशिश जारी रखें आपका मसला हल होगा, इस मास में विद्या सम्बन्धित जो कोई भी काम आपके
हाथ में होगा या किसी काम का श्रीगणेश करेंगे तो निश्चय रखें आप की सफलता होगी । **गृहस्थ** : आपका घरेलू वातावरण
शान्त रहेगा खर्च की बहुतात होगी, घर में अतिथियों का आना जाना ज़ोरों पर रहेगा तथा अतिथि सेवा इस मास में आपका
विशेष व्यसन रहेगा । **महिलावर्ग** : आपने प्रायः इस मास में घर से बाहर रिश्तेदारों के हाँ ही अधिकतर समय गुज़ारना होगा
ऐसे ही हालात बनेंगे ।

शुभ अशुभ दिनों की सूची : 1, 2, 3 खर्च की भरमार और अशान्ति, 4, 5 लाभ और कार्य सिद्धि, 6 से 8 खर्च की अधिकता

तथा दौड़धूप, 9, 10 कार्य सिद्धि व आदर में वृद्धि, 11 से 15 तक काम में रुकावट और अशान्ति, 16 से 19 तक लाभ व अच्छे पुरुषों से मेल व मिलाप, 20 से 23 2क शरीर कष्अ और हानि, 24 से 28 तक लाभ और कार्य सिद्धि, 29, 30 काम में रुकावट और अशान्ति, 31 कोई शुभ सन्देश मिले और लाभ ।

फरवरी

इस मास के ग्रहों पर वेध अष्टकवर्ग सिद्धान्तों से विचार करने पर मालूम होता है कि इस मास में केवल भौम अच्छी स्थिति में नही है शेष सूर्य, चन्द्र आदि आप के अनुकूल हैं इस मिले जुले योग के आधार से यह मास प्रायः सुख शान्ति के वातावरण में ही गुज़रेगा **शरीर :** पहले भाव का भौम आपके शरीर को अवश्य प्रभावित करेगा आपका शरीर अस्वस्थ रहेगा, गृहस्थी होने पर अगर आपको माता पिता की छत्र छाया है तो उसकी ओर से शरीर सम्बन्धी परेशानी रहेगी, **उपाय :** के रुप में इस मास की हर मंगलवार को यानि 4, 11, 18, 25 तारीख को तहर बनाकर पक्षियों को डालें अथवा गौमाता को गुड़ खिलायें । **धन :** आपके कारोबार को इस मास के ग्रह सफल बनाने में सहायक रहेंगे, आप कपड़े का काम करते हैं या किरयाना का, आप खाद्य पदार्थों के व्यापारी हैं या दवाईयों के आप किताबों के काम से सम्बन्धित हैं या स्टेशनरी से आपका काम थोक है या परचून, आप जो कोई भी काम करते हैं आप लाभ में रहेंगे, लोहे, मशीनरी, कारखानों, फैक्टरी आदि से सम्बन्धित काम करने वाले व्यापारी वर्ग के लिये यह मास कमाई का है अतः आप काम में लगे रहिये



आपको आशा से अधिक लाभ मिलेगा आपे किसी भी काम में दिलचस्पी लीजिये, धन आपके पीछे लुढ़कता फिरेगा अगर आप
इस मास में काम में दिल न लगायेंगी और काम में लापरवाई करेंगे तो वह अपना दुर्भाग्य मानिये, आप माल के खरीदफरोख्त
के विषय में जो योजना बनायेंगे आप सफल रहेंगे **ठेकेदार वर्ग** : लाभ की दृष्टि से यह मास उत्तम है परन्तु हर काम में विलम्ब
होता रहेगा प्रयत्न करने पर आखिर में हर काम का परिणाम आपके पक्ष में होगा, आप जंगलात से सम्बन्धित हैं या तामीरी
काम से अथवा माल सप्लाई करते हैं तो यह मास सुख व शान्ति के वातावरण में गुज़ारना होगा, अगर आपने नौकरी सम्बन्धित
डिपार्टमेन्टल कोई परीक्षा देनी हो तो ऐसे काम का मुहूर्त यानि अध्ययन अथवा फार्म आदि भरने का काम इस मास में करना
आपके लिये शुभ शकुन होगा । **विद्यार्थी वर्ग** : आपके पठन-पाठन सम्बन्धित शुभ ग्रह लगातार चल रहे हैं आपका काम है कि
केवल पढ़ाई में दिलचस्पी लीजिये, अगर आपको किसी ट्रेनिंग में जाने का विचार है तो आप कोशिश कीजिये सफलता अवश्य
मिलेगी **गृहस्थ** : आपका घरेलू वातावरण शान्त रहेगा, अतिथि सेवा में इस मास में अधिक व्यस्त रहोगे, खाना खिलाने के प्रोग्राम
बनते रहेंगे और खर्च की भरमार हागी । **महिलावर्ग** : आपको इस मास में रिश्तेदारों से मिलने जुलने की अधिक दौड़धूप रहेगी,
साथ-साथ धार्मिक प्रवृत्ति अधिक रहेगी ।

शुभ अशुभ दिनों की सूची : 1, 2, 3 खर्च की भरमार और अशान्ति, 4, 5 लाभ तथा कार्यसिद्धि, 6, 7, 8 खर्च की अधिकता
और दौड़धूप, 9, 10 कार्य सिद्धि व आदर में वृद्धि, 11 से 15 तक काम में रुकावट तथा परेशानी, 16 से 19 तक लाभ और
अच्छे पुरुषों से मेल व मिलाप, 20 से 23 तक शरीर कष्ट और हानि, 24 से 28 तक लाभ और कार्य सिद्धि,
शुभ सन्देश मिले । 29, 30 काम में असफलता और अशान्ति, 31 सुख शान्ति और

मार्च

ग्रहचाल पर विचार करने से मालूम होता है, यह मास आपने शान्त वातावरण में ही गुज़ारना होगा **शरीर** : ग्रहों के प्रभाव से आप का शरीर सुख प्रायः उत्तम ही रहेगा, यदि दैवयोग से कोई शरीर सम्बन्धित परेशानी होगी भी वह भी जल्द ही दूर होगी । **धन** : प्रायः हर व्यापारी वर्ग के लिये यह मास लाभदायक ही रहेगा, यदि आप कपड़े का काम करते हैं तो आप रात दिन काम में लगे रहेंगे, आप को परिश्रम के अनुसार फल अवश्य मिलेगा, किरयाना का व्यापारी वर्ग भी यथावत् अपना काम चलाता रहेगा और यथवात् लाभ भी मिलेगा, खाद्य पदार्थों के धनु राशि वालों के लिये यह महीना लाभदायक है वह तभी सम्भव है जब आप माल स्टाक करने में अधिक दिलचस्पी न रखेंगे बल्कि माल हाथों हाथ बेचेंगे और खरीदेंगे, दवाईयों का व्यापारी वर्ग काम में लगा रहेगा और लाभ भी प्राप्त करेगा, किताबों और स्टेशनरी का कारोबारी वर्ग काम में जितनी दिलचस्पी लेगा उतना ही उसको लाभ भी मिलता रहेगा, काम में किसी भी प्रकार की रुकावट नही होगी, लोहे, मशीनरी, फैक्टरी, इण्डस्ट्रीज आदि से सम्बन्धित कारोबारी वर्ग के लिये लाभ की दृष्टि से यह मास रिकार्ड होगा, काम को विशाल रुप देने के लिये भी योजना बनने वाली है जो योजना आपके कारोबार की रूपरेखा ही बदल देगी **फल** : आप काम में लगे रहिये, काम को सम्भालने में खुले दिल से धन लगायें आप काम में जितना भी धन खर्च करेंगे उतना ही आपको लाभ अवश्य मिलेगा, घबराइये मत हानि की कोई सम्भावना नही है । **ठेकेदार वर्ग** : आप काम में जुटजायें, इस मास में ग्रह आपके पक्ष में हैं, ग्रहों से आप



लाभ उठायें, आप जंगलात सेसम्बन्धित हैं तो आपके हाथ में कोई विशाल काम आने वाला है, अगर आप तामीरी काम से सम्बन्धित हैं तो आपको दौड़धूप अधिक करनी पड़ेगी परन्तु काम आपके लिये लाभदायक रहेगा, आप अगर माल सप्लाई करते हैं तो वह काम भी यथाक्रम चलता रहेगा आदर व मान अथवा लाभ की दृष्टि से यह मास आपके लिये उत्तम है । **विद्यार्थी :** यह मास आपके लिये विद्या सम्बन्धित हर काम में सफलता का मास है, यदि दैवयोग से इस मास में कोई परीक्षा दी है यादेनी होगी तो आपने अवश्य सफल होना है अगर दैवयोग से आप सफल न होंगे तो आगे भी सफलता की कोई आशा न रखें । **गृहस्थ :** आपका घरेलू वातावरण सामूहिक रूप से इस मास में शान्त रहेगा, घर में कोई महोत्सव रचाने का प्रोग्राम बनेगा, खाना खिलाने और पार्टियां देने के छोटे-मोटे प्रोग्राम बनते ही रहेंगे, इस मास में धार्मिक अथवा सामाजिक कामों से दिलचस्पी बनी रहेगी, कोई जाईदाद, मकान, वाहन आदि बनाने अथवा खरीदने का प्रोग्राम अवश्य बनने वाला है, आप दिलचस्पी लीजिये ऐसे काम की सफलता के लिये ग्रह अनुकूल हैं ।

शुभ अशुभ दिनों की सूची : 1, 2 असफलता और हानि, 3, 4, 5 कार्य सिद्धि और मानसिक शान्ति, 6 से 9 तक शरीर कष्ट तथा मानसिक अशान्ति, 10 से 13 तक कार्य सिद्धि, आदर व मान, 14 से 18 तक परेशानी व हानि, 19 से 22 तक हर काम में सफलता तथा लाभ, 23, 24 खर्च की अधिकता और दौड़धूप, 25 से 27 तक शुभ सन्देश मिले अथवा कोई लाभ मिले, 28, 29 काम में रुकावट और अशान्ति, 30 भाई बन्धुओं से मेल जोल और शरीर सुख ।

CAPRICORN मकर राशि का स्वभाव

नाम राशि : "ज" "ख" "ग" पश्चिमीय फार्मुला 22 दिसंबर से 19 जनवरी तक

मकर राशि का स्वामी शनि है, आप कष्टों की पाठशाला में पढ़कर अपने जीवन को बनाते हैं, आप धुन के पक्के, निर्भय तथा हठी स्वभाव के होते हैं आप हर समय मान प्रतिष्ठा बचाये रखने की धुन में लगे रहते हैं, आपकी बात पक्की और सूझबूझ वाली होती है, धन कमाना खुदखाना दूसरों को खिलना आपके जीवन का लक्ष्य होता है, धनाढ्य होने पर भी आप व्यर्थ खर्च करने से बचे रहते हैं, इसलिये लोग आपको कंजूसी गिनती में रखते हैं, जिन्दगी में आप को बहुत उतार चढ़ाव देखने पड़ते हैं, फिर भी आप निराश नही होते हैं और न ही किसी के सामने झुकते हैं, धार्मिक प्रवृत्ति आपकी कम होती है, बाहर से आप खुश्क स्वभाव के देखने में होते हैं, परन्तु अन्दर से आपका मन प्रेम और हमदर्दी से भरपूर होता है, आप नौकरी की अपेक्षा व्यापार में सफल रहते हैं, आप के दिली राज़ को आप के मित्र भी नही समझते हैं, आप के अन्दर देशभावना अवश्य होती है। **महिलावर्ग** : ऊपर लिखा स्वभाव अपने लिये भी समझें **रत्न** : यदि आप पहनना चाहते हैं तो "मोंगा" आपके लिये शुभ है **मित्रता** : जिन राशियों से हो सकता है वह हैं "वृष" "मिथुन" "कन्या" "तुला" **अंक** : आपका शुभ है "8"।

मकर राशि का भविष्य गोचर ग्रन्थों के आधार से

सूर्य : तीसरे भाव में होने से, शरीर को कष्टों से छुटकारा मिलता है, अच्छे पुरुषों से उठने बैठने का अवसर मिलता है, लाभ



तथा आदर मिलता है चन्द्रमा : तीसरे भाव में होने से धन का लाभ होता है, शत्रुओं पर विजय होती है, भाई बन्धुओं से प्रेम व्यवहार में वृद्धि होती है भौम : पाँचवें भाव में होने से धन और स्वास्थ्य की हानि होती है, गृहस्थी होने पर सन्तान के ओर से मानसिक परेशानी रहती है, शत्रुओं से भय रहता है बुध : तीसरे भाव में होने से शरीर में काम करने की शक्ति कम हो जाती है, जाईदाद सम्बन्धित कोई झगड़ा खड़ा होता है । बृहस्पति : सातवें भाव में होने से परेशानियां बढ़ती हैं, तंगदस्ती से दुचार होता है यद्यपि आपके पास धन भी होता है शुक्र : चौथे भाव में होने से मन की स इच्छायें पूरी होती हैं, जाईदाद मकान, वाहन आदि का लाभ अथवा सुख मिलता है, गृहस्थ का वातावरण आपके अनुकूल होता है शनि : पहले भाव में होने से बुद्धिभ्रम होता है, चोट का खतरा होता है, आदर में कमी होती है, भाई बन्धुओं से झगड़ा होता है । राहु : पहले भाव में होने से धन का लाभ होता है, गृहस्थी होने पर सन्तान सुख मिलता है, यात्रा का योग यदि बने उसमें भी शान्ति रहती है केतु : सातवें भाव में होने से आदर मान में वृद्धि होती है, अचानक लाभ अथवा उन्नति होती है मानसिक शान्ति रहती है ।

वर्षफल

(संक्षिप्त रूप में 2048 वि. के लिये)

वर्ष के आरम्भ की ग्रह स्थिति पर विचार करने से तिदित होता है, इस मास शनि एक मात्र ग्रह है जो अपके लिये हानिकारक है, भौम, बुध, बृहस्पति ये ग्रह अच्छी स्थिति में है इससे साफ जाहिर है में इस वर्ष में शुभ ग्रहों का पलड़ा भारी है, शनि का

कुछ न कुछ प्रभाव वर्षभर अवश्य रहेगा शनि के क्रूर प्रभाव को शान्त करने वाला भगवान् शंकर है अतः जन्त्री पर से इस मन्त्र का बार-बार उच्चारण कियाकरें **"ॐ नमः शम्भवाय घ"** आप निश्चय रखिये शनि का क्रूर प्रभाव अवश्य शान्त होगा । **शरीर** : शनि चूँकि दुःख देने वाला है यदि वह शुभ घर में न हो, शनि जब शुभ घर में हो तो मालामाल करने में भी कोई कसर छोड़ता नही है, शनि के प्रभाव से गाहे आपका शरीर बनता बिगड़ता रहेगा परन्तु सामूहिक रुप से शरीर-कष्ट का कोई ऐसा योग नही कि विस्तरे पर बैठे रहना पड़े, ऐसे ही गृहस्थी होने पर स्त्री के बारे में भी समझें । **धन** : आपका कारोबार जिस किसी लाईन से सम्बन्धित है, संघर्ष दौड़धूप के बाद आप महसूस करेंगें कि आप कारोबार की दृष्टि से लाभ में ही रहे हैं परन्तु यह भी न समझें कि आपको यह वर्ष ऐसा लाभदायक रहेगा जो रिकार्ड होगा । लोहे, मशीनरी, कारखानों, फैक्ट्री आदि से सम्बन्धित कारोबारी वर्ग सामूहिक रुप से लाभ में अवश्य रहेंगे परन्तु कोई भी काम बिना उलझन के हल होगा नही ! **फल** : यदि आप फलों से सम्बन्धित पहले दर्जे का तिज़ारत करते हैं यदि आप खुद भी फलों के बागात के मालिक हैं तो आप काम में धीरज से लगे रहिये, आप इस वर्ष केवल धन कमाना ही अपना लक्ष्य न बनायें बल्कि बागात आदि अपने कारोबार को विशालता देने की ओर अधिक ध्यान दें, यदि धन की कुछ राशि भी खर्च करनी पड़े घबराइये मत आप खुले दिल से खर्च करें, वह धन व्यर्थ नहीं हो जायेगा । **ठेकेदार वर्ग** : यह वर्ष आपके लिये संघर्ष तथा दौड़धूप में ही गुजर जायेगा, काम में ऐसी रुकावटें तथा उलझनें आ खड़ी होंगी जिन उलझनों को सुलझाना आपके लिये मुश्किल होगा आप जंगलात से सम्बन्धित हैं या तामीरी काम से अथवा माल सप्लाई करते हैं आपके लिये यह वर्ष कदरे अशान्ति का ही होगा, जो काम आप आरम्भ करेंगें, हर काम में अपनी सफलता न देखकर जोश ठण्डा पड़ जायेगा **नौकरी** : आपने यह वर्ष डाँवांडोल स्थिति में ही गुज़ारना होगा, इस वर्ष को आप कोई विशेष न मानिये अपितु सर्वसाधारण रुप में बिना किसी तरक्की अथवा तनजुल के यह वर्ष गुज़र

जायेगा । **विद्यार्थी** : यदि आप योग्य विद्यार्थी हैं, अच्छे नम्बर लेकर पास हो जाते हो, कोशिश करने पर कोशिश का फल अवश्य मिलेगा परन्तु आशा से कुछ कम ही सफलता मानिये वह विद्यार्थी जो ढीले-ढाले पहले से ही हैं उनको इस वर्ष सफलता की कोई आशा नहीं रखनी चाहिये, अगर दैवयोग से पास हो भी जायें पर धक्के वाला पास ही समझें । **गृहस्थ** : गृहस्थी होने पर आपका घरेलू वातावरण आपके पक्ष में होगा, इस वर्ष आपकी कई चिरकालीन समस्यायें हल हो जायेंगी, चाहे वह बच्चों की शादी हो, उनकी पढ़ाई के बारे में हो अथवा मकान जाईदाद वाहन आदि खरीदने या बेचने के बारे में हो तो ऐसी समस्यायें हल होने के लिये ग्रह अनुकूल हैं । **महिलावर्ग** : ऊपरलिखित फलादेश अक्षरशः अपने लिये भी मानिये जबकि फलादेश लिखते समय आपकी ग्रह स्थिति को ध्यान रखना आवश्यक होता है ।

मकर राशि का मासिक फल

2048 विक्रमी के लिये

अप्रेल

प्रायः इस मास के ग्रह आपके अनुकूल हैं जबकि शनि भी चन्द्रमा के वेध में हैं और शनि को बृहस्पति भी देख रहा है, इस मिले जुले योग के आधार से यह मास आपने सुख व शान्ति के वातावरण में ही गुजारना होगा । **शरीर** : आपका शरीर प्रायः स्वस्थ रहेगा, यदि घर के किसी सदस्य के शरीर की चन्ता है तो वह भी दूर हो जायेगी । **धन** : आप जिस किसी भी कारोबारी लाईन से सम्बन्धित हैं वह कपड़े की हो या किरयाना की आप थोक काम करते हों या परचून तो आपका काम सफल रहेगा,

खाद्यपदार्थों का काम करने वाले मकर राशि वालों के लिये यह मास हानि का है आपके काम में कोई ऐसी उलझन आ खड़ी
होगी कि यह महीना ऐसे ही परेशानी में गुज़र जायेगा, दवाईयों का धन्धा करने वाले यथावत काम में लगे रहेंगे और सर्वसाधारण
रुप में लाभ भी प्राप्ति करते रहेंगे, किताबों स्टेशनरी के कारोबारी वर्ग वालों को काम की इतनी बहुतात होगी कि रात दिन
काम में जुटा रहना पड़ेगा यहां तक कि आप काम को सम्भाल भी नही सकेंगे, लोहे, फैक्ट्री, इण्डस्ट्रीज़, हार्डवियर , सीमेंट,
कोयला, तेल अथवा ट्रांसपोर्ट से सम्बन्धित कारोबारी वर्ग वालों के लिये यह मास विशेष कमाई का होगा, आप काम में लगे
रहिये और ग्रहों से लाभ उठायें । **फल :** आपने इस मास में केवल कारोबार सम्बन्धित योजनायें ही बनानी होंगी, किसी भी
योजना को अमली रुप नहीं दे सकोगे, आपके लिये यह मास प्रोग्रामों का ही रहेगा काम का नहीं । **ठेकेदार वर्ग :** आप काम
में लगे रहिये, इस मास के ग्रह आपके अनुकूल है विशेषतया यदि आप जंगलात का काम करते हैं आप का चालू काम भी चलता
ही रहेगा अपितु और कोई नया काम हाथ में आने वाला है तो आपके लिये बहुत ही लाभदायक रहेगा, यदि आपका काम
तामीरी काम से है अथवा माल सप्लाई करते है आप का काम तो चलता रहेगा परन्तु हाथों हाथ लाभ मिलने की कोई आशा
न रखें । काम चलने पर भी आप धन की कमी के कारण परेशान जैसे रहेंगे । **नौकरी :** आपकी तरक्की का यदि कोई सिलसिल
चल रहा है तो आपका दफ्तर सम्बन्धी हर एक परेशानी हल होगी, ऐसा भी सम्भव है कि आपको इस मास में तरक्की का
भी कोई योग बने, यदि तरक्की न भी मिले तो भी कुछ न कुछ लाभ अथवा कुछ शुभ सन्देश मिलेगा । **विद्यार्थी :** आपको
पठन पाठन में विशेष दिलचस्पी रहेगी, यदि आपने कोई परीक्षा दी है या देनी है कोई इन्टरव्यू दिया हो या देना है तो निश्चय
रखिये सफलता निश्चित है, यदि आप घर से बाहर देश विदेश में ट्रेनिंग आदि करने का प्रोग्राम बना रहे हैं तो इस मास में ही
सम्बन्धित कार्यालय से सम्बन्ध जोड़ें, ऐसे काम को सफल बनाने के लिये इस मास के ग्रह आपके अनुकूल है । **गृहस्थ :** आपका



घरेलू वातावरण शान्त तथा आपके अनुकूल रहेगा, यदि आप अपने बच्चे वह लड़की हो या लड़का के विवाह के विषय में दौड़धूप कर रहे हैं तो दौड़धूप जारी रखिये, इस मास में की हुई आपकी मेहनत व्यर्थ नहीं हो जायेगी, आपके घर में कोई महोत्सव रचाने का प्रोग्राम बनेगा, **महिलावर्ग** : आपको पुरुषों की अपेक्षा माता पिता की ओर से अधिक चिन्ता बनी रहेगी। **शुभ अशुभ दिनों की तालिका** : 1 से 5 तक हर काम में सफलता, मानसिक शान्ति, 6, 7 खर्च की अधिकता और घरेलू परेशानी, 8, 9 कार्य सिद्धि व सुख शान्ति, 10, 11, 12 हर आरम्भ किये हुये काम में विघ्न व हानि, 13, 14 कार्य सिद्धि, ओर मानसिक शान्ति, 15 से 18 असफलता व झगड़े, 19 से 23 तक हर काम में सफलता और लाभ, 24 से 27 शारीरिक परेशानी और घरेलू अशान्ति, 28 से 30 आदर में वृद्धि तथा अच्छे पुरुषों से मेल मिलाप।

मई

इस मास के आरम्भ पर ग्रहचाल पर विचार करने से मालूम होता है कि यह मास प्रायः दौड़धूप तथा संघर्ष में ही गुज़रेगा। **शरीर** : आपका शरीर प्रायः अस्वस्थ रहेगा, यदि दैवयोग से स्वस्थ रहेगा भी तो भी अकस्मात शरीर बिगड़ने की सम्भावना है अतः आप इस मास शरीर के बारे में सावधान रहिये। **धन** : कारोबार की दृष्टि से यह मास भिन्न-2 रुप धारण करेगा, यदि आप कपड़े का तिजारत करते हैं तो आपके काम में गाहे तेज़ी आयेगी और रात दिन काम में लगा रहना पड़ेगा तथा गाहे काम में इतना मन्दा आयेगा कि आपको हाथ पर हाथ धर कर ही बैठना होगा, किरयाना के व्यापारी वर्ग का काम यथावत चलता

ही रहेगा विशेषतया यदि आप किरयाना के परचून व्यापारी हैं तो आप इस मास में विशेष लाभ में रहेंगे, खाद्य पदार्थों का काम करने वाले अगर माल स्टाक करने की धुन में लगे रहेंगे तो लाभ की आशा न रखें बल्कि खसारा तथा परेशानी के लिये तैयार रहिये अतः आप के लिये आवश्यक है कि इस मास में हाथों हाथ माल खरीदें और बेचें, ऐसा करना आपके लिये लाभदायक रहेगा, दवाईयों के व्यापारी रात दिन काम में जुटे रहेंगे और लाभ भी परिश्रम के अनुसार मिलेगा, लोहे, मशीनरी, कारखानों, फैक्ट्री, इण्डस्ट्रीज़, ट्रांसपोर्ट के काम से जो मकर राशिवाले जुड़े हैं, आप इस मास में काम का अधिक फैलाव न करें जो काम चल ही रहा है उसी को सम्भालिये वही अपने लिए गनीमत समझें जबकि शनि इस मास में आपके अनुकूल नहीं है ।

फल : आपने इस मास में डट कर काम में जुट जाना होगा, आप फलों से सम्बन्धित जो कोई भी योजना बनायेंगे वह सफल रहेगी, यदि आपको बागात से सम्बन्धित कोई जाईदाद खरीदने बेचने का मसला विचाराधीन है उस ओर विशेष ध्यान दीजिये वह समस्या अवश्य हल होगी **ठेकेदार वर्ग :** अगर आप 'ए' क्लास के ठेकेदार हैं तो आप का काम यथावत् चलता रहेगा, कोई नया काम कोशिश करने पर मिलने का योग नही है, मध्य दर्जे का ठेकेदार वर्ग जो तामीरी काम से सम्बन्धित हैं आशा से अधिक लाभ में रहेगा, यदि आप माल आदि सप्लाई करने का काम करते हैं तो आपको दौड़धूप अधिक करनी होगी तब ही कुछ लाभ प्राप्ति होगी । **नौकरी :** आपका दफतरी माहौल आपके उलट होगा, सम्बन्धित कार्यकर्त्ताओं से आपसी टकराव बना रहेगा, कोई तरक्की अथवा तबदीली का योग नही है, दफ्तर का वह काम भी अधूरा ही पड़ेगा जो काम निभाना आपके ज़िम्मे था । **विद्यार्थी :** पठन-पाठन सम्बन्धित हर काम में आपकी सफलता निश्चित है, यदि आप को दाखला अथवा पढ़ाई के बारे में कोई समस्या हो तो हर एक समस्या



लटकती ही रहेगी । **महिलावर्ग :** यदि आपके यहाँ बच्चा नही है तो इस मास में आपके घर में कोई भाग्यशाली बच्चा जन्म लेने वाला है ।

शुभ अशुभ दिनों की सूची : 1, 2 लाभ, 3, 4 हानि और अशान्ति, 5, 6, 7 कार्य सिद्धि और कोई शुभ सन्देश मिले, 8, 9 हानि तथा आदर में खलल, 10, 11 सुख शान्ति और अच्छे पुरुषों से मिलाप, 12 से 16 तक अशान्ति, और दौड़धूप, 17 से 20 आदर में वृद्धि और कार्यसिद्धि, 21 से 24 तक शारीरिक कष्ट, 25 से 30 हर काम में सफलता तथा घर में कोई महोत्सव, 31 धन की कमी अथवा हानि ।

जून

चन्द्रमा बारवाँ, सातवें भाव का भौम, छटे भाव में शुक्र जो गोचर से अशुभ माने जाते हैं, यह दोनों ग्रह वेध में होने से आपके लिये शुभ हैं शेष ग्रहों पर भी ज्योतिष गोचर-सिद्धान्तों से विचार करने पर मालूम होता है, इस मास में शुभ ग्रहों का पलड़ा भारी है जिसके प्रभाव से यह महीना सुख व शान्ति के वातावरण में ही गुज़रेगा । **शरीर :** आपका शरीर न अधिक स्वस्थ रहेगा और न ही बिस्तरे पर बैठे रहने का योग है, यदि घर में कोई सदस्य बीमार होगा उसे अधिक किसी कष्ट का योग नही है । **कारोबार :** आपका कारोबार सामूहिक रुप से इस मास में सफल रहेगा, यदि आप कपड़े के व्यापारी हैं आप थोक काम करते हैं या परचून काम तो दोनों सूरतों में आप लाभ में रहेंगें परन्तु काम में दिलचस्पी लीजिये ग्रह आपके पक्ष में हैं, किरयाना के थोक व्यपारी अधिक दौड़धूप में रहेंगे और मास के अन्त में महसूस करेंगे कि उनको कोई विशेष लाभ नहीं रहा है परन्तु किरयाना का परचून काम करने वाले आशा से अधिक लाभ में रहेंगे, खाद्य पदार्थों का काम करने वाले कीमतों के उतार चढ़ाव तथा

सरकार के हस्ताक्षेप के कारण काम में दिलचस्पी अधिक नहीं लेंगे अतः इस मास में लाभ की भी आशा ज्यादा न रखें, दवाईयों का काम करने वाले मकर राशिवाले काम में लगे रहेंगे और लाभ भी यथेष्ट प्राप्त करेंगे, किताबों, स्टेशनरी का काम करने वाले मकर राशि वालों के लिए आमदनी की दृष्टि से यह मास ढीला ही रहेगा, इस मास में आपको चाहिये कि आप अपने काम को बढ़ावा देने में दिलचस्पी लें, कारोबार सम्बन्धित जो कोई आप नई स्कीम बनायेंगे उसको अमली रुप दीजिये जिस से आप के कारोबार को बढ़ावा मिलेगा, लोहे, मशीनरी, कारखानों, फैक्ट्री, ट्रांसपोर्ट आदि से सम्बन्धित मकर राशि वालों के लिये यह मास लाभ का नही है अपितु हाथ पर हाथ धर कर बैठने का महीना है । **फल :** आपके लिये ग्रह अनुकूल हैं अतः आपको चाहिये कि आप माल खरीदने में दिलचस्पी ज्यादा लीजिये, इस मास में माल बेचना आपके लिये लाभदायक नहीं रहेगा **ठेकेदार वर्ग :** आप जंगलात का काम करते हैं या तामरी काम अथवा माल आदि सप्लाई करते हैं प्रायः इस मास के ग्रह आपके पक्ष में हैं आपका चालू काम भी यथावत् चलेगा और कोई नया काम हाथ में आयेगा जिस में आप लाभ में ही रहेंगे । **नौकरी :** कोई तरक्की तबदीली व लाभ का महीना नहीं है मानिये कि यह मास किसी न किसी ढंग से गुज़ारना है । **गृहस्थ :** इस मास में भी आपकी कोई समस्या हल नहीं होगी बल्कि हर एक समस्या ज्यूं की त्यूं लटकती रहेगी, खर्च के नये नये मार्ग निकल आयेंगे । **महिलावर्ग :** यह महीना आपने पुरुषों की अपेक्षा अशान्ति के वातावरण में ही गुज़ारना होगा ।



शुभ अशुभ दिनों की सूची : 1, तंगदस्ती और परेशानी, 2, 3 लाभ और कार्य सिद्धि, 4, 5 अशान्ति तथा हानि, 6, 7, 8

हर काम में सिद्धि तथा आदर में वृद्धि, 9 से 12 हर प्रकार से परेशानी और धन की कमी, 13 से 16 तक कार्य सिद्धि तथा लभ, 17 से 21 तक काम में रुकावट और अशान्ति, 22 से 25 तक हर काम में सफलता और लाभ, 26, 27, 28 खर्च की भरमार और तंगदस्ती, 29, 30 लाभ तथा मानसिक शान्ति ।

जुलाई

ग्रहों पर विचार करने से मालूम होता है कि शनि और भौम जो इस मास के आरम्भ में आपके लिये अच्छी स्थिति में नहीं थे ये दोनों ग्रह वेध में हैं केवल सातवां बृहस्पति ही इस मास में आपके लिये अशुभ ग्रह है, इस मिले जुले शुभ अशुभ योग के आधार से यह मास सुख व शान्ति के वातावरण में ही गुज़रेगा । **शरीर** : आपका शरीर प्रायः स्वस्थ रहेगा, घर में भी कोई शरीर सम्बन्धित परेशानी होगी वह भी ग्रहों के प्रभाव से स्व्यं ही दूर हो जायेगी अगर दैवयोग से घर में किसी सदस्य की शरीर सम्बन्धित कोई कांट-छांट करवाने का प्रोग्राम है तो ऐसे काम के लिये यह मास मोजून है । **कारोबार** : अगर आप कपड़े का काम करते हैं तो आपने इस मास में काम को विशाल बनाने की कोई स्कीम बनानी होगी जो कि आपके कारोबार को सफल बनायेगी यदि आपके दिल में ऐसा काम करने का अभी कोई विचार नही है तो आप अवश्य कोई स्कीम बनायें जो आपके कारोबार की रूपरेखा को ही बदलेगी, किरयाना के व्यापारियों के लिये यह मास अधिक परिश्रम का होगा परन्तु लाभ इच्छानुसार मिलता ही रहेगा, खाद्य पदार्थों का काम करने वाले मकर राशिवालों को यह मास यदि अधिक दौड़धूप का होगा भी परन्तु आखिर में आपको यही जान पड़ेगा कि यह महीना मनहूस महीना ही था, काम के साथ-साथ मानसिक अशान्ति भी रहेगी, दवाईयों का धन्धा करने वाले यथावत काम में लगे रहेंगे और इच्छानुसार लाभ भी प्राप्त करेंगे, लोहे, मशीनरी, कारखानों, फैक्ट्री, ट्रांसपोर्ट

आदि से सम्बन्धित कारोबारी वर्ग को चाहिये कि इस मास से लाभ उठायें, ग्रह आपके पक्ष में हैं आपने यदि कारोबार में कोई धनराशि और लगानी हो तो अवश्य लगाइये ऐसा करना आपके कारोबार को सफल बनाने में सहायक रहेगा **फल** : आप काम में दिलचस्पी लें या न लें आप काम करने के लिये मजबूर होंगे, आपके गये गुज़रे काम भी नये रंग में आपके हाथ में आयेंगे आप कारोबार सम्बन्धित जो कोई योजना बनायेंगे वह सफल रहेगी । **ठेकेदारवर्ग** : इस मास में ग्रह आपके पक्ष में हैं अतः आप उन ग्रहों से लाभ उठायें आप जंगलात का काम करते हैं या तामीरी काम अथवा माल सप्लाई का करते हैं, आपने इस मास में आदर व मान के साथ धन कमाना होगा, कारोबार सम्बन्धी अफसरों के साथ मेल-जोल में अधिक व्यस्त रहोगे ।



नौकरी : यह मास आपने यथावत् साधारण रूप से गुज़ारना होगा, किसी लाभ हानि का कोई सवाल नहीं वस्तुतः यह महीना दिन गुज़ारने वाला होगा । **विद्यार्थी** : इस मास में बृहस्पति अच्छी स्थिति में नही है परन्तु शुक्र आपके पक्ष में है, पठन पाठन में दिलचस्पी कम रहने पर भी जिस पढ़ाई सम्बन्धित काम में आप का हाथ होगा सफलता अवश्य होगी यदि दैवयोग से आपने कोई परीक्षा दी है अथवा कोई परिणाम निकलने वाला है उसमें आप अवश्य सफल होंगे **गृहस्थ** : वातावरण यद्यपि शान्त रहेगा परन्तु आपके मन में गृहस्थ सम्बन्धित समस्यायें खटकती रहेंगी इस मास में आपकी कोई समस्या हल नही होगी, खर्च की बहुतात रहेगी, यह भी सम्भव है कि आपको इस मास में कोई शुभ सन्देश मिलेगा ।

शुभ अशुभ दिनों की सूची : 1, 2, 3 अशान्ति और हर काम में रुकावट, 4, 5 कार्य सिद्धि और लाभ, 6, 7 शरीर कष्ट तथा हानि, 8, 9 दौड़धूप व परेशानी, 10 से 14 तक कार्यसिद्धि और आदर में वृद्धि, 15 से 18

तक संघर्ष तथा खर्च अधिक, 19 से 23 तक हर काम में सफलता तथा गृहस्थ सुख, 24, 25 हानि व परेशानी, 26, 27, 18 कार्यसिद्धि तथा शुभ सन्देश मिले, 29, 30 और 31 हर काम में रुकावट और मानसिक अशान्ति ।

अगस्त

आठवाँ भौम सातवें भाव का बृहस्पति यह दोनों ग्रह आपके अनुकूल नही हैं, परन्तु ऐसा होने पर भी भौम सूर्य, बृहस्पति के वेध में पड़ा है, ऐसे ही बृहस्पति चन्द्रमा के वेध में होने से यह दोनों ग्रह भी आपके लिये उत्तम हैं, शेष ग्रहों पर विचार करने से विदित होता है यह मास आपने दौड़धूप तथा मानसिक अशान्ति के दौर में ही गुज़ारना होगा **शरीर** : आप निश्चिन्त रहिये इस मास में अपने अथवा घर के किसी मेम्बर शरीर सम्बन्धित कोई परेशानी नही होगी यदि दैवयोग से होगी भी तो भी घबराने की कोई बात नही है आपके जरा ध्यान देने से ऐसी हर एक समस्या हल होगी । **धन** : यह मास यद्यपि खास कमाई का नही है परन्तु कोई हानि का मास भी नही है जबकि हर पेशा के मकर राशि वाले का काम इस मास में ढीला ही रहेगा, आप यदि कपड़े का काम करते हैं आपके काम चलाने पर भी चलेगा नही, यदि आप काम में लापरवाई करेंगे तो यह मास आपके लिये हानि का होगा, किरयाना का व्यापारी वर्ग अपने काम में व्यस्त रहेंगे, और परिश्रम के अनुसार लाभ भी प्राप्त करते रहेंगे, इस मास में यद्यपि आपको अधिक लाभ का योग नही भी है, परन्तु आप अपने काम को बढ़ावा देने के निमित्त कोई स्कीम बनाने वाले हैं जो योजना आपके लिये लाभदायक रहेगी, खाद्य पदार्थों के व्यापारियों के लिये यह मास परिश्रम करने पर भी खसारे और अशान्ति का ही मास होगा, दवाईयों का कारोबारी वर्ग राति दिन काम में लगा रहेगा और लाभ भी प्रारब्धानुसार प्राप्त करता ही रहेगा, किताबों स्टेशनरी, का धन्धा करने वालों का काम इस मास में बिल्कुल ढीला रहेगा, मानिये हाथ पर हाथ धर

कर ही बैठना होगा, लोहे, मशीनरी, कारखानों इण्डस्ट्रीज, फैक्टरी, ट्रांसपोर्ट आदि से सम्बन्धित कारोबारी वर्ग काम में दिलचस्पी लेने पर भी सफल नही रहेगा, जबकि इस मास के ग्रह आपके कारोबार को सफल बनाने के हक में नही हैं **फल** : आप काम में लगे रहिये इस मास में आपके हाथ में यद्यपि कोई धनराशि नहीं आयेगी भी तो भी लाभ मिलने की आशा सुदृढ़ होगी आपके कारोबार सम्बन्धित खर्च के लम्बे प्रोग्राम बनेंगे जिन पर काफी धनराशि खर्च करने पर आप विवश होंगे । **ठेकेदार वर्ग** : यह मास आपने दौड़धूप तथा संघर्ष में ही व्यतीत करना होगा, आप जंगलात का काम करते हैं, या तामीरी काम वह काम, मकानों का है या पुलों का, अथवा सड़कों का आप का हर एक काम ढीला ही पड़ेगा कोई भी काम रुकावट के बिना सिद्ध नही होगा, यदि आप माल स्पलाई करते हैं आपका काम यथावत् चलता ही रहेगा **नौकरी** : आपके दफतर का वातावरण आपके अनुकूल होगा नही, आपको यद्यपि इस मास में किसी प्रकार की हानि होगी भी नहीं, परन्तु आप बिना किसी कारण के परेशान होंगे यह भी सम्भव है आपको इस मास में तबदीली होगी परन्तु वह तबदीली आपके लिये हानिकारक होगी यह भी सम्भव है आपको इस मास में तबदीली होगी परन्तु वह तबदीली आपके लिये हानिकारक होगी, यह भी सम्भव है आपके दफ्तर के काम में तबदीली आयेगी परन्तु वह भी आपकी इच्छानुसार होगी नही **गृहस्थ** : घरेलू समस्यायें आपके सामने घूमती रहेंगी परन्तु कोई भी समस्या ठिकाने लगेगी नही, घर के सदस्यों का आपसी टकराव आपके लिये मानसिक अशान्ति का कारण बनेगा, यानि सारांश यह है यह मास शान्तवातावरण में नही गुज़रेगा ।



शुभाशुभ दिनों की सूची : 1, सुख शान्ति, 2 से 6 तक हर काम में रुकावट हानि, 7 से 10 तक कार्य सिद्धि, सुख शान्ति,

11 से 14 चोट का भय; घरेलू परेशानी, 15 से 19 हर काम में सफलता, लाभ 20, 21, 22 खर्च की भरमार, घरेलू परेशानी, 23, 24 कोई शुभ सन्देश मिले, अच्छे पुरुषों से मेल मिलाप, 25, 26, 27 हर काम में असफलता, अशान्ति, 28, 29 आदर में वृद्धि, अच्छी संगति मिले, 30, 31 परेशानी शरीर कष्ट ।

सितम्बर

वेध अष्टकवर्ग, शत्रुमित्र, दृष्टि आदि गोचर सिद्धान्तों को ध्यान में रख कर विदित होता है, **शरीर** : की दृष्टि से यह मास अच्छा नही रहेगा यदि आप शरीर से ठीक ठाक हैं परन्तु अचानक शरीर कष्ट अथवा चोट लगने का अन्देशा है, आपको गृहस्थ पक्ष से मास भर शरीर सम्बन्धित कोई न कोई छोटी मोटी परेशानी बनी रहेगी, ऐसा होने पर भी किसी महती शरीर सम्बन्धित परेशानी का योग नही है, उपाय के रुप में घर में गुरुवार और रविवार को तहर बनाकर पक्षियों को डाले, यदि ऐसा सम्भव न हो तो रविवार प्रातः गोमाता को गुड़ खिलायें **धन** : कारोबार की दृष्टि से यह मास उत्तम रहेगा, यदि आप कपड़े का काम करते है या किरयाना का आपका काम थोक है या परचून आप काम में लगे रहिये, आपको पर्याप्त लाभ होगा, खाद्य पदार्थों का थोक व्यापारी वर्ग हो या परचून आपका काम तेज़ी से चलेगा परन्तु थोक व्यपारी वर्ग अचानक किसी व्यापार सम्बन्धित उलझन में उलझ जायेगा, दवाईयों का आप का काम शान्त रूप में चलता रहेगा और लाभ भी इच्छानुसार मिलता रहेगा, किताबों स्टेशनरी का काम करने वाले मकर राशि वालों को रात दिन काम में जुटा रहना पड़ेगा यहाँ तक कि काम की इतनी बहुतात होगी आप काम को संभाल नही सकेंगे लोहे, मशीनरी, कारख़ानों, फैक्टरी, इण्डस्ट्रीज़, ट्रान्सपोर्ट से सम्बन्धित कारोबारी वर्ग को आशा से अधिक लाभ होगा आप काम में जितनी दिलचस्पी लेंगें उससे अधिक आपको लाभ होगा **फल** : आपका काम बहुत तेज़ी

से आगे बढ़ेगा, आप धीरज तथा आत्मविश्वास से काम में लगे रहिये, आपने माल बेचना है या खरीदना आपका जो कोई भी प्रोग्राम होगा इस मास में उसको अन्तिम रुप दीजिये, खरीद फरोखत का कोई भी प्रोग्राम इस मास में लटकाकर मत रखिये, यदि इस मास में लटकाकर रखोगे तो फिर लटकता ही रहेगा **ठेकेदार वर्ग** : आप जंगलात से सम्बन्धित है अथवा तामीरी कामों से या आप माल स्पलाई का काम करते हैं, आप जिस किसी लाइन से सम्बन्धित हैं आपको इस मास में हर काम में सफलता तथा लाभ होगा, केवल काम में दिल लगाइये रात दिन काम में जुटे रहिये, यद्यपि इस मास में ग्रह आपके अनुकूल हैं भी, परन्तु मनुष्य का धर्म है कि वह काम करे तब ग्रह आपके सहायक बनेंगे । **नौकरी** : इस मास को अपने लिये एक महत्व पूर्ण मास मानिये, यदि आपने कोई परीक्षा देनी हो अथवा किसी ट्रेनिंग के लिये कोशिश कर रहे हैं आप कोशिश जारी रखिये ऐसे काम के लिये इस मास के ग्रह अनुकूल हैं । **विद्यार्थी** : आपको पठनपाठन की ओर दिलचस्पी कम रहेगी, यार दोस्तों से मेल मिलाप सैरस्पाटा अथवा कोई छोटी मोटी यात्रा आपकी पढ़ाई में बाधक बनेगी । **गृहस्थ** : घर का वातावरण आपके अनुकूल होगा, यदि घर में किसी लड़की अथवा लड़के के विवाह के बारे में दौड़धूप चल रही है, इस मास में ऐसे समस्या अवश्य हल होगी, यदि दैवयोग से हल न भी हो जाये तो भी आपका किया हुआ परिश्रम व्यर्थ नही होगा



महिलावर्ग : आप इस मास में रिश्तेदारों से मिलने जुलने में अधिक व्यस्त रहेंगी ।
शुभ अशुभ दिनों की सूची : 1, 2 अशान्ति, हानि, 3 से 6 तक कार्य सिद्धि, अच्छे पुरुषों से मेल जोल, 7 से 10 तक दौड़धूप, परेशानी, 12 से 15 तक हर आरम्भ किये हुये कामों में सफलता, मानसिक शान्ति, 16 से 18 काम में रुकावट, घबराहट,

19, 20 कार्य सिद्धि तथा लाभ, 21 से 23 तक हर काम में रुकावट, परेशानी, 24, 25 हर काम में सिद्धि, घरेलू सुख, 26 से 29 तक हर काम में रुकावट, हानि 30, कार्य सिद्धि, लाभ ।

अक्टूबर

आपाततः गोचर चक्र के ग्रहों पर विचार करने से विदित होता है मास के आरम्भ पर ग्रहों की स्थिति अच्छी नही है परन्तु गोचर फलित सिद्धान्तों को ध्यान में रख कर सम्पादक की राय से यह मास यद्यपि दौड़धूप का होगा भी परन्तु सामूहिक रूप से आपने यह मास शान्त वातावरण में ही गुज़ारना होगा, आपका **शरीर** : प्राय स्वस्थ रहेगा यदि कभी शरीर में कष्ट होगा भी वह स्थाई नही होगा, घरेलू शरीर सम्बन्धी परेशानी का कोई योग नही है । **धन** : लाभ की दृष्टि से यह मास उत्तम रहेगा, यदि आप कपड़े के थोक अथवा परचून व्यापारी हैं आपका काम अच्छे ढंग में चलता रहेगा, किरयाना के प्रायः सभी व्यापारी वे थोक काम करते हैं या परचून आपका काम यथावत् चलता रहेगा, और लाभ भी सन्तोषजनक रूप में मिलता ही रहेगा, खाद्यपदार्थों का व्यापारी वर्ग हाथों हाथ माल बेचने खरीदने में सफलत रहेगा, माल स्टाक करने पर परेशानी के अतिरिक्त घाटे में ही रहेंगे, दवाईयों का काम करने वाले अपने काम में व्यस्त रहेंगे आपके काम में किसी प्रकार के रुकावट का अन्देशा नही है, लोहे, मशीनरी, कारखानों, फैक्टरी, इण्डस्ट्रीज़, ट्रांसपोर्ट से सम्बन्धित मकर राशिवालों के पास काम की इतनी बहुतात होगी कि वह काम को संभालने में असमर्थ होंगे **फल** : यह मास आपके लिये लाभ की दृष्टि से रिकार्ड होगा केवल आपकाम में



दिलचस्पी लीजिये आप माल बेचते हैं या खरीदते, परन्तु माल बेचना इस मास में आपके लिये अधिक लाभदायक रहेगा, यदि
आप अपने काम को बढ़ावा देने का विचार रखते हैं तो ऐसे काम के लिये इस मास को गनीमत समझें **ठेकेदार वर्ग** : आप
'ए' क्लास के ठेकेदार हैं या छोटे दर्जे के, आप जंगलात से सम्बन्धित काम करते हैं अथवा माल स्पलाई करते हैं आपका काम
कुछ भी हो यह मास सफलता का है, आपके चालू काममें भी तेज़ी आयेगी और नया काम भी हाथ में आने वाला है जो काम
आपके लिये विशेष लाभदायक रहेगा **नौकरी** : यदि आपकी तरक्की रुकी हुई है, अथवा आपको कोई लाभ मिलने की आशा
है इस मास में ज़रा सा प्रयत्न कीजिये आपको तरक्की मिलेगी अथवा कुछ लाभ मिलेगा **विद्यार्थी** : पठन पाठन सम्बन्धित कोई
भी काम हो वह परीक्षा हो अथवा इन्टरव्यू या ट्रेनिंग आदि का आपने निश्चित रूप से सफल होना है, यदि आप देश विदेश
में पढ़ाई सम्बन्धित कोई इरादा रखते आप कोशिश कीजिये अथवा सम्बन्धित कार्यालय से सम्पर्क
करें, सम्भव है इसी मास में सफलता होगी **गृहस्थ** : आप का घरेलू वातावरण शान्त रहेगा,
आपके यहाँ कोई महोत्सव रचाने का प्रोग्राम बनने वाला है, यदि आप लड़के अथवा लड़की
के विवाह के सम्बन्ध में दौड़धूप कर रहे हैं तो आशा रखिये इस मास में यह दौड़धूप समाप्त
होगी **महिलावर्ग** : आपको इस मास में अधिक धार्मिक प्रवृत्ति बनी रहेगी, अचानक किसी
महात्मा के दर्शन होंगे जिस से आपको मानसिक शान्ति मिलेगी।
शुभाशुभ दिनों की सूची : 1 से 3 तक लाभ, 4 से 8 तक हर काम में रुकावट, 9 से 13
तक कार्य सिद्धि, आदर मान, 14, 15 निरर्थ खर्च, शरीर कष्ट, 16 से 18 तक कोई शुभ सन्देश



मिले, अच्छे पुरुषों से मिलने का अवसर मिले, 19, 20 घरेलू परेशानी, चोट का भय, 21, 22 हर काम में सिद्धि, भाई बन्धुओं से मेल मिलाप, 23 से 27 हर काम में रुकावट, हानि 28 से 31 कार्य सिद्धि लाभ ।

नवंबर

ग्रहों पर विचार करने से विदित होता है यह मास आपने अशान्त वातावरण में ही गुज़ारना होगा जबकि इस मास के आरम्भ पर ग्रहों की स्थिति अच्छी नही है, भौम लग्न को देख रहा है, लग्न में शनि महाराज ठहरे तो है ही, इस क्रूर ग्रह योग का प्रभाव आपके शरीर पर अवश्य होगा, आप यदि शरीर से स्वस्थ हैं आपको तो भी शरीर के बारे में सावधान रहना चाहिये शरीर में चोट लगने की भी सम्भावना है, यदि आप स्वयं वाहन (गाड़ी आदि) चलाते हैं तो मंगलवार को न चलायें, यदि दैवयोग से आपको अथवा गृहस्थी होने पर घर के किसी मेम्बर के शरीर में काँट-छाँट यानि आप्रेशन का कोई प्रोग्राम है इस मास में न करायें, घबराने की कोई बात नही तो भी जन्त्री 'हिन्दी' के 112 पृष्ट से **"ॐनमः शम्भवाय च"** इस मन्त्र का बार-बार उच्चारण किया करें **धन** : यद्यपि भौम गोचर से दसवां उत्तम नही माना जाता है, परन्तु भौम वेध में है जिस के प्रभाव से कारोबार सम्बन्धित जिस किसी लाईन से आप सम्बन्धित होंगे आपकी सफलता अवश्य होगी, यदि आप कपड़े का काम अथवा किरयाना का काम करते हैं, आप खाद्य पदार्थों का काम करते हैं या दवाईयों का आपका काम थोक है या परचून आप काम में लगे रहिये बिना किसी रुकावट अथवा उलझन के आपका कार्यक्रम चलता ही रहेगा, आप यदि पुस्तकों अथवा स्टेशनरी से सम्बन्धित काम धन्धा करते आपको रात दिन कमर बांध कर काम में लगा रहना होगा, जबकि आपके पास काम की इतनी भरमार होगी, आप अपने काम को संभाल ही न सकोगे । लोहे, मशीनरी कारखानों, इण्डस्ट्रीज़ आदि से जुड़े हुये कारोबारी वर्ग का काम

अचानक ढीला पड़ेगा वर्तमान में जो काम आपका चालू है उसको चलाते रहिये नई कोई योजना चालू होगी उस योजना को लागू करने से परेशानी के साथ-साथ घाटे में भी रहोगे **फल** : आप यदि इस मास के ग्रहों से लाभ न उठा सकोगे तो अपने दुर्भाग्य मानिये, आप फलों से सम्बन्धित जिस काम को हाथ में लेंगें यदि मिट्टी होगी वह सोना होगा, सिर्फ आपके काम में डट कर लगने की देर है **ठेकेदार वर्ग** : आपका काम जैसे चल रहा है उसको चलने दीजिये नया काम हाथ में लाने के लिये कोशिश कीजिये, कोशिश करने पर नया काम अवश्य मिलेगा जो आपके लिये लाभदायक रहेगा, विशेषतया, यदि आप तामीरी कामों मकान पुल अथवा सड़कों के काम में लगे हैं आप को आशा से अधिक लाभ मिलेगा **नौकरी** : यदि आप अफसर के रूप में काम करते हैं तो अचानक तरक्की अथवा लाभ मिलने का योग है, यदि आप सर्वसाधारण दर्जे के मुलाज़िम हैं तो आप जिस दशा में चल रहे हैं वही अपने को बहुत मानिये जबकि ग्रह आपके अनुकूल नही हैं, अगर आप की तरक्की अथवा तबदीली का कोई सिलसिला चल रहा है चलते चलते भी वह रुक ही जायेंगा **विद्यार्थी** : पठन पाठन ग्रह भी इस मास में आपके पक्ष में नही हैं, पढ़ाई सम्बन्धित बड़े से बड़ा काम भी हो या छोटे से छोटा इस मास में सफलता की कोई आशा न रखें, यदि दैवयोग से यह मास पढ़ाई के निमित्त आपके लिये कोई खास मास है तो उपाय के लिये विजयेश्वर कार्यालय जम्मू से पत्र व्यवहार करें, इस बात को नोट कीजिये हमारे यहाँ किसी प्रकार के यन्त्र नही मिलते हैं बल्कि आप के जीवन को बनाने वाले विद्या सम्बन्धित उपाय हमारे पास हैं आप उन पर चलोगे अवश्य सफलहोंगे । **गृहस्थ** : आपका घरेलू वातावरण रंग बदलता रहेगा, घर में घर के मेम्बरों का आपसी मतभेद अथवा टकराव बना रहेगा, जो आपके लिये परेशानी का कारण होगा, घर में अतिथियों का यातायात बना रहेगा, खाने खिलाने के प्रोग्राम बनते रहेंगे, पार्टियों में सम्मिलित होना इस मास का खास व्यसन होगा **महिलावर्ग** : आपके लिये भी राशिफल ऊपर लिखा गया है, पढ़िये और लाभ उठाईये ।

शुभाशुभ दिनों का संकेत : चन्द्रमा के आधार से : 1 से 5 तक हानि परेशानी, 6 से 9 तक कार्य सिद्धि, लाभ, 10, 11 हानि परेशानी, 12, 13, 14 सुख शान्ति, तथा लाभ, 15, 16 हानि तथा आदर में कमी, 17, 18, 19 हर काम में सफलता, शान्ति, 20 से 23 तक परेशानी, हानि, 24 से 27 आदर में वृद्धि, लाभ, 28, 29, 30 अशान्ति, धोखा लगने का भय ।

दिसंबर

इस मास के आरम्भ पर केवल भौम और शनि अच्छी स्थिति में नही हैं, राहु और चन्द्रमा यह दोनों ग्रह गोचर से अशुभ होते हुये भी वेध में होने से आपके लिये शुभ फलदायक होंगे, इस से स्पष्ट है इस मास में आपके शुभ ग्रहों का पलड़ा भारी है और क्रूर ग्रहों का पलड़ा हलका है इस मिले जुले शुभाशुभ योग के आधार से यह मास यद्यपि संघर्ष तथा दौड़धूप में भी गुज़रेगा परन्तु किसी प्रकार का हानिकारक मास नही है **शरीर :** आपके शरीर की स्थिति प्रायः डांवांडोल ही रहेगी, गाहे एक अंग में कष्ट गाहे दूसरे अंग में, गाहे घर के एक सदस्य की शरीर सम्बन्धित परेशानी गाहे दूसरे मेम्बर की चिन्ता यानि शरीर सम्बन्धित छोटी मोटी कोई न कोई परेशानी बनी ही रहेगी । **धन :** दसवाँ शुक्र होने से जो गोचर में हानिकारक माना जाता है, जिसके प्रभाव से आपके कारोबार सम्बन्धित हर काम में रुकावटें उलझनें आती रहेंगी, परन्तु हर लाइन के कारोबार का परिणाम लाभदायक ही रहेगा जब कि 11वें भाव में एक साथ सूर्य भौम, बुध ठहरे है ये तीनों ग्रह 11वें भाव में उत्तम माने जाते हैं, आप यदि कपड़े या किरयाना का काम करते है परिश्रम अधिक होगा अन्त



में सफलता होगी आप यदि खाद्य पदार्थों से सम्बन्धित काम करते हैं आपका काम यथावत् चलता रहेगा और लाभ भी इच्छानुसार मिलता रहेगा, दवाईयों किताबों, स्टेशनरी से सम्बन्धित कारोबारी वर्ग रात दिन काम में जुटे रहने पर ही लाभ में रहेगा, यदि आप काम में लापरवाई करेंगें तो घाटे का योग है, लोहे, मशीनरी, कारखानों, फैक्टरी, इण्डस्ट्रीज़, ट्रांसपोर्ट से सम्बन्धित मकर राशिवालों के लिये यह मास मानिये दिन व्यतीत करने का है, योजनायें बनेंगी परन्तु कोई भी योजना सफल नही होगी, आपके काम से सम्बन्धित बाज़ार भी ढीला ही रहेगा । **फल** : आप को सम्भव है इस मास में यात्रा का योग बने ज़ो यात्रा आपके कारोबार को सफल बनाने में सहायक रहेगी, इस मास में कारोबार सम्बन्धित जो कोई भी सौदा इस मास में करेंगे वह बागात अथवा माल बेचने का हो या खरीदने का आपके लिये लाभदायक ही रहेगी । **ठेकेदार वर्ग** : आपके पास काम बहुत होगा, परन्तु काम में दिलचस्पी कम होगी, ऐसा होने पर भी आपका जिस काम में हाथ होगा वह जंगलात है अथवा तामीरी काम या माल स्पलाई करने का काम आपको यथावत् लाभ मिलता ही रहेगा । **नौकरी** : तरक्की अथवा लाभ की कोई आशा न रखिये बल्कि अपनी कुर्सी को संभाले रखना ही इस मास में अपने लिये गनीमत समझें जबकि आप पर शत्रुओं का अधिक प्रभाव रहेगा, सावधान रहिये कोई आरोप लगने का अन्देशा है, यदि आपकी तबदीली होगी वह भी आपकी इच्छानुसार नही होगी, यदि तबदीली न भी होगी तो भी अपने दैनिक कार्यक्रम में तबदीली होगी जो आप के लिये परेशानी का ही कारण होगी, **विद्यार्थी** : पढ़ाई सम्बन्धित हर काम में आप को रुकावटें तथा उलझनें आखड़ी होंगी, पठनपाठन की प्रवृत्ति में कमी, बुरी संगति में पड़ने का भय, **गृहस्थ** : आपका घरेलू वातावरण भी एक जैसी दशा में रहेगा नही, गाहे शान्त गाहे अशान्त, आप इस मास में कोई जाईदाद वह ज़मीन हो या मकान वाहन अथवा घर में दैनिक प्रयोग में आने वाले सामग्री आदि खरीदने में अधिक दिलचस्पी लेंगें और

अमली रुप भी देंगे **महिलावर्ग** : आप यदि नौकरी पेशा है आप का यह मास दफतर में पुरुषों की अपेक्षा शान्त वातावरण में ही गुज़रेगा ।

शुभ अशुभ दिनों की सूची : 1, 2 अशान्ति, 3 से 6 तक कार्य सिद्धि, लाभ, 7 से 9 तक खर्च की अधिकता, परेशानी, 10, 11 शरीर सुख आदर मिले, 12, 13, 14 व्यर्थ खर्च, बुरी संगति, 15, 16 आदर मान, गृहस्थ सुख, 17 से 20 तक हर काम में रुकावट, अशान्ति, 21 से 25 तक हर आरम्भ किये हुये काम में सफलता अचानक लाभ, 26 से 29 तक परेशानी, शरीर कष्ट, 30, 31 सुख शान्ति, आदर में वृद्धि ।

जनवरी



वेध अष्टकवर्ग, शत्रु मित्र आदि गोचर फलित सिद्धान्तों की कसौटी पर ग्रहों को परख कर विदित होता है यह मास आपने शान मान से गुज़ारना होगा **शरीर** : आपका शरीर प्रायः स्वस्थ ही रहेगा, गृहस्थी होने पर आपकी स्त्री शरीर कष्ट का शिकार हो सकती है उस के बारे में सावधान रहिये, यदि वह पहले से ही शरीर से अस्वस्थ रहती है तो किसी सुयोग्य डाक्टर से इलाज करवायें नही तो बाद में परेशानी होगी **कारोबार** : आमदनी की दृष्टि से यह मास रिकार्ड होगा, आप कपड़े का काम करते हैं या किरयाना का आप थोक व्यापारी हं या परचून, आप दवाईयों का काम करते हैं या खाद्य पदार्थों का, आप किताबों का काम करते हैं या स्टेशनरी का, आपका कोई भी पेशा हो इस मास को अपने लिये हर पहलू से लाभदायक

मानिये, यह मास लाभ के साथ-साथ कारोबार को बढ़ावा देने में दिलचस्पी लेने का भी है, यह भी सम्भव है आपको कारोबार में कोई बड़ी धनराशि खर्च करने का प्रोग्राम बनेगा, वह खर्च किया हुआ धन आपके कारोबार की रुपरेखा को ही बदलेगा, यदि आप खर्च करने में हाथ बन्द करेंगे तो निश्चय रखिये आपको बाद में विवश होकर खर्च करना ही पड़ेगा **फल** : यह नये वर्ष का पहला मास आपके लिये शुभ सन्देश लेकर आया है, आप के कारोबार को सफल बनाने में ग्रह आपके सहायक रहेंगे परन्तु आप लगन से काम में लगे रहिये, यह मास यद्यपि लाभ का मास नही है परन्तु इस मास में आप अपने नये काम का श्रीगणेश कीजिये, वह श्रीगणेश खरीद का हो या फरोख्त का आप कोई काम अवश्य आरम्भ करें ऐसा करना आपके काम को सफल बनाने में सहायक रहेगा **ठेकेदार वर्ग** : आपका चालू काम यथावत् चलता रहेगा, परन्तु कोई नया काम भी आपके हाथ में आने वाला है, आप जंगलात का काम करते हैं या तामीरी काम आपके पास काम की बहुतात होगी यहां तक कि काम को संभालना आपके लिये कठिन होगा, यह मास आपके लिये कारोबार सम्बन्धित खर्च का ही है आमदनी का नही परन्तु वह खर्च किया हुआ धन व्यर्थ नही होगा अपितु आपके काम की सफलता में मज़बूती आयेगी **नौकरी** : आदर मान की दृष्टि से यह मास उत्तम है, दफतर का वातावरण आपके अनुकूल रहेगा सम्बन्धित अफसरों से मेल मिलाप में वृद्धि होगी **विद्यार्थी** : पठन पाठन सम्बन्धित हर काम में आपकी सफलता निश्चित है आपने यदि कोई परीक्षा इन्टरव्यू इस मास में देना हो अथवा कोई परिणाम निकलने वाला है वह अपने सौभाग्य मानिये, यदि आप किसी परीक्षा देने के बारे में अभी सोच रहे हैं तो इस मास में ऐसे काम का श्रीगणेश फार्म आदि भरने का काम करें **गृहस्थ** : यदि आपको घर में



लड़के अथवा लड़की के विवाह के बारे में कोई समस्या है, इस मास में कोशिश कीजिये, यद्यपि यह मास ऐसे काम की सफलता का नही भी है तो भी इस मास में ऐसे काम का आरम्भ करना घरेलू समस्या के समाधान की बुनियाद बनेगी **महिलावर्ग** : आपको हर प्रकार से अच्छा वातावरण होने पर भी बिना कारण के मास भर मानसिक अशान्ति रहेगी ।

शुभाशुभ दिनों की सूची : 1, 2, 3 कार्य सिद्धि, लाभ, 4, 5 खर्च की अधिकता हानि की सम्भावना, 6, 7, 8 सफलता, भाई बन्धुओं से मेल मिलाप, 9, 10 हानि तथा मानसिक अशान्ति, 11, 12, हर काम में सफलता, लाभ, 13 से 17 तक शरीर कष्ट, घरेलू परेशानी, 18 से 21 आदर में वृद्धि, वृद्धों की दया, 22 से 25 परेशानी शरीर कष्ट, 26 से 30 तक सफलता, मानसिक शान्ति, 31 निरर्थ खर्च, परेशानी ।

फरवरी

मास के आरम्भ पर ग्रहों पर आपाततः देखने से विदित होता है, सभी अच्छी स्थिति में नही हैं, परन्तु पहले भाव का शनि इस मास में वेध में है, इसलिये आपके कारोबार को सफल बनाने में सहायक रहेगा **शरीर** : आपका शरीर गाहे स्वस्थ गाहे अस्वस्थ रहने का योग है घरेलू शरीर सम्बन्धित छोटी मोटी परेशानियां आपको मास भर घेरे रखेंगी, उपाय के रूप में इस मास की हर मंगलवार 4, 11, 18, 25 तारीख को भगवान् शंकर पर जल चढ़ाया करें और पढ़ा करें **"चन्द्रशेखर चन्द्रशेखर पाहि माम्, चन्द्रशेखर चन्द्रशेखर रक्षमाम्"** **धन** : आप कपड़े का काम करते हैं या किरयाना का, आप खाद्य पदार्थों का व्यापार करते हैं या दवाईयों



का, आप पुस्तकों का काम करते हैं या स्टेशनरी का, यानि जिस किसी कारोबारी लाईन से आप सम्बन्धित हैं आपका कारोबार बिना किसी रुकावट के चलता रहेगा और लाभ भी होता रहेगा, लोहे, मशीनरी, फैक्टरी, इण्डस्ट्रीज, ट्रांसपोर्ट आदि से सम्बन्धित कारोबारी वर्ग पर इस मास में शनिदेव की खास कृपा होगी आपका कारोबार केवल लाभ में ही नही रहेगा बल्कि आपके कारोबार को बढ़ावा भी मिलेगा आपके कारखानों में जो माल बनता होगा उस माल की अधिक से अधिक मांग रहेगी जिस कारण आपको रात दिन काम में लगा ही रहना पड़ेगा **फल** : आप काम में लगे रहिये केवल योजनायें ही न बनाते रहें अपितु जो योजना आप बनायेंगे उस को अमली रूप दीजिये, इस मास के ग्रह आपके अनुकूल हैं उनसे लाभ उठाइये **ठेकेदार वर्ग** : रात दिन काम में लगा रहना पड़ेगा, आपके हर चालू काम में तेज़ी आयेंगी परन्तु हाथ में खुले रूप में पैसा न होने से गाहे काम में रुकावट भी पड़ने का अन्देशा है, यद्यपि आप को नया काम मिलने का भी योग है परन्तु आप का चालू काम भी सम्पूर्ण होगा ही **नौकरी** : आप के दफ्तर का वातावरण आप के अनुकूल होगा, परन्तु दफतर का काम आपके पास आप की शक्ति से बाहर होगा, यानि आपने रात दिन काम में जुटा रहना होगा, लाभ आदर मान की दृष्टि से यह मास उत्तम है **विद्यार्थी** : पठन पाठन की ओर अधिक दिलचस्पी बनी रहेगी, यदि आप घर से बाहर किसी ट्रेनिंग आदि से जाने का विचार रखते हैं, इस मास में सम्बन्धित कार्यालय से अवश्य सम्पर्क करें, पठनपाठन सम्बन्धित जो कोई भी काम आप इस मास में आरम्भ करेंगें उसमें आप अवश्य सफल होंगे **गृहस्थ** : बहुत समय से चलती आ रही किसी खास घरेलू समस्या का समाधान इस मास में होगा ऐसी आशा अवश्य रखिये, घर में कोई महोत्सव रचाने का प्रोग्राम बनेगा, खर्च के नये नये मार्ग निकल आयेंगे **महिलावर्ग** : पुरुषों की अपेक्षा इस मास में आपका शरीर स्वस्थ रहेगा ।

शुभाशुभ दिनों की सूची : 1, हानि, व्यर्थ खर्च, 2, 3, 4 शरीर का स्वस्थ होना, आदर में वृद्धि, 5, 6 शरीर कष्ट, परेशानी, 7 से 9 तक कार्य सिद्धि तथा लाभ, 11 से 13 तक हर काम में रुकावट, हानि, 14 से 17 लाभ, आदर, 18 से 21 हर प्रकार से अशान्ति, धन हानि, 22 से 26 हर काम में सफलता लाभ, 27, 28, 29 खर्च की अधिकता, तंगदस्ती ।

मार्च

वेध अष्टकवर्ग दृष्टि शत्रुमित्र आदि गोचर फलित सिद्धान्तों के आधार से यह मास आपने सुख शान्ति के वातावरण में ही गुजारना होगा **शरीर** : आपका शरीर प्रायः स्वस्थ रहेगा, घर में भी यदि कोई शरीर सम्बन्धित चिन्ता है वह भी दूर होगी, यदि दैवयोग से किसी भी प्रकार की शरीर सम्बन्धित परेशानी होगी भी वह भी अस्थाई होगी **धन** : यह मास आमदनी की दृष्टि से उत्तम मास है आप जिस किसी भी लाइन से सम्बन्धित होंगे, धन कमाने में किसी प्रकार की रुकावट होगी नही, आप कपड़े के व्यापारी हैं या किरयाना के, आप खाद्य पदार्थों का काम करते हैं या दवाईयों का, आप किताबों के काम से सम्बन्धित हैं या स्टेशनरी के काम से आप जिस पेशा से सम्बन्धित हैं आप धीरज से काम में लगे रहिये ग्रह आप के अनुकूल है ग्रहों से आप लाभ उठाइये, लोहे मशीनरी कारखानों फेक्ट्री इण्डस्ट्रीज, ट्रांस्पोर्ट से सम्बन्धित मकर राशि वालों के लिये यह मास मालामाल होने का है, आप को रात दिन काम में लगे रहने का योग है, आप का इस मास में हाथ में लिया हुआ काम सफल रहेगा **फल** : इस वर्ष फलों का मालिक शनि है, जो इस मास में आप के लिये अनुकूल हैं जबकि शनि वेध में पड़ा है इस ग्रह के प्रभाव से आप को फलों से सम्बन्धित हर योजना में सफलता मिलेगी, आप डटकर काम में लगे रहिये, आपने माल बेचना हो अथवा खरीदना आप को दोनों रूपों में सफलता होगी **ठेकेदार वर्ग** : आप के पास काम की इतनी बहुतात होगी कि आप काम को संभाल

नहीं सकोगे नया काम भी जल्दी ही आप के हाथ में आ रहा है, कार्यकर्त्ताओं के ओर से आप को मानसिक अशान्ति रहेगी, परन्तु अन्त में हर एक समस्या स्वयं हल होगी, सारांश यह है यह मास आपके लिये बहुत ही लाभदायक रहेगा, आप जंगलात से सम्बन्धित हैं अथवा तामीरी कामों से या माल स्पलाई करने के काम से । **नौकरी :** आपके लिये यह मास आदर मान की दृष्टि से उत्तम है आप के पास दफ्तरी काम की भरमार रहेगी अपने काम को संभालना भी आप के लिये कठिन होगा, यदि दफतर में तरक्की अथवा किसी प्रकार के लाभ का कोई सिलसिला चल रहा है, इस मास में कोशिश कीजिये अवश्य सफलता होगी यदि आपने डिपार्टमैन्टल कोई परीक्षा देनी है तो अवश्य उस का प्रोग्राम बनाये इस मास में ऐसे काम का श्रीगणेश करना आपके लिये सफलता का इशारा है, **विद्यार्थी :** पठन पाठन में आप की अधिक दिलचस्पी बनी रहेगी परन्तु यदि आपने इस मास में कोई परीक्षा अथवा इन्टरव्यू देना हो आप सफलता की जितनी आशा रखते हैं ऐसी सफलता की आशा न रखें, यदि आप किसी ट्रेनिंग नौकरी आदि की दौड़धूप में हैं कोशिश जारी रखिये बहुत हद तक सफलता की आशा है **गृहस्थ :** घर का वातावरण आपके अनुकूल होगा, यदि घरेलू कोई समस्या अथवा कोई दौड़धूप है उसका अवश्य समाधान होगा, यदि आपने कोई जाईदाद खरीदनी है या बनानी है ऐसी काम की सफलता के लिये यह मास योग्य है ।

शुभाशुभ दिनों की सूची : 1, 2 सुख शान्ति तथा लाभ, 3. 4, 5 हर आरम्भ किये हुये काम में रुकावट, 6, 7 शुभ सन्देश मिले, आदर में वृद्धि, 8 से 11 परेशानी चोट का भय, 12 से 16 कार्य सिद्धि, सुख शान्ति, 17 से 20 शरीर कष्ट, हानि, 21 से 25 तक हर काम में सफलता, अच्छे पुरुषों से मेल मिलाप, 26, 27 हानि तथा परेशानी, 28, 29 लाभ तथा आदर, 30, 31 बिना कारण के परेशानी, तंग दस्ती से दुचार होना ।

AQURIUS

कुम्भ राशि का स्वभाव

नाम राशि "ग" "स" "द"

पश्चिमीय फर्मूला, 20 जनवरी से 18 फरवरी तक

कुम्भ राशि का स्वामी शनि है, कुम्भ राशि वाला एक आज़ाद पक्षी की भांति आज़ाद रहना पसन्द करता है, आप का स्वभाव दयालु होता है, दुःखियों और गरीबों की सेवा करना, सहायता देना अपना कर्त्तव्य समझता है, आपकी हर एक बात स्पष्ट होती है या यूं कहिये कि आप एक खुली किताब हैं आप अपने लक्ष्य तक पहुंचने के लिये गली कोचों को भी अपना सकते हैं ताकि मंजिल को जल्दी से जल्दी हासिल किया जा सके, अगर आप को 'शार्टकट' भी कहा जाये तो बेजा नही होगा, कल की चिन्ता करना और वर्तमान समय को भली प्रकार से गुज़ारने पर आप सन्तुष्ट रहते हैं, आपका शरीर प्रायः ढीला होता है, दूसरों से धोखा खाने पर भी आप उन पर विश्वास करते हैं और आप उस का हाथ नही छोड़ते, आप में यह बहुत बड़ी कमजोरी होती है जिस कारण आप हानि भी उठाते हैं, बातचीत से दूसरे को सन्तुष्ट करना आप में सब से बड़ी खूबी होती है, कुम्भ राशिवाले प्रायः नौकरी करते हैं, कारोबार में ज्यादा सफल रहते नही हैं, आपके जीवन में एक बार अवश्य भाग्योदय होता है, आप का गृहस्थी जीवन उतार चढ़ाव का होता है, कुम्भ राशि वाले ज्यादा तर अमीर नही होते हैं लेकिन हर ज़रुरत पूरी होती है. पत्र व्यवहार अथवा लेन देन में आप खरे उतरते हैं, आपका स्वभाव हठी होता है, आपके लिये शनिवार का दिन शुभ है मित्रता

मीन, कुम्भ, तुला राशि वालों के साथ आपका सम्बन्ध लाभदायक रहता है । रत्न : अगर आप पहनना चाहते हैं तो नीलम अथवा "पुखराज" धारण करना आप के लिये शुभ है, आपका शुभ अंक है "9"

कुम्भ राशि का भविष्य गोचर ग्रन्थों से



सूर्य : दूसरे भाव में होने से बुरी संगति में पड़ने का खतरा रहता है, भाई-बन्धुओं से झगड़ा होता है, शरीर कष्ट होता है । **चन्द्रमा** : दूसरे भाव में होने से मानसिक अशान्ति होती है, हर काम में असफलता होती है, विद्या में रुकावटें पड़ती है, **भौम** : चौथे भाव में होने से शत्रुओं की वृद्धि होती है, जाईदाद सम्बन्धित झगड़े खड़े हो जाते हैं, आदर में कमी हो जाती है **बुध** : दूसरे भाव में होने से सुख शान्ति की प्राप्ति होती है, विद्या में सफलता मिलती है, हर काम में सिद्धि होती है **बृहस्पति** : छटे भाव में होने से शरीर कष्ट होता है, सन्तान पक्ष से परेशानी रहती है, तंगदस्ती से दुचार होता है । **शुक्र** : तीसरे भाव में होने से धन का लाभ होता है शत्रुओं पर विजय होती है, धार्मिक प्रवृत्ति में वृद्धि होती है । **शनि** : बारवाँ होने से अपने परिवार से दूर रहने पर विवश होना पड़ता है, खर्च की बहुतात होती है तथा शरीर में खराबी हो जाती है । **राहु** : बारवां होने से खर्च की अधिकता होती है, घर छोड़ने पर विवश होना पड़ता है, खर्च की बहुतात होती है तथा शरीर में खराबी हो जाती है । **केतु** : छटे भाव में होने से दुश्मनों की अधिकता होती है, शरीर कष्ट होता है तथा हर काम में रुकावट पड़ती है ।

कुम्भ राशि का वर्ष फल

(संक्षिप्त रूप से वि. 2048 के लिये)

ऊपरलिखित गोचर ग्रन्थों के फलादेश के अनुसार इस मास के प्रायः सभी ग्रह आपके अनुकूल नहीं हैं परन्तु गोचर फलित में
कहे हुये वेध अष्टकवर्ग की दृष्टि से भौम, वृहस्पति और सूर्य ये तीनों ग्रह आप के अनुकूल हैं अष्टकवर्ग के आधार से भी ग्रहों
की स्थिति अच्छी है, इस मिले जुले शुभ अशुभ योग के आधार से यद्यपि यह वर्ष दौड़धूप में ही गुज़रेगा उस दौड़धूप तथा संघर्ष
में भी आखिर में जाकर आप सफल रहेंगे **शरीर** : आपका शरीर यद्यपि कभी स्वस्थ कभी अस्वस्थ रहेगा भी परन्तु सामूहिक
रूप से आप शरीर से स्वस्थ ही रहेंगे, घर की ओर से भी किसी परेशान कुन शरीर की चिंता नही रहेगी । **धन** : कारोबार सम्बन्धित
प्रायः हर एक लाईन में कोई न कोई रुकावट अवश्य आयेगी परन्तु आपके संघर्ष तथा दौड़धूप करने पर आपके हर एक काम
का परिणाम आपके हक में होगा आप अगर कपड़े का काम करते हैं तो इस वर्ष ऊनी गरम कपड़ों के खरीदफरोख्त में अधिक
दिलचस्पी न रखिये शेष सूती व रेशमी काम में अवश्य लाभ में रहोगे । किरयाना का काम अधिक लाभदायाक रहेगा, खाद्य
पदार्थों से सम्बन्धित मकर राशि वालों के लिये प्रायः यह वर्ष लाभदायक रहेगा- माल का अधिक स्टाक न रखा करें बल्कि
माल हाथों हाथ खरीदने अथवा बेचने में ही आप अधिक लाभ में रहेंगे, किताबों स्टेशनरी तथा दवाईयों का व्यापारी वर्ग थोक
काम करता है या परचून आपके कारोबार को सफल बनाने में ग्रह सहायक हैं, इस वर्ष काम में अधिक दिलचस्पी लीजिये आप
आशा से अधिक लाभ में रहोगे । लोहे-मशीनरी-कारखानों, फैक्ट्री तथा ट्रांसपोर्ट आदि के मालिकों के लिये यद्यपि यह वर्ष अधिक
काम का होगा, आप रात दिन काम में ही लगे रहोगे ऐसा ही देखने में आयेगा परन्तु वर्ष के अन्त में आप यह महसूस करेंगे
कि आप अधिक लाभ में नही रहे हैं परन्तु घाटे का भी कोई योग नही है, आप ने इस वर्ष में अधिक से अधिक धन राशि कारोबार

को बढ़ावा देने में भी खर्च करनी होगी । **फल** : फलों से सम्बन्धित कारोबारी वर्ग के लिये यह वर्ष परेशानी तथा अशान्ति का ही होगा । **ठेकेदार वर्ग** : आपको यद्यपि रात दिन काम में जुटा रहना पड़ेगा परन्तु लाभ की दृष्टि से यह वर्ष आपके लिये नोट करने के लायक होगा । **नौकरी** : यह वर्ष आपने सामूहिक रूप से शान्त वातावरण में ही व्यतीत करना होगा, कोई विशेष तरक्की अथवा लाभ की इस वर्ष में आशा न रखें, आदर व मान की दृष्टि से यह अच्छा ही वर्ष होगा **विद्यार्थी** : पढ़ाई की ओर वर्ष भर सामान्यतः दिलचस्पी कम रहेगी उसी अन्दाज़े से अपनी सफलता भी समझें, आपके लिये कोई चामत्कारिक वर्ष नहा है अपितु सर्वसाधारण रूप में चालू वर्ष में यह वर्ष भी मानिये । **गृहस्थ** : घरेलू वातावरण रंग बदलता रहेगा, घर में अच्छे महोत्सवों का सिलसिला चलता ही रहेगा ।

कुम्भ राशि का मासिक फल

2048 वि.

अप्रेल

इस मास के आरम्भ पर ग्रहों की स्थिति अच्छी नही है यह मास आपको अशान्त वातावरण तथा दौड़धूप में गुज़ारना होगा **शरीर** : पहले भाव में चन्द्रमा का होना गोचरफलित में उत्तम माना जाता है जैसा कि गोचरफलित में दर्ज है, शरीर स्वस्थ रहता है, घरेलू सुख मिलता है, स्त्री की ओर से मानसिक शान्ति मिलती है, खाने पीने के साधन सुलभ होते हैं वास्तव में चन्द्रमा के प्रभाव से आपको किसी प्रकार की शारीरिक परेशानी नही होगी **धन** : कारोबार की दृष्टि से यह मास डांवाडोल स्थिति में गुज़रेगा

यदि आप कपड़े का काम करते हैं तो आप का काम यथावत ही चलता रहेगा विशेषतया यदि आप परचून का काम करते हैं
तो आप अक्षय लाभ में रहेंगे परन्तु थोक व्यापारी अधिक लाभ की आशा न रखें, किरयाना का काम आपका थोक हो या
परचून रात दिन काम में जुटे रहने पर भी कोई विशेष लाभ में नही रहोगे परन्तु घाटे का भी कोई योग नही है, खाद्य पदार्थों
का काम करने वालों के लिये यह मास अशान्ति तथा उलझन का होगा, मानिये इस महीने में आपने हाथ पर हाथ धर कर ही
बैठना होगा विशेषकर आप यदि थोक व्यापारी हैं, दवाईयों से सम्बन्धित कुम्भ राशि वालों के लिये यह मास हर पहलू से अच्छा
ही रहेगा बल्कि आपके काम में तेज़ी भी आयेगी, आप को रात दिन काम में लगे रहने के लिये विवश होंगे, किताबों-स्टेशनरी
वालों के लिये ग्रह अनुकूल हैं अतः दिलचस्पी लीजिये आपका काम सफल तथा लाभदायक रहेगा, लोहा, मशीनरी, कारखानों,
फैक्ट्री, तथा ट्रांसपोर्ट आदि से सम्बन्धित काम करने वालों को इस मास में कमाई के बदले कारोबार पर खर्च करने के बड़े-बड़े
प्रोग्राम सामने आयेंगे, आप के हर आरम्भ किये हुये काम में रुकावटें आ खड़ी होंगी कोई भी काम बिना उलझन के अपने
लक्ष्य पर पहुँचेगा नही आपको काम की ओर अधिक लगाव रहेगा काम को चालू करने के खातिर आप दौड़धूप अवश्य करेंगे
परन्तु कोई भी प्रोग्राम इस मास में आखिरी शकल में सामने आयेगा नहीं, बल्कि कारोबार सम्बन्धित आपका हर एक प्रोग्राम
लटकता ही रहेगा । **ठेकेदार वर्ग :** इस मास के ग्रहों से आप लाभ उठायें, आप केवल योजनायें ही न बनायें बल्कि जो योजना
आप बनायेंगे उसको चालू कीजिये, यदि आप जंगलात सेसम्बन्धित काम करते हैं तो आपके रुके हुये काम भी हरकत में आयेंगे
और भी कोई छोटे मोटे काम मिलेंगे, यदि आप तामीरी काम करते हैं तो चालू काम में रुकावट पड़ने का अन्देशा है परन्तु
कोई नया काम आपको मिलने वाला है जिसमें आप सफल होंगे माल सप्लाई करने वाला ठेकेदारवर्ग आशा से अधिक लाभ
में रहेगा **नौकरी :** आपने यह मास सर्वसाधारण रूप में यथावत रूप में ही गुज़ारना होगा, कोई लाभ अथवा तरक्की की आशा

न रखें। **विद्यार्थी** : आपको विद्या सम्बन्धित प्रायः हर काम में सफलता अवश्य होगी परन्तु किसी भी काम में दौड़धूप के बिना सफलता की आशा न रखें **गृहस्थ** : आपका घरेलू वातावरण प्रायः शान्त रहेगा, खर्च की अधिकता होगी। **महिलावर्ग** : पुरुषों की अपेक्षा आपको इस मास में अधिक मानसिक अशान्ति रहेगी और शरीर बिगड़ने की भी सम्भावना है।



शुभ अशुभ दिनों की सूची : 1, 2 अशान्ति और असफलता, 3 से 7 तक कार्यसिद्धि और घरेलू सुख, 8, 9 खर्च की अधिकता आदर में कमी, 10, 11, 12 लाभ और मानसिक शान्ति, 13, 14 हानि और परेशानी, 15, 16 सफलता और लाभ, 17, 20 शत्रुओं का ज़ोर तथा धन हानि, 21 से 25 तक अधिक लाभ और आदर में वृद्धि, 26 से 29 तक शारीरिक कष्ट और हानि, 30 कार्य सिद्धि।

मई

मास के आरम्भ पर भौम तथा शनि जो विशेष हानिकारक स्थिति में थे वेध में होने से ये दोनों ग्रह आपके लिये शुभ फलदायक हैं शेष ग्रहों की स्थिति भी अच्छी है यानि सामूहिक रूप से यह मास आपके लिये सुख शान्ति का होगा **शरीर** : आपका शरीर ठीक रहेगा, यदि घर में भी किसी सदस्य के शरीर की परेशानी है तो उस ओर ध्यान देने पर वह परेशानी भी दूर होगी, **धन** : कारोबार को सफल बनाने में इस मास के ग्रह आपके पक्ष में हैं, आप जिस किसी भी कारोबारी लाईन से सम्बन्धित होंगे आप उसमें सफल रहेंगे, यदि आप कपड़ा अथवा किरयाना का तिजारत करते हैं तो आप काम में दिलचस्पी लीजिये, बिना किसी रुकावट के आपका काम शान्त रूप में दिनों दिन तरक्की करता जायेगा, यदि आप खाद्य पदार्थों का व्यापार करते हैं तो इस

मास में माल का स्टाक कदापि न करें बल्कि हाथों-हाथ माल खरीदें और बेचें, ऐसा करने से आप लाभ में रहेंगी, दवाईयों का काम करने वाले यथावत काम में लगे रहेंगे और इच्छानुसार फल भी प्राप्त करेंगे, किताबों और स्टेशनरी से सम्बन्धित कुम्भ राशिवालों के लिये यह मास काम का है, आप काम में लगे रहिये, लोहे, मशीनरी, कारखानों, फैक्ट्री, ट्रांसपोर्ट आदि के मालिकों को इस मास में आशा से अधिक लाभ मिलेगा, यदि आप अपने कारोबार को बढ़ावा देने के विषय में सोच रहे हैं तो इस मास को ऐसे काम के लिये ग़नीमत समझें, कारोबार में जो कोई भी पैसा आप इस मास में लगायेंगे वह सार्थक होगा । फल : जो कोई भी स्कीम आप बनायेंगी वह माल बेचने की हो या खरीदने की दोनों सूरतों में आपने सफल रहना है यदि आप अपने कारोबार को बढ़ावा देने के लिये कुछ धन खर्च करना चाहते हो तो बिना किसी हिचकिचाहट के आप धन लगायें आप सफल रहेंगे ठेकेदार **वर्ग** : यह मास आमदनी की दृष्टि से अपने लिये विशेष एक रिकार्ड महीना है, आप जंगलात से सम्बन्धित ठेकेदार है अथवा तामीरी कामों से या माल आदि स्पलाई करते हैं, जो कुछ भी हो आदर व मान तथा के लाभ लिये यह मास महत्वपूर्ण होगा **नौकरी** इस मास में आपको अचानक तरक्की अथवा कोई विशेष लाभ मिलने का योग है, आदर व मान की दृष्टि से भी ग्रह आपके हक में हैं, आपका दफतरी माहौल भी आपके अनुकूल रहेगा, सम्बन्धित अफसरों से मिलने जुलने का अवसर मिलता रहेगा, सम्बन्धित कार्यकर्त्ताओं के साथ अन्दरूनी टकराव रहेगा । **विद्यार्थी** : पठन-पाठन की प्रवृत्ति में वृद्धि होगी, यदि ऐसा न भी हो तो भी आप पढ़ाई सम्बन्धित हर काम में आशा से अधिक सफल रहेंगी, यदि पढ़ाई से सम्बन्धित कोई नया प्रोग्राम है तो इस मास से आरम्भ करें अवश्य ही वह प्रोग्राम सफल रहेगा **गृहस्थ** : घर में इस मास में कोई महोत्सव रचाने का



प्रोग्राम बनने वाला है, खर्च के लम्बे-2 प्रोग्राम बनेंगे, कोई जाईदाद खरीदने अथवा बनाने की भी योजना बनने वाली है । **महिला वर्ग :** इस मास में आपको रिश्तेदारों से मिलने जुलने का अधिक व्यसन रहेगा ।

शुभ अशुभ दिनों की सूची : 1से 4 तक कार्यसिद्धि तथा मानसिक शान्ति, 5 से 7 तक तंगदस्ती और परेशानी, 8, 9 लाभ और आदर, 10, 11 शारीरिक गिरावट, 12, 13 अच्छे पुरुषों से मेल मिलाप, 14 से 18 तक काम में रुकावट-शरीर कष्ट, 19 से 22 तक लाभ सुख, 23 से 27 तक दौड़धूप और हानि, 28 से 31 तक सफलता और लाभ ।

जून

इस मास की आरम्भ की ग्रहचाल पर विचार करने से मालूम होता है कि यह मास हर पहलू से सुख शान्ति के वातावरण में ही गुज़रेगा, बारवां शनि और छटे भाव का बृहस्पति गोचर से यद्यपि हानिकारक माने जाते हैं फिर भी यह दोनों ग्रह वेध में हैं, वेध में गया हुआ अशुभ ग्रह भी शुभ फलदायक होता है ऐसा गोचरफलित मर्मज्ञों का कहना है, यह मास आपने सुख शान्ति के वातावरण में ही गुज़ारना होगा **शरीर :** आपका शरीर प्रायः स्वस्थ रहेगा, यदि आप पहले से ही शरीर से अस्वस्थ हैं तो भी इस मास के ग्रहों के प्रभाव से आपका शरीर बिल्कुल स्वस्थ होगा, यदि घर में किसी प्रकार की शरीर सम्बन्धित कोई परेशानी है आप विश्वास रखिये वह चिन्ता अस्थाई होगी **धन :** आपकी कारोबार सम्बन्धित जो कोई भी लाईन होगी आपकी सफलता निश्चित है आप यदि कपड़े या किरयाना का काम करते हैं वह काम थोक है या परचून आपके पास काम की इतनी अधिकता होगी कि आप काम को संभाल न सकेंगी, परन्तु लाभ की दृष्टि से यह मास रिकार्ड होगा, जो कुम्भ राशि वाले खाद्य पदार्थों का काम करते हैं उनका काम थोक है या परचून दोनों रूपों में आपने मालामाल होना है, दवाईयों का कारोबारी वर्ग रात दिन

काम में व्यस्त रहेंगी, किताबों, स्टेशनरी आदि काम से सम्बन्धित कारोबारी वर्ग का काम यदि तेज़गति से न भी चले तो भी उनका काम यथावत् चलता ही रहेगा, यानि हर पेशा के कुम्भ राशि वालों के लिये यह मास लाभदायक है, यदि आप इस मास से भी कोई लाभ उठा न सके तो उसको अपना दुर्भाग्य मानिये, लोहे, मशीनरी, कारखानों, फैक्टरी, इण्डस्ट्रीज से सम्बन्धित कारोबारी वर्ग के लिये भी यह मास आमदनी की दृष्टि से रिकार्ड होगा, इस मास से आप यह लाभ अवश्यह उठायें कि आप अपने कारोबार को बढ़ावा देने के निमित्त कोई योजना बनायें और उस को अमली रुप भी साथ-साथ दीजिये **फल** : हर पेशा के लिये यद्यपि यह मास लाभदायक है परन्तु आपके लिये यह मास मानिये एक प्रकार का मनहूस मास है, आप इस मास में हो सके तो कोई काम नये सिरे से आरम्भ न करें, चालू काम को ही संभाले रखना अपने लिये बहुत मानिये, इस मास में आप जिस काम को हाथ में लेंगे उस में अपनी हानि मानिये **ठेकेदार वर्ग** : आप जंगलात का काम करते हैं अथवा तामीरी काम से सम्बन्धित है आप का काम यथावत् शान्त रूप में चलता रहेगा कोई नया काम जल्दी ही मिलने की आशा रखिये, माल स्पलाई करने वाला कारोबारी वर्ग इस मास में स्वयं भी मालामाल होंगे **नौकरी** : यह मास आपके लिये कोई विशेष शान्ति का नही होगा, सम्बन्धित कार्यकर्त्ताओं से आन्तरिक टकराव बना रहेगा जो आपके लिये अशान्ति का कारण बनेगा, सम्भव है इस मास में अरप की तबदीली होगी जो तबदीली आपके लिये परेशानी का कारण बनेगी, यदि तबदीली न भी हो तो भी आपके दफतरी काम काज में तबदीली आयेगी जो आपके लिये सर दर्द बनेगी **विद्यार्थी** : विद्या सम्बन्धित हर काम में सफलता होगी **गृहस्थ** : यदि घरेलू जाईदाद सम्बन्धित कोई प्रोग्राम है वह प्रोग्राम अमली रूप में सम्पूर्ण होगा **महिलावर्ग** : आपको मास भर कोई गुप्त चिन्ता खटकती रहेगी ।



शुभा शुभ दिनों का संकेत : 1, लाभ, आदर, 2, 3 निरर्थखर्च, हानि, 4, 5 कार्य सिद्धि, मानसिक शान्ति, 6, 7, 8 दौड़धूप संघर्ष, 9, 10 हर काम में सिद्धि शत्रुओं पर विजय, 11 से 16 तक हर काम में रुकावट, मानसिक अशान्ति, 17, 18 सुख शान्ति, लाभ, 19 से 23 तक असफलता, अशान्ति, 24 से 28 तक कार्य सिद्धि, आदर में वृद्धि, 29, 30 झगड़े, अशान्ति ।

जुलाई

वेध अष्टकवर्ग आदि गोचर सिद्धान्तों के आधार से इस मास में शुभ ग्रहों का पलड़ा भारी है और क्रूर ग्रहों का पलड़ा हलका है इस बात को ध्यान में रखते हुये विदित होता है कि यह मास यद्यपि दौड़धूप में ही गुज़रेगा तो भी अन्त में हर काम का परिणाम आपके अनुकूल होगा । **शरीर :** यद्यपि मास भर नर्म गर्म ही रहेगा तो भी सामूहिक रूप से आप को इस मास में किसी प्रकार की शरीर सम्बन्धित परेशानी नही रहेगी । **धन :** यदि आप कपड़े का काम अथवा किरयाना का काम थोक या परचून करते हैं तो आप को अधिक परिश्रम तथा रात दिन काम में लगे रहने पर ही सन्तोषजनक लाभ मिलेगा, जबकि इस मास में ग्रह इतने बलवान् नही हैं कि ग्रह आपको बिना परिश्रम के ही लाभ पहुँचा सकें यदि आप लाभ चाहते हैं तो काम में डटकर लगे रहिये, खाद्य पदार्थों अथवा दवाईयों के व्यापारियों पर भी ग्रहों का प्रभाव ऐसा ही होगा, परिश्रम करने पर ही वे लाभ में रहेंगे, यानि सफलता की पटड़ी बनी हुई है परिश्रम करना आपका धर्म है, किताबों तथा स्टेशनरी का व्यापार करने वाले कुम्भ राशि वाले इस मास में किसी विशेष लाभ में नही रहेंगे घाटे का भी कोई योग नही है, लोहे, मशीनरी, कारखानों, इण्ड्स्ट्रीज, फैक्टरी, ट्रान्सपोर्ट आदि से सम्बन्धित कुम्भ राशि वालों पर इस मास में शनि का अच्छा प्रभाव रहेगा जबकि शनि बारवां होते हुये भी वेध में होने से आपके लिये शुभफलदायक ही होंगे, आपको यदि इस मास में कारोबार में अधिक लाभ न भी होगा तब भी ऐसे हालात बनेंगे

कि आप अपने कारोबार को बढ़ावा देने पर विवश होंगे जबकि इस मास में आप को कारोबार सम्बन्धित खर्च का योग बलवान है और आमदनी का योग कमज़ोर **फल** : आप कारोबार सम्बन्धित दौड़धूप में रात दिन लगे रहेंगे, दिनों दिन माल के खरीदने बेचने की योजनायें बनती बिगड़ती रहेंगी, कोई भी योजना सिरे चढ़ेगी नही, यह मास आपने कारोबार सम्बन्धित योजनायें बनाने में ही गुजारना होगा **ठेकेदार वर्ग** : आप के कारोबार को सफल बनाने में इस मास के ग्रह अनुकूल हैं आप यदि जंगलात से सम्बन्धित ठेकेदार हैं तो आपका चालू काम यथावत् चलता रहेगा, कुछ ऐसी रकम भी हाथ आने वाली है जिस की आशा आप छोड़ चुके होंगे, कोई नया काम जल्दी ही हाथ में आने वाला है **नौकरी** : यह मास यथावत् आपने चलाना होगा, किसी भी प्रकार के परिवर्तन का योग नही है, सम्बन्धित कार्यकर्त्ताओं तथा अफसरों के साथ प्रेम व्यवहार बना रहेगा, आपके दफतर के वातावरण में भी कोई तबदीली नही आयेगी **विद्यार्थी** : पठन पाठन में दिलचस्पी कम रहेगी, सैर सपाटा यार दोस्तों से मिलने जुलने में आप अधिक व्यस्त रहेंगे, पठन पाठन सम्बन्धित किसी भी काम में आप अधिक व्यसत रहेंगे, पठनपाठन सम्बन्धित किसी भी काम में सफलता नही होगी, **गृहस्थ** : आपका घरेलू वातावरण शान्त रहेगा, घर में अतिथियों का आना जाना अधिक रहेगा, खाने खिलाने के प्रोग्राम बनते रहेंगे **महिलावर्ग** : आपको पुरुषों की अपेक्षा स्वभाव में अधिक चिड़चिड़ापन आयेगा, लड़ाई झगड़ों में ही यह मास गुज़रेगा ।



शुभाशुभ दिनों की सूची : 1, 2, 3 लाभ, आदर, 4, 5 लड़ाई झगड़े, 6, 7 भाई बन्धुओं से मेल मिलाप, 8 से 11 तक शरीर कष्ट हानि, 12 से 16 तक कार्य सिद्धि, बुज़ुर्गों का आशीर्वाद मिलना, 17 से 20 हर काम

में बाधा हानि, 21 से 25 तक अच्छे पुरुषों से मिलाप, कोई शुभ सन्देश मिले, 26 से 28 तक खर्च की अधिकता, तंगदस्ती से दुचार होना, 29, 30 सफलता शान्ति, 31 परेशानी, असफलता ।

अगस्त

इस मास के आरम्भ पर ग्रहों की स्थिति कोई विशेष अच्छी नही है, यह मास अशान्त वातावरण में ही गुज़ारना होगा **शरीर :** आपका शरीर कुछ ढीला ही रहेगा, दैवयोग से यदि आपका शरीर स्वस्थ रहेगा तो भी विशेषतया किसी घनिष्ठ रिश्तेदार की शरीर सम्बन्धित परेशानी घेरे रखेगी **कारोबार :** आपका कारोबार डाँवाडोल स्थिति में ही चलता रहेगा, यदि आप कपड़े का काम करते हैं या किरयाना का, आप लाभ में रहेंगे, परिश्रम अधिक करना होगा, किरयाना के व्यपारी वर्ग के लिये यह मास हाथ पर हाथ धर कर बैठने का होगा, यदि आप हाथ पैर फैलाने का प्रयत्न करेंगे तब भी कुछ पल्ले पड़ेगा नही, खाद्य पदार्थों का व्यापारी वर्ग इस मास में परेशान ही रहेगा, काम में ढीलापन आयेगा, कोई भी कारोबार सम्बन्धित काम रुकावट के बिना सिद्ध नही होगा इस मास में लाभ की कोई आशा न रखिये, परन्तु घाटे का भी कोई योग नही है, किताबों, स्टेशनरी, दवाईयों का काम करने वाले यथावत् काम में लगे रहेंगे और सन्तोषजनक लाभ भी प्राप्त करते रहेंगे लोहे, मशीनरी, कारखानों, फैक्टरी, इण्डस्ट्रीज, ट्रान्सपोर्ट आदि से सम्बन्धित कुम्भ राशि वालों के लिये यह मास संघर्ष तथा दौड़धूप का ही होगा, जबकि आपका कोई काम बिना रुकावट या उलझन के सिद्ध नही होगा, काम को संभाले रखने में खर्च के प्रोग्राम बनते रहेंगे, आमदनी की कोई खास आशा न रखें **फल :** आप काम में लगे रहिये, आपके ग्रह आपको लाभ देने में सहायक रहेंगे केवल आपके काम में दिलचस्पी लेने की आवश्यकता है, आप माल बेचने की जो योजना बनायेंगे आप सफल रहेंगे यह बात अवश्य ध्यान में रखिये कि माल बेचने की अपेक्षा खरीदने

में आप अधिक लाभ में रहेंगी **ठेकेदार वर्ग** : आपका काम यथावत् चलता ही रहेगा, किसी प्रकार की हानि का अन्देशा नही है बल्कि लाभ का ही योग है विशेषतया यदि आप तामीरी काम से सम्बन्धित ठेकेदार हैं तो इस मास में तामीरी काम में आप अधिक दिलचस्पी लीजिये, यह काम आपके लिये अधिक लाभदायक रहेगा, यदि आपका काम स्पलाई का है तो आपके काम में रुकावट पड़ने से आपके काम में ढीलापन आयेगा **नौकरी** : यदि आप अफसर की कुर्सी पर काम करते हैं तो आप के काम में किसी प्रकार की तबदीली नही आयेगी बल्कि आपका काम यथावत् चलता रहेगा, सर्वसाधारण नौकरी पेशावालों के लिये यह मास अधिक संघर्ष और दौड़धूप का होगा सम्बन्धित अफसर का रूखापन आपके लिये अशान्ति का कारण होगा **विद्यार्थी** : पठन पाठन की प्रवृत्ति में अचानक वृद्धि होगी, आपने यदि इस मास में पढ़ाई सम्बन्धित कोई इन्टरव्यू देना होगा आप अवश्य दीजिये उसमें आपकी सफलता निश्चित है, यदि आप नौकरी के लिये कोशिश कर रहे हैं तो आप कोशिश जारी रखिये, सम्भव है इसी मास में यह मनोकामना सिद्ध होगी, **गृहस्थ** : घर में कोई महोत्सव रचाने की तैयारी में ही यह मास गुज़रेगा यदि आप को कोई जाईदाद आदि खरीदने बनाने का प्रोग्राम है तो आप इस मास में ऐसे काम में दिलचस्पी लीजिये, ऐसे काम में आपकी सफलता अवश्य होगी **महिलावर्ग** : आपको मातृ पक्ष से कोई लाभ मिलने का योग है ।



शुभाशुभ दिनों की सूची : 1, असफलता, अशान्ति, 2, 3 कार्य सिद्धि, लाभ, 4 से 8 तक शरीर सम्बन्धित परेशानी, अपनी या घर के किसी मेम्बर की, 9 से 12 तक लाभ तथा आदर, 13 से 17 तक दौड़धूप परेशानी, 18 से 22 तक सुख तथा लाभ, 23, 24, 25 लाभ आदर, 26, 27 चिन्ता, अनादर, 28, 29 सुख शान्ति, कार्य सिद्धि, 30 शरीर कष्ट, अशान्ति ।

24 शरीर कष्ट, हानि, 25 से 27 तक हर काम में सफलता मानसिक शान्ति, 28, 29 स्वास्थ्य में बिगाड़, खर्च अधिक, 30, 31 शरीर स्वस्थ, सफलता ।

सितम्बर

वेध अष्टकवर्ग दृष्टि शत्रुमित्र आदि ज्योतिष फलित सिद्धान्तों के आधार से इस मास की ग्रहचाल पर विचार करने से विदित होता है कि सामूहिक रूप से यह मास सुख शान्ति के दौर में ही गुज़रेगा **शरीर** : आप का शरीर प्रायः स्वस्थ रहेगा, यदि और भी घर में कोई शरीर सम्बन्धित परेशानी होगी वह भी बहुत हद तक दूर होगी, विशेषतया यदि आपको माता की छत्रछाया है तो आपको माता के शरीर के बारे में सावधान रहना चाहिये, उनके अचानक शरीर बिगड़ने का अन्देशा है **धन** : कुम्भ राशि वाले हर पेशावर पर ग्रहों का प्रभाव भिन्न-भिन्न रूप में पड़ेगा, यदि आप कपड़े का थोक या परचून व्यापार करते हैं आपका काम तेज़ गति से चलता रहेगा और लाभ भी सन्तोषजनक रूप में मिलता रहेगा, किरयाना का व्यापारी वर्ग भी रात दिन काम में जुटा रहेगा, परन्तु परिश्रम के अनुसार लाभ नही होगा खाद्य पदार्थों का व्यापारी वर्ग यदि माल स्टाक करने में लगे तो घाटे तथा परेशानी में ही यह मास गुज़रेगा परन्तु माल हाथों हाथ खरीदने और बेचने पर लाभ में रहेगा दवाईयों के थोक व्यापारी वर्ग का काम यथावत चलता रहेगा और लाभ भी कुछ न कुछ अवश्य होगा, लोहे, मशीनरी, कारखानों, फैक्टरी, इण्डस्ट्रीज़, ट्रान्सपोर्ट आदि से सम्बन्धित कारोबारी वर्ग को रात दिन काम में लगा रहनापड़ेगा, जबकि उनके पास काम की इतनी अधिकता होगी कि आप काम संभाल नही सकेंगी, लाभ की दृष्टि से यह मास उत्तम रहेगा **फल** : इस मास के ग्रहों से लाभ उठाइये, इस मास के ग्रह आपके पक्ष में हैं, आप माल बेचने खरीदने की जो कोई भी योजना बनायेंगी उसको साथ साथ अमली रूप दीजिये, आपका

हर एक आरम्भ किया हुआ काम सफल रहेगा, आप इस मास में अपने बागात रूपी जाईदाद को संभालने की ओर ध्यान दीजिये ऐसा करना आपके लिये लाभदायक रहेगा **ठेकेदार वर्ग** : आप काम में लगे रहिये, आप को हर आरम्भ किये हुये काम में सफलता अवश्य होगी, यदि आपके काम में कुछ रुकावट पड़ी है तो वह रुकावट भी ज़ल्दी ही दूर होगी, आप काम को तेज़ चाल से चलाने की योजनायें बनायें, यदि आप जंगलात से सम्बन्धित काम करते हैं तो आप को इस मास में सन्तोषजनक लाभ मिलने का योग है, तामीरी काम अथवा माल स्पलाई करने वाले ठेकेदार वर्ग को यह मास अधिक दौड़धूप में गुज़ारना होगा, घाटे का कोई योग अपितु कुछ न कुछ लाभ मिलेगा ही **नौकरी** : यद्यपि दफतर का वातावरण आप के अनुकूल होगा भी ऐसा होने पर भी बिना किसी कारण के अशान्ति रहेगी, लाभ की दृष्टि से यह मास उत्तम है **विद्यार्थी** : आप पठन पाठन में दिलचस्पी लीजिये, ग्रह आपके अनुकूल हैं आपने कोई इन्टरव्यू या परीक्षा देनी हो या दी होगी तो सफलता की ही आशा रखिये **गृहस्थ** : सम्भव है घर में कोई महोत्सव रचाने का प्रोग्राम बनने वाला **महिलावर्ग** : आप इस मास में रिश्तेदारों से मिलने जुलने में अधिक व्यस्त रहेंगी ।



शुभाशुभ दिनों की सूची : 1, 2 अशान्ति, हानि, 3, 4 दौड़धूप आदर में कमी, 5 से 8 तक हर काम में सफलता, वृद्धों का आशीर्वाद मिले, 9 से 13 तक शरीर कष्ट, घरेलू परेशानी, 14 से 18 तक हर काम में सफलता, आदर में वृद्धि, 19, 20, निरर्थ खर्च, तंगदस्ती, 21, 22, 23 लाभ, भाई बन्धुओं से मेल मिलाप, 24, 25 परेशानी, शरीर कष्ट, 26, 27 सुख शान्ति, भाई बन्धुओं से प्रेम, 28, 29, 30 दौड़धूप, मानसिक अशान्ति ।

अक्टूबर



मास के आरम्भ पर सरसरी ग्रहों पर दृष्टि डालने से विदित होता है : सूर्य, चन्द्रमा, भौम, शुक्र, शनि ये सभी ग्रह अच्छी स्थिति में नही हैं परन्तु गोचर फलित के सिद्धान्तों पर विचार करने से मालूम होता है कि ये सभी ग्रह अच्छी स्थिति में हैं, इस से साफ ज़ाहिर है कि यह मास आंपने सुख व शान्ति तथा शान व मान के माहोल में ही गुज़ारना होगा **शरीर** : आपका शरीर बिल्कुल स्वस्थ रहेगा, यदि पहले से भी आपके शरीर में किसी प्रकार का तकलीफ है उस का इलाज करवाने से उस तकलीफ से अवश्य छुटकारा मिलेगा, अगर किसी रिश्तेदार की शरीर सम्बन्धित कोई चिन्ता है वह भी बहुत हद तक दूर हो जायेगी । **कारोबार** : आमदनी की दृष्टि से यह मास उत्तम है परन्तु खर्च के ग्रह भी बलवान् है आप कपड़े का काम करते हैं या किरयाना का, आप थोक काम करते हैं या परचून, आप खाद्य पदार्थों से सम्बन्धित हैं अथवा दवाईयों से आप किताबों का काम करते हैं अथवा स्टेशनरी का तो आप काम में दिलचस्पी लीजिये ग्रह आपके अनुकूल है आपको इस मास में यथेष्ठ लाभ मिलने का योग है । लोहे, मशीनरी, कारखानों, फैक्टरी, ट्रांसपर्ट आदि से सम्बन्धित कुम्भ राशिवालों को रात दिन काम में रहना पड़ेगा जबकि आपके पास काम की इतनी बहुतात होगी कि आप काम को सम्भाल नही सकेंगे, वस्तुतः यह मास लाभ की दृष्टि से उत्तम रहेगा **फल** : आपकी शुभ दशा चल ही रही है केवल आप काम में धैर्य से लगे रहिये, ग्रह आपके पक्ष में हैं, अगर आप बाग़ात के मालिक हैं तो इस मास में आपको चाहिये बाग़ात को सम्भालने अथवा बढ़ावा देने में विशेष दिलचस्पी लें, आप जो काम वह बेचने का हो या खरीदने का सौदा पक्का करें ऐसा करना आपके लिये लाभदायक रहेगा **ठेकेदार वर्ग** : आप

जंगलात से सम्बन्धित हों अथवा तामीरी काम से या माल सप्लाई करने से, काम में थोड़ी बहुत रुकावटें आने पर भी अन्त में सामूहिक रूप से इस मास में सफल रहोगे । **नौकरी :** अचानक तरक्की अथवा तबदीली का योग है आपको नौकरी सम्बन्धित अगर कोई काम दफ्तर में लटक रहा है तो उस ओर ध्यान दीजिये, यदि वह समस्या इस मास में हल न हो जायेगी तो आगे हल होने की आशा न रखिये, यदि आपको दैवयोग से कोई तरक्की अथवा तबदीली न होगी तो भी आप को दफतर सम्बन्धित कोई न कोई लाभ मिलना आवश्यक है । **विद्यार्थी :** अगर प्रारब्ध से आपने इस मास में कोई इन्टरव्यू अथवा परीक्षा देनी है तो अपनी सफलता निश्चित मानिये , यदि आप नौकरी की तलाश में भी हैं तो सम्भव है इस मस में वह कामना भी पूरी होगी **गृहस्थ :** घर में खर्च के बड़े-बड़े प्रोग्राम बनते रहेंगे, खाना खिलने तथा पार्टियां देने का व्यसन इस मास में अधिक रहेगा । **महिलावर्ग :** रिश्तेदारों से मिलने जुलने के अतिरिक्त आपको कोई शुभ सन्देश मिलने वाला है ।



शुभ अशुभ दिनों की सूची : 1 अशान्ति व असफलता, 2 से 6 तक हर काम में कामयाबी और लाभ, 7 से 10 तक दौड़धूप अधिक लाभ में कमी, 11 से 15 तक आदर में वृद्धि और लाभ, 16 से 18 तक हर काम में रुकावट और हानि की सम्भावना, 19, 20 भाई-बन्धुओं से मेल व मिलाप, शरीर सुख, 21, 22 हर काम में बाधा, अशान्ति, 23, 24 अकस्मात् कार्य सिद्धि-लाभ, 25, 26, 27 आरम्भ किये हुये काम में रुकावट-घरेलू परेशानी, 28, 29 दौड-धूप हर काम अधूरा, 30, 31 बिना परिश्रम के लाभ अथवा कोई शुभ सन्देश मिले ।

नवम्बर

भौम बृहस्पति और शुक्र इस मास के आरम्भ पर आप के पक्ष में नही हैं शेष ग्रह वेध आदि की दृष्टि से अच्छी स्थिति में हैं – इस मिले जुले शुभ अशुभ योग के आधर से यह मास डाँवाँडोल स्थिति में ही व्यतीत होगा ।शरीर : की दशा भी अस्थिर रहेगी, कभी शरीर का एक अंग अस्वस्थ और कभी दूसरा अंग – ऐसे ही गृहस्थी होने पर गाहे घर को एक सदस्य की शारीरिक चिन्ता और गाहे दूसरे सदस्य की, उपाय के रूप में इस मास की हर शनिवार यानि 5, 12, 19, 26 को तहर बनाकर पक्षियों के अतिरिक्त बच्चों को भी खिलायें **धन** : आमदनी की दृष्टि से भी यह मास रंग बदलता रहेगा यदि आप कपड़े के थोक व्यापारी है तो आप का कोई भी काम इस मास में सिद्ध होगा नही अपितु आप के कारोबार सम्बन्धित हर काम में रुकावट पड़ने की ही सम्भावना है, यदि आप यही कपड़े का काम परचून में करते हैं तो आप का काम यथावत् चलता ही रहेगा, खाद्य पदार्थों तथा दवाईयों का कारोबारी वर्ग थोक काम करते हों या परचून तो उनका काम ढीलाढाला ही चलता रहेगा पर घाटे का भी कोई योग नहीं है, किताबों तथा स्टेशनरी के काम से सम्बन्धित कुम्भ राशिवालों के काम में आरम्भ में तेज़ी रहेगी पर दिनों दिन काम ढीला होता जायेगा लाभ की दशा भी ढीली रहेगी । लोहे–मशीनरी–कारखानों फैक्ट्री तथा ट्राँस्पोर्ट से सम्बन्धित कारोबारी वर्ग शनि के प्रभाव से बारवां होते हुये भी वेध में होने से आप के लिये लगातार शुभ तथा अनुकूल चल ही रहा है आप धीरज से काम में लगे रहें आप का कारोबार कामयाब रहेगा । **फल** : आप माल बेचने में इस मास में अधिक दिलचस्पी लीजिये विशेषकर अगर आप के पास खुश्क मेवा का काम है आप उस में सफल रहोगे **ठेकेदारवर्ग** : आप जंगलात से सम्बन्धित है अथवा तामीरी काम से या माल सप्लाई करने से – तो आप को इस मास में दौड़धूप अधिक करनी होगी तब ही लाभ की आशा रखें, यदि आप काम में लापरवाई करेंगे तो लाभ की कोई आशा न रखें । **नौकरी** : आप का दफ्तरी

माहौल आपके पक्ष में होगा, यदि आप अफ़सर की कुर्सी पर हैं तो अपने से मातहतो के साथ अन्दरूनी टकराव रहेगा जो आप के लिये अशान्ति का कारण बनेगा । **विद्यार्थी :** पढाई की ओर कम ध्यान रहेगा, विद्या सम्बन्धित हर काम में रुकावट पडेगी, आप ने अगर कोई परीक्षा देनी है या दी है या किसी ट्रेनिंग के लिये दौडधूप कर रहे हैं तो इस मास में आप का हर एक काम लटकता ही रहेगा – कोई भी काम सफल नही रहेगा**गृहस्थ :** आपका घरेलू वातावरण आप के अनुकूल होगा, घर की कोई समस्या है तो वह समस्या इस मास में हल होगी अथवा उस परेशानी का अन्त होगा, यह भी सम्भव है कि इस मास में कोई जाईदाद मकान आदि खरीदने अथवा बनाने का प्रोग्राम बनायेंगे और ऐसे काम में सफलता अवश्य मिलेगी । **महिलावर्ग :** मास भर आप को कोई मानसिक अशान्ति बिना किसी कारण के बनी रहेगी, उपाय के रूप में इन्द्राक्षी का नित्य पाठ किया करें हो सके तो तीन बार पाठ किया करें ।



शुभ अशुभ दिनों की सूची : 1, 2 कार्यसिद्धि,3 से 7 तकदौडधूप तथा परेशानी, 8 से 11 तक कार्यसिद्धि, तथा लाभ 12, 13, 14 हानि और शरीरकष्ट, 15, 16 सुख शान्ति तथा लाभ, 17, 18, 19 हानि तथा अशान्ति, 20, 21 आशा से अधिक लाभ और कोई शुभ सन्देश मिले, 22 से 25 तक संघर्ष और परेशानी, 26 से 29 तक अचानक लाभ, घर में शान्ति अथवा कोई महोत्सव, 30 हानि अथवा तंगदस्ती

दिसम्बर

अगर इस मास के आरम्भ पर चन्द्रमा आठवाँ और भौम दसवाँ यह दोनों ग्रह गोचर से हानिकारक माने जाते हैं परन्तु चन्द्रमा बृहस्पति के वेध में होने से शुभ है केवल भौम ही एक ग्रह है जो इस मास में आप के लिये हानिकारक है इस मिल जुले योग के आधार से **शरीर** : भौम चूँकि आपके पहले भाव यानि शरीर के भाव को देख रहा है इस कारण आप शरीर के विषय में सावधान रहें, यदि आप का शरीर स्वस्थ है तो भी अचानक शरीर बिगडने अथवा चोट लगने की सम्भावना है यदि आप वाहन चलाते हैं तो मंगलवार को न चलायें । **कारोबार** : आप जिस किसी भी लाईन से सम्बन्धित हैं चाहे आप कपड़े का काम करते हों या किरयाने का - दवाईयों के थोक व्योपारी हों या परचून - खाद्यपदार्थों का कारोबार करते हें या स्टेशनरी का - आप की लाईन कोई भी क्यों न हो आप धीरज से काम में लगें रहे, केवल खयाली स्कीमें ही न बनायें बल्कि आप जो कोई योजना बनाओगे उसको अमली रूप दीजिये, आप को इस मास में हर काम में सफलता तथा लाभ निश्चित है, लोहा-मिशीनरी-कारखाना-फैक्ट्री-ट्रांस्पोर्ट से सम्बन्धित कारोबारी वर्ग के लिये यदि इस मास में काम का ज़ोर ज्यादा रहेगा नही परन्तु तो भी आप का काम यथावत् चलता ही रहेगा और कुछ न कुछ लाभ मिलता ही रहेगा, इस मास में आप के काम के लिये ग्रह अधिक अनुकूल नहीं है, कारोबार सम्बन्धित जो कोई भी योजना आप बनायेंगे वह प्रायः सफल ही रहेगी, आप अगर कारोबार सम्बन्धित हाथ पैर फैलाना चाहते हैं यानि अपने काम को कुछ बढावा देना चाहते हैं तो ऐसे काम की ओर अवश्य ध्यान दीजिये - आप सफल रहेंगें । **ठेकेदारवर्ग** : आप अगर



'ए' क्लास के ठेकेदार हैं तो आप का काम अच्छे ढँग से ही चलेगा - आप के हाथ में कोई विशाल काम आने वाला है जो काम आपके लिये बहुत लाभप्रद रहेगा वह काम जंगलात का हो या तामीरी काम हो या माल सप्लाई करने का - आप को इस काम में इस महीने विशेष लाभ मिलने की संभावना है अतः धीरज और आत्म विश्वास से काम में लगे रहिये । **नौकरी** : इस मास में आप को दफ़तर की ओर से परेशानी बनी रहेगी, शत्रुओं का ज़ोर रहेगा, अचानक कोई झगड़ा खड़ा होगा, लाभ अथवा तरक्की की कोई आशा न रखिये बलिक अपनी नौकरी को संभाले रखना ही ग़नीमत समझें जबकि दसवाँ भौम आपके लिये इस मास में आपके लिये हानिकारक है । **विद्यार्थी** : पठन–पाठन में दिलचस्पी कम रहेगी, कोशिश करने पर भी विद्या सम्बन्धित किसी भी काम में मनोवांछित सफलता नहीं होगी । **गृहस्थ** : घरेलू वातावरण बनता बिगड़ता रहेगा, खर्च की अधिकता रहेगी, खर्च के व्यर्थ ही नये नये मार्ग खुलते रहेंगें, अचानक कोई शुभ सन्देशा मिले, 'उपाय' के रूप में इस मास में हर सोमवार यनि 2, 9, 16, 23, 30 तिथि की भगवान् शंकर पर जल चढाया करें । **महिलावर्ग** : इस मास में आप को बुज़ुर्गों की विशेष सेवा करने तथा उन से आर्शीवाद प्राप्त करने का अवसर मिलेगा ।

शुभ अशुभ दिनों की सूची : 1 से 4 तक परेशानी, 5 से 9 तक हर काम में सफलता–आदर में वृद्धि, 10–11 काम में रुकावट, अशान्ति, 12, 13, 14 कार्यसिद्धि–भाई बन्धुओं से मेलमिलाप, 15, 16 हानि और झगड़ा, 17, 18 कार्यसिद्धि तथा लाभ, 19 से 22 तक परेशानी और नुकसान, 23 से 27 लाभ तथा कोई शुभ सन्देश मिले, 28 से 31 तक हानि तथा दौड़धूप अधिक ।

जनवरी

नये वर्ष के आरम्भ पर आप के लिये ग्रह स्थिति अच्छी है, केवल एक मात्र बृहस्पति ही अच्छी स्थिति में नहीं है वस्तुतः शुभ ग्रहों का पलड़ा भारी है **शरीर :** आपका शरीर प्रायः स्वस्थ रहेगा, यदि घर में भी किसी सदस्य की शरीर सम्बन्धित कोई परेशानी है तो वह भी बहुत हद तक समाप्त हो जायेगी, यदि आप को दैवयोग से घर के किसी खास सदस्य की शरीर सम्बन्धित परेशानी है तो उपाय के रूप में उस बीमार के वज़न की चीनी किसी दरिद्रनारायण को संकल्प करके दक्षिणा सहित दीजिये आपकी वह परेशानी अवश्य दूर होगी । **कारोबार :** आप जिस किसी भी कारोबारी लाईन से सम्बन्धित होंगे उस में आप सफल होंगे, यदि आप कपड़े का काम सूती ऊनी थोक या परचून करते है तो आप लाभ में रहेंगे - अगर आप रेशम सिलक आदि का ही काम केवल करते होंगे तो निश्चय करके उस में आप को घाटा होगा अथवा किसी न किसी तरीके से कारोबार में खसारा होगा, किरयाना का व्योपारी वर्ग रात दिन काम में जुटा रहेगा जबकि उनके पास काम की भरमार होगी, लाभ भी यथेष्ठ रूप में मिलेगा, खाद्यपदार्थों का काम करने वाले व्योपारी यथावत् शान्त रूप में काम में लगे रहेंगे और अनुकूल लाभ भी मिलता रहेगा, दवाईयों का काम करने वाले कुम्भ राशि वालों के लिये आमदनी तथा काम की दृष्टि से यह मास रिकार्ड होगा, किताबों स्टेशनरी का काम आप थोक करते हों या परचून - इस मास में ग्रह आपके अनुकूल हैं काम में आप जितनी दिलचस्पी लेंगे उतनी ही आप की सफलता निश्चित है लोहा-मशीनरी-कारखाना फैक्ट्री तथा ट्रांस्पोर्ट से सम्बन्धित कुम्भ राशिवालों के लिये यह मास विशेष कमाई का है, आप के कारखानों से बनने वाले माल की इतनी माँग होगी



कि आप काम को सम्भालने में समर्थ ही नहीं होंगे, परिणामस्वरूप यह मास आप के लिये विशेष लाभदायक रहेगा **फल** : इस मास में सम्भव है आपको कारोबार सम्बन्धित कोई यात्रा का प्रोग्राम बनेगा, वह यात्रा आपके कारोबार को सफल बनाने में सहायक रहेगी, यद्यपि इस मास में आप को कारोबार से कोई धन राशि हाथ में न भी आये लेकिन आपके आगे होने वाले कारोबार के लाभ की नींव इसी महीने में लगेगी । **ठेकेदार वर्ग** : आप जंगलात से सम्बन्धित हो अथवा तामीरी काम से या माल सप्लाई करते हों तो आपको इस मास में ग्रहों के प्रभाव से बिना परिश्रम के भी कुछ लाभ मिलने का योग अवश्य है । **नौकरी** : यह महीना आपने शान व मान तथा लाभ के साथ गुज़ारना होगा, अपने से ऊँचे तथा प्रतिष्ठित लोगों के साथ उठने बैठने का अवसर मिलेगा, यदि आप को दफतर सम्बन्धित कोई लाभ मिलने की आशा है वह भी इसी मास में पूरी होगी । **विद्यार्थी** : यदि आप को विद्या सम्बन्धित कोई नया प्रोग्राम बनाने का विचार है तो इस मास में उस काम का श्रीगणेश कीजिए विद्या सम्बन्धित प्रायः हर काम में सफलता का महीना है । **गृहस्थ** : यद्यपि घरेलू समस्यायें ज्यूं की त्यूं रहेगी परन्तु घर में दिनों दिन खाने खिलने के प्रोग्राम बनते रहेंगे, खर्च की भरमार होगी यहाँ तक कि तंगदस्ती से भी दुचार होना पड़ेगा **महिला वर्ग** : आप के लिये भी यही फलादेश है पढ़िये और लाभ उठाइये ।

शुभ अशुभ दिनों की सूची : 1 से 5 तक लाभ और आदर में वृद्धि, 6 से 8 तक खर्च की अधिकता व तंगदस्ती, 9, 10 कार्य सिद्धि और लाभ 11, 12 परेशानी और हानि, 13, 14, 15 कार्य सिद्धि तथा शान्ति, 16 से 19 तक शरीर कष्ट और काम में विघ्न, 20 से 23 तक लाभ और कार्य सिद्धि, 24 से 28 दौड़धूप संघर्ष तथा परेशानी, 29 से 31 तक कार्य सिद्धि तथा आदर में वृद्धि ।

फरवरी

ग्रहों पर विचार करने से विदित होता है कि यह महीना संघर्ष और दौड़धूप का मास होते हुये भी सामूहिक रुप से आप के लिये लाभदायक महीना ही होगा । **शरीर :** आपका शरीर प्रायः स्वस्थ रहेगा, यदि आपको पहले से ही शरीर में कोई तकलीफ चल रही है तो आप बिना किसी हिचकिचाहट के इस मास में किसी नये डाक्टर से इलाज करवायें और विश्वास रखिये कि आपका शरीर बिल्कुल स्वस्थ होगा ऐसे ही अगर घर में चिरकालीन कोई शरीर सम्बन्धित परेशानी है तो उसका भी आप नये सिरे से इलाज करवायें, आपकी शरीर सम्बन्धित परेशानी दूर हो जायेगी यदि आपको ईश्वर अनुग्रह से अपना शरीर स्वस्थ है और घर में भी कोई शरीर सम्बन्धी परेशानी नही है तो भगवान् शंकर का अनुग्रह मानिये "बार-बार उच्चारण किया करें, जन्त्री में लिखा हुआ यह मन्त्र :- **"ॐ नमः शम्भवाय च, मयोभवाय च"** आदि । **कारोबार :** आप काम में दिलचस्पी लें या न लें आपका कारोबार बिना किसी रुकावट के चलता रहेगा, यदि आप कपड़े का व्यापार करते हैं तो आपको कारोबार में आमदनी जरूर होगी परन्तु कारोबार को बढ़ावा देने की ओर ऐसी योजना बनेगी जिस में बड़ी से बड़ी धन राशि लगानी होगी, ऐसे ही किरयाना के व्यापारी भी आमदनी की अपेक्षा अपने काम को बढ़ावा देने पर अधिक प्रवृत्ति रखेंगे और खुले दिल से धन लगायेंगे, खाद्य पदार्थों के व्यापारियों का काम यथावत् चलता रहेगा और लाभ भी तसल्लीबख्श रूप में मिलता ही रहेगा, किताबों-स्टेशनरी के छोटे बड़े कारोबारी वर्ग को काम की ज्यादती के कारण रात दिन काम में लगा रहना पड़ेगा । लोहे, मशीनरी, कारखानों, फैक्ट्री, ट्रांसपोर्ट आदि से सम्बन्ध रखने वाला कारोबारी वर्ग भी अपने काम में व्यस्त रहेंगे और लाभ भी यथेष्ठ मिलेगा



लेकिन कारोबार सम्बन्धित खर्च के बड़े-2 प्रोग्राम बनते रहेंगे । **फल** : आप फलों के बेचने खरीदने की जो कोई भी योजना इस मास में बनायेंगे वह सफल रहेगी लेकिन यह बात निश्चित है कारोबार सम्बन्धित खर्च के बड़े-बड़े प्लान बनते रहेंगे और उनको अमली रुप साथ-2 देने के लिये आप को विवश होना पड़ेगा । **ठेकेदार वर्ग** : यह मास आपके लिये आमदनी की दृष्टि से महत्वपूर्ण है, आपके रुके हुये काम भी हरकत में आयेंगे और नये काम हाथ में आने का भी योग है, यदि आप जंगलात के ठेकेदार हैं तो आपको आशा से अधिक लाभ का योग है , यदि आप तामीरी काम सेसम्बन्धित हैं तो भी आपका काम यथावत् चलता ही रहेगा, अगर आप माल सप्लाई करते हैं तो यह महीना काम की दृष्टि से इस वर्ष में स्मरणीय मास होगा **नौकरी** : आपकी तरक्की का कोई सिलसिला चल रहा है तो इस मास में कोशिश कीजिये सम्भव है इसी मास में आपकी आशा पूरी हो जायेगी, अगर न भी हो तो भी तरक्की मिलने की आशा दृढ़ हो जायेगी जो जल्दी से मिलेगी **विद्यार्थी** : पठन-पाठन सम्बन्धित कोई काम हो आपने इन्टरव्यू देना हो अथवा परीक्षा या किसी ट्रेनिंग के लिये कोशिश कर रहे हो तो कोशिश जारी रखें, इस मास में पढ़ाई सम्बन्धित हर काम में सफलता होगी । **गृहस्थ** : आपका घरेलू वातावरण आपके अनुकूल होगा, घर में कोई महोत्सव रचाने का प्रोग्राम बनेगा, खर्च की भरमार होगी, भाई-बन्धुओं रिश्तेदारों का आना जाना ज़ोरों पर रहेगा, खाने खिलने के प्रोग्राम बनते रहेंगे ।

शुभ अशुभ दिनों की सूची : 1, लाभ शान्ति, 2, 3, 4, 5 खर्च की अधिकता और लाभ, 7, 8, 9 हर काम में रुकावट और हानि, 10, 11 कार्य सिद्धि और लाभ, 12 से 15 तक दौड़धूप और हानि, 16 से 19 तक हर काम में सफलता और शान्ति, 20 से 24 तक शरीर कष्ट और हानि, 25 से 29 तक हर काम में सिद्धि तथा लाभ ।

मार्च

वेध अष्टक वर्ग शत्रु मित्र दृष्टि आदि गोचर फलित के आधार से मालूम होता है कि प्रायः यह मास आपने अशान्ति के दौर में ही गुज़ारना होगा। **शरीर** : आपका शरीर सुख मध्यम रहेगा जबकि पहले भाव में सूर्य और बुध एक साथ ठहरे हैं, इस मास में आँखों अथवा सर में दर्द होने की सम्भावना है, अगर आपके घर में कोई बुज़ुर्ग बीमार है उसके बारे में भी खयाल रखें। **कारोबार** : इस मास के आरम्भ में बारवें घर में एक साथ चन्द्र भौम शुक्र और शनि का होना शुभ योग नही है, इस क्रूर योग के प्रभाव से व्यापारी वर्ग अवश्य प्रभावित होगा आप अगर कपड़े का थोक या परचून काम करते हैं तो काम में दिलचस्पी लेने पर भी आपके लिये आमदनी की दृष्टि से यह मास ढीला ही रहेगा, किरयाना के व्यापारी वर्ग कीमतों के उतार चढ़ाव तथा समय पर स्टाक की कमी के कारण इस मास में यथेष्ठ लाभ की आशा न रखें, खाद्य पदार्थों का काम करने वाले कुम्भ राशि वालों को इस मास में माल का संग्रह नही करना चाहिये, अकस्मात किसी उलझन में फंस जाने की सम्भावना है, हो सके तो इस मास में आप काम का अधिक फैलाव न करें, दवाईयों का काम करने वाले थोक काम करते हैं या परचून आपका काम यथावत चलता रहेगा और लाभ भी मिलता रहेगा किताबों तथा स्टेशनरी के कारोबारी वर्ग को रात दिन काम में लगे रहने पर विवश होना पड़ेगा जबकि इस महीने में अकस्मात आपके काम में तेजी आयेगी, लोहे, मशीनरी, कारखानों, फैक्ट्री आदि से सम्बन्धित कुम्भ राशि वालें के लिये यद्यपि यह मास लाभ का नही है परन्तु किसी प्रकार की हानि का योग भी नही है लेकिन कारोबार सम्बन्धित खर्च के बड़े-बड़े प्रोग्राम बनते रहेंगे। **फल** : आप इस मास में कारोबार सम्बन्धित केवल प्रोग्राम ही बनाते रहेंगे परन्तु किसी भी प्रोग्राम को अमली रुप नहीं दिया जायेगा। **ठेकेदार वर्ग** : आपके पास काम की इतनी भरमार होगी कि आपके लिये



काम को सम्भालना मुश्किल होगा, अफसरों के साथ मिलने जुलने में व्यस्त रहोगे, रुके हुये रकम भी हाथ में आयेंगी, इस मास में यद्यपि खुले रूप आपके पास धन होगा भी नही तो भी आप के काम में कोई ढ़ील पड़ने की सम्भावना नही है । **नौकरी :** आपके पास काम की बहुतात होगी, दौड़धूप तथा परेशानी ज़ोरों पर रहेगी, सम्बन्धित कार्यकर्त्ताओं से भी मेल जोल में बाधा आयेगी, लाभ की दृष्टि से यह मास अच्छा ही रहेगा । **विद्यार्थी :** विद्या सम्बन्धित हर काम में सफलता निश्चित है, यदि आपने कोई परीक्षा दी है या देनी है अथवा कोई इन्टरव्यू देने का प्रोग्राम है आप विश्वास रखें आप अवश्य सफल होंगे पर तभी जब आप समय की कदर करेंगे और साथ ही बुज़ुर्गों से आशीर्वाद प्राप्त करते रहें । **गृहस्थ :** घरेलू वातावरण आपके अनुकूल रहेगा, घर में छोटे-मोटे प्रोग्राम बनते ही रहेंगे **महिलावर्ग :** आपके लिये भी ऊपरलिखित फलादेश है ।

शुभ अशुभ दिनों की सूची : 1, 2 खर्च की अधिकता, 3, 4, 5 कार्य सिद्धि और लाभ, 6, 7 शरीर कष्ट और घरेलू परेशानी, 8, 9 आदर और मानसिक शान्ति, 10 से 13 तक दौड़धूप और परेशानी, 14 से 18 तक लाभ और सुख 19 से 22 तक झगड़े और परेशानी, 23 से 27 तक हर काम सिद्धि और लाभ, 28, 29 हानि और परेशानी, 30, 31 सुख तथा लाभ ।

मीन राशि का स्वभाव

नाम राशि "झ" "थ" "ज" "द" पश्चिमीय पद्धति से 19 फरवरी से 20 मार्च तक

आप भाग्यशाली है, आपकी जन्मराशि मीन है, आप उत्तम गुणों के स्वामी होते हैं, अपना चरित्र और अपनी प्रतिष्ठा बनाये रखने में आप चौकस रहते हैं, आपको अपना जीवन बनाने में किसी से कोई सहायता मिलती नहीं हैं, बल्कि आप अपने बाहु बल और आत्म विश्वास से तरक्की करते हैं, आप अधिक धनवान न होते हुये भी हर दृष्टि से भाग्यवान् होते हैं, आप की स्त्री चरित्रशील तथा अच्छे पुत्रों को जन्म देने वाली होती है, आप माता पिता के भक्त होते है, आप दिल से कोमल होते है परन्तु जबान से तलख स्वभाव के होते है, परोपकारी कामों में आप बढ़ चढ़कर भाग लेते हैं, अतिथि सेवा करना आप का कर्तव्य होता है, आप में यद्यपि बहुत गुण होते है परन्तु कमज़ोरियां भी बहुत होती है, आप हवाई किले बनाने में बहुत तेज़ होते हैं, आप रूढ़िवादी होते हैं और पुराने रीतिरिवाजों पर चलना पसन्द करते हैं. आप वहमी और शकी मिज़ाज के होते हैं, आप यदि व्यापार करते है तो नाम पैदा करते हैं, यदि नौकरी करते हैं तो अच्छी पदवी पर पहुँचते हैं, आप उद्धारचित होते हैं, आप धनपति होते हैं धनदास नही बार :– आप के लिये गुरुवार और शुक्रवार आप के लिये पुखराज "नीलम" तथा "पन्ना" शुभ है शुभ अंक है (3)

मीन राशि का भविष्य

सूर्य : पहले भाव में होने से धन का नाश होता है, स्वास्थ्य में बिगाड़ होता है, मित्रों तथा भाई बन्धुओं से झगड़ा होता है,

चन्द्रमा : पहले भाव में होने से सुख और आनन्द की प्राप्ति होती है, गृहस्थ सुख मिलता है, शरीर स्वास्थ होता है, **भौम :**



तीसरे भाव में होने से शत्रुओं पर विजय होती है, धन का लाभ होता है, सरकार के ओर से लाभ मिलता है **बुध** : पहले भाव में होने से धन हानि होती है बोलचाल में तेज़ी आती है, आदर में कमी होती है । **बृहस्पति** : पाँचवें भाव में होने से हर काम में सफलता होती है, घर में भाग्यशाली बच्चे का जन्म होता है अथवा घर में कोई महोत्सव होता है **शुक्र** : 11वें भाव में होने से धन का लाभ होता है, हर आरम्भ किये हुये काम में सफलता, होती है **शनि** : 11वें भाव में होने से व्यापार में लाभ होता है **राहु** : 11वां होने से धार्मिक कामों से लगाव रहता है, सन्तानपक्ष से परेशानी होती है **केतु** : पाँचवें भाव में होने से भाग्यहानि होती है, विद्या में रुकावट पड़ती है ।

मीनराशि का वर्षफल 2048 विक्रमी के लिये

ऊपरलिखे ग्रहों में से सूर्य और बुध का गोचर से पहले भाव में होना शुभफलदायक नहीं है, परन्तु यह दोनों ग्रह वेध में है बृहस्पति सूर्य चन्द्रमा और बुध को पूर्ण दृष्टि से देख रहें है, गोचरफलित शास्त्रों के आधार से यही विदित होता है यह वर्ष आप ने सुख शान्ति के वातावरण में ही गुज़ारना होगा, मानिये यह वर्ष आप के जीवन में एक यादगार वर्ष होना चाहिये, परन्तु यह तभी सम्भव है जब आप को जन्मपत्री के आधार से भी कोई अच्छी दशा चल रही हो यदि जन्मपत्री के आधार से आप की दशा हानिकारक होगी तो भी गोचर फल के आधार से उस हानिकारक योग का भी बहुत हद तक सुधार होगा **शरीर** : आपका शरीर प्रायः स्वस्थ रहेगा, यदि पहले से ही आपको शरीर सम्बन्धित तकलीफ रहती है तो भी इस वर्ष के ग्रहों के आधार से आपका शरीर बहुत

हद तक स्वस्थ होगा, यदि आप गृहस्थी हैं, यदि घर में किसी मेम्बर की शरीर सम्बन्धित कोई परेशानी है उसका भी बहुत हद तक सुधार होगा, उपाय के रुप में आप बार-बार उच्चारण किया करें **देहि सौभाग्यम्-आरोग्यम्, देहि मे परमं सुखम्, रूपं देहि जयं देहि यशोदेहि-द्विषो जहि,** **फल :** आप जिस किसी भी लाईन से सम्बन्धित हों वह कपड़े का काम हो या किरयाना का, खाद्य पदार्थों का हो या दवाईयों का, किताबों का हो या स्टेशनरी का, लोहे मशीनरी, कारखानों, इण्डस्ट्रीज़, ट्रांसपोर्ट आदि किसी भी कारोबारी लाईन से आप सम्बन्धित होंगे, यानि आप किसी भी पेशा के हों, आपके कारोबार को सफल बनाने में ग्रह सहायक हैं, केवल आपके काम में दिलचस्पी लेने तथा परिश्रम करने की आवश्यकता है, आप जितना परिश्रम करेंगे, उस से अधिक लाभ आप को अवश्य होगा जबकि ग्रह आपके अनुकूल हैं **फल :** आप काम में इस वर्ष धीरज से जुट जाइये आपके कारोबार की रूपरेखा ही बदलेंगी, आप की लाईन माल खरीदने की हो या बेचने की, आप बागात के मालिक हैं या बागात माल आदि का खरीद फरोख्त का काम करते हैं, आप लगन से काम में लगे रहिये, आप के लिये सफलता का यह एक सुनहरी समय है **ठेकेदारवर्ग :** ग्रह आपके हक में हैं आप काम में दिलचस्पी लीजिये आपकी कारोबार सम्बन्धित हर एक योजना सफल रहेगी, परन्तु यह तभी सम्भव है जब आप सिर्फ खयाली किले ही न बनायेंगे बल्कि हर काम को अमली रूप देंगे **नौकरी :** यद्यपि यह वर्ष हर पेशा के मीन राशि वालों के लिये लाभदायक है परन्तु आपके लिये संघर्ष तथा दौड़धूप का ही वर्ष होगा जबकि आपके हर काम में कोई न कोई अड़चन अवश्य आती रहेगी, परन्तु साथ ही यह भी सम्भव है आपको तरक्की अथवा तबदीली वर्ष के अन्त हो **विद्यार्थी :** विद्यार्थी वर्ग को सम्पादक की यह चेतावनी है, यदि आप इस वर्ष पढ़ाई में लापरवाई करेंगे अथवा एक क्षण भी व्यर्थ करेंगे तो वह अपने दुर्भाग्य मानिये, आप इस वर्ष के ग्रहों से लाभ उठाईये, अच्छे से अच्छे दर्जे में पास होने की कोशिश कीजिये यदि इस वर्ष अच्छे नम्बर आप प्राप्त न कर सकेंगे तो आगे के कलासों में अच्छे नम्बर हासिल

करने की आशा न रखें **गृहस्थ** : यदि आप गृहस्थी हैं लड़के अथवा लड़की के विवाह की दौड़धूप यदि चल रही है, इस वर्ष आपकी यह मनोकामना अवश्य सिद्ध होगी । उपाय के रूप में नित्य प्रति प्रातः सायं घर में सामूहिक आरती किया करें, यदि प्रातः काल न भी हो सके तो शां को अवश्य करें और मेरा यह मन्त्र भी आरती के साथ जोड़िये ताकि मेरा भी आप के द्वारा कुछ सुधार हो मन्त्र :– **"ॐ नमः शम्भवाय च मयोभवाय च, नमः शंकराय च मयस्कराय च, नमः शिवाय च, शिवतराय च"** ।

मीन राशि का मासिक फल

अप्रेल

इस मास के आरम्भ पर सूर्य चन्द्रमा और भौम केवल यह तीन ग्रह अच्छी स्थिति में नही हैं, शेष सभी ग्रह अच्छी स्थिति में हैं, इस मिले जुले शुभाशुभ योग के आधार से यह मास सुख शान्ति के वातावरण में ही गुज़रेगा **शरीर** : लग्न में सूर्य और आठवाँ चन्द्रमा शरीर के लिये हानिकारक माना जाता है, इस क्रूर योग के प्रभाव से आपको शरीर कष्ट अवश्य होगा, यदि आप स्वयं शरीर से स्वस्थ भी रहेंगें तो भी घर के किसी मेम्बर की शरीर सम्बन्धित चिन्ता लगी ही रहेगी, यदि घर में भी कोई शरीर कष्ट होगा, वह स्थाई नही होगा **धन** : कारोबार की दृष्टि से यह मास सन्तोषजनक होगा, यदि आप कपड़े का काम करते हैं, विशेषतया यदि आप सिलक का काम करते हैं तो आप के काम में अकस्मात तरक्की होगी, किरयाना का व्यापारी वर्ग थोक काम करते हैं या परचून हर दोनों रूपों में लाभ में रहेंगें, आप इस मास में माल स्टाक करने अथवा खरीदने में अधिक दिलचस्पी लीजिये,

ऐसा करना आपके लिये अधिक लाभदायक रहेगा, खाद्य पदार्थों के कारोबारी वर्ग के लिये भी यह मास खास लाभ का होगा परन्तु आप माल हाथों हाथ बेचें और खरीदें ऐसा करने से आप लाभ में रहेंगे, दवाईयों का काम करने वाले यथावत् आपने काम में लगे रहेंगे और यथावत् लाभ भी प्राप्त करते रहेंगे, किताबों, स्टेशनरी का काम करने वालों के लिये यह मास कमाई का है आप काम में दिलचस्पी लीजिये और धन कमाईये, लोहे, मशीनरी, कारखानों, इण्डस्ट्रीज़, फैक्टरी, ट्रांसपोर्ट आदि से सम्बन्ध रखने वाले कारोबारी वर्ग के कारोबार को बढ़ावा देने में ग्रह सहायक हैं आपको लाभ के साथ-साथ कारोबार को बढ़ावा देने में भी कुछ धनराशि खर्च करने के लिये विवश होना पड़ेगा, परन्तु वह खर्च किया हुआ धन भी सार्थक होगा, **फल :** आपके कारोबार का ढाँचा ही इस मास में बदलने वाला है आप काम में लगे रहिये और धीरज से काम करते जायें कारोबार सम्बन्धित जो कोई भी काम इस मास में आप करेंगे उसमें आप सफल रहेंगे **ठेकेदार वर्ग :** आप इस मास को अपने लिये इस वर्ष में एक खास लाभ का मास मानिये, आप रात दिन काम में व्यस्त रहेंगे आप जंगलात का काम करते हैं या तामीरी काम अथवा स्पलाई आदि आपने हर पहलू से सफल रहना है, सम्बन्धित अफसरों से मेल मिलाप में वृद्धि होगी **नौकरी :** यह मास आपने लाभ के साथ आदर और मान के वातावरण में व्यतीत करना होगा आप को अकस्मात् दफतर सम्बन्धित लाभ मिलने वाला है, यदि आपने डिपार्टमेन्टल परीक्षा देनी हो या दी होगी, यदि दैवयोग से कोई परिणाम निकलने वाला हो तो अपनी सफलता मानिये । **विद्यार्थी :** कर्क राशि का पाचवां बृहस्पति आपको विद्या सम्बन्धित हर काम में शान व मान से सफल करने में सहायक रहेगा, इस मास के ग्रहों से लाभ उठाइये **गृहस्थ :** घरेलू वातावरण डाँवाडोल स्थिति में रहेगा दिनों



दिन नई नई समस्यायें उत्पन्न होंगी आपको इस मास में लगातार कोई न कोई चिन्ता लगी रहेगी **महिलावर्ग** : ऊपर लिखा गया फलादेश आप की ग्रह चाल भी दृष्टि में रखकर ही लिखा गया है पढ़िये और लाभ उठाइये ।

शुभाशुभ दिनों की सूची : 1, 2 शरीर कष्ट, मानसिक अशान्ति, 3, 4, 5 दौड़धूप आदर में कमी, 6 से 9 लाभ, मानसिक शान्ति, 10, 11, 12 निरर्थ खर्च, तंगदस्ती, 13, 14 कार्य सिद्धि, गृहस्थ सुख, 15, 16 दौड़धूप असफलता, 17, 18 काम में सिद्धि, लाभ, 19 से 23 तक संघर्ष तथा दौड़धूप, 24 से 27 हर काम में सिद्धि, गृहस्थ सुख, 28 से 30 हर काम में रुकावट, हानि ।

मई

इस मास के आरम्भ पर विशेषतया कर्क का बृहस्पति और मकर राशि का शनि अच्छी स्थिति में है, शेष ग्रहों की स्थिति भी वेध अष्टकवर्ग के आधार से कुछ ठीक है, इस मिले जुले योग के आधार से सामूहिक रूप से यह मास आपने सुख शान्ति के वातावरण में ही गुज़ारना होगा **शरीर** : आपका शरीर प्रायः स्वस्थ रहेगा, गृहस्थी होने पर यदि आपकी स्त्री पहले से ही शरीर से अस्वस्थ है उसके के बारे में सावधान रहिये, जबकि आपके सातवें भाव को भौम पूर्ण दृष्टि से देख रहा है, यह भी सम्भव है यदि आप को माता की छत्रछाया है उसका शरीर बिगडने अथवा अस्वस्थ रहने का भय है **कारोबार** : कारोबार सम्बन्धित ग्रह इस मास में बलवान् है, आप जिस कारोबारी लाईन से सम्बन्धित हैं वह कपड़े की हो या किरयाना की, खाद्य पदार्थों की हो या दवाईयों की, किताबों की हो या स्टेशनरी की आप का कारोबार बिना किसी रुकावट के चलता रहेगा, ग्रह आपके



पक्ष में अवश्य हैं परन्तु ग्रह भी तब ही फल देते हैं जब मनुष्य स्वयं कुछ काम करें, इसलिये आवश्यक यह है आप काम में जुट जाइये आपकी सफलता निश्चित है **फल** : यदि आप स्वयं बागात के मालिक हैं इस मास में बागात बेचने या खरीदने का कोई सौदा पक्का न कीजिये, यदि आप माल खरीदते बेचते हैं उसका सौदा पक्का करना आपके लिये लाभदायक रहेगा, यदि आप खुश्क मेवों का काम करते हैं आप का काम सफल रहेगा, आप काम में केवल दिलचस्पी लीजिये, लोहे, मशीनरी, कारखानों, फैक्टरी, इण्डस्ट्रीज, ट्रांन्सपोर्ट आदि से सम्बन्धित कारोबारी वर्ग को ग्रहों के प्रभाव से रात दिन काम में जुटा रहना पड़ेगा, और लाभ भी सन्तोश जनक रूप में मिलेगा **ठेकेदारवर्ग** : आप के कारोबार का इस मास कारक ग्रह बुध है जो कमज़ोर पुजिशन में हैं, इस लिये आपका काम कुछ ढीला ही रहेगा, कोई भी काम रुकावटों, उलझनों के बिना सिद्ध नहीं होगा, विशेषतया यदि आप जंगलात के काम से सम्बन्धित है तो किसी ऐसी कारोबार सम्बन्धित उलझन में उलझ जाओगे जिस से आप के कारोबार को धक्का लगने का अन्देशा है, आप उपाय के रूप में इस मास की पहली रविवार को प्रातः उठकर गोमाता को गुड खिलायें और प्रणाम करते हुये पढ़े "न केवलानां पयसां प्रसूतिं अवेहिमां कामदुगां प्रसन्नाम्" **नौकरी** : दसवें भाव को भौम देख रहा है जिस के प्रभाव से दफतर का वातावरण आप के उल्ट रहेगा, शत्रुओं का ज़ोर रहेगा, मास भर मानसिक अशान्ति बनी रहेगी **विद्यार्थी** : आप इस मास के ग्रहों की कदर कीजिये एक क्षणमात्र भी व्यर्थ न करें, इस मास में पढ़ा हुआ पाठ आप के आगे होने वाली परीक्षा अथवा इन्टरव्यू में सहायक रहेगा, आप यदि नौकरी अथवा ट्रेनिंग के बारे में दौड़धूप कर रहे है वह दौड़धूप जारी रखिये यदि इस मास में सफलता न भी होगी, परन्तु इस मास में किया हुआ परिश्रम व्यर्थ नही होगा बल्कि उस परिश्रम का फल अवश्य मिलेगा **गृहस्थ** : यदि घर में लडके अथवा लड़की के विवाह के बारे में दौडधूप चल रही है वह दौड़धूप आप जारी रखिये इस मास में ग्रह भी आपकी सहायता करेंगे, दौड़धूप करते रहिये और सफलता की आशा रखिये **महिला**

वर्ष : यदि आप नौकरी करते हैं दफतर की ओर से कोई लाभ अथवा शुभ सन्देश मिलना चाहिये ।

शुभाशुभ दिनों की सूची : 1, 2 काम में रुकावट, हानि, 3से 7 तक सफलता, लाभ 8, 9 हानि, काम में विघ्न, 10, 11 कार्य सिद्धि, मानसिक शान्ति, 12, 13 हानि आदर में कमी, 14 से 16 शत्रुओं पर विजय, सफलता, 17 से 20 शरीरकष्ट, हानि, 21 से 24 कार्य सिद्धि, सुख शान्ति, 25 से 29 दौड़धूप हानि, 30, 31 कार्य सिद्धि, लाभ ।

जून

वेध अष्टकवर्ग दृष्टि आदि गोचर सिद्धान्तों के आधार से ग्रहों पर विचार करने से विदित होता है, इस वर्ष दौड़धूप संघर्ष अधिक रहने पर भी सामूहिक रूप से लाभ की दृष्टि से यह मास उत्तम रहेगा जबकि बृहस्पति और शनि यह दोनों ग्रह अच्छी स्थिति में हैं **शरीर** : आप का शरीर प्रायः स्वस्थ रहेगा, गृहस्थी होने पर सन्तापक्ष से शरीर सम्बन्धित परेशानी हो सकती है, उपाय के रूप में इस मास की हर मंगलवार 4, 11, 18, 25 तारीख को तहर बना कर छोटे बच्चों को खिलाये परन्तु उस तहर में तेल या डालडा न डालें अपितु असली गाय का घी डालें **धन** : आमदनी की दृष्टि से यह मास उत्तम रहेगा आप कपड़े से सम्बन्धित व्यापारी है या किरयाना से, यदि आप यही काम थोक करते है तो आशा से अधिक लाभ होगा, यदि आप यही काम परचून करते हैं तो आप का काम यथक्रम चलेगा कोई अधिक लाभ का योग का नहीं है, खाद्यपदार्थों का व्यापारीवर्ग मूल्यों के उतार चढ़ाव से विशेष लाभ में रहेगा नहीं केवल दौड़धूप अधिक रहेगी दवाइयों का काम करने वाले थोक काम करते है या परचून आप के पास काम की बहुतात होगी रात दिन काम में लगा रहना होगा, किताबों स्टेशनरी आदि से सम्बन्धित मीन राशि वालों के लिये यह मास हाथ पर हाथ धर कर बैठने का ही होगा, लोहे मशीनरी, कारखानों इण्डस्ट्रीज ट्रान्सपोर्ट से सम्बन्धित कारोबारी

वर्ग को यद्यपि इस मास में संघर्ष तथा दौड़धूप अधिक होगी भी परन्तु लाभ की दृष्टि से यह मास उत्तम ही रहेगा जबकि 11वाँ शनि अच्छी स्थिति में है जिस को बृहस्पति पूर्णदृष्टि से देख रहा है **फल** : आप इस मास के ग्रहों से लाभ उठाइये आप माल बेचें या खरीदें जो भी काम आप ने करना हो उस को साथ साथ अमली रूप दीजिये केवल योजनायें ही न बनायें विशेषतया यदि आप खुशक मेवों अखरोटो आदि का काम करते हैं ऐसे काम को सफल बनाने के लिये इस मास के ग्रह अनुकूल है **ठेकेदार वर्ग** : यह मास अशान्त वातावरण में ही गुज़रेगा, आप जंगलात से सम्बन्धित ठेकेदार है अथवा तामीरी काम करते हैं यह मास अपने लिये एक प्रकार से मनहूस मास मानिये, यदि आप मालस्पलाई करते हैं तो कुछ लाभ में ही रहना होगा **नौकरी** : आप को अचानक कोई लाभ मिलेगा अथवा तरक्की का योग बन सकता है, तबदीली की भी सम्भावना है वह तबदीली आपके लिये लाभदायक रहेगी, यदि तबदीली न भी हो तो आप के दफ्तरी काम में परिवर्तन होगा **विद्यार्थी** : पठनपाठन की ओर यद्यपि कम दिलचस्पी रहेगी भी परन्तु विद्या सम्बन्धित कोई भी काम हो वह परीक्षा हो अथवा इन्टरव्यू या प्रवेश आप की सफलता निश्चित है **गृहस्थ** : यद्यपि घर में कोई समस्या विचाराधीन है वह कोई जाईदाद आदि बनाने की है अथवा शादी से सम्बन्धित उस ओर ध्यान दीजिये ग्रह आप के अनूकूल है **महिलावर्ग** : मास भर आप के मन में कोई गुप्त चिन्ता बनी रहेगी, उपाय के रूप में नित्य प्रातः तीन तीन बार इन्द्राक्षी पाठ किया करें ।



शुभाशुभ दिनों की सूची : 1, 2, 3 कार्य सिद्धि, गृहस्थ सुख, 4, 5 खर्च तथा अशान्ति, 6, 7 लाभ तथा शान्ति, 9, 10 हानि,

झगड़े 11, 12 कार्य सिद्धि लाभ, 13 से 16 शरीर कष्ट, हानि, 17, 21 हर काम में सफलता लाभ, 22 से 25 हर काम में रुकावट, हानि, 26 से 30 लाभ तथा कार्य सिद्धि ।

जुलाई

इस मास के आरम्भ पर ग्रहों की स्थिति प्रायः आप के पक्ष में है जिनके प्रभाव से यह मास आप ने सुखशान्ति के वातावरण में ही गुजराना होगा **शरीर** : आप का शरीर प्रायः स्वस्थ रहेगा, गृहस्थी होने पर घर के किसी सदस्य की शरीर सम्बन्धित कोई ऐसी परेशानी नही होगी जो आप के लिये चिन्ता का कारण बनें, यदि दैवयोग से कोई चिन्ता होगी वह स्थाई नहीं होगी, यानी यह मास शारीरिक दृष्टि से उत्तम रहेगा **कारोबार** : कपड़े का वह व्यापारीवर्ग जो सिलक का काम करते हैं अधिक लाभ में रहेंगे, सूती अथवा ऊनी कपड़े से सम्बन्धित व्यापारीवर्ग का काम कुछ ढीला पडेगा, किरयाना का व्यापारीवर्ग यथावत काम में व्यस्त रहेगा, उन का काम बिना किसी रुकावट के चलता रहेगा, खाद्यपदार्थों का व्यापारीवर्ग काम में लगा रहेगा, परन्तु इच्छानुसार लाभ का योग नहीं है किताबों स्टेशनरी का काम करने वाले यद्यपि काम में दिलचस्पी लेंगे भी परन्तु उनका काम भी कुछ ढीला ही पडेगा, लाभ की कोई सन्तोषजनक आशा नही है घाटे का भी योग नहीं है, लोहे मिशीनरी कारखानों फेक्ट्री, इण्डस्ट्रीज आदि कारोबार से सम्बन्धित व्यापारीवर्ग के लिये यह मास आशा से अधिक लाभ का होगा आप के पास काम की बहुतात रहेगी और आप के माल की बाज़ार में अधिक मांग रहेगी, यानी यह मास आप के लिये लाभदायक है **फल** : यह मास आप ने केवल योजनाये बनाने में ही गुजारना होगा, आप की कोई भी योजना सम्पूर्ण होगी नहीं आप ने माल बेचना हो या खरीदना कोई सोदा पक्का होगा नही अपितु आप की हर एक योजना लटकती ही रहेगी **ठेकेदारवर्ग** : आप का काम बिना किसी रुकावट के सफल

रूप में चलता रहेगा आप के कारोबार की लाईन जंगलात की हो, तामीरी काम हो अथवा माल स्पलाई करने का **नौकरी :** आप को इस मास में मानसिक अशान्ति रहेगी, विशेषतया सम्बन्धित अफसरों से अथवा सम्बन्धित कार्यकर्ताओं से मेलजोल तथा प्रेम व्यवहार में कमी आयेगी, आप के हर आरम्भ किये हुये काम में रुकावट तथा उलझने आयेगी **विद्यार्थी :** पठनपाठन की ओर आप की प्रवृत्ति बनी रहेगी, आप ने यदि कोई परीक्षा देनी है या दी होगी सफल अवश्य होना है परन्तु इच्छानुसार सफलता की आशा न रखें, यदि आप ने किसी इन्टरव्यू में जाना हो तो उस में भी कोई निश्चित सफलता की आशा न रखिये, यदि आप किसी दाखला (प्रवेश) के लिये कोशिश करते हैं वह काम भी इस मास में सम्पूर्ण नही होगा **गृहस्थ :** आप की कोई घरेलू समस्या वह लड़के अथवा लड़की के रिश्ते के बारे में हो, कोई जाईदाद आदि खरीदने के बारे में हो कोशिश कीजिये ऐसे काम में सफलता की आशा है **महिलावर्ग :** आप को इस मास में मातृपितृ पक्ष से कुछ परेशानी रहेगी ।



शुभाशुभ दिनों की सूची : 1, 2, 3 धन की कमी, खर्च की अधिकता, 4, 5 कार्य सिद्धि, लाभ 6, 7 हानि, अशान्ति, 8, 9 हर काम में सफलता लाभ, 10 से 14 तक हर कारम में रुकावट, घरेलू परेशानी, 15 से 18 तक सुख शान्ति, आदर में वृद्धि, 19 से 23 तक शरीर कष्ट, हानि 24 से 28 तक गृहस्थ सुख, धन लाभ, 29, 30, 31 खर्च की अधिकता, तंगदस्ती

अगस्त

इस मास के आरम्भ की ग्रहचाल पर विचार करने से मालूम होता है यद्यपि पाँचवाँ सूर्य गोचर में शुभ नहीं माना जाता है परन्तु वेध में होने से सूर्य भी आप के लिये शुभफलदायक होगा, इस मास में आप को केवल गोचर से आठवाँ शुक्र हानिकारक स्थिति में हैं, शेष सभी ग्रह आप के अनुकूल है, आप का शरीर बिल्कुल स्वस्थ रहेगा, इस मास में किसी की भी शारीरिक परेशानी होगी नही, यदि आप का शरीर दैवयोग से पहले से ही अस्वस्थ रहता है तो आप को उपाय के रूप में किसी दरिद्रनारायण गरीब विद्यार्थी को पुस्तको अथवा वस्त्रों आदि के रूप में सहायता करनी चाहिये इस उपाय के करने से शरीर ही क्या आप की हर एक समस्या हल होगी, **कारोबार :** आप जिस किसी कारोबारी लाईन से सम्बन्धित है आप के किसी भी काम में रुकावट पड़ने का खतरा नही है, इस मास में हर कारोबारी वर्ग को चाहिये कमाई की अपेक्षा अपने काम को बढ़ावा देने की ओर ध्यान दें, बिना किसी रुकावट के कारोबार में धन लगायें, इस मास में कारोबार में लगाई हुई आप की धन राशि आप के कारोबार की रूपरेखा को ही बदल डालेगी, आप कपड़े का काम करते हैं या किरयाना का, आप खाद्यपदार्थों का काम करते हैं या दवाइयों का, आप का काम थोक है या परचून आप के काम में कोई रुकावट आयेगी नहीं, बल्कि आप का काम सफल रूप में आगे बढेगा । लोहे मशीनरी कारखानों फैक्टरी ट्रान्सपोर्ट का काम करने वाला कारोबारीवर्ग काम में जितनी दिलचस्पी लेगा अथवा जितना परिश्रम करेगा उतना ही उन को लाभ मिलेगा **फल :** इस मास में विशेषतया शनि आप का सहायक रहेगा, अतः इस ग्रह से इस मास में लाभ उठायें आप ने बागात, माल आदि बेचना या खरीदना हो इस मास में हर प्रोग्राम को अमली रूप दीजिये ऐसा करना आप के लिये लाभदायक रहेगा **ठेकेदारवर्ग :** यह मास आप के लिये आमदनी के इलावा आदर का भी मास है, सम्बन्धित अफसरों के साथ मेल जोल में वृद्धि होगी, आप जंगलात का काम करते है अथवा तामीरी काम, या माल आदि स्पलाई करते



हैं, आप का काम बिना किसी रुकावट के चलता ही रहेगा **नौकरी** : आप ने यह मास शान्त वातावरण में ही गुज़राना होगा, यदि आप की दफतर सम्बन्धित कोई समस्या विचाराधीन है उस समस्या का समाधान अवश्य होगा, परन्तु इस मास में तरक्की अथवा तबदीली की कोई आशा न रखें **विद्यार्थी** : बृहस्पति आप को पाँचवाँ चल ही रहा है इस मास में उनके साथ सूर्य देवता भी ठहरे हैं, यह योग आप को विद्यासम्बन्धित हर काम में सफलता देने वाला होगा, आप पढ़ाई में लगे रहिये इस शुभयोग से लाभ उठाइयें, इस मास में पढ़ा हुआ पाठ आप को होने वाली परीक्षा में सफल करने में सहायक रहेगा **गृहस्थ** : आप का घरेलू वातावरण शान्त रहेगा यद्यपि घरेलू कोई समस्या सम्पूर्णतया हल होने का योग नही है परन्तु तो भी हर एक समस्या हल होने की बुनियाद पक्की होगी **महिलावर्ग** : ऊपरलिखा फलादेश पढ़िये और उस से लाभ उठाइये ।

शुभाशुभ दिनों की सूची : (चन्द्रमा के आधार पर) 1, कार्य सिद्धि, लाभ 2, 3 अशान्ति, हानि, 4, 5, 6 शरीर सुख लाभ, 7से 10 तक शरीर की परेशानी, अशान्ति, 11 से 14 तक कार्य सिद्धि, आदर में वृद्धि, 15 से 19 तक शरीर की परेशानी, अशान्ति, 20 से 24 तक शत्रुओं पर विजय, हर काम में सिद्धि, 25 से 27 तक हानि, असफलता 28, 29 हर काम में सफलता, लाभ, 30, काम में रुकावट, अशान्ति ।

सितम्बर

वेध अष्टकवर्ग दृष्टि शत्रुमित्र आदि गोचर फलित के सिद्धान्तों के आधार से ग्रहों पर विचार करने से विदित होता है यह मास

आपने संघर्ष तथा दौड़धूप में गुजराना होगा, इस मास में शरीर सुख भी कुछ ढीला ही रहेगा, यदि आप दैवयोग से शरीर से स्वस्थ
भी रहेंगे तो भी घर के किसी सदस्य की शरीर सम्बन्धित परेशानी बनी ही रहेगी, परन्तु किसी प्रकार के विशेष कष्ट का योग
नही है **धन** : यद्यपि हर पेशा के मीनराशि वाले के लिये यह मास संघर्ष का होगी भी परन्तु लाभ की दृष्टि से उत्तम मास है,
कपड़े के वे व्यापारी जो ऊनी कपड़ो से सम्बन्धित है उन के काम में तेज़ी आयेगी, रात दिन काम में जुटा रहना पडेगा परन्तु
लाभ सन्तोषजनक रूप में मिलेगा, जो व्यापारी सिलक अथवा सूती कपड़े का काम करते है उन का काम ढीला पढ़ेगा जबकि
बृहस्पति छटे भाव में पड़ा हैं यानी अच्छी स्थिति में नही हैं, किरयाना का व्यापारीवर्ग काम में व्यस्त रहेगा और लाभ भी अवश्य
होगा, खाद्यपदार्थों का काम करने वाला व्यापारी सरकार के हस्ताक्षेप से परेशान रहेगा, मूल्यों में उतार चढ़ाव के कारण काम
में खास लगाव होने के कारण यह मास आप ने अशान्त वातावरण में ही गुज़राना दवाईयों का काम करने वाले मीन राशिवाले
यथावत काम में लगे रहेंगे और लाभ भी पर्याप्त होगा, विशेषतया वदाईयों का परचून व्यापारी वर्ग इस मास में अधिक लाभ में
रहेगा, किताबों स्टेशनरी के परचून व्यापारी बिना परिश्रम के भी अधिक लाभ में रहेंगे, चूँकि इस मास में शनि अच्छी स्थिति
में है उस का प्रभाव पडेगा उन व्यापरियों पर जो व्यापारी काम करते हैं लोहे मशीनरी हार्डवियर सीमेंट तेल आदि का अथवा
जो व्यापारी फेक्टरी इण्डस्ट्रीज कारखानों अथवा ट्रॉस्पोर्ट के मालिक है, शनि देवता आप के पक्ष में हैं आप काम में अधिक
दिलचस्पी लीजिये आप का कारोबार दिनों दिन तरक्की करता रहेगा **फल** : आप काम में दिलचस्पी लीजिये आप अपने कारोबार
सम्बन्धित जो योजना बनायेंगे उस में आप सफल रहेंगे **ठेकेदारवर्ग** : आप का काम जैसे सफल रूप में चलता है इस मास में
भी ऐसे ही रूप में चलता रहेगा आपके चालू काम में किसी प्रकार की रुकावट नहीं पडेगी नया काम भी जल्दी ही मिलने वाला
है, इस मास में आप को बहुत देर से रुकी हुई कोई रकम हाथ में आने वाली है **नौकरी** : ग्रह इस मास में आप के अनुकूल
है आप का दफतर में आदरमान बना रहेगा, सम्बन्धित कार्यकर्ताओं से मेलजोल तथा प्रेम व्यवहार बना रहेगा, यदि आप की

[illegible] चलरहा है, सम्भवं है इस मास में आप की यह मनोकामना सिद्ध होगी, यदि ऐसा कोई योग न [illegible] अवश्य बनेगा **विद्यार्थी** : आप के पठनपाठन में सहयता करने [illegible] आप ने इस मास में कोई परीक्षा देनी है या इन्टरव्यू आदि देना है [illegible] कोशिश करने पर भी आप को इच्छानुसार सफलता नही होगी, इस लि[illegible]तादिन पढाई में जुटे रहने पर ही सफलता की आशा रखनी चाहिये **गृहस्थ** : यदि आप परिवार वाले गृहस्थी है घर में अचानक ऐसा माहौल बनेगा जो आप के लिये अशान्ति का कारण बनेगा, उपाय के रूप में बार-बार उच्चारण किया करे **ॐ नमः शम्भवाय मयोभवाय, नमः शंकराय महस्कराय च नमः शिवाय च शिवतराय च"** महिला होने पर आप को मातृपक्ष से अशान्ति



शुभाशुभदिनों की सूची : 1, 2 से कार्य सिद्धि, लाभ 3 से 6 तक हानि, अशान्ति 7 से 11 तक सफलता आदर, 12 से 15 तक दौड़धूप, असफलता, 16 से 20 हर काम सिद्धि, लाभ 21, 22, 23 हर काम में रुकावट, अशान्ति, 24, 25 सफलता, शुभ सन्देश मिले, 26, 27 असफलता, परेशानी, 28, 29 लाभ, पुरूषों से मिलाप, 30 शरीर कष्ट, परेशानी ।

अक्टूबर

सातवें भाव में सूर्य और भौम वेध में होने से अशुभ होते हुये भी शुभफलदायक हैं, बृहस्पति अच्छी स्थिति में नहीं है, चन्द्रमा हानिकारक

स्थिति में है, इस मिले जुले शुभाशुभ योग के आधार से यह मास रंग बदलने वाला होगा **शरीर** : शरीर सम्बन्धित कोई परेशानी नहीं होगी, कारोबार की दृष्टि से हर पेशेवर पर भिन्न-भिन्न प्रभाव होगा, जहाँ कपड़े के परचून व्यापारी लाभ में रहेंगे वहाँ कपड़े के थोक व्यापारी दिन गिनते रहेंगे, किरयाना का व्यापारी वर्ग थोक काम करने वाले अथवा परचून का आप रात दिन काम में व्यस्त रहेंगे और लाभ भी पर्याप्त रूप में मिलेगा, खाद्यपदार्थों का व्यापारी वर्ग थोक व्यापारी है या परचून काम करने वाले आप का काम ढीला रहेगा लाभ भी ढीला होना आवश्यक है, दवाईयों का काम करने वाले मीनराशि वाले रात दिन कमर बाँधकर काम में लगे रहेंगे इस समय शनिदेव उन व्यापारियों को माला माल करने में सहायक रहेगा जो काम करते हैं लोहे का मशीनरी तेल अथवा सीमेंट का वे मीनराशि वाले भी खास लाभ में रहेंगे जिन का सम्बन्ध है फेक्टरियों, इण्डस्ट्रीज कारखानों ट्राँस्पोर्ट से, आप अपने काम को बढ़ावा देने की ओर लगे रहिये बाद में ऐसा चान्स मिलना कठिन है । **फल** : फलों के व्यापारियों के लिये ...हक रूप से यह वर्ष ही सफलता का है जबकि इस वर्ष फलों के स्वामी भी शनि देव ही हैं इस मास ... आप का प्रभावित ग्रह हैं अतः इस मास से आप लाभ उठायें, कारोबार सम्बन्धित जो कोई भी योजना ...जिये आप का ...
आप ... ने या फरोखत की सफल रहेगी **ठेकेदारवर्ग** : आपके काम में किसी प्रकार की रुकावट नहीं आयेगी ...न्धित जो योजना बनायेंगे ... रहेगा परन्तु नया काम मिलने में रुकावटें आ खड़ी होंगी, उस के इलावा कारोबार सम्बन्धित भी भी ऐसे ही रूप में चलता रहेगा ...न का समाना करने के लिये आप को दौड़धूप करनी होगी **नौकरी** : यह मास आप ने शान्त है, इस मास में आप को बहुत ... दफ्तर का वातावरण आप के अनुकूल होगा, आप को हर काम में सफलता होगी, लाभ तथा है आप का दफ्तर में आ... ...ह मास उत्तम रहेगस **विद्यार्थी** : आप को पठनपाठन की ओर प्रवृत्ति कम रहेगी, परन्तु ऐसा होने पर